कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) को शुद्ध और संपीड़ित किया जाता है, जो कृषि अवशेष, मवेशी गोबर, गन्ने दाब युक्त मृदा और डिस्टिलरी के स्पेटं वॉश, सीवेज जल, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) औद्योगिक कचरे के बायोडिग्रेडेबल अंश आदि जैसे विभिन्न अपशिष्ट / बायोमास स्रोतों से अवायवीय अपघटन की प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न होता है।

दिनांक 1 अक्टूबर 2018 को 'सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी)' से संबंधित पहल की गई थी, जिसमें तेल और गैस विपणन कंपनियां सीबीजी की खरीद के लिए संभावित उद्यमी से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित करती हैं। इस पहल में निजी उद्यमियों द्वारा वर्ष 2023–24 तक 5000 संयंत्र स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। उत्पादित सीबीजी की खरीद तेल और गैस विपणन कंपनियों द्वारा सीबीजी ऑफ–टेक के दीर्घकालिक समझौतों के तहत एक सुनिश्चित मूल्य पर की जाएगी। इसके अलावा, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित जैव खाद को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत अपनी विपणन कंपनियों के लिए फरमेंटिड जैविक खाद के रूप में शामिल किया गया है। वित्तीय संसाधनों के संदर्भ में उद्यमियों की चिंता को दूर करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सीबीजी परियोजनाओं को प्राथमिकता–प्राप्त क्षेत्र ऋण के तहत शामिल किया है। भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसएटीएटी के तहत शामिल सीबीजी परियोजनाओं के ऋण वित्तपोषण से संबंधित नीति को मंजूरी प्रदान की है। बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों से सीबीजी परियोजनाओं के लिए सॉफ्ट लोन की व्यवस्था करने की संभावनाओं को भी ज्ञात किया जा रहा है।

1.18 जैव ईंधन से संबंधित राष्ट्रीय नीति – 2018

सरकार द्वारा जून, 2018 में जैव ईंधन 2018 से संबंधित राष्ट्रीय नीति को अधिसूचित किया गया है, जिसके तहत 2030 तक पेट्रोल में इथेनॉल के 20% और डीजल में 5% बायोडीजल के सम्मिश्रण के सांकेतिक लक्ष्य की परिकल्पना की गई है। इस लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है :

क संवर्धनशील घरेलू उत्पादन के माध्यम से चालू इथेनॉल / बायोडीजल आपूर्ति को सुदृढ़ करना।

ख सेकंड जनरेशन (2जी) की बायो रिफाइनरियों की स्थापना।

ग जैव ईंधन के लिए नए फीडस्टॉक का विकास कार्य।

घ जैव ईंधनों में रूपांतरण के लिए नई प्रौद्योगिकियों का विकास।

ड जैव ईंधनों के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करना और मुख्य ईंधन के साथ इसका एकीकरण करना।


1.18.1 बायोडीजल कार्यक्रम

अप्रैल से नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान,

ओएमसीज़ द्वारा डीजल के साथ सम्मिश्रण के लिए 548 किलो लीटर बायोडीजल की खरीद की गई है। ओएमसी उपयोग किए गए कुकिंग ऑयल (यूसीओ) से उत्पादित बायोडीजल की खरीद के लिए नियमित रूप से रूचि की अभिव्यक्ति पत्र (ईओआई) जारी करते रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों द्वारा अनुमानत 40 करोड़ लीटर प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता युक्त 55 बायोडीजल संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

1.18.2. बायो–जेट (एटीएफ)

स्पाइसजेट द्वारा संचालित देहरादून से दिल्ली के बीच 25% बायोजेट ईंधन का उपयोग करती पहली उड़ान का स्वागत दिनांक 27.8.2018 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा किया गया था। उक्त उड़ान में प्रयुक्त जैव जेट ईंधन को सीएसआईआर प्रयोगशाला द्वारा I1पी, देहरादून में जटरोफा बीजों का उपयोग कर विकसित किया गया था। एमआरपीएल ने एमआरपीएल रिफाइनरी के साथ एकीकृत बायो–एटीएफ विनिर्माण कंपनी स्थापित करने की योजना तैयार की है। हाल ही में, एटीएफ के क्षेत्र में नए विकास हुए हैं जैसे कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (कॉर्सिया), उत्सर्जन, ईंधन दक्षता आदि को कम करने की आवश्यकता के लिए भारतीय वायु सेना द्वारा बायो–एटीएफ मिश्रित एटीएफ पर उड़ान भरी जा रहीं हैं। इसलिए, विमानन में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस मंत्रालय द्वारा देश में बायो–एटीएफ कार्यक्रम के सभी पहलुओं को व्यापक तरीके से देखने के लिए एक समिति का गठन किया गया था ताकि बायो–एटीएफ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। समिति की रिपोर्ट हाल ही में प्राप्त हुई है।



1.19. विश्व जैव ईंधन दिवस

पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर–जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और जैव ईंधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों को दर्शाने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1.20 कार्यनीतिक तेल भंडार

जुलाई 2021 में, मंत्रिमंडल द्वारा इन्हें। मंजूरी प्रदान की गई (i) व्यावसायीकृत प्रचालन के लिए एसपीआर कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत सृजित पेट्रोलियम भंडारों के अंश का उपयोग किया जा रहा भाग और (ii) द्वितीय चरण के तहत, पीपीपी मॉडल के तहत 6.5 एमएमटी की कुल भंडारण क्षमता युक्त दो अतिरिक्त वाणिज्यिक – एवं – रणनीतिक सुविधाओं की स्थापना।

1.21 प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह

भारत सरकार द्वारा अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम और मिडस्ट्रीम क्षेत्रों को कवर करते हुए हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति प्रदान की जाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र के लिए वर्तमान एफडीआई नीति तेल और गैस क्षेत्र में मौजूदा क्षेत्रीय नीति और नियामक ढांचे के अधीन निजी कंपनियों को अन्वेषण और उत्पादन और शोधन के लिए 100% स्वचालित मार्ग (मौजूदा पीएसयूज़ में किसी विनिवेश के बिना अथवा घरेलू इक्विटी को कम किए बिना स्वचालित मार्ग के माध्यैम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए 49%), पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन, पाइपलाइन, भंडारण और एलएनजी पुनर्गैसीकरण अवसंरचना और सभी संबंधित सेवाओं की अनुमति प्रदान करती है। तथापि, सरकार द्वारा किसी भी पीएसयू के रणनीतिक विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन के मामले में, मौजूदा सार्वजनिक उपक्रमों में घरेलू इक्विटी के किसी भी विनिवेश अथवा कमी के बिना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) द्वारा पेट्रोलियम शोधन के लिए स्वचालित मार्ग के तहत 100% तक के विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की गई है। तेल और गैस की खोज और उत्पादन पूंजी गहन और उच्च जोखिम युक्त गतिविधियां होती हैं जिनमें महंगी अत्याधुनिक तकनीकों और सर्वोत्तम प्रबंधन विधियों के उपयोग की आवश्यकता होती है। तद्नुसार, सरकार घरेलू निवेश के साथ–साथ बढ़ती मांग को पूरा करने तथा तेल और गैस और आयात पर निर्भरता को कम करने में राष्ट्रीय तेल कंपनियों के प्रयासों के पूरक के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण, उत्पादन और परिवहन नेटवर्क में विदेशी कंपनियों सहित निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही है। यह देखा जा सकता है कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस में एफडीआई के प्रवाह में पिछले कुछ वर्षों में काफी परिवर्तन हुआ है जो कम से कम आंशिक रूप से इस क्षेत्र में भारी निवेश के कारण हो सकता है। भारत सरकार द्वारा मौजूदा कोविड –19 महामारी के कारण भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अभीग्रहण/अधिग्रहण को रोकने के लिए मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई है और समेकित एफडीआई नीति, 2017 में निहित मौजूदा एफडीआई नीति के पैरा 3.1.1 को निम्नानुसार संशोधित किया है:

क किसी भी अनिवासी संस्था द्वारा एफडीआई नीति के

अधीन भारत में निवेश किया जा सकता है, उन क्षेत्रों / गतिविधियों के अतिरिक्त जो निषिद्ध हैं। तथापि, किसी देश की कोई इकाई, जो भारत के साथ भूमि सीमा साझा करती है अथवा जहां भारत में निवेश का लाभकारी स्वामी स्थापित है अथवा इस प्रकार के किसी देश का नागरिक है, केवल सरकारी मार्ग के तहत निवेश कर सकता है। इसके अलावा, पाकिस्तान का नागरिक अथवा पाकिस्तान में निगमित कोई संस्था, केवल सरकारी मार्ग के तहत, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और विदेशी निवेश के लिए निषिद्ध क्षेत्रों / गतिविधियों के अलावा अन्य क्षेत्रों / गतिविधियों में निवेश कर सकती है।

ख भारत की किसी भी इकाई में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी मौजूदा अथवा भावी एफडीआई के स्वामित्व के हस्तांतरण की स्थिति में, जिसके परिणामस्वरूप लाभकारी स्वामित्व पैरा 3.1.1 (क) के भीतर प्रतिबंधित है / के दायरे में आता है, लाभकारी स्वामित्व में इस प्रकार के भावी बदलाव को भी सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

वर्ष 2020–21 के दौरान, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में एफडीआई का प्रवाह 103 मिलियन अमरीकी डॉलर था, जिसका अर्थव्यवस्था के कुल एफडीआई प्रवाह (59636 मिलियन अमरीकी डॉलर) का योगदान 0.2: था। तेल और गैस क्षेत्र के अंतर्गत एफडीआई अंतर प्रवाह की प्रवृत्ति को नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 1.6: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में एफडीआई का वर्ष वार प्रवाह

वर्ष	एफडीआई प्रवाह (मिलियन अमरीकी डॉलर में)			
	सभी क्षेत्र		पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र	
	एफडीआई प्रवाह	%वृद्धि	एफडीआई प्रवाह	%वृद्धि
2014-15	29737	22.38	1079	861.44
2015-16	40001	34.51	103	-90.45
2016-17	43478	8.69	180	75.10
2017-18	44857	3.17	24	-86.60
2018-19	44366	-1.09	138	472.50
2019-20	49977	12.65	806	482.07
2020-21 (अनंतिम)	**59636**	**19.33**	**103**	**-87.24**
2021-22 (अनंतिम) अप्रैल–सितंबर)	**31153**	**-**	**42.47**	**-**

1.22 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के लिए परिव्यय

2021–22 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सीपीएसई के लिए कुल बजट आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आईईबीआर) (₹1,04,620 करोड़) वर्ष 2020–21 (₹98,522 करोड़) से 6.2% अधिक था। 2020–21 के दौरान आईईबीआर का वास्तविक व्यय (₹1,11,194 करोड़) था जो 2019–20 के वास्तविक व्यय (₹1,05,603 करोड़) से 5.14% अधिक था और यह 2020–21 के बजट अनुमान (₹98,522 करोड़) का 112.7% है। वर्ष 2020–21 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत तेल और गैस सीपीएसईज के आईईबीआर का बजट अनुमान (बीई) ₹98,522 करोड़ है। पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र–वार आईईबीआर की प्रवृत्ति अनुलग्नक–VI में दर्शाई गई है।

1.23 प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना

'प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना' को वित्तीय वर्ष 2016–17 से आरंभ 3 वर्षों की अवधि में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) स्थित परिवारों की महिलाओं को 5 करोड़ जमा निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा औपचारिक रूप से **01.05.2016** को इस योजना का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सरकार द्वारा इस दायरे को 5 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया जिसे वित्तीय वर्ष 2019–20 तक पूर्ण करना था। सरकार द्वारा ऐसे गरीब परिवारों को भी पीएमयूवाई का लाभ प्रदान किया गया, जो देश के सभी गरीब परिवारों को कवर करने के लिए एसईसीसी सूची अथवा 7 अभिज्ञात श्रेणियों में नाम न आने के कारण छूट गए थे।

इस योजना के तहत, सरकार द्वारा एक बीपीएल परिवार

की वयस्क महिला सदस्य को जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया जाता है। पीएमयूवाई योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य 7 सितंबर, 2019 को प्राप्त कर लिया गया था।

माननीय वित्त मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 के अपने बजट भाषण के दौरान घोषणा की गई थी कि उज्ज्वला योजना का विस्तार 1 करोड़ और लाभार्थियों को कवर करने के लिए किया जाएगा। तदनुसार, उज्ज्वला 2.0 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा महोबा जिला उत्तर प्रदेश से 10 अगस्त, 2021 को एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय आधार पर लॉन्च किया गया था।

1.24 प्रत्यक्ष हस्तांततरण लाभ (पहल) अथवा एलपीजी (डीबीटीएल) के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना

भारत सरकार द्वारा नवंबर, 2014 में देश के कुछ जिलों में एलपीजी उपभोक्ता (डीबीटीएल) योजना के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना 'पहल' को आरंभ किया गया था। तत्पश्चात इस योजना का देश भर में विस्तार किया गया। इस योजना का उद्देश्य सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना और सब्सिडी लीकेज में कटौती करना है। एलपीजी उपभोक्ता जो पहल योजना के अंतर्गत शामिल हैं, अपने एलपीजी रिफिल को गैर–सब्सिडी मूल्य पर प्राप्त करते हैं और एलपीजी सब्सिडी (उनकी पात्रता के अनुसार) को सीधा अपने बैंक खातों में प्राप्त करते हैं। पहल के कार्यान्वयन के साथ, देश के एलपीजी उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए सब्सिडी प्रबंधन में पारदर्शिता की नई व्यवस्था लागू की गई है।

1.25 गिव इट अप

घरेलू एलपीजी पर भारत सरकार द्वारा भारी सब्सिडी प्रदान की जाती है और प्रत्येक सिलेंडर के लिए पर्याप्त मात्रा में सब्सिडी होती है। इससे सरकार पर भारी वार्षिक सब्सिडी भार पड़ता है और विभिन्न् समृद्ध/एचएनआई नागरिक सब्सिडी के पक्ष में नहीं थे और वे उत्पाद के लिए पूर्ण भुगतान करेंगे।

मार्च 2015 में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिनांक 27 मार्च 2015 को दिल्ली में औपचारिक रूप से 'गिव इट अप' आंदोलन को आरंभ किया गया और सभी देशवासियों से अपील की कि वे एलपीजी सिलेंडर का खर्च उठा सकते हैं और अपनी एलपीजी सब्सिडी का त्याग करें।

1.26. डिजिटल भुगतान का संवर्द्धन

खुदरा विक्रय केंद्रों पर डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार हुआ है। दिनांक 11.12.2021 तक, देश भर के 66094 पेट्रोल पंपों पर 348317 पीओएस टर्मिनल और 103193 ई–वॉलेट सुविधा प्रदान की गई है, 66585 खुदरा विक्रय केंद्रों को भीम यूपीआई से सक्षम किया गया। सभी एलपीजी वितरक और सिटी गैस वितरण कंपनियां भीम यूपीआई के साथ सक्षम हैं।

1.27 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, तेल विपणन कंपनियां तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और पीईएसओ मानदंडों के अनुपालन के आधार पर देश के विभिन्न हिस्सों में चरणबद्ध तरीके से अपने रिटेल आउटलेट (आरओ) पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) स्थापित कर रही हैं। दिनांक 30.11.2021 तक, ओएमसी द्वारा 1198 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं और 42 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन अपने आरओज में स्थापित किए गए हैं।

1.28 स्टार्ट अप इंडिया

तेल और गैस क्षेत्र की स्टार्ट–अप इंडिया पहल के तहत, व्यक्तिगत सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा वित्त पोषण और सलाह के लिए खुले विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्ताव / आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्तावों के विषयों में तेल पीएसयूज के अपस्ट्रीम/मिडस्ट्रीम/डाउनस्ट्रींम प्रचालनों में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का लाभ उठाना, व्यवसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, स्वच्छ ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा, सामाजिक प्रासंगिकता के विषयों के अलावा हाइड्रोकार्बन उद्योग के लिए बेहतर तकनीक शामिल है। स्टार्ट–अप एप्लिकेशन प्राप्त करने के दौर से पूर्व, ऑयल पीएसयूज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और नवीन विचार प्रदान करने के लिए स्टार्टअप्स के लिए समय–समय पर हैकाथन/आइडिएशन चुनौतियों का भी आयोजन करते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा 405 करोड़ रुपये का एक कोष बनाया गया है। वर्तमान स्थिति के अनुसार कुल 209 स्टार्टअप्स को लगभग ₹170 करोड़ के संवितरित निधि मूल्य के साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

1.29 कौशल विकास

राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) / योग्यता पैक (क्यूपी) विकास के लिए उद्योग के सदस्यों के परामर्श से विभिन्न उच्च प्राथमिकता युक्त व्यवसायों की पहचान की गई है। अब तक, 23 क्यूपी को राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति (एनएसक्यूसी) और एनएसडीसी की योग्यता पंजीकरण समिति (क्यूआरसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए कौशल विकास संस्थानों (एसडीआई) को छह शहरों अर्थात भुवनेश्वर, विजाग, कोच्चि, अहमदाबाद, गुवाहाटी और रायबरेली में स्थापित किया गया है। दिसंबर 2021 तक इन एसडीआईज में 20000 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

कौशल विकास संस्थान (एसडीआई), भुवनेश्वर का स्थायी परिसर, जो उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा पूल

बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके विश्व स्तरीय उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की परिकल्पना करता है, को 20 अगस्त 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

1.30 मेक इन इंडिया

'लक्ष्य भारत पोर्टल' को माननीय मंत्री, पी एंड एनजी और एच एंड यूए द्वारा 15 सितंबर, 2021 को लॉन्च किया गया था। यह पोर्टल सभी हितधारकों, अर्थात भारत सरकार, सभी तेल और गैस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों, निर्माताओं / व्यापारियों के लिए सुलभ है। तेल एवं गैस संगठन, भावी मांग सहित उनके द्वारा खरीदी गई विभिन्न वस्तुओं का विवरण इस पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इस पोर्टल को विभिन्न तेल कंपनियों द्वारा पूंजीगत वस्तुओं और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) वस्तुओं की सोर्सिंग के केंद्रीय सूचना पूल के रूप में विकसित करने की योजना है। यह पोर्टल वैश्विक प्रौद्योगिकियों और विनिर्माण के स्वदेशीकरण में सहायक होगा, विदेशी निर्माताओं को भारतीय हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यावसायिक क्षमता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए प्रक्रियाओं की पेशकश करेगा।

1.31 परियोजना विकास प्रकोष्ठ

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 3 जून 2020 को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रालयों / विभागों में परियोजना विकास प्रकोष्ठों (पीडीसी) की स्थापना के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की गई। पीडीसी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की स्थापना ईएंडएस डिवीजन के तहत निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ सक्रिय रूप से कार्यारत् है:

- घरेलू निवेशक के साथ–साथ एफडीआई का भरपूर समर्थन करने के लिए निवेश को आकर्षित करने और निवेश के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तारर करने के संदर्भ में।
- सही समय पर और लक्षित तरीके से निवेश की सुविधा प्रदान करना
- निवेशकों को भारतीय बाजारों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करना।
- अपनी निवेश योजनाओं को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए निवेशकों के समक्ष मुद्दों पर आवश्यक सहायता प्रदान करना, सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह के समक्ष शॉर्टलिस्ट किए गए मुद्दों को रखा जाएगा।

पीडीसी पोर्टल पर कुल पंजीकृत निवेशक (07.01.2022 तक)

कुल पंजीकृत निवेशक	सार्वजनिक क्षेत्र के निवेशक	इथेनॉल एक्स–मिल कीमत (₹लीटर)
101	6	95

पीडीसी पोर्टल एवं समाधान के माध्यम से पूछे गए प्रश्न (07.01.2022 तक)

पंजीकृत निवेशकों द्वारा पूछे गए कुल प्रश्न	प्रश्न संख्या: सार्वजनिक क्षेत्र के निवेशक	प्रश्न संख्या: निजी निवेशक	प्रश्न संख्या: निजी निवेशकों हेतु पीडीसी की पहुंच	प्रश्न संख्या: हल किए गए	प्रश्न संख्या: प्रक्रियाधीन समाधान
74	43	31	31	12	19

1.32 स्वच्छ भारत मिशन

एमओपीएनजी द्वारा स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) के तहत वर्ष 2021–22 के लिए ₹183.16 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, परंतु शीर्ष स्तरीय समीक्षा बैठकों सहित विभिन्न बैठकों के माध्यम से निरंतर निगरानी की सहायता से, तेल और गैस सीपीएसई सहित एमओपीएनजी द्वारा दिसंबर 21 तक लगभग ₹125..53 करोड़ का व्यय पहले ही किया गया है। एमओपीएनजी, इसके संबद्ध कार्यालयों और एमओपीएनजी के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तेल और गैस सीपीएससीज द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2021 से 15 जुलाई, 2021 तक पूर्ण उत्सांह और उमंग के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। पेट्रोलियम उद्योग इस जन आंदोलन में योगदान दे रहा है और इसकी गति को बढ़ावा दे रहा है।



विजयपुर में गेल का गैस प्रसंस्करण संयंत्र




गेल द्वारा 20 वर्षीय एसपीए के तहत संयुक्त राज्य अमरीका में सबाइन पास सुविधा से प्रथम कार्गो लोड किया गया





अध्याय 2

अन्वेषण और उत्पादन


OIL & GAS
MAP OF INDIA
LEGENDS
Refineries
Refineries (Capacity in MMTPA)
Producing Fields
Major Producing Fields
LNG Terminals
LEGENDS
Pipelines Network
Crude Oil Pipeline
Ongoing Crude Oil Pipeline
Product Pipeline
Ongoing Product Pipeline
LPG Pipeline
Ongoing LPG Pipeline
Gas Pipeline
Ongoing Gas Pipeline

2 अन्वेषण और उत्पादन

2.1. प्रसंग / पृष्ठभूमि

2.1.1 देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ ऊर्जा की मांग बढ़ेगी। देश अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता के लगभग 85% और प्राकृतिक गैस के मामले में 49.4% तक आयात पर निर्भर है। ऊर्जा की आपूर्ति और मांग के बीच की दूरी को दूर करने के लिए, देश में अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाना अनिवार्य है।

2.1.2 अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) क्षेत्र में सुधार वर्ष 1991 में तेल और गैस क्षेत्र की निजी और विदेशी कंपनियों की भागीदारी के माध्यम से आरंभ किए गए थे, जब वर्ष 1991–93 के दौरान 28 खोजे गए क्षेत्रों (एनईएलपी–पूर्व खोजे गए क्षेत्र) की नीलामी की गई थी। इसके अलावा, वर्ष 1990–1997 के दौरान 28 अन्वेषण ब्लॉक आवंटित किए गए जिन्हें एनईएलपी–पूर्व अन्वेषण ब्लॉक के रूप में जाना जाता है। तदुपरांत, वर्ष 1997–99 में नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) और कोल बेड मीथेन (सीबीएम) नीति के कार्यान्वयन के पश्चात्, प्रस्तावित अन्वेषण रकबे के लिए राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसीज़) के लिए लागू किए अनुसार समान वित्तीय और संविदा शर्तें प्रदान करते हुए निजी निवेशकों को समान कार्य क्षेत्र प्रदान किया गया था।

2.1.3 पेट्रोलियम और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख नीतिगत अभियान में, सरकार द्वारा विभिन्न पहलों का अनावरण किया गया है। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के सुधार घरेलू तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने, निवेश बढ़ाने, बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन करने, पारदर्शिता बढ़ाने और प्रशासनिक स्व–विवेक में कमी लाने के मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित हैं। सरकार द्वारा ई एंड पी क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए पथप्रदर्शक नीतियां तैयार की गई हैं जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ शामिल हैं:

- गैस मूल्य निर्धारण सुधार
- सीबीएम के शीघ्र मौद्रिकीकरण के लिए नीतिगत ढांचा
- खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) से संबंधित नीति
- घरेलू उत्पादन बढ़ाने के सुधारों में पहल
- हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) और ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) का साझा संचालन
- कोयला खनन क्षेत्र में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और इसकी सहायक कंपनियों द्वारा सीबीएम के निष्कर्षण के लिए नीतिगत ढांचा
- एनईएलपी–पूर्व खोजे गए क्षेत्रों और अन्वेषण ब्लॉकों के विस्तारों के अनुदान से संबंधित नीति
- पूर्वोत्तर के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030
- अमूल्यांकित क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम
- राष्ट्रीय डेटा कोष (एनडीआर)
- उत्पादन साझाकरण संविदाओं (पीएससीज़), सीबीएम संविदाओं और नामांकन क्षेत्रों के मौजूदा रकबे में गैर परंपरागत हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और अवदोहन की अनुमति प्रदान करने से संबंधित नीतिगत ढांचा।
- पीएससीज़ के कार्य को सुव्यवस्थित करने से संबंधित नीतिगत ढांचा
- तेल और गैस के लिए उन्नत पुनर्प्राप्ति पद्धतियों को प्रोत्साहित करने से संबंधित नीतिगत ढांचा
- तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में नीतिगत सुधार।
- हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रिकीकरण से संबंधित दिशानिर्देश
- प्राकृतिक गैस विपणन सुधार, अक्टूबर 20, अगस्त 21 और नवंबर 21 जिसमें बाजार मूल्य ज्ञात करने की मानक प्रक्रिया, बोली प्रक्रिया में संबद्धों की भागीदारी और ई–बोली के माध्यम से बाजार मूल्य की खोज से संबंधित दिशानिर्देश शामिल हैं और पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत गैस एक्सचेंजों के माध्यम से 500 एमएमएससीएम तक अथवा संविदा क्षेत्र से वार्षिक उत्पादन का 10%, इनमें जो भी अधिक हो, को गैस की लघु मात्रा का विक्रय करने के लिए मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता धारक गैस उत्पादकों के लिए एक अतिरिक्त व्यवस्था। इसके अलावा, गैस सुधारों को गति प्रदान करने और पर्यावरण को बचाने के लिए, सरकार द्वारा तेल और गैस कूपों के परीक्षण के दौरान उत्पादित तदर्थ / परीक्षण गैस के मौद्रिकीकरण के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए।

2.1.4 अपस्ट्रीम सेक्टर में, दो अपस्ट्रीम राष्ट्रीय ऑयल कंपनियां (एनओसीज़) नामतः ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान देश

में लगभग 76% तेल और 85% गैस उत्पादन (जेवी शेयर के अतिरिक्त) की कुल हिस्सेदारी द्वारा एक प्रमुख भूमिका निभाई गई है। ओएनजीसी द्वारा लगभग 66% स्वदेशी कच्चे तेल और 76% देश की गैस (जेवी शेयर के अतिरिक्त) का उत्पादन करती है, जबकि ओआईएल का स्वदेशी कच्चे तेल का हिस्सा लगभग 10% और गैस उत्पादन का 9% (जेवी शेयर के अतिरिक्त) है। तेल और गैस उत्पादन में निजी/जेवी कंपनियों की हिस्सेदारी क्रमशः 24% और 13% (सीबीएम के अतिरिक्त) है। उत्पादित कुल गैस में सीबीएम की हिस्सेदारी लगभग 2% है।

2.1.5. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की स्थापना भारत सरकार के वर्ष 1993 के संकल्प द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत की गई थी। डीजीएच की स्थापना का उद्देश्य पेट्रोलियम गतिविधि के पर्यावरण, सुरक्षा, तकनीकी और आर्थिक पहलुओं के संबंध में भारतीय तेल और प्राकृतिक गैस संसाधनों के संतुलित प्रबंधन को बढ़ावा देना था। इसके अलावा, डीजीएच को खोजे गए क्षेत्रों/अन्वेषण ब्लॉकों के लिए उत्पादन साझाकरण संविदाओं, खोजे गए लघु क्षेत्र से संबंधित नीति, हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और उत्पादन नीति (एचईएलपी) और ईएंडपी गतिविधियों की निगरानी सहित नीतियों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने से संबंधित कुछ उत्तरदायित्वों से सुदृढ़ किया गया है।

2.2. भारत में तलछटीय बेसिन


2.2.1 भारत में 26 तलछटीय बेसिन हैं जो 3.36 मिलियन वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को कवर करते हैं। भारत के समुद्रतटीय तलछटीय बेसिनों की वायुसीमा लगभग 1. 63 मिलियन वर्ग किलो मीटर है; अपतटीय तलछटीय बेसिनों, 400 मीटर आइसोबाथ तक की वायुसीमा लगभग 0.41 मिलियन वर्ग किलोमीटर है और 400 मीटर से अधिक गहन समुद्री क्षेत्र में, तलछटीय क्षेत्र अनुमानतः 1.32 मिलियन वर्ग किलो मीटर होना अनुमानित है।

2.2.2 भारतीय तलछटी घाटियों को वृहद रूप में उनकी संभावनाओं की डिग्री के आधार पर तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जैसा कि वर्तमान में ज्ञात हैं जो निम्नानुसार हैः

तालिका 2.1: भारतीय तलछटीय बेसिन की श्रेणियां

बेसिन का प्रकार	क्षेत्र (वर्ग कि.मी.)	हाइड्रोकार्बन संभाव्यता	बेसिन/क्षेत्र
श्रेणी I (7 बेसिन)	9,98,325	स्थापित वाणिज्यिक उत्पादन	कैम्बे, असम शेल्फ, मुंबई अपतट, कृष्णा गोदावरी, कावेरी, असम अराकान फोल्ड बेल्ट और राजस्थान
श्रेणी II (5 बेसिन)	7,80,974	हाइड्रोकार्बन का ज्ञात संचय परंतु अब तक वाणिज्यिक उत्पादन नहीं	कच्छ, महानदी – एनईसी और अंडमान निकोबार, विंध्य, सौराष्ट्र
श्रेणी III (14 बेसिन)	15,86,150	संकेतित हाइड्रोकार्बन दर्शातें हैं कि येः भूगर्भीय संभावना के रूप में विचारित हैं।	हिमालयी फोरलैंड, गंगा, केरल कोंकण – लक्षद्वीप, बंगाल, करेवा, स्पीति – ज़ांस्कर, सतपुड़ा दक्षिण रीवा दामोदर, नर्मदा, दक्कन सिनेक्लिज़, भीम – कलाडगी, कडप्पा, प्राणहिता – गोदावरी, बस्तर, छत्तीसगढ़
कुल	**33,65,449**		

भारतीय तलछटीय बेसिन



Category - I Basins

01. Krishna-Godavari (KG)
02. Mumbai Offshore
03. Assam-Shelf
04. Rajasthan
05. Cauvery
06. Assam-Arakan Fold Belt
07. Cambay

Category - II Basins

08. Saurashtra
09. Kutch
10. Vindhyan
11. Mahanadi
12. Andaman

Category - III Basins


13. Kerala-Konkan (KK)
14. Bengal-Purnea
15. Ganga-Punjab
16. Pranhita-Godavari (PG)
17. Satpura- South Rewa-Damodar
18. Himalayan Foreland
19. Chhattishgarh
20. Narmada
21. Spiti-Zanskar
22. Deccan Syneclise
23. Cuddapah
24. Karewa
25. Bhima-Kaladgi
26. Bastar

भारतीय तलछटीय मानचित्र

2.2.3. भारत में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन मुख्य रूप से श्रेणी–I के तलछटीय बेसिनों तक ही सीमित है। इसके अलावा, द्वितीय श्रेणी के पांच बेसिनों में बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम संसाधन स्थापित हैं, तथापि, इन बेसिनों से उत्पादन कार्य आरंभ होना शेष है।

विभिन्न श्रेणियों के तहत 3.36 मिलियन वर्ग किलोमीटर के कुल भारतीय तलछटीय क्षेत्र का वितरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

भारतीय तलछटी क्षेत्र



2.3 कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों के अनुमानित संसाधन

2.3.1 देश के 26 तलछटीय बेसिनों में अनुमानतः 41.87 बिलियन टन (गैस के तेल और तेल समकक्ष, ओ + ओईजी) पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधन हैं, जो कि 28.08 बिलियन टन के पूर्व स्थापित अनुमानों की तुलना में लगभग 49% अधिक है। बेसिन–वार विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.2: भारत में अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधन

बेसिन श्रेणी	संख्या	बेसिन का नाम	अनुमानित संसाधन (एमएमटीओई)	
			अनुमान 1995–96	अनुमान (2017)
श्रेणी I (भंडार के साथ बेसिन का उत्पादन और शोषण किया जा रहा है)	1	असम अराकान फोल्ड बेल्ट	1860	1632.8
	2	असम शेल्फ	3180	6001.2
	3	कॉम्बे	2050	2585.6
	4	कॉवेरी	700	1964.4
	5	कृष्णा गोदावरी	1130	9554.5
	6	मुंबई अपतट	9190	9646
	7	राजस्थान	380	4126
श्रेणी I योग			**18490**	**35510.5**
श्रेणी II (आकस्मिक संसाधनों वाले बेसिन विकसित और मुद्रीकृत किए जाने हैं	8	अंडमान	180	371.4
	9	कच्छ	760	898.4
	10	महानदी	145	650.6
	11	सौराष्ट्र	280	1325.2
	12	विंध्य	अध्ययन नहीं किया गया	632.5
श्रेणी II योग			**1365**	**3878.1**
श्रेणी III (केवल संभावित संसाधनों की खोज और खोज के साथ बेसिन)	13	बस्तर	अध्ययन नहीं किया गया	1.3
	14	बंगाल	190	828.3
	15	भीमा–कलाडगी	अध्ययन नहीं किया गया	3.2
	16	छत्तीसगढ	अध्ययन नहीं किया गया	25
	17	कडप्पा	अध्ययन नहीं किया गया	5.1
	18	दक्कन	अध्ययन नहीं किया गया	11
	19	गंगा	230	128.4
	20	हिमालय फोरलैंड	150	44.4
	21	करेवा	अध्ययन नहीं किया गया	4
	22	केरल कोंकण	660	1244.6
	23	नर्मदा	अध्ययन नहीं किया गया	18
	24	प्राणहिता गोदावरी	अध्ययन नहीं किया गया	95.4
	25	सतपुड़ा–एस.रीवा–दामोदर	अध्ययन नहीं किया गया	63
	26	स्पीति–ज़ांस्कर	अध्ययन नहीं किया गया	11.1
श्रेणी III योग			**1230**	**2482.8**
गहन जलीय क्षेत्र			7000	गहन जलीय क्षेत्र, बेसिन–वार अनुमानित और संबंधित बेसिनों से जुड़े संसाधन
कुल (एमएमटीओई)			**28085**	**41871.4**

2.3.2 दिनांक 1 अप्रैल 2021 तक ओएनजीसी, ओआईएल और निजी / जेवी कंपनियों द्वारा अन्वेषण के माध्यम से तेल और तेल समकक्ष गैस (ओ + ओईजी) की 10862.43 मिलियन टन (एमएमटी) की इन–प्लेस हाइड्रोकार्बन मात्रा स्थापित की गई है। इस 10862.43 एमएमटी तेल और तेल समकक्ष गैस मात्रा में से, उत्पादित किया जा सकने योग्य अंतिम भंडार लगभग 4299 एमएमटी ओ+ओईजी है। शेष वसूली योग्य भंडार 1,529 एमएमटी ओ+ओईजी है। दिनांक 1 अप्रैल 2021 तक ओएनजीसी, ओआईएल और निजी/जेवी कंपनियों द्वारा खोजे गए हाइड्रोकार्बन भंडार का विवरण निम्नानुसार है।

तालिका 2.3: दिनांक 01.04.2021 की स्थिति अनुसार कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस भंडार (2पी) की स्थिति

क्रमांक	विषय	पैरामीटर	ओएनजीसी (नामांकन)*	तेल (नामांकन)*	पीएससी / आरएससी	बिना सीबीएम–योग
1	प्रारंभिक यथास्थान मात्रा	तेल + संघनन (एमएमटी)	5327.85	800.30	868.14	6996.29
		गैस (बीसीएम)	2346.35	391.24	1178.55	3916.14
		ओ+ओईजी (एमएमटी)	**7674.20**	**1141.54**	**2046.69**	**10862.43**
2	अंतिम भंडार	तेल + संघनन (एमएमटी)	1508.46	256.24	242.12	2006.82
		गैस (बीसीएम)	1350.53	230.36	742.20	2323.09
		ओ+ओईजी (एमएमटी)	**2858.99**	**456.12**	**984.32**	**4299.43**
3	शेष वसूली योग्य भंडार	तेल + संघनन (एमएमटी)	301.02	73.05	101.23	475.30
		गैस (बीसीएम)	324.64	130.75	615.03	1070.41
		ओ+ओईजी (एमएमटी)	**625.66**	**186.88**	**716.26**	**1528.80**



ओएनजीसी का तातीपाका मिनी रिफाइनरी का रात्रि दृश्य

2.3.3 अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन संसाधन कोल बेड मीथेन (सीबीएम)

अनुमानित सीबीएम संसाधन देश के 11 राज्यों में फैले हैं जो 2,600 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) अथवा 91.8 ट्रिलियन क्यूबिक फीट (टीसीएफ) हैं। सीबीएम संसाधनों का राज्य–वार विवरण इस प्रकार है:

तालिका 2.4: भारत में कोल बेड मीथेन संसाधनों का राज्यवार वितरण

सं.	राज्य	अनुमानित सीबीएम संसाधन (बीसीएम में)	अनुमानित सीबीएम संसाधन (टीसीएफ में)	जीआईआईपी (टीसीएफ में)
1	झारखंड	722.08	25.5	1.99
2	राजस्थान	359.62	12.7	0
3	गुजरात	351.13	12.4	0
4	ओडिशा	243.52	8.6	0
5	छत्तीसगढ़	240.69	8.5	0
6	मध्य प्रदेश	218.04	7.7	3.64
7	पश्चिम बंगाल	218.04	7.7	4.85
8	तमिलनाडु	104.77	3.7	0
9	तेलंगाना और आंध्र प्रदेश	99.11	3.5	0
10	महाराष्ट्र	33.98	1.2	0
11	पूर्वोत्तर क्षेत्र	8.50	0.3	0
	कुल सीबीएम संसाधन	**2599.48**	**91.8**	**10.48**

* रूपांतरण कारक: 1 घन मीटर = 35.3147 घन फीट

2.3.4 पुनर्प्राप्ति योग्य सीबीएम भंडार

देश में सीबीएम क्षमता का दोहन करने के लिए, वर्ष 2001 में पहली बार देश में सीबीएम के अन्वेषण और उत्पादन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से सीबीएम ब्लॉकों की पेशकश की गई थी। इसके पश्चात, क्रमश वर्ष 2003, 2005 और 2008 में 3 अन्य बोली दौर आयोजित किए गए थे। इन दौरों के तहत 30 सीबीएम ब्लॉक आवंटित किए गए थे, इनमें से 2 ब्लॉक नामांकन आधार पर और 1 विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड रूट के तहत प्रदान किए गए। अब तक कुल संभावित क्षेत्र में से लगभग 16,613 वर्ग किलोमीटर आवंटित किया गया है। ये सीबीएम ब्लॉक आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों में स्थित हैं। प्रदान किए गए 33 सीबीएम ब्लॉकों के अनुमानित सीबीएम संसाधन लगभग 62.4 टीसीएफ (1767 बीसीएम) है, जिसमें से 10.48 टीसीएफ (296.9 बीसीएम) को गैस–इन–प्लेस (जीआईपी) के रूप में स्थापित किया गया है।

सरकार द्वारा दिनांक 22.09.2021 को विशेष सीबीएम बोली दौर – 2021 की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत 8485 वर्ग किलो मीटर को कवर करते 15 सीबीएम ब्लॉकों की पेशकश की गई थी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के माध्यम से ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत लगभग 700 बीसीएम क्षेत्र का अनुमानित संसाधन स्थित है। इन सीबीएम ब्लॉकों के लिए बोली संबंधी समय निर्धारण दिनांक 15.02.2022 से 15.03.2022 तक के लिए किया गया है। राज्य–वार और ब्लॉक–वार सीबीएम भंडार की स्थिति नीचे दी गई है:

तालिका 2.5: दिनांक 01.04.2021 की स्थिति के अनुसार पुनर्प्राप्ति योग्य कोल बेड मीथेन भंडार

राज्य	ब्लॉक	ऑपरेटर	जीआईआईपी (बीसीएम)	पुनर्प्राप्ति योग्य भंडार (बीसीएम)
झारखंड	बोकारो	ओएनजीसी	30.18	3.68
	झरिया	ओएनजीसी	16.70	2.73
	उत्तरी करणपुरा	ओएनजीसी	9.53	1.46
	सोहागपुर पूर्वी	आरआईएल	47.70	16.70
मध्य प्रदेश	सोहागपुर पश्चिम	आरआईएल	55.50	15.44
	रानीगंज पूर्वी	एस्सार	60.77	28.12
पश्चिम बंगाल	रानीगंज उत्तरी	ओएनजीसी	7.43	1.86
	रानीगंज दक्षिणी	जीईईसीएल	69.09	5.29
कुल			**296.9**	**75.28**

2.3.5 शेल गैस / तेल संसाधन

यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में स्थित विभिन्न तलछटीय बेसिन (गंगा का मैदान, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश और अन्य तटीय क्षेत्र), जिनमें हाइड्रोकार्बन धारित हैं कॉम्बे, असम–अराकान और दामोदर, कुछ एजेंसियों द्वारा प्रचालित भारतीय तलछटीय बेसिनों में तेल और गैस के दृष्टिगत् कुछ एजेन्सिया द्वारा निम्नवत संचालन किया जा रहा है।

i संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) द्वारा जनवरी, 2011 के तलछटीय बेसिनों में तीन बेसिनों अर्थात् कॉम्बे, कृष्णा गोदावरी और कावेरी में 6.1 टीसीएफ की तकनीकी पुनर्प्राप्ति योग्य शेल गैस का अनुमान लगाया गया है।

ii ओएनजीसी द्वारा अगस्त, 2013 में 5 बेसिनों नामतः एनईएलपी–पूर्व और एनईएलपी दौर तथा अन्य अन्वेषण कॉम्बे, कृष्णा गोदावरी, कावेरी, गंगा और असम से 187.5 टीसीएफ के शेल गैस संसाधनों का अनुमान लगाया गया है।

iii केंद्रीय खान योजना और डिजाइन भूवैज्ञानिक संज्ञान व नवीन प्रौद्योगिकी संस्थान। (सीएमपीडीआई) सहितः जुलाई, 2013 में गोंडवाना नामक एक बेसिन के लिए 45.8 टीसीएफ के अन्वेषण प्रसार और क्वांटम जंप संसाधनों में शेल गैस वृद्धि का अनुमान लगाया है।

2.3.6 हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन

अंतिम हाइड्रोकार्बन संसाधन मूल्यांकन कार्यवाही लगभग दो दशक पहले (1995–96) में की गई थी। एनईएलपी पूर्व और एनईएलपी दौर व अन्य अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के कार्यान्वयन के दौरान, पर्याप्त भू–वैज्ञानिक आंकड़े उत्पन्न किए गए हैं। बेहतर भूवैज्ञानिक समझ और नई तकनीक का उपयोग करते हुए नए तेल और गैस क्षेत्रों की भी खोज की गई है। भारत के सभी तलछटीय बेसिनों के संसाधन मूल्यांकन के तहत उत्पन्न भू–वैज्ञानिक डेटा की उपलब्धता में अन्वेषण प्रसार और क्वांटम जंप में वृद्धि सहित। ओएनजीसी, ओआईएल और डीजीएच के प्रतिनिधियों के एक बहु संगठन दल (एमओटी) द्वारा देश में हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता का आकलन किया गया है। देश के सभी तलछटीय बेसिनों के लिए हाइड्रोकार्बन संसाधनों के पुनर्मूल्यांकन संबंधी कार्यवाही वर्ष 2017 में संपन्न कर ली गई थी। देश के 26 तलछटीय बेसिनों में अनुमानित पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधन 41.87 बिलियन टन (तेल और तेल समकक्ष गैस) हैं। जो कि पहले के 28.08 बिलियन टन के अनुमान की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

2.4 कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन

2.4.1. वित्तीय वर्ष 2021–22 (अप्रैल से दिसंबर, 2021) में कच्चे तेल का उत्पादन लगभग 22.38 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रहा। लगभग 75% कच्चा तेल ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा नामांकन व्यवस्था (जेवी शेयर के अतिरिक्त) से प्राप्त हुआ है और शेष 25% कच्चे तेल का उत्पादन पीएससी व्यवस्था से निजी/जेवी कंपनियों द्वारा किया जाता है।

2.4.2 वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) में अपतटीय कच्चे तेल के उत्पादन का अंश लगभग 49% है। शेष कच्चे तेल का उत्पादन 6 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश (0.67%), अरुणाचल प्रदेश (0.17%), असम (13.36%), गुजरात (15.55%), राजस्थान (20.02%) और तमिलनाडु (1.25%) से हुआ है। वित्तीय वर्ष 2020–21 (दिसंबर 2021 तक) और पिछले 5 वर्षों में कच्चे तेल के उत्पादन का विवरण इस प्रकार है:



तालिका 2.6: राज्य–वार कच्चे तेल उत्पादन से संबंधित रुझान (एमएमटी)

स्थान किस्म	राज्य / स्थिति	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 (अ.) अप्रैल–दिसंबर 2021)
अपतटीय क्षेत्र	पूर्वी अपतटीय क्षेत्र	1.26	0.98	0.83	0.65	0.56	0.74	0.47
	गुजरात अपतटीय क्षेत्र	0.41	0.38	0.4	0.74	0.59	0.41	0.26
	पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र	17.42	17.06	16.92	15.48	14.85	14.24	10.22
अपतटीय क्षेत्र योग		19.09	18.42	18.14	16.87	16	15.39	10.95
पीएसयूज़ का अंश		16.54	16.28	16.24	14.97	14.54	14.24	10.22
निजी / संयुक्त उद्यमों का अंश		2.55	2.14	1.91	1.9	1.47	1.15	0.73
जमीनी क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	0.29	0.28	0.3	0.3	0.24	0.19	0.15
	अरुणाचल प्रदेश	0.06	0.06	0.05	0.04	0.06	0.05	0.04
	असम	4.18	4.2	4.34	4.31	4.09	3.90	2.99
	गुजरात	4.46	4.6	4.59	4.63	4.71	4.65	3.48
	राजस्थान	8.6	8.16	7.89	7.67	6.65	5.89	4.48
	तमिलनाडु	0.25	0.28	0.35	0.4	0.42	0.41	0.28
	त्रिपुरा	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.00	0.00
	पश्चिम बंगाल						0.0001	0.00
जमीनी क्षेत्र योग		**17.85**	**17.59**	**17.52**	**17.34**	**16.17**	**15.10**	**11.42**
सार्वजनिक उपक्रमों का अंश		**9.04**	**9.19**	**9.36**	**9.37**	**9.2**	**8.87**	**6.61**
निजी / संयुक्त उद्यम का अंश		**8.81**	**8.4**	**8.15**	**7.97**	**6.97**	**6.23**	**4.81**
कुल योग		**36.94**	**36.01**	**35.66**	**34.2**	**32.17**	**30.49**	**22.38**
पीएसयूज़ का अंश		**25.58**	**25.48**	**25.6**	**24.34**	**23.73**	**23.11**	**16.84**
निजी / संयुक्त उद्यमों का अंश		**11.36**	**10.53**	**10.06**	**9.87**	**8.44**	**7.39**	**5.54**

2.4.3 वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) में प्राकृतिक गैस का उत्पादन लगभग 25.65 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) रहा। प्राकृतिक गैस उत्पादन का लगभग 69% ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा नामांकन व्यवस्था (जेवी शेयर के अतिरिक्त) से हुआ और शेष 13% प्राकृतिक गैस उत्पादन पीएससी व्यवस्था के तहत निजी / जेवी कंपनियों द्वारा किया गया था।

2.4.4 वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) में अपतटीय प्राकृतिक गैस उत्पादन का अंश लगभग 67% है। सीबीएम सहित शेष प्राकृतिक गैस का उत्पादन 10 राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश (2.39%), अरुणाचल प्रदेश (0.17%), असम (9.82%), गुजरात (2.98%), राजस्थान (8.03%), तमिलनाडु (3.10%) त्रिपुरा (4.35%), झारखंड, मध्य प्रदेश (0.09%) और पश्चिम बंगाल (1.14%) से था। वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) और पिछले 5 वर्षों के दौरान प्राकृतिक गैस उत्पादन संबंधी विवरण निम्नानुसार है:

तालिका 2.7: राज्य–वार प्राकृतिक गैस उत्पादन का रुझान (एमएमएससीएम)

स्थान किस्म	राज्य / स्थिति	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 (अ.) अप्रैल–दिसंबर 2021)
अपतटीय क्षेत्र	पूर्वी अपतटीय क्षेत्र	1.26	0.98	0.83	0.65	0.56	0.74	0.47
	गुजरात अपतटीय क्षेत्र	0.41	0.38	0.4	0.74	0.59	0.41	0.26
	पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र	17.42	17.06	16.92	15.48	14.85	14.24	10.22
अपतटीय क्षेत्र योग		19.09	18.42	18.14	16.87	16	15.39	10.95
पीएसयूज़ का अंश		16.54	16.28	16.24	14.97	14.54	14.24	10.22
निजी / संयुक्त उद्यमों का अंश		2.55	2.14	1.91	1.9	1.47	1.15	0.73
जमीनी क्षेत्र	आंध्र प्रदेश	0.29	0.28	0.3	0.3	0.24	0.19	0.15
	अरुणाचल प्रदेश	0.06	0.06	0.05	0.04	0.06	0.05	0.04
	असम	4.18	4.2	4.34	4.31	4.09	3.90	2.99
	गुजरात	4.46	4.6	4.59	4.63	4.71	4.65	3.48
	राजस्थान	8.6	8.16	7.89	7.67	6.65	5.89	4.48
	तमिलनाडु	0.25	0.28	0.35	0.4	0.42	0.41	0.28
	त्रिपुरा	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.00	0.00
	पश्चिम बंगाल						0.0001	0.00
जमीनी क्षेत्र सीबीएम	झारखंड	2	3.1	4	3.6	4.6	1.7	2.9
	मध्य प्रदेश	1.4	6.4	199.8	356.7	344.9	333.7	221.8
	पश्चिम बंगाल	389.4	555.1	531.1	350.2	305.9	307.0	293.1
जमीनी क्षेत्र योग		**9229.4**	**9852**	**10629.9**	**10751.5**	**10547.9**	**10243.4**	**8435.4**
सार्वजनिक उपक्रमों का अंश		**7600.2**	**8135.3**	**8511**	**8350**	**7837.5**	**7265.3**	**5676.4**
निजी / संयुक्त उद्यम का अंश		**1629.2**	**1716.8**	**2118.9**	**2401.5**	**2710.4**	**2978.1**	**2759.0**
कुल योग		**32241.1**	**31890.3**	**32640.5**	**32868.6**	**31183.3**	**28672.4**	**25669.0**
पीएसयूज़ का अंश		**24006.5**	**25018.1**	**26302.2**	**27391.8**	**26413.6**	**24351.7**	**17726.7**
निजी / संयुक्त उद्यमों का अंश		**8234.6**	**6872.1**	**6338.3**	**5476.8**	**4769.8**	**4320.7**	**7942.3**

2.4.5. भारत में कोल बेड मीथेन (सीबीएम) का वाणिज्यिक उत्पादन जुलाई, 2007 से पश्चिम बंगाल के रानीगंज (दक्षिण) ब्लॉक में आंरभ कर दिया गया है। रानीगंज (दक्षिण) ब्लॉक में सीबीएम का उत्पादन दिसंबर, 2021 में लगभग 0.32 एमएमएससीएमडी रहा। एस्सार द्वारा संचालित अन्य तीन ब्लॉक रानीगंज (पूर्व) में 0.78 एमएमएससीएमडी की दर से उत्पादन हो रहा है और ओएनजीसी द्वारा संचालित झरिया और बोकारो में 0.01 एमएमएससीएमडी की दर से उत्पादन किया जा रहा है। आरआईएल द्वारा संचालित सोहागपुर (पश्चिम) और सोहागपुर (पूर्व) का सीबीएम उत्पादन लगभग 0.77 एमएमएससीएमडी है। इस प्रकार दिसंबर, 2021 में देश के 6 ब्लॉकों से सीबीएम उत्पादन लगभग 1.88 एमएमएससीएमडी रहा है जिसमें 1 सीबीएम ब्लॉक से परीक्षण गैस और 4 सीबीएम ब्लॉकों के वाणिज्यिक उत्पादन शामिल है।

2.5 भारतीय तलछटीय क्षेत्र

भारतीय हाइड्रोकार्बन विजन 2025 के अनुसार, 100% भारतीय तलछटीय क्षेत्र का मूल्यांकन किया जाना है। जमीनी क्षेत्र के अंतर्गत 1.63 मिलियन वर्ग किलोमीटर (49%) कवर होता है और अपतटीय क्षेत्र 1.73 मिलियन वर्ग किलोमीटर (51%) में फैला है। अब तक, केवल 49% बेसिन क्षेत्रों का मूल्यांकन किया गया है। तथापि, 0.7

मिलियन वर्ग किलोमीटर (अपतटीय तलछटीय बेसिन क्षेत्र का 41%) 'वर्जित क्षेत्र' के अंतर्गत शामिल है।

2.6 अन्वेषण और उत्पादन के प्रयोजनार्थ आवंटित ब्लॉक

2.6.1 भारत सरकार द्वारा 310 उत्पादन साझाकरण संविदाओं पर हस्ताक्षर किए गए जिनके तहत लाइसेंसधारी/पट्टेदार के रूप में राष्ट्रीय तेल कंपनियों और निजी (भारतीय और विदेशी दोनों) के साथ 29 खोजे गए क्षेत्रों (पन्ना और मुक्ता क्षेत्रों के लिए हस्ताक्षरित एक पीएससी), एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉकों के तहत 28 अन्वेषण ब्लॉक और एनईएलपी व्यवस्था के तहत 254 ब्लॉक शामिल थे। इसके अलावा 54 संविदा क्षेत्रों को शामिल करते हुए दो डीएसएफ बोली दौरों (डिस्कवर स्मॉल फील्ड) के तहत 54 राजस्व भागीदारी संविदाओं (आरएससी) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एचईएलपी (हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी) के तहत, ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएलएपी) के अंतर्गत, बोली दौर I, II, III, IV और V में 105 आरएससीज़ पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार, विभिन्न बोली दौरों (डिस्कवर फील्ड, नेल्प पूर्व, एनईएलपी, एचईएलपी और डीएसएफ) के तहत अब तक हस्ताक्षरित 310 पीएससी और 159 आरएससी में से, 73 पीएससी और 143 आरएससी (डीएसएफ –38, ओएएलपी–105) प्रचालनरत् हैं।

2.6.2 कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन के लिए पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (पीईएल) विभिन्न व्यवस्थाओं के तहत समय–समय पर प्रदान किए गए हैं:

क नामांकन आधार: राष्ट्रीय तेल कंपनियों नामतः ऑयल एंड नेचरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को एनईएलपी के कार्यान्वयन से पूर्व नामांकन आधार पर पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (पीईएल) प्रदान किया गया था।

ख एनईएलपी पूर्व खोजे गए क्षेत्र: सरकार द्वारा अगस्त 1992 में निजी क्षेत्र को लघु/मध्यम आकार के खोजे गए क्षेत्रों (ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा प्रमाणित भंडारों की खोज की गई) के पेट्रोलियम खनन पट्टे (पीएमएल) की पेशकश की गई। उत्पादन भागीदारी संविदा (पीएससी) 1991 – 1993 के दौरान प्रदान किए गए जिसकी विशिष्ट विशेषता निजी कंपनियो का ऑपरेटर स्वरूप ओएनजीसी/ओआईएल का सहयोगी भागीदारी हितधारक होना था। भारत सरकार द्वारा एनईएलपी पूर्व खोजे गए (लघु और मध्यम आकार के क्षेत्र) व्यवस्था के तहत 29 खोजे गए क्षेत्रों के लिए 28 संविदाओं (पन्ना मुक्ता– पीएम फील्ड के लिए एक पीएससी) पर हस्ताक्षर किए गए।

ग एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉक: वर्ष 1990 के बीच और एनईएलपी के कार्यान्वयन से पूर्व 28 अन्वेषण ब्लॉक निजी कंपनियों को प्रदान किए गए थे, जहां ओएनजीसी और ओआईएल के पास हाइड्रोकार्बन खोजों के पश्चानत ब्लॉक में भागीदारी के अधिकार प्राप्त हैं।

घ नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) – 1999 के पश्चात की स्थिति: एनईएलपी के तहत, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से भारतीय निजी और विदेशी कंपनियों को अन्वेषण ब्लॉक प्रदान किए गए थे, जहां राष्ट्रीय तेल कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा भी समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा की गई।

ड़ खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) से संबंधित नीति: खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के तहत, सरकार द्वारा राजस्व भागीदारी मॉडल के आधार पर 54 संविदा क्षेत्र, डीएसएफ–I और डीएसएफ–II बोली दौर प्रदान किए हैं।

च हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति: हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के तहत, सरकार द्वारा दिसंबर 2021 तक पांच बोली दौरों में राजस्व भागीदारी के आधार पर 105 अन्वेषी ब्लॉक आवंटित किए गए।

2.6.3 दिनांक 1 अप्रैल, 2021 को पीएससी व्यवस्था के तहत, अन्वेषण और उत्पादन पर लगभग 44.9 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया गया था। इसमें से खोजे गए क्षेत्रों पर अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों के लिए 6.3 बिलियन अमरीकी डॉलर, एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉकों पर 9.3 बिलियन अमरीकी डॉलर और एनईएलपी ब्लॉकों पर 29.3 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया गया था।

2.7 पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) और पेट्रोलियम खनन पट्टा (पीएमएल)

2.7.1 नामांकन व्यवस्था के तहत, ओएनजीसी द्वारा 7 पीईएल और 354 पीएमएल क्षेत्रों का प्रचालन किया जा रहा है, जो लगभग 59271 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करता है। इसके अलावा, ओआईएल 5132 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए नामांकन व्यवस्था के तहत 3 पीईएल और 25 पीएमएल क्षेत्रों का प्रचालन कार्य कर रहा है। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा प्रचालित पीईएल/पीएमएल का बेसिन–वार विवरण तालिका 2.8 में निहित है।

2.7.2. निजी/जेवी कंपनियां 36 पीईएल और 65 पीएमएल क्षेत्रों /ब्लॉकों को प्रचालित कर रही हैं जो 46789 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करती हैं। निजी/जेवी कंपनियों द्वारा प्रचालित पीईएल/पीएमएल क्षेत्रों/ब्लॉकों का बेसिन–वार विवरण तालिका 2.9 में निहित है।

तालिका 2.8: दिनांक 31.12.2021 की स्थिति अनुसार नामांकन व्यवस्था के तहत बेसिन–वार पीईएल और पीएमएल

कंपनी / ऑपरेटर	बेसिन		पीईएल		पीएमएल		कुल	
			संख्या	क्षेत्रफल वर्ग किमी	संख्या	क्षेत्रफल वर्ग किमी	संख्या	क्षेत्रफल वर्ग किमी
ओएनजीसी नामांकन	असम अराकान	जमीनी क्षेत्र	3	1590	64	5961.85	67	7551.85
	कॉम्बे	जमीनी क्षेत्र	-	-	169	5806.07	169	5806.07
	कॉवेरी	जमीनी क्षेत्र	-	-	28	3324.13	28	3324.13
		अपतटीय क्षेत्र	-	-	2	85.83	2	85.83
	हिमालयी फोरलैंड		1	1828	-	-	1	1828
	कृष्णा गोदावरी	जमीनी क्षेत्र	-	-	40	4769.25	40	4769.25
		अपतटीय क्षेत्र	1	283.05	13	1073.68	14	1356.73
	कच्छ	अपतटीय क्षेत्र	1	420	2	1242.50	3	1662.5
	मुंबई	अपतटीय क्षेत्र	1	985	31	29956.90	32	30941.9
	जैसलमेर– राजस्थान	जमीनी क्षेत्र	-	-	4	809.57	4	809.57
	विंध्यन	जमीनी क्षेत्र	-	-	1	1135	1	1135
कुल ओएनजीसी			**7**	**5106.05**	**354**	**54164.8**	**361**	**59270.8**
ओआईएल नामांकन	राजस्थान	जमीनी क्षेत्र	-	-	2	460	2	460
	असम–अरकान	जमीनी क्षेत्र	3	331.75	23	4340.22	26	4671.97
कुल ओआईएल			**3**	**331.75**	**25**	**4800.22**	**28**	**5131.97**
कुल योग			**10**	**5437.8**	**379**	**58965**	**389**	**64402.8**

तालिका 2.9: दिनांक 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार पीएससी व्यवस्था के तहत निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ बेसिन–वार पीईएल और पीएमएल

बेसिन	पीईएल		पीएमएल	
	पीईएल संख्या	क्षेत्रफल वर्ग किमी	पीईएल संख्या	क्षेत्रफल वर्ग किमी
असम अराकान फोल्ड बैल्ट	1	3213	0	0
असम अराकान शेल्फ	7	6927	4	263
कॉम्बे	7	1236	42	1191
कॉवेरी	3	1126	2	156
कृष्णा गोदावरी	5	4399	13	2486
कच्छ	2	1594	0	0
महानदी	1	832	0	0
मुंबई	3	3650	0	0
राजस्थान	1	2000	4	3287
सतपुड़ा–दक्षिण रीवा–दामोदर	1	789	0	0
सौराष्ट्र	1	552	0	0
विंध्य	3	9147	0	0
बंगाल–पूर्णिया	1	3940	0	0
कुल योग	**36**	**39404**	**65**	**7385**

2.8. नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा किए गए अन्वेषी प्रयास

ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण के 9,17,245 लाइन किलो मीटर (एलकेएम), 3डी भूकंपीय सर्वेक्षण के 1,43,872 वर्ग किलो मीटर (एसकेएम) और स्थापना पश्चात 31 दिसंबर 2021 तक 6,738 अन्वेषी कूपों का वेधन किया गया है। ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा 2डी, 3डी भूकंपीय और तैयार अन्वेषी कूपों से संदर्भित अन्वेषी प्रयासों का विवरण तालिका 2.10 में निहित है।

तालिका 2.10: नामांकन व्यवस्था के तहत ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा अन्वेषणात्मक इनपुट

क्रम सं.	कंपनी	31.12.2001 तक संचयी अन्वेषणात्मक प्रयास		
		2 डी भूकंपीय (एल के एम)	3 डी भूकंपीय (वर्ग किलो मीटर)	अन्वेषणात्मक कूप (संख्या)
1	**ओएनजीसी–नामांकन**	8,82,967	1,32,399	6,333
2	**ऑयल इंडिया लिमिटेड–नामांकन**	34,278	11,473	405
	कुल	**9,17,245**	**1,43,872**	**6,738**

2.9 पीएससी के तहत निजी/जेवी कंपनियों द्वारा अन्वेषी प्रयास

2.9.1 दिनांक 31 मार्च, 2021 को पीएससी और आरएससी व्यवस्थाओं के तहत 2डी भूकंपीय, 3डी भूकंपीय और अन्वेषी कूपों के संदर्भ में निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा किए गए बेसिन–वार अन्वेषण प्रयास निम्नानुसार हैं:

तालिका 2.11: दिनांक 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार डीएसएफ के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ बेसिन–वार पीएमएल

बेसिन का नाम	पीएमएल की संख्या	पीएमएल का क्षेत्रफल (वर्ग किलो मीटर)
असम शेल्फ़	9	189.06
असम–अराकान फोल्ड बेल्ट	1	47.23
बंगाल–पूर्णिया बेसिन/महानदी अपतट	1	541.44
कॉम्बे	8	454.92
कृष्णा–गोदावरी (केजी)	4	142.832
मुंबई अपतट	8	1475.46
राजस्थान	1	73.004
कुल योग	**32**	**2923.946**

तालिका 2.12: दिनांक 31.12.2021 की स्थिति अनुसार ओएएलपी के तहत निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियों के साथ बेसिन–वार पीईएल

बेसिन का नाम	पीएमएल की संख्या	पीएमएल का क्षेत्रफल (वर्ग किलो मीटर)
राजस्थान	15	18,995.16
कॉम्बे	18	9,832.95
मुंबई अपतट	5	11,588.45
कॉवेरी	*5	8,406.27
असम शेल्फ़	*24	13,232.51
असम–अराकान फोल्ड बेल्ट	*12	4,029.55
कृष्णा–गोदावरी	*4	8,318.00
महानदी	9	18,424.93
विंध्या	5	13,260.00
अंडमान निकोबर	4	9,616.70
कच्छा	7	9,887.84
सौराष्ट्र	3	4,722.33
बंगाल–पूर्णिया	4	8,768.43
केरल कोकण	1	3,519.69
गंगा पंजाब	1	1,816.73
हिमालयी फोरलैंड	1	665.98
कुल	**118**	**145,085.22**

तालिका 2.13: दिनांक 01.04.2021 की स्थिति अनुसार पीएससी व्यवस्था के अंतर्गत अन्वेषी इनपुट

बेसिन का नाम	2डी भूकंपीय एल के एम	3डी भूकंपीय एस के एम	अन्वेषी कूप (संख्या)
अंडमान–निकोबार	27070	16562	6
असम–अराकान फोल्ड बेल्ट	1352	613	4
असम–अराकान शेल्फ	5453	2203	40
बंगाल–पूर्णिया	5247	4673	11
कॉम्बे	29994	9167	312
कावेरी	64727	44561	51
दक्कन सिनेक्लिसिस	476	0	0
गंगा	6417	1683	8
हिमालयी फोरलैंड	810	0	1
केरल कोंकण	52290	14035	7
कृष्णा गोदावरी	76106	70711	203
कच्छ	2985	8345	21
महानदी	59542	64659	53
मुंबई	21349	27285	51
प्राणहिता गोदावरी	195	0	1
राजस्थान	14157	16396	308
सतपुरा–साउथ रेवा–दामोदर	2050	304	2
सौराष्ट्र	16037	15428	16
विंध्य	3918	526	6
कुल योग	**390175**	**297150**	**1101**

तालिका 2.14: दिनांक 01.04.2021 की स्थिति अनुसार आरएससी व्यवस्था (ओएएलपी) के अंतर्गत अन्वेषी इनपुट

बेसिन का नाम	2डी भूकंपीय (अधिग्रहण) (एल के एम में) वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ तिमाही तक (संचयी)	3डी भूकंपीय (अधिग्रहण) (एस के एम में) वित्तीय वर्ष 2020–21 की चतुर्थ तिमाही तक (संचयी)
अंडमान	8501	0
ए एस और ए ए एफ बी	1484	629
कॉम्बे	702	471
केरल कोंकण	0	198
कच्छ	600	1310
महानदी	1383	1944
मुंबई अपतट	310	4341
राजस्थान	5879	464
सौराष्ट्र	0	674
विंध्य	430	44
कुल योग	**19288**	**10076**

2.9.2. 31 मार्च, 2021 को पीएससी शासन के तहत पीएसयू, भारतीय निजी और विदेशी कंपनियों द्वारा किए गए खोजपूर्ण प्रयास नीचे दिए गए हैं:

ऑपरेटर किस्म	2डी भूकंपीय एल के एम	3डी भूकंपीय एस के एम	अन्वेषी कूप (संख्या)
विदेशी	40732	15714	56
निजी	142272	115398	568
पीएसयू	207171	166038	477
कुल योग	**390175**	**297150**	**1101**

2.10 वर्ष 2020–21 के दौरान हाइड्रोकार्बन खोजें

नामांकन व्यवस्था के तहत कुल 3 खोजें की गई हैं – सभी ओएनजीसी द्वारा (2 तटीय क्षेत्र में और 1 अपतटीय क्षेत्र में)। आरएससी व्यवस्था के तहत, 1 हाइड्रोकार्बन खोज, नामतः 'जया' को अधिसूचित किया गया है।

तालिका 2.15: वर्ष 2020–21 की हाइड्रोकार्बन खोजें दिसंबर 2021 तक

क्रम संख्या	कंपनी	ऑयल खोज	गैस खोज	कुल
1	ओएनजीसी (नामांकन)	2	1	3
2	ओआईएल (नामांकन)	0	0	0
3	आर एस सी	0	1	1
	कुल	**2**	**2**	**4**

2.11. राष्ट्रीय आंकड़ा कोष (एनडीआर)

2.11.1 भारत सरकार द्वारा दिनांक 30 जून, 2017 को हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) के एक भाग के रूप में ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) को अधिसूचित किया गया। निवेशकों द्वारा सतही और उप – सतही भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय और अन्य तकनीकी आंकड़ों का अवलोकन किया गया।

2.11.2 राष्ट्रीय डेटा भंडार (एनडीआर) को डीजीएच में स्थापित किया गया था और दिनांक 28 जून, 2017 को वाणिज्यिक अन्वेषण, अनुसंधान और विकास और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए संपूर्ण अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) डेटा उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किया गया था। 2.920 मिलियन एलकेएम (लाइन किलो मीटर) कुल 2डी भूकंपीय डेटा, 0.959 मिलियन एसकेएम (वर्ग किलो मीटर) 3डी भूकंपीय डेटा और 20,240 कुपों से संबंधित और लॉग डेटा व 41,867 कूप रिपोर्टों को दिनांक 31 दिसंबर 2021 तक एनडीआर में अपलोड किया गया है।

2.12 शेल गैस अन्वेषण

2.12.1 भारत में शेल गैस और तेल की खोज को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 दिसंबर, 2013 को नामांकन व्यवस्था के तहत प्रदान किए गए अपने जमीनी पेट्रोलियम अन्वेषण लीज (पीईएल) / पेट्रोलियम खनन पट्टा (पीएमएल) में राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) द्वारा शेल गैस और तेल के अन्वेषण और दोहन के लिए नीतिगत दिशानिर्देशों को अधिसूचित किया गया।

2.12.2 नीति दिशानिर्देशों के अनुसार, ओएनजीसी लिमिटेड और ऑयल इंडिया लिमिटेड को प्रथम चरण के तहत मूल्यांकन के लिए क्रमशः 50 और 5 ब्लॉकों में शेल गैस और तेल की खोज करनी है। ओएनजीसी कॉम्बे, कावेरी, कृष्णा–गोदावरी और असम व अराकान बेसिनों में शेल गैस और तेल की खोज संबंधी गतिविधियों को प्रचालित कर रही हैं। ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा असम और राजस्थान बेसिनों में शेल गैस और तेल संबंधी अन्वेषण कार्य पर कार्य किया जा रहा है। द्वितीय व तृतीय चरण के अंतर्गत ओएनजीसी को क्रमशः 75 और 50 ब्लॉकों में अन्वेषण कार्य करना है। ऑयल इंडिया द्वारा चरण II और III प्रत्येक में 5 ब्लॉकों में अन्वेषण करना है। ओएनजीसी द्वारा अब तक 19 ब्लॉकों में 23 कूपों का वेधन कार्य किया गया है। अब तक ओएनजीसी द्वारा चार बेसिनों के 23 ब्लॉकों में कुल 28 कूपों की और ओआईएल द्वारा दो बेसिनों के 4 ब्लॉकों में 4 कूपों का वेधन कार्य किया गया है। इसके अलावा, शेल संसाधनों के पुनर्मूल्यांकन का कार्य प्रगति पर है।

2.13 गैस हाइड्रेट

गैस हाइड्रेट के संदर्भ में वर्ष 2015 के दौरान एनजीएचपी–अभियान–02 में कृष्णा गोदावरी और महानदी क्षेत्र में स्थित 25 स्थलों के बालू जलाशयों में 42 कूपों को वेधित किया गया, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। एनजीएचपी–02 द्वारा अपतटीय कृष्णा गोदावरी बेसिन में गैस–हाइड्रेट युक्त बालू जलाशय प्रणाली की खोज की है। गैस हाइड्रेट के आकलन के लिए और व्यापक अध्ययन के लिए योजना तैयार की गई है ताकि सीफ्लोर और वेलबोर स्थिरता और परीक्षण के लिए प्रायोगिक उत्पादन के लिए स्थल (स्थलों) को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए गैस हाइड्रेट संसाधन संभावना, रिज़र्वायर लक्षण वर्णन, जलाशय चित्रण और भू–यांत्रिक मॉडलिंग का आकलन किया जा सके। केजी गहन अपतटीय क्षेत्रीय ब्लॉक केजी–डीडब्ल्यूएन–98/5 और केजीडीडब्ल्यूएन–98/3 में गैस हाइड्रेट संचयन कार्य गैस हाइड्रेट प्रायोगिक उत्पादन परीक्षण के लिए उपयुक्त स्थल हो सकते हैं।

गैस हाइड्रेट्स के संदर्भ में भारत में किए गए अध्ययनों से संबंधित वर्तमान ज्ञान प्रायोगिक परीक्षण, उत्पादन मॉडलिंग, भू–यांत्रिक मॉडलिंग आदि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर टिका हुआ है।

पायलट परीक्षण के लिए रणनीतिक दृढ़ता के लिए, विभिन्न चरणों से समेकन द्वारा एक कार्य योजना तैयार की जा रही है। प्रथम चरण द्वारा एनजीएचपी – 03 गैस हाइड्रेट फील्ड टेस्ट के सहयोग हेतु योजना संबंधी प्रयास पर कार्यवाही की जाएगी, जिसके अंतर्गत लागत अनुमानों के साथ कार्य योजना की तैयारी और अनुमोदन, उत्पादन परीक्षण से संबंधित अध्यकयन, जलाशय सिमुलेशन, प्रवाह मॉडलिंग, बालू प्रवेश, जोखिम और पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन, एमओडी, एमओईएफ तथा सीसी अनुमोदन, इंजीनियरिंग डिज़ाइन व रिग और अन्य सेवाओं की निविदा को अंतिम रूप प्रदान करना शामिल होते हैं। प्रायोगिक उत्पादन क्षेत्र परीक्षण को दो चरणों, चरण – 2 और 3 में विभाजित किया गया है। चरण–2 द्वारा परीक्षण के लिए विचाराधीन स्थलों के भूगर्भिक और इंजीनियरिंग संबंधी स्थितियों की प्रगति से संदर्भित प्राथमिक लक्ष्य के साथ पहचाने गए स्थंल (स्थलों) से संबंधित एलडब्ल्यूडी और कोरिंग प्रचालन से संबंधित कार्यवाही की जाएगी। चरण 3 प्रायोगिक उत्पालदन परीक्षण चरण होगा।

2.14 कच्चे तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई नीतिगत पहलें

सरकार द्वारा ई एंड पी क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से पथप्रदर्शक नीतियां तैयार की गई हैं। अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रमुख नीतिगत अभियान में, हाल के वर्षों में सरकार द्वारा नीतिगत सुधारों की एक श्रृंखला का अनावरण किया है। कुछ उल्लेखनीय नीतिगत सुधार निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

2.14.1. हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी/ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (मार्च 2016)

सरकार द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2016 को हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी (एचईएलपी) को अधिसूचित किया गया और ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) की अधिसूचना और राष्ट्रीय डेटा रिपोजिटरी (एनडीआर) के प्रचालन के साथ औपचारिक रूप से दिनांक 01.07.2017 से इसे लागू कर दिया गया। एचईएलपी, प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) व्यकवस्थान से रेवेन्यू शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (आरएससी) व्यनवस्थां की ओर एक प्रतिमान बदलाव है, जो 'व्यापार संचालन में सुगमता' के सिद्धांत के आधार पर नियामक संबंधी भार को कम करते हुए भावी अन्वेषण और उत्पादन (ई एं पी) गतिविधियों के लिए नियामक व्यवस्था में पूर्ण रूप से सुधार कर देता है। यह पारंपरिक के साथ–साथ गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों के अन्वेधषण और उत्पादन, मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता, अपतटीय ब्लॉकों के लिए रॉयल्टी की अल्पस दर आदि के लिए एकल लाइसेंस प्रदान करता है। ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) का तात्पर्य है कि संभावित निवेशक/ कंपनियां अन्वेषण रकबों को अपनी इच्छांनुसार तैयार कर सकती हैं और वर्ष भर में अपने अभिव्यक्ति पत्र जमा करवा सकते हैं।

दिसंबर 2021 तक, एचईएलपी/ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत, सात ईओआई सबमिशन विंडो के अलावा पांच ओएएलपी बोली दौर संपन्न किए गए हैं, जिसके अंतर्गत लगभग 1,56,580 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हुए 105 अन्वेषण ब्लॉक प्रदान किए गए हैं।

सरकार द्वारा दिनांक 6 अगस्त 2021 को ओएएलपी बोली दौर – VI को आरंभ किया गया, जिसके अंतर्गत अन्वेषण और विकास के लिए 21 ब्लॉक 35,346 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को कवर करते हुए 11 तलछटीय बेसिनों में फैले हुए हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से प्रस्तोवित किया जाता है। मौजूदा दौर के तहत, बोली की कार्यवाही दिनांक 6 अक्टूबर, 2021 को बंद कर दी गई है और सफल बोलीदाताओं को ब्लॉक सुपुर्द करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

ओएएलपी बोली दौर – VII दिनांक 16 दिसंबर, 2021 को आरंभ किया गया था, जिसमें 8 ब्लॉक, 15,766 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को कवर करते हैं। दिनांक 16.12.2021 से 15.02.2022 की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए रकबे प्रस्तावित किए गए थे। इसके अलावा, ओएएलपी के तहत विशेष सीबीएम बोली दौर – 2021 को सितंबर 2021 में लॉन्च किया गया था, जिसके अंतर्गत 15 सीबीएम ब्लॉक 8,458 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र में फैले हुए थे वे क्षेत्र दिनांक 01.04.2022 से 15.05.2022 की अवधि के दौरान बोली लगाने के लिए प्रस्तावित किए जा रहे हैं।

2.14.2. डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड पॉलिसी (डीएसएफ) (सितंबर, 2015)

राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) की गैर–मोद्रिकीकृत खोजों के शीघ्र मौद्रिकीकरण के लिए, सितंबर, 2015 में सरकार द्वारा खोजे गए लघु क्षेत्रों की नीति के तहत प्रस्ताव के लिए 69 सीमांत क्षेत्रों को मंजूरी प्रदान की गई। इस नीति के तहत क्षेत्रों के तीव्र विकास करने और तेल और गैस को शीघ्र उत्पादन सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्व भागीदारी मॉडल से संबंधित नई व्यवस्था के तहत संविदा क्षेत्र प्रदान करने की परिकल्पना की गई है।

खोजे गए लघु क्षेत्र नीति के तहत प्रथम बोली दौर दिनांक 25 मई 2016 को आरंभ किया गया था, जिसमें 67 खोजे गए लघु क्षेत्रों / खोजों को अंतरराष्ट्रीय बोली के लिए 46 संविदा क्षेत्रों में शामिल किया गया

था। मार्च, 2017 में 43 खोजे गए लघु क्षेत्रों / खोजों के लिए कुल 30 संविदाओं पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह आशा की जाती है कि 44.7 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तेल और तेल समकक्ष गैस (ओ + ओईजी) के यथा स्था न लॉक किए गए हाइड्रोकार्बन भंडार का 15 वर्ष की अवधि में मौद्रिकीकरण किया जाएगा।

तत्पश्चात, सरकार द्वारा अप्रैल, 2018 में नामांकन व्यवस्था के तहत ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोशन लिमिटेड (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के गैर–मौद्रिकीकृत लघु क्षेत्रों / खोजों के तीव्र मौद्रिकीकरण के लिए खोजे गए लघु क्षेत्र (डीएसएफ) नीति के विस्तार को अधिसूचित किया था और प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (पीएससी) व्योवस्थार के तहत खोजों को त्याग कर दिया गया।

दिनांक 7 फरवरी, 2018 को, सरकार द्वारा डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड (डीएसएफ) पॉलिसी बोली दौर–II को मंजूरी प्रदान कर दी, जो दिनांक 14.10.2015 को अधिसूचित डिस्कवर्ड स्मॉल फील्ड पॉलिसी का विस्तार है। डीएसएफ बोली दौर–II के तहत, 59 खोजे गए लघु क्षेत्रों / गैर–मौद्रिकीकृत खोजें अनुमानित हैं जिनमें 189.61 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) ओ + ओईजी (तेल और तेल समकक्ष गैस) को बोली लगाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। डीएसएफ बोली दौर–II के तहत बोली प्रक्रिया दिनांक 9 अगस्त, 2018 को प्रारंभ की गई थी और कुल 23 संविदाओं पर समझौते किए गए जिसके अंतर्गत 57 खोजे गए लघु क्षेत्रों / खोजों पर मार्च 2019 को हस्ताक्षर किए गए थे और जनवरी, 2021 में 1 डिस्कवरी युक्त 7 1 संविदा पर हस्ताक्षर किए गए थे।

डीएसएफ बोली दौर–I (2016) और डीएसएफ बोली दौर–II (2018) की सफलता के पश्चात और इस तथ्य के पश्चात कि अभी भी कई अन्य अनपेक्षित खोजें शेष हैं, सरकार द्वारा 10 जून 2021 को 32 संविदा क्षेत्रों की पेशकश करते हुए डीएसएफ बोली दौर – 3 आरंभ किया गया जिसमें अनुमानतः 75 खोजें शामिल हैं जो लगभग 13,204 वर्ग किलोमीटर रकबा में फैली हैं तथा इनमें 230 एमएमटीओई मौजूद हैं। बोली लगाने की प्रस्तावित तिथि दिनांक 1 अप्रैल 2022 से 16 मई 2022 तक है।

डीएसएफ नीति के तहत आबंटित किए गए संविदा क्षेत्रों की स्थिति निम्नवत है:

बोली दौर	प्रारंभन वर्ष	संविदा क्षेत्रों / फील्डों की संख्या		क्षेत्रफल (वर्ग किलोमीटर में)
		प्रस्तावित	अबिंटित	
डीएसएफ-I	2016	46 (67 फील्ड)	30 (43 फील्ड)	777
डीएसएफ-II	2018	25 (59 फील्ड)	24 (58 फील्ड)	3004
कुल		**71 (126 फील्ड)**	**54 (101 फील्ड)**	**3781**

2.14.3. तेल और गैस के लिए उन्नत पुनर्प्राप्ति विधियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत ढांचा (अक्टूबर, 2018)

सरकार द्वारा रॉयल्टी और उपकर की आंशिक छूट और मौजूदा क्षेत्रों की उत्पादकता में सुधार करने और घरेलू हाइड्रोकार्बन के समग्र उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में राजकोषीय प्रोत्साहन के माध्यम से उन्नत पुनर्पाप्ति (ईआर) / सुधरी (आईआर) / गैर परंपरागत हाईड्रोकॉर्बन (यूएचसी) उत्पादन पद्धतियों / तकनीकों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत ढांचे को मंजूरी प्रदान की गई है। यह नीति प्रत्येक क्षेत्र की ईआर क्षमता के लिए व्यवस्थित मूल्यांकन, उपयुक्त ईआर तकनीकों का मूल्यांकन और ईआर परियोजनाओं में शामिल लागत को जोखिम से मुक्त करने और इसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

प्रगति की स्थिति

क 202 फ़ील्ड की प्रारंभिक रूप से जांच

ख 34 अभिज्ञात उपयुक्त ईआर फील्ड

ग प्रायोगिक चरणों की शुरुआत के लिए 15 ईआर प्रस्ताव अनुमोदित किए गए

घ अनुमानित कैपेक्स>ईआर प्रायोगिक चरणों में आईएनआर 1950 करोड़ ।

ड परिकल्पित ईआर उत्पादन>ईआर प्रायोगिक चरणों से 11.5 मिलियन बैरल

च ₹15000 करोड़ के संभावित निवेश अवसरों से ईआर / आईआर / यूएचसी पद्धतियों के कार्यान्वयन द्वारा 250 एमएमबीओई की वसूली के लिए व्यावसायिक क्षमता ज्ञात की।

2.14.4. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) (अक्टूबर 2016)

सरकार द्वारा संपूर्ण गैर मूल्यांकित क्षेत्रों का 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण करने से संबंधित कार्यक्रम आरंभ किया गया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम का आरंभन दिनांक 12 अक्टूबर, 2016 को किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत, सरकार द्वारा 48,243 लाइन किलो मीटर (एलकेएम) के डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) के लिए 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

बाधारहित प्रयासों से, एनएसपी परियोजना अब 31 दिसंबर, 2021 तक की स्थिति के अनुसार संचयी 46960 एलकेएम अर्थात 48243 एलकेएम के लक्ष्य का 97.34% से अधिक प्राप्त करने के साथ पूर्ण होने को है। डेटा प्रसंस्करण और व्याख्या कार्य मार्च 2022 तक संपन्न. होने की संभावना है। इसके अलावा, शेष क्षेत्रों को कवर करने के लिए जहां दुर्गम क्षेत्र और प्रतिकूल वातावरण के कारण भूकंपीय डेटा प्राप्त नहीं किया जा सका है, 40,000 उड़ान एलकेएम ग्रेविटी ग्रेडियोमेट्री और ग्रेविटी चुंबकीय डेटा प्राप्त करने के लिए एयरबोर्न भूभौतिकीय सर्वेक्षण की योजना तैयार की गई है। एयरबोर्न सर्वेक्षण कार्य को ऑयल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कार्यान्वित किया जाना है और एयर बोर्न जियोफिजिकल सर्वेक्षण की सेवाओं को किराए पर लेने के लिए निविदा प्रक्रिया जारी है।

अंडमान भूकंपीय कार्यक्रम

अंडमान अपतटीय क्षेत्र के व्यापक मूल्यांकन के लिए, डीजीएच द्वारा लगभग 22,500 एलकेएम 2डी ब्रॉडबैंड भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या संबंधी अधिग्रहण की योजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत लगभग 281,613 वर्ग किलो मीटर बेसिन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को मेसर्स ऑयल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। यह सर्वेक्षण कार्य सेवा प्रदायक कंपनी मेसर्स मेरीन आर्कटिक जियोलॉजिकल एक्सपेडिशन (एमएजीई), रूस द्वारा किया जा रहा है। सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां दिनांक 30.08.2021 से आरंभ हुईं थी और यह कार्य अभी प्रगति पर हैं। दिनांक 09.01.2022 तक, संचयी 15,757 एलकेएम (लक्ष्य का लगभग 70%) डेटा प्राप्त कर कर लिया गया है।

2.14.5 प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (अगस्त 2018) के कार्य को सुव्यवस्थित करने से संबंधित नीतिगत ढांचा

सरकार द्वारा अगस्त, 2018 में पीएससीज़ के कामकाज को सुव्यवस्थित करते हुए हाइड्रोकार्बन संसाधनों के त्वरित विकास से संबंधित नीति को अधिसूचित किया गया। इस नीति के अंतर्गत अन्वेषण अवधि को 2 वर्ष और मूल्यांकन अवधि को 1 वर्ष तक बढ़ाना शामिल है। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में परिचालन ब्लॉकों के लिए विपणन को अनुमति प्रदान करने के अलावा, एनईआर में भावी प्राकृतिक गैस उत्पादन के लिए मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता भी शामिल है; एनईएलपी पूर्व अन्वेषण ब्लॉकों में रॉयल्टी और उपकर सहित सांविधिक लेवी को साझा करना और संभावित प्रभाव से इनका लागत वसूली योग्य होना; अनुबंध की विस्तारित अवधि के लिए संभावित प्रभाव युक्त एनईएलपी पूर्व खोजे गए क्षेत्रों के तहत परिचालन ब्लॉकों के लिए आयकर, 1961 की धारा 42 के तहत कर लाभ प्रदान करना।

2.14.6 हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन (सितंबर 2015 – नवंबर 2017)

राष्ट्रीय तेल कंपनियों (ओएनजीसी और ओआईएल) और डीजीएच के प्रतिनिधियों के एक बहु संगठन दल द्वारा देश में हाइड्रोकार्बन संसाधन क्षमता का आकलन किया गया है। देश के 26 तलछटीय बेसिनों में अनुमानित पारंपरिक हाइड्रोकार्बन संसाधनों का 41.87 बिलियन टन तेल और तेल समकक्ष गैस (ओ+ओईजी) का पुनर्मूल्यांकन किया गया है, जो कि 28.08 बिलियन टन के पूर्व अनुमानों की तुलना में लगभग 49% अधिक है।

2.14.7. अन्वेषण और अवदोहन से संदर्भित नीतिगत ढांचा मौजूदा उत्पादन भागीदारी संविदाओं, कोल बेड मीथेन संविदाओं और नामांकन क्षेत्रों (अगस्त 2018) के तहत गैर–संवैधानिक हाइड्रोकार्बन से संबंधित है।

सरकार द्वारा मौजूदा संविदाकारों को गैर परंपरागत हाइड्रोकार्बन क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रोत्साहित करने से संबंधित नीति को पीएससी और सीबीएम संविदाओं के तहत मौजूदा रकबे में शेल तेल और गैस और सीबीएम नीति दस्तावेज में निर्धारित शर्तों के अधीन मंजूरी प्रदान की गई। पीएससीज के अधीन धारित 72,027 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र और सीबीएम संविदाओं के तहत धारित 5,269 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को पारंपरिक अथवा गैर परंपरागत हाइड्रोकार्बन के साथ–साथ समकालिक अन्वेषण और अवदोहन के लिए खोल दिया गया है।

2.14.8. तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में नीतिगत सुधार (फरवरी, 2019)

अन्वेषण गतिविधियों में तीव्रता लाना, विदेशी और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और घरेलू उत्पादन में वृद्धि करना इन उद्देश्यों के साथ सरकार द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2019 को 'तेल और गैस के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति में सुधार' को अधिसूचित किया गया। नीतिगत सुधारों की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

i 'राजस्व' से 'उत्पादन' को अधिकतम करने पर ध्यान संकेंद्रित करना।

ii श्रेणी – II और III के तलछटीय बेसिनों में सरकार के साथ राजस्व संबंधी किसी प्रकार की हिस्सेदारी नहीं।

iii अन्वेषण कार्य कार्यक्रम को अधिक महत्व देते हुए अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा देना।



क श्रेणी I बेसिन में गैर अन्वेषित क्षेत्रों के लिए, न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के लिए 70% भारिता और उच्चतम राजस्व भागीदारी बिंदु (एचआरपी) पर 50% की अधिकतम सीमा युक्त राजस्व भागीदारी के लिए 30% भारिता और

ख श्रेणी II और III तलछटीय बेसिनों के लिए न्यूनतम कार्य कार्यक्रम को 100% भारिता।

iv प्रारंभिक विकास के लिए लघुतम अन्वेषण अवधि।

v शीघ्र मौद्रिकीकरण और वाणिज्यिक उत्पादन के लिए वित्तीय रियायतें।

vi प्राकृतिक गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता।

vii नीति के अंतर्गत, राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसी) द्वारा प्रचालित 66 लघु और सीमांत उत्पादन नामांकन क्षेत्रों में से बोली लगाने की परिकल्पना की गई है जिससे नई और नवीनतम प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए निजी ईएंडपी खिलाड़ियों के साथ सहयोग किया जा सके, नए निवेश को बढ़ावा दिया जा सके और तेल और गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए उन्नत ऑयल रिकवरी/बेहतर ऑयल रिकवरी (ईओआर/आईओआर) पद्धतियों को अपनाते हुए सर्वोत्तम प्रबंधन व्यंवस्थाओं को अपनाया जा सके। जून 2019 के अंत में ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा 66 क्षेत्रों की बोली लगाने के लिए एनआईओ जारी किया गया। तथापि, सफल बोलीदाताओं को केवल 22 क्षेत्र (ओएनजीसी द्वारा 6 अनुबंध क्षेत्रों के तहत 21 क्षेत्र और ओआईएल के 01 क्षेत्र) प्रदान किए गए। शेष 44 क्षेत्रों के लिए बोली पुनः आरंभ कर दी गई और इससे संबंधित कार्य प्रगति पर है।

viii ओएनजीसी और ओआईएल के समझौता ज्ञापन को वास्तविक उत्पादन के लिए 50% भारिता, अन्य वास्तविक मापदंडों को 30%, वित्तीय प्रदर्शन पैरामीटर 20% के साथ पुनर्गठित किया गया था।

ix डीजीएच के अनुपालन / नियामक, विकासात्मक और समन्वय भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए डीजीएच को अतिरिक्त अधिकारों और कार्यों के प्रत्यायोजन द्वारा डीजीएच की भूमिका को पुनः परिभाषित करना।

x एक वर्ष में दो बार से तीन बार बोली लगाने की आवृत्ति को बढ़ाने सहित सरलीकृत और निवेशक अनुकूल मॉडल बोली दस्तावेज।

xi ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देनाः

क सरकार/डीजीएच/प्रबंधन समिति के अनुमोदन में कटौती और अनुमोदन के शीघ्र अनुदान पर बल देने के साथ सरलीकृत संविदात्मक शर्तें।

ख अनुमोदन की प्रक्रिया में तीव्रता लाने के उद्देश्यम से कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ई सी सी) की स्थापना।

ग संविदात्मक विवाद के सौहार्दपूर्ण और त्वरित समाधान के लिए नवीन विवाद समाधान व्यवस्था।

घ आईटी कार्यप्रवाह और अनुमोदन के प्रसंस्करण के लिए प्रक्रियाओं पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो व्यवस्था। पीएससी के तहत अनुमोदन प्रदान करने के प्रयोजन से मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को भी अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है।

ड़ स्व–प्रमाणन आधार पर दस्तावेजों को जमा करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों का सरलीकरण।

2.14.9 ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ावा देनाः ई एंड पी क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ावा देने की दिशा में निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं

क सरकार/डीजीएच/प्रबंधन समिति के अनुमोदन में कटौती और अनुमोदन के शीघ्र अनुदान पर बल प्रदान करने के साथ सरलीकृत संविदात्मक शर्तें।

ख अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समन्वय समिति (ई सी सी) की स्थापना।

ग संविदात्मक विवाद के सौहार्दपूर्ण और त्वरित समाधान के लिए नवीन विवाद समाधान व्यवस्था।

घ आईटी कार्यप्रवाह और अनुमोदन के प्रसंस्करण के लिए प्रक्रियाओं पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक सिंगल विंडो व्यवस्था।

ड़ पीएससी के तहत अनुमोदन प्रदान करने के प्रयोजन से मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को भी अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है।

च स्व–प्रमाणन आधार पर दस्तावेजों को जमा करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों का सरलीकरण और प्रक्रिया के अनुपालन का भार कम करना।

छ संपूर्ण भारत वर्ष के ई एंड पी पारिस्थितिकी तंत्र के सहयोग से संपूर्ण अपस्ट्रीम मूल्य श्रृंखला में डिजिटलीकरण के अवसरों की पहचान और सुविधा के लिए डिजिटलीकरण ई एंड पी रोडमैप दस्तावेज़। दिनांक 10 जून, 2021 को सचिव, पीएनजी द्वारा 'ई एंड पी उद्योग के लिए डिजिटलीकरण रोडमैप' जारी किया गया था।

ज प्रदर्शन निगरानी डैश बोर्ड विभिन्न मुख्य ई एंड पी प्रदर्शन संकेतकों की निगरानी के लिए वर्ष 2019 में एक व्यापक डिजिटल मॉनिटरिंग डैश बोर्ड तैयार

किया गया था। इसे अब वर्ष 2021 में एम ओ पीएनजी पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया गया है।

2.14.10 हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रिकीकरण से संबंधित दिशानिर्देश (जून, 2020)

मंत्रालय द्वारा देश की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक कदम के रूप में सार्वजनिक हित में निर्धारित संविदात्मक समय सीमा के भीतर प्रारंभिक चरण में ही खोज के मौद्रिकीकरण के लिए दिनांक 23.06.2020 को उत्पादन भागीदारी संविदा/राजस्व भागीदारी संविदा के तहत ब्लॉक में मूल्यांकन, वाणिज्यिकता की घोषणा (डीओसी) और फील्ड विकास योजना (एफडीपी) आदि जैसी अन्य गतिविधियों के पूर्ण होने से पूर्व हाइड्रोकार्बन खोजों के मौद्रिकीकरण के मुद्दे की जांच के पश्चात दिशानिर्देश जारी कर दिए गए। इन दिशानिर्देशों का लाभ उठाते हुए, ओएनजीसी की अशोकनगर – 1 खोज का मौद्रिकीकरण किया गया और दिसंबर 2020 में इससे उत्पादन आरंभ कर दिया गया।

2.14.11 प्राकृतिक गैस विपणन सुधार (अक्टूबर, 2020 और 2021)

गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिनांक 15.10.2020 की अधिसूचना के माध्यम से 'प्राकृतिक गैस विपणन सुधार' की घोषणा की गई। इस नीति का उद्देश्य एक पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के माध्यम से गैस उत्पादकों द्वारा बाजार में बेची जा रही गैस के बाजार मूल्य को ज्ञात करने से संबंधित मानक प्रक्रिया को निर्धारित करना है; संबद्ध पक्षों को गैस की बिक्री के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति प्रदान करना और कुछ क्षेत्र विकास योजनाओं (एफडीपी) को विपणन स्वतंत्रता की अनुमति प्रदान करना, जबकि उत्पादन भागीदारी संविदा पहले से ही मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। तत्पश्चात, ई–बोली के माध्यम से घरेलू रूप से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए बाजार मूल्य की खोज के लिए विस्तृत दिशानिर्देश दिनांक 03.12.2020 की अधिसूचना के माध्यम से जारी किए गए, जो मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता से संबंधित गैस की बिक्री के लिए लागू होंगे। ई–बोली लगाने के लिए डीजीएच द्वारा पैनल में शामिल एजेंसियों को भी अधिसूचित किया गया है।

दिनांक 15.10.2020 और 03.12.2020 की अधिसूचना की निरंतरता में, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा प्रदान करने और व्यापार करने में सुगमता के लिए, मूल्य निर्धारण और विपणन स्वतंत्रता धारक गैस उत्पादकों के लिए दिनांक 19.08.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत गैस एक्सचेंजों के माध्यम से प्रति वर्ष 500 एमएमएससीएम तक अथवा संविदा क्षेत्र से वार्षिक उत्पादन का 10%, इनमें जो भी अधिक हो, गैस की अल्पतम मात्रा की बिक्री के लिए एक अतिरिक्त व्यकवस्था उपलब्ध करवाई गई है।

गैस सुधारों और पर्यावरण की रक्षा को और गति प्रदान करने के रूप में, सरकार द्वारा तेल और गैस के परीक्षण के दौरान उत्पादित तदर्थ/परीक्षण गैस के मौद्रिकीकरण को दिनांक 22.11.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से जारी किया जा रहा है।

2.14.12 स्व–प्रमाणन आधार पर दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया और प्रक्रियाओं का सरलीकरण (फरवरी, 2020)

व्यवस्था को पारदर्शी और इसमें तीव्रता लाने की दृष्टि से, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) और प्री–एनईएलपी के तहत प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स (पीएससी) के तहत विभिन्न अनुमोदनों और दस्तावेजों को जमा करने की प्रक्रियाओं की समीक्षा के पश्चात दिनांक 28.02.2020 को स्व–प्रमाणन आधार पर दस्तावेज जमा करने के लिए प्रक्रियाओं और पद्धतियों के सरलीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे। ।

सरकार द्वारा प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई और 37 प्रक्रियाओं को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया:

क 22 प्रक्रियाएं जिनके अंतर्गत दस्तावेजों को स्व–प्रमाणन आधार पर स्वीकार किया जाएगा और उनमें किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।

ख 3 प्रक्रियाएं जिनमें स्व–प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के 30 दिनों की समाप्ति पर अनुमोदित माना जाएगा और

ग 12 प्रक्रियाएं जिनमें अधिनियम/नियमों अथवा संविदाओं के तहत अनुमोदन की आवश्यकता होगी

2.14.13 हाइड्रोकार्बन खोजों के शीघ्र मौद्रिकीकरण से संबंधित दिशानिर्देश, जून 2020

देश की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक कदम के रूप में सार्वजनिक हित में निर्धारित संविदात्मक समय सीमा के भीतर प्रारंभिक चरण में ही खोज के मौद्रिकीकरण के लिए दिनांक 23.06.2020 को उत्पादन भागीदारी संविदा /राजस्व भागीदारी संविदा के तहत ब्लॉक में मूल्यांकन, वाणिज्यिकता की घोषणा (डीओसी) और फील्ड विकास योजना (एफडीपी) आदि जैसी अन्य गतिविधियों के पूर्ण होने से पूर्व हाइड्रोकार्बन खोजों के मौद्रिकीकरण के संदर्भ में सुविदा प्रदान करने के उद्देश्य से दिशानिर्देश जारी कर दिए गए थे। इन दिशानिर्देशों का लाभ उठाते हुए, ओएनजीसी की अशोकनगर–1 खोज का मौद्रिकीकरण किया गया और दिसंबर 2020 में इससे उत्पादन को आरंभ कर दिया गया।


16-20-ML-00-101-D1A



अध्याय 3

पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस



3 पाइपलाइन और प्राकृतिक गैस

भारत आज वैश्विक ऊर्जा अर्थव्यवस्था परिदृश्य को आकार प्रदान करता एक प्रमुख खिलाड़ी है। भारत की ऊर्जा खपत वर्ष 2000 से दो गुणा से अधिक हो गई है, जो बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे आर्थिक विकास से ऊपर की ओर बढ़ी है। चीन और अमरीका के अलावा भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। वर्ष 2020 में, देश में प्राथमिक ऊर्जा खपत 764 मिलियन टन तेल समकक्ष (एमटीओई) थी और प्राकृतिक गैस की देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में 6.7% की हिस्सेदारी है। आगामी वर्षों में देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 15% करने की परिकल्पना की गई है।

प्रगति करने के उद्देश्यज से, घरेलू गैस उत्पादन को बढ़ाने, तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात को प्रोत्साहित करने और एलएनजी आयात क्षमता को बढ़ाने, राष्ट्रीय गैस ग्रिड के कार्य को संपन्ना करने और देशभर में शहर में गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के तीव्र रोल आउट पर बल दिया गया है।

3.1 गैस ग्रिड

गैस स्रोतों को गैस की खपत कर रहे बाजारों से जोड़कर प्राकृतिक गैस के परिवहन की सबसे सस्ती और सुरक्षित प्रक्रिया गैस पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर है। गैस पाइपलाइन व्यावहारिक रूप से गैस बाजार की संरचना और उसके विकास को निर्धारित करती है। इसलिए, देश के सभी हिस्सों में प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता और समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए एक इंटरकनेक्टेड नेशनल गैस ग्रिड की परिकल्पना की गई है। राष्ट्रीय गैस ग्रिड की परिकल्पना देश के सभी भागों में प्राकृतिक गैस की पर्याप्त उपलब्धता और समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए की गई है। नेशनल गैस ग्रिड (एनजीजी) की अवधारणा 'वन नेशन वन गैस ग्रिड' के विजन के तहत राष्ट्रव्यापी गैस ग्रिड में सभी प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को एकीकृत करने और देश भर में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता बढ़ाने के लिए की गई है।

मौजूदा प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में से अधिकांश पश्चिम, उत्तर और मध्य भारत की ओर गैस का परिवहन कर रही थीं, जबकि भारत के अन्य हिस्सों से विभिन्न स्रोतों के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र को जोड़ने का किसी प्रकार का प्रावधान नहीं था। दक्षिणी क्षेत्र में कुछ अलग–थलग नेटवर्क भी थे। इसलिए एनजीजी की अवधारणा को देश भर में प्राकृतिक गैस के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता के रूप में रखा गया है, जिससे प्राकृतिक गैस तक पहुंच के संदर्भ में देश के भीतर क्षेत्रीय असंतुलन को दूर होगा और संपूर्ण देशभर में स्वच्छ और हरित ईंधन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, एनजीजी को गैस स्रोतों को प्रमुख मांग केंद्रों से जोड़ने और विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के लिए गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और सीएनजी व पीएनजी की आपूर्ति के लिए विभिन्न शहरों में सिटी गैस वितरण नेटवर्क के विकास को सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है।

वर्ष 2014–15 के केंद्रीय बजट में, भारत के राष्ट्रीय गैस ग्रिड (एनजीजी) के तहत स्थापना के उद्देश्य– से 15,000 किलोमीटर अतिरिक्त नए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन की घोषणा की गई थी। इनमें से अधिकांश पाइपलाइनों को पहले ही एमओपी और एनजी / पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत किया जा चुका है और इन पाइपलाइनों पर स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार, कार्य संबंधी निष्पादन विभिन्न चरणों के अंतर्गत है।

एनजीजी का उद्देश्य

1 'गैस आधारित अर्थव्यवस्था' के दृष्टिकोण के लिए बुनियादी ढांचा समर्थन और वर्ष 2030 तक अपनी ऊर्जा बास्केट मिश्रण में प्राकृतिक गैस के 15% तक पहुंचने के भारत सरकार के लक्ष्य की पूर्ति करना।



2 गैस उपलब्धता के क्षेत्रीय असंतुलन में सुधार लाना।

3 एक स्वच्छ वातावरण बनाना और शहरी प्रदूषण को कम करना।

4 आयात पर निर्भरता को कम करना।

एनजीजी की वर्तमान स्थिति

वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारत में लगभग 19,398 किलोमीटर का कॉमन कैरियर गैस पाइपलाइन नेटवर्क है। प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के परिचालन संबंधी कॉमन कैरियर पाइपलाइन को निम्ननलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

परिचालन संबंधी कॉमन कैरियर पाइपलाइन

क्रम सं.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नाम	इकाई	परिचालन लंबाई (किलोमीटर)
1	असम क्षेत्रीय नेटवर्क	गेल	7.83
2	कावेरी बेसिन नेटवर्क	गेल	242.55
3	एचवीजे–जीआरईपी–डीवीपीएल–वीडीपीएल	गेल	6016.77
4	ईस्ट वेस्ट पाइपलाइन	पीआईएल	1459.02
5	दाहेज–उरण–पनवेल–डाबोल पाइपलाइन	गेल	942.08
6	केजी बेसिन नेटवर्क	गेल	874.36
7	गुजरात क्षेत्रीय नेटवर्क गेल	गेल	667.31
8	अगरतला क्षेत्रीय नेटवर्क	गेल	55.28
9	दादरी–पानीपत	आई ओ सी एल	143.31
10	मुंबई क्षेत्रीय नेटवर्क	गेल	125.44
11	उरण–ट्रॉम्बे	ओएनजीसी	24
12	उच्च दबाव युक्त् गुजरात गैस ग्रिड	जी एस पी एल	2637.44
13	हजीरा–अंकलेश्वर	जीजीएल	73.2
14	निम्न दबाव गुजरात जीए ग्रिड	जी एस पी एल	57.2
15	शाडोल–फूलपुर	आर जी पी एल	304
16	असम क्षेत्रीय नेटवर्क	ए जी सी एल	106.71
17	डुकली–महाराजगंज	गेल	5.2
18	उरण–तजोला	डी एफ पी सी एल	42
		कुल	**13783.7**

आंशिक रूप से चालू कॉमन कैरियर पाइपलाइन

क्रम सं.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नाम	इकाई	परिचालन लंबाई (किलोमीटर)
1	चैनसा–झज्जर–हिसार	गेल	300.73
2	दादरी–बवाना–नांगल	गेल	864.9
3	मेहसाणा–भटिंडा	जीआईजीएल	340
4	भटिंडा–गुरदासपुर	जीआईजीएल	101
5	मल्लावरम–भोपाल–भीलवाड़ा–विजयपुर	जीआईटीएल	365
6	डाभोल–बैंगलोर	गेल	1147.53
7	कोच्चि–कूटनाड–बैंगलोर–मैंगलोर	गेल	639.21
8	विजयपुर–औरैया–फूलपूर स्परलाईन	गेल	489
9	एन्नोर–तूतीकोरिन	आईओसीएल	165.82
10	जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा	गेल	1201.42
		कुल	**5614.61**

इसके अलावा, लगभग 15194 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क निर्माण के विभिन्न चरणों में है। इन पाइपलाइनों के कार्य संपन्न होने पर, भारत में कुल गैस पाइपलाइन के लगभग 34,500 किलोमीटर तक पहुंचने की परिकल्पना की गई है। अपेक्षित है कि इन सभी पाइपलाइनों को अगले 4–5 वर्षों के भीतर चालू कर दिया जाएगा। प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का निर्माणाधीन कॉमन कैरियर का वर्णन निम्नलिखित तालिका में किया गया है:

निर्माणाधीन कॉमन कैरियर पाइपलाइन

क्रम सं.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नाम	इकाई	परिचालन लंबाई (किलोमीटर)
1	काकीनाडा–विजाग–श्रीकाकुलम	एपीजीडीसी	275
2	एन्नोर–नेल्लोर	जीटीआईएल	220
3	जयगढ़–मैंगलोर	एचईपीएल	635
4	काकीनाडा–विजयवाड़ा–नेल्लोर	आईएमसी	667
5	पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड	आईजीजीएल	1656
6	कनाई छटा–श्रीरामपुर	एचपीपीएल	317
7	श्रीकाकुलम–अंगुल	गेल	690
8	मुंबइ–नागपुर–झारसुगुड़ा	गेल	1755
9	ड्वेचा, जारोरे–एचआरआरएल रिफाइनरी स्पर लाइन	जीआईजीएल	90
10	जामनगर–द्वारका	जीएसपीएल	100
		कुल	**6405**

3.2 देश में पुनर्गैसीकरण अवसंरचना

देश ने वर्ष 2004 में दहेज (गुजरात) में स्थित अपने प्रथम पुनर्गैसीकरण एलएनजी (आरएलएनजी) टर्मिनल की स्थापना के साथ साथ तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का प्रथम आयात आरंभ किया। एलएनजी का आयात ओपन जनरल लाइसेंस (ओजीएल) मद के रूप में किया जा रहा है। आयातित आरएलएनजी की आपूर्ति संपूर्ण देशभर में आपूर्तिकर्ताओं और क्रेताओं के बीच संविदात्मक समझौते के अनुसार बाजार निर्धारित कीमतों पर की जा रही है। एक बुनियादी ढांचा परियोजना के रूप में एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना भी अनुमत है और यह 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की पात्र है।

वर्तमान स्थिति के अनुसार, देश में लगभग 39.2 एमएमटीपीए (~141 एमएमएससीएमडी) की क्षमता सहित छह (6) परिचालन एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित हैं। टर्मिनल–वार विवरण निम्नानुसार है –

स्थान	स्वामी और ऑपरेटर	क्षमता (एमएमटीपीए)
दाहेज (गुजरात)	पीएलएल	17.5
हजीरा (गुजरात)	शैल	5
कोच्चि (केरल)	पीएलएल	5
डाभोल (महाराष्ट्र)'	गेल (केएलपीएल)	1.7
मुंद्रा (गुजरात)	जीएसपीसी एलएनजी लिमिटेड	5
एन्नोर (तमिलनाडु)	आईओसीएल	5
कुल क्षमता (एमएमटीपीए)		**39.2**

(नोटः *नेम प्लेट की क्षमता 5 एमएमटीपीए है लेकिन ब्रेक–वाटर के अभाव में, टर्मिनल केवल 1.7 एमएमटीपीए पर कार्य कर सकता है)

उपर्युक्त के अतिरिक्त /, निम्नलिखित एलएनजी टर्मिनल निर्माणाधीन हैं:

स्थान	स्वामी और ऑपरेटर	क्षमता (एमएमटीपीए)
धामरा (ओडिशा)	अडानी एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड	5
डाभोल विस्तार	गेल (केएलपीएल)	3.3
जयगढ़ (महाराष्ट्र)	एच–एनर्जी	4
जाफराबाद (गुजरात)	स्वान एनर्जी	5
छारा (गुजरात)	एचएसईपीएल	5
कुल क्षमता (एमएमटीपीए)		**22.3**

3.3 शहरी गैस वितरण (सीजीडी)

3.3.1 एक शहरी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क घरेलू, औद्योगिक अथवा वाणिज्यिक परिसरों और निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में स्थित सीएनजी स्टेशनों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए पाइपलाइनों का परस्पर जुड़ा नेटवर्क होता है। सीजीडी नेटवर्क को ट्रंक गैस पाइपलाइन कनेक्टिविटी अथवा गैस स्रोतों की उपलब्धता और जीए में तकनीकी – वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विकसित किया जा रहा है। सीजीडी नेटवर्क घरेलू परिवारों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के साथ–साथ कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के रूप में परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ ईंधन के रूप में पर्यावरण अनुकूल खाना पकाने के ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। परिवहन क्षेत्र में सीएनजी का उपयोग शहरी क्षेत्र में वाहन से हो रहे उत्सर्जन की रोकथाम में सहायक होता है और यह वायु गुणवत्ता में सुधार करता है।

3.3.2 मई 2014 तक, देश के विभिन्न भागों के 66 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले लगभग 34 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) तक सीजीडी नेटवर्क के कवरेज का विस्तार किया जा सकता है। वर्ष 2014–17 के दौरान, सीजीडी बोली के 8वें दौर तक 70 जिलों (आंशिक / पूर्ण) में फैले अतिरिक्त 58 जीए को सीजीडी नेटवर्क के लिए कवर किया गया था। वर्ष 2019 के 9वें और 10वें सीजीडी बोली दौर के सफल समापन के साथ, सीजीडी नेटवर्क का कवरेज बढ़ गया है। 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 174 जिलों (आंशिक / पूर्ण) को कवर करते हुए अतिरिक्त 136 जीए तक बढ़ा दिया गया है। इसने सीजीडी के संभावित कवरेज का विस्तार देश की आबादी के लगभग 73% तक कर दिया है, जो भारत के 50% क्षेत्र में फैला हुआ है।

3.3.3 पीएनजीआरबी द्वारा 65 जीए के लिए 11वां सीजीडी प्राधिकार दौर दिनांक 17 सितंबर, 2021 को आरंभ किया गया था। इसके पश्चात, पीएनजीआरबी द्वारा 61 गैसों के लिए प्राधिकार / एलओआई जारी किए गए हैं। इससे देश में विशेष रूप से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और विदर्भ में सीजीडी नेटवर्क का अतिरिक्त। विस्तार होगा। जनवरी, 2022 में, पीएनजीआरबी द्वारा 28 जिलों को कवर करते हुए और अन्य 6 जीए के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस बोली दौर के संपन्न होने के साथ ही भारत की लगभग 98% जनसंख्या और 88% देश के भूगोल में सीजीडी कवरेज हो जाएगा।

3.3.4 विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए विकासशील हाइड्रोकार्बन अवसंरचना निम्न् कार्बन ऊर्जा संक्रमण के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में भी कार्य कर सकती है। घरेलू परिवारों में पीएनजी की आपूर्ति 25.4 लाख (मई 2014) के स्तर से बढ़कर 90.91 लाख (28.02.2022 तक) हो गई है। कुल मिलाकर, 4013 सीएनजी स्टेशन (28.02.2022 तक की स्थिति अनुसार) देश भर में लगभग 36 लाख सीएनजी वाहनों को स्वच्छ और सस्ता परिवहन ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं।

3.3.5 सिटी गैस नेटवर्क के विस्तार को बढ़ावा देने और शहरों में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए हैं –

i घरेलू गैस को सीजीडी क्षेत्र के पीएनजी (डी) और सीएनजी (टी) खंडों की संपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए आवंटित किया गया है और इसे नो कट श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है।

ii श्रम और रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) द्वारा सीजीडी परियोजनाओं को सार्वजनिक उपयोगिता का स्त र प्रदान किया गया।

iii रक्षा मंत्रालय (एमओडी) द्वारा अपने आवासीय क्षेत्रों / यूनिट लाइनों में पीएनजी के उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं

iv सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई) को उनके संबंधित आवासीय परिसरों में पीएनजी के प्रावधान रखने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

v आवास और शहरी मामला मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा निम्नलिखित पहलुओं पर राज्य सरकारों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है –

क स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार समयबद्ध अनुमति के साथ साथ सड़क मरम्मत/अनुमति शुल्क का मानकीकरण करना।

ख कस्बों/शहर के नियोजन स्तर पर सीएनजी स्टेशनों के विकास के लिए भूमि भूखंड का निर्धारण करना और इसे संशोधित मास्टर प्लान में निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

ग वास्तुशिल्प डिजाइन चरण में आवासीय और वाणिज्यिक भवनों में गैस पाइपलाइन संबंधी बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए उप–नियमों के निर्माण में प्रासंगिक संशोधन।

vi इसके अलावा, एमओएचयूए द्वारा सीपीडब्ल्यूडी और एनबीसीसी को सभी सरकारी आवासीय परिसरों में पीएनजी के प्रावधान करने का निर्देश जारी किया गया है।

vii डीआईपीपी द्वारा मौजूदा ओएमसी आरओ में सीएनजी वितरण संबंधी सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए संशोधित गैस सिलेंडर नियम 2018 को अधिसूचित किया गया है।

3.4 वहनीय परिवहन के लिए स्थायी विकल्प (एस ए टी ए टी)

कृषि अवशेष, मवेशी गोबर, गन्ने द्वारा दबाई गई मृदा और डिस्टिलरी के स्पेंकट वॉश, सीवेज जल, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू), औद्योगिक कचरे के बायोडिग्रेडेबल अंश जैसे विभिन्न अपशिष्ट / बायोमास स्रोतों से एनारोबिक अपघटन की प्रक्रिया के माध्यम से उत्पादित संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) आदि।

एस ए टी ए टी संबंधी पहल अक्टूबर 2018 में आरंभ कर दी गई थी, जिसमें एमओपीएनजी के तहत तेल और गैस विपणन कंपनियों (ओजीएमसीज़) द्वारा संपीडित बायो गैस (सीबीजी) की खरीद के लिए संभावित उद्यमियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जा रही हैं। इस पहल में वर्ष 2023 – 24 तक निजी उद्यमियों द्वारा 5000 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने परिकल्पित हैं। उत्पादित सीबीजी की खरीद, ओआईएल और गैस विपणन कंपनियों द्वारा, सीबीजी उठान संबंधी दीर्घावधि करारों के तहत सुनिश्चित मूल्य पर की जाएगी। इसके अलावा, सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित जैव खाद को, इसके विपणन की सुविधा के लिए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत फर्मेंटिड जैविक खाद के रूप में शामिल किया गया है। वित्तीय संसाधनों के संदर्भ में उद्यमियों की चिंता को दूर करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सीबीजी परियोजना को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण के तहत शामिल किया गया है। एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा एसएटीएटी के तहत सीबीजी परियोजनाओं के ऋण संबंधी वित्तपोषण की नीति को मंजूरी प्रदान की गई है। बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों से सीबीजी परियोजनाओं के लिए सॉफ्ट लोन की व्यवस्था करने की संभावनाओं को भी ज्ञात किया जा रहा है।





विजयपुर स्थित गेल के गैस प्रसंस्करण संयंत्र का दृश्य



वाघोडिया स्थित गेल का गैस प्रंसस्करण संयंत्र



अध्याय 4

रिफाइनरी



4 रिफाइनरी

4.1 भारतीय रिफाइनिंग उद्योग ने स्वसयं को विश्व स्तर पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। भारत एक रिफाइनरी हब के रूप में उभर रहा है और इसकी रिफाइनिंग क्षमता मांग से अधिक है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 1998 में 62.00 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़कर 249.216 एमएमटीपीए हो गई है, जिसमें 23 रिफाइनरियां शामिल हैं – 19 सार्वजनिक क्षेत्र के तहत, 3 निजी क्षेत्र के तहत और 1 संयुक्त उद्यम (जेवी) है।

रिफाइनरियों का क्षमतावार विवरण निम्नापनुसार है:

क्रम संख्या	रिफाइनरी स्थान/ कमीशनिंग का वर्ष	कंपनी का नाम	निर्दिष्ट क्षमता (एमएमटीपीए)
1	डिगबोई – 1901 #	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0.65
2	गुवाहाटी – 1962		1.00
3	बरौनी – 1964		6.00
4	कोयली – 1965		13.70
5	बोंगाईगांव – 1974		2.70*
6	हल्दिया – 1975		8.00
7	मथुरा – 1982		8.00
8	पानीपत – 1998		15.00
9	पारादीप - 2016		15.00
10	मनाली – 1965	चौन्ने पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	10.50
11	नागपट्टिनम – 1993 @		00.00
	कुल आईओसीएल समूह		**80.55**
12	मुंबई – 1954		7.500
13	विशाखापत्तनम – 1957	हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	8.30
	कुल एचपीसीएल		**15.80**
14	मुंबई – 1955	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	12.00
15	कोच्चि - 1963		15.50
16	बीना, 2011		7.80
	कुल बीपीसीएल		**35.30**
17	नुमालीगढ़ – 2000	नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड	3.00
18	मैंगलोर – 1996	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	15.00
19	तातिपका, एपी - 2001	ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	0.066
	उप–योग पीएसयू		**149.716**
20	जामनगर, आरआईएल डीटीए,1999	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	33.00
21	आरआईएल एसईजेड, 2008	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	35.20
22	एसईजेड, 2006	नायरा एनर्जी	20.00
	उप–योग निजी क्षेत्र		**88.20**
23	बठिंडा, एचएमईएल, 2012	एचपीसीएल मित्तल एनर्जी लिमिटेड	11.30
	उप–योग संयुक्त उद्यम		**11.30**
	कुल		**249.216**


रिफाइनरी की स्थापना 1901 में डिगबोई में असम ऑयल कंपनी लिमिटेड द्वारा की गई थी और समयोपरांत इस रिफाइनरी का अधिग्रहण आईओसीएल द्वारा दिनांक 14.10.1981 को कर लिया गया।

* बीजीआर की क्षमता को बढ़ाकर 2.7 एमएमटीपीए कर दिया गया है, तथापि बढ़ी हुई क्षमता बीआर – बीजीआर क्रूड पाइपलाइन के विस्तार के पश्चा त प्राप्ता होगी।

@ सीपीसीएल की 1.0 एमएमटीपीए की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन दिनांक 1.4.2019 से उत्पाद विनिर्देशों का पालन करने और सीपीसीएल द्वारा नियोजित नई 9 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी की परियोजना गतिविधियों को संपन्न करने में बाधाओं के कारण स्थागित कर दिया गया है।

4.2 वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता वृद्धि

4.2.1. वर्षों के दौरान रिफाइनिंग क्षमता वृद्धि का चित्रमय प्रस्तुतिकरण ग्राफ़ में दर्शाया गया है।



4.3 नई रिफाइनरी और मौजूदा रिफाइनरियों का विस्तार

ग्रीन फील्ड रिफाइनरी

क्रम सं.	कंपनी का नाम	रिफाइनरी का स्थान	अभिलक्षित वर्ष	क्षमता एमएमटीपीए
1	एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल)	बाड़मेर, राजस्थान	2023-24	9.00

वर्ष 2025–26 तक योजनाबद्ध क्षमता विस्तार निम्नानुसार है:

क्रम सं.	कंपनी का नाम	रिफाइनरी का स्थान	अभिलक्षित वर्ष	क्षमता एमएमटीपीए
1	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	बरौनी, बिहार	2023-24	3.00
2	इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	गुवाहाटी, असम	2023-24	0.20
3	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	बोंगाईगांव, असम	2025-26	2.30
4	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	मथुरा, उत्तर प्रदेश	2023-24	1.20
5	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	कोयली, गुजरात	2024-25	4.30
6	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)	विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश	2022-23	6.70
7	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)	मुंबई, महाराष्ट्र	2021-22	2.00
8	नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (एनआरएल)	नुमालीगढ़, असम	2024-25	6.00
9	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)	नागपट्टिनम तमिलनाडु	2025-26	9.00
10	आरआईएल, डीटीए	जामनगर, गुजरात	2024-25	7.50

4.4. रिफाइनरी के प्रदर्शन में सुधार


4.4.1. भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां आधुनिक तकनीकों से लैस हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रवृत्ति के अनुरूप और आवश्यकता के अनुसार प्रौद्योगिकियों को निरंतर उन्नत किया है। भारतीय रिफाइनरियों द्वारा विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों के माध्यम से ऊर्जा खपत को कम करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी) द्वारा वर्ष 2010, 2012, 2014, 2016, 2018 और 2020 के निरंतर चक्रों के लिए मैसर्स सोलोमन एसोसिएट्स के माध्यम से सार्वजनिक

क्षेत्र की रिफाइनरियों के प्रदर्शन बेंचमार्किंग का अध्ययन किया गया है। कैलेंडर वर्ष 2022 का अध्ययन वर्ष 2023 में किया जाएगा।


आधुनिक तकनीकों को अपनाने के माध्यम से पीएसयू रिफाइनरियों द्वारा उत्तरोत्तर रूप से पीएसयू रिफाइनरियों द्वारा डिस्टीशलेट प्राप्ति और पेट्रोल/डीजल की गुणवत्ता में सुधार किया गया है। पीएसयू रिफाइनरियों की औसत डिस्टिलेट प्राप्ति (कच्चे तेल पर भारिता%) वर्ष 2005–06 में 73.3% से बढ़कर 2019–20 में 80% हो गई है जैसा कि ग्राफ में दर्शाया गया है। इसी प्रकार, ऊर्जा संरक्षण उपायों द्वारा उद्योग को विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन) को कम करने में सहायता प्रदान की है, जिसे एमबीटीयू/बीबीएल/एनआरजीएफ के संदर्भ में वर्ष 2005–06 से 2019–20 की अवधि के दौरान 26: तक मापा गया है जैसा कि ग्राफ में दर्शाया गया है। चूंकि ईंधन और घाटा रिफाइनरी की जटिलता के साथ साथ भिन्न होते रहते है, जटिलता के साथ ईंधन और हानि को अभिग्रहित करने के लिए सीएचटी द्वारा एमबीएन पद्धति विकसित की गई थी। सलाहकारों से प्राप्तद सूचनाओं के आधार पर तकनीकी प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिए एमबीएन पद्धति को नया रूप प्रदान किया गया था और वर्ष 2015–16 से रिपोर्टिंग को नए एमबीएन में परिवर्तित कर दिया गया है।

डिस्टिलेट यील्ड–% भारिता पीएसयू औसत



वर्ष 2020–21 से, सीएचटी डिस्टिलेट को मानकीकरण के लिए अपनाया गया था।

विशिष्ट ऊर्जा खपत (एमबीएन)–पीएसयू रिफाइनरियां



वर्ष 2014–15 से, नवीन एमबीएन पद्धतियों को अपनाया गया था।

4.5 ऑटो ईंधन गुणवत्ता उन्नयन

देश भर में बीएस–IV गुणवत्ता युक्त ईंधन की आपूर्ति दिनांक 01.04.2017 तक चरणों में संपन्न की गई। सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2020 से देश भर में बीएस–IV से सीधे बीएस–VI उत्सर्जन मानदंडों में लंबी छलांग लगाने का निर्णय लिया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या जीएसआर 889 (ई) दिनांक 16.09.2016 के तहत बीएस–VI ईंधन के लिए उत्सर्जन मानकों को अधिसूचित किया गया। दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2018 से एनसीटी दिल्ली में, तत्पईश्चाषत दिनांक 1 अप्रैल, 2019 से एनसीआर के प्रमुख भागों में बीएस–VI लागू कर दिया गया। बीएस–VI गुणवत्ता युक्तक ईंधन की राष्ट्रव्यापी आपूर्ति दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से आरंभ की गई।

4.6. रिफाइनरी का संक्षिप्त विवरण

सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियां

आईओसीएल रिफाइनरियां:

4.6.1. डिगबोई रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

डिगबोई रिफाइनरी को वर्ष 1901 में बर्मा ऑयल कंपनी लिमिटेड (तत्पश्चात असम ऑयल कंपनी लिमिटेड) द्वारा कमीशन किया गया था। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दिनांक 14.10.1981 से असम ऑयल कंपनी लिमिटेड की रिफाइनरी और मार्केटिंग प्रबंधन का अधिग्रहण कर लिया और एक पृथक डिवीजन बनाया गया। इस प्रभाग में रिफाइनरी और मार्केटिंग दोनों कार्य निहित थे। डिगबोई रिफाइनरी दुनिया की सबसे पुरानी ऑपरेटिंग रिफाइनरी है और प्रीमियम ग्रेड पैराफिन वैक्स और माइक्रो–क्रिस्टलीय वैक्स का उत्पादन करती है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.65 एमएमटीपीए है। 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 93.09% था।

4.6.2. गुवाहाटी रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

गुवाहाटी रिफाइनरी को 0.75 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ जनवरी, 1962 में चालू किया गया था। रिफाइनरी की स्थापना रोमानिया के सहयोग से की गई थी। गुवाहाटी रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र की पहली रिफाइनरी थी। यह 2003 में भारी सिरों को एलपीजी, मोटर स्पिरिट और डीजल तेल में अपग्रेड करने के लिए आईओसीएल आर एंड डी सेंटर द्वारा विकसित एक नई तकनीक 'इंडमैक्स यूनिट' स्थापित करती पहली रिफाइनरी थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 1.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 84.92% था।

4.6.3. बरौनी रिफाइनरी (बिहार) – इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बरौनी रिफाइनरी जुलाई 1964 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना तत्कालीन सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। रिफाइनरी, जिसे मूल रूप से स्वदेशी असम क्रूड के प्रसंस्करण के लिए डिज़ाइन किया गया था, का तत्पश्चात पुनःद्धार और विस्तारित किया गया था और अब यह आयातित क्रूड के प्रसंस्करण में सक्षम है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 6.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2020–21 में 91.17% था।

4.6.4. कोयली रिफाइनरी (गुजरात)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

कोयाली रिफाइनरी अक्टूबर, 1965 में चालू की गई थी। रिफाइनरी की स्थापना पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से की गई थी। कोयली रिफाइनरी द्वारा कच्चे तेल के भारी सिरों को उच्च मूल्य युक्ती बेहतर गुणवत्ता वाले मिट्टी तेल /एटीएफ और डीजल में परिवर्तित करने के लिए देश की प्रथम हाइड्रोक्रैकर इकाई आरंभ की गई। इसमें विश्व की सबसे बड़ी सिंगल ट्रेन लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी) प्लांट भी स्थापित है, जिसने पेट्रोकेमिकल्स में इंडियन ऑयल के प्रवेश को चिह्नित किया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 13.70 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 84.69% था।

4.6.5 बोंगाईगांव रिफाइनरी (असम)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

बोंगाईगांव रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (बीआरपीएल) को दिनांक 20 फरवरी 1974 को केंद्र सरकार की पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी के रूप में शामिल किया गया था। मार्च 2001 में बीआरपीएल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई। बीआरपीएल को दिनांक 25 मार्च, 2009 से धारक कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ मिला दिया गया था। बीआरपीएल जो मूल रूप से असम क्रूड का प्रसंस्करण कार्य कर रहा था, अब आयातित क्रूड को संसाधित करने में सक्षम हो गया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता को वर्ष 2020–21 में 2.35 से बढ़ाकर 2.70 एमएमटीपीए कर दिया गया है। बीजीआर की क्षमता बढ़ाकर 2.7 एमएमटीपीए की गई। तथापि, बीआर – बीजीआर क्रूड पाइपलाइन के विस्तार के पश्चीात बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग होगा। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 104.27% रहा था।

4.6.7. मथुरा रिफाइनरी (उत्तर प्रदेश)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

मथुरा रिफाइनरी को जनवरी 1982 में चालू किया गया था। रिफाइनरी की प्राथमिक इकाइयों को तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा डिजाइन किया गया था। यह विस्तृत पर्यावरण निगरानी प्रणाली और पारिस्थितिक पार्क से सुसज्जित भारत की पहली ग्रीन रिफाइनरी है। इस रिफाइनरी द्वारा एसओ2 उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए प्राकृतिक गैस का भी उपयोग किया जाता है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 8.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की 111.57% क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग हुआ था।

4.6.8 पानीपत रिफाइनरी (हरियाणा)–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

पानीपत रिफाइनरी को 1998 में चालू किया गया था। पानीपत रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र में पहली आधुनिक एकीकृत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है। यह देश का सबसे बड़ा शुद्ध टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए) संयंत्र है। पानीपत नेफ्था क्रैकर यूनिट, मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (एमईजी) यूनिट, पॉली प्रोपलीन (पीपी) यूनिट, लीनियर लो – डेंसिटी पॉली एथिलीन (एलएलडीपीई) और हाई – डेंसिटी पॉली एथिलीन (एचडीपीई) यूनिट आदि की कमीशनिंग से इंडियन ऑयल की प्लास्टिक उद्योग में प्रवेश की शुरुआत हुई थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 87.88% था।

4.6.9 पारादीप रिफाइनरी (ओडिशा) – इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

पारादीप रिफाइनरी को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दिनांक 07.02.2016 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। पारादीप रिफाइनरी इंडियन ऑयल की अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और पूंजी–गहन परियोजना है और यह पारादीप, ओडिशा में स्थित आईओसीएल के समूह की 11वीं रिफाइनरी है। यह रिफाइनरी सहायक उद्योगों के तत्काल संभावित विकास के माध्यम से क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए एक आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में कार्य करेगी।

यह रिफाइनरी विश्वि भर के विभिन्न प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ताओं की अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त सबसे आधुनिक रिफाइनरी है। रिफाइनरी को 12.2 के समग्र नेल्सन जटिलता कारक के साथ 15.0 एमएमटीपीए कच्चे तेल को संसाधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो इसे उच्च सल्फर भारी क्रूड सहित कच्चे तेल की व्यापक बॉस्केपट को संसाधित करने में सक्षम बनाता है।

रिफाइनरी को एलपीजी (700 टीएमटीपीए), प्रोपलीन (200 टीएमटीपीए), मोटर स्पिरिट (3.8 एमएमटीपीए), एटीएफ (380 टीएमटीपीए) और एचएसडी (6.9 एमएमटीपीए) के उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। रिफाइनरी कमीशनिंग से ही यूरो–IV/यूरो–V गुणवत्ता युक्त परिवहन ईंधन उत्पादित करने में सक्षम है। रिफाइनरी की 81.10% डिस्टिलेट प्राप्ति के साथ साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ होने की संभावना है जिसमें किसी प्रकार के काले पेट्रोलियम का उत्पादन नहीं किया जाता है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 83.39% रहा था।

एचपीसीएल रिफाइनरियां:

4.6.10. मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र) – हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

मुंबई रिफाइनरी को पहली बार वर्ष 1952 में स्टैंडर्ड वैक्यूम रिफाइनिंग कंपनी ऑफ इंडिया (सटैन वैक) के रूप में शामिल किया गया था, जिसे वर्ष 1954 में कमीशन किया गया था। वर्ष 1962 में सटैन वैक को एस्सो इंडिया लिमिटेड नाम दिया गया था। वर्ष 1969 में, ल्यू ब इंडिया लिमिटेड, ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक (एल ओ बी एस) के निर्माण से अस्तित्व में आई। दिनांक 15 जुलाई, 1974 को एस्सॉ और ल्यूब इंडिया लिमिटेड के उपक्रमों का राष्ट्रीयकरण किया गया और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) बनाने के लिए इनका विलय कर दिया गया। एचपीसीएल – मुंबई रिफाइनरी एचपीसीएल की एकमात्र रिफाइनरी है जो ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करती है। रिफाइनरी फूड ग्रेड हेक्सेन, रबर प्रोसेसिंग (आरपीओ), डायना प्रोसेसिंग ऑयल आदि जैसे विशेष उत्पादों का भी उत्पादन करती है। रिफाइनरी की क्षमता को वर्ष 2021–22 में 7.50 से बढ़ाकर 9.50 एमएमटीपीए करने की तैयारी है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 98.32% रहा था।

4.6.11. विशाख रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

एचपीसीएल की विशाख रिफाइनरी को वर्ष 1957 में कैलटेक्स ऑयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड द्वारा कमीशन किया गया था। रिफाइनरी को वर्ष 1976 में भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया था और परिणामस्वरूप वर्ष 1978 में इसे एचपीसीएल के साथ समामेलित कर दिया गया था। एचपीसीएल – विशाख रिफाइनरी पूर्वी तट पर स्थित प्रथम तेल रिफाइनरी थी और यह विशाखापत्तनम के प्रथम प्रमुख उद्योगों में से

एक थी। वर्ष 2010 में विशाख में सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एसपीएम) सुविधा के चालू होने के साथ ही 'वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स' (वीएलसीसी) जो 2 मिलियन बैरल तेल तक ले जाते हैं, अब विशाख रिफाइनरी में प्राप्त किए जा सकते हैं। इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (आईएसपीआरएल)। रिफाइनरी के समीप स्थित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 8.30 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 109.04% था।

बीपीसीएल रिफाइनरी:

4.6.12 मुंबई रिफाइनरी (महाराष्ट्र)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

मुंबई में रिफाइनरी को जनवरी 1955 में बर्माशेल रिफाइनरी लिमिटेड के स्वामित्वाधिकार में चालू किया गया था। बर्मा शेल के सरकारी अधिग्रहण के पश्चाम, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड दिनांक 24 जनवरी 1976 को अस्तित्व में आया। बीपीसीएल – मुंबई रिफाइनरी द्वारा स्वदेशी कच्चे तेल के प्रसंस्करण की शुरूआत की गई और वर्तमान स्थिति के अनुसार 72 प्रकार के कच्चे तेल के प्रसंस्करण के कार्य का निर्वाह किया जा सकता है। रिफाइनरी में पर्यावरण के अनुकूल ग्रुप प् बेस ऑयल के उत्पादन के लिए ल्यूब बेस ऑयल यूनिट भी स्थित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 107.88% था।

4.6.13 कोच्चि रिफाइनरी (केरल)–भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

कोच्चि रिफाइनरी लिमिटेड (केआरएल) की स्थापना भारत सरकार , संयुक्त राज्य अमरीका की फिलिप्स पेट्रोलियम कंपनी और कलकत्ता के डंकन ब्रदर्स के बीच दिनांक 27 अप्रैल, 1963 के गठन संबंधी समझौते के अनुसरण में की गई थी। रिफाइनरी को वर्ष 2006 में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समामेलित कर दिया गया। यहड रिफाइनरी वेरी लार्ज क्रूड कैरियर्स (वीएलसीसी) में कच्चा तेल प्राप्त करने के लिए सुसज्जित है। कोच्चि रिफाइनरी द्वारा मूल्यवर्धन के लिए पेट्रोकेमिकल निर्माण में विविधता लाने के प्रयोजन से एक महत्वाकांक्षी योजना आरंभ की गई है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 85.69% था।

4.6.14 बीना रिफाइनरी – भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) (मध्य प्रदेश)

बीना रिफाइनरी की स्थापना भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड (बीओआरएल) द्वारा की गई थी, जो मई 2011 में चालू किया गया भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और ओमान ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओओसीएल) का एक संयुक्त उद्यम था। मार्च 2020 से, यह कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी बन गई है और जुलाई 2021 में, ओक्यू एसएओसी की संपूर्ण शेयरधारिता भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रय कर ली थी।

बीना रिफाइनरी भारत के मध्य भाग में स्थित प्रथम रिफाइनरी है और यह मध्य और उत्तरी भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को संवृद्धि करता है। इसकी अन्य सुविधाओं में सिंगल प्वाइंट मूरिंग सुविधा (एसपीएम), गुजरात के वाडीनार में क्रूड ऑयल स्टोरेज टर्मिनल (सीओटी) और वाडीनार से बीना (वीबीपीएल) तक 935 किलोमीटर लंबी देश पार पाइपलाइन शामिल हैं। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 7.80 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 79.36 प्रतिशत था।

सीपीसीएल रिफाइनरी:

4.6.15. मनाली रिफाइनरी (तमिलनाडु)–चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे इससे पूर्व मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड (एमआरएल) के नाम से जाना जाता था, वर्ष 1965 में भारत सरकार (जीओआई), ए एम ओ सी ओ और नेशनल ईरानी ऑयल कंपनी (एन आई ओ सी) के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित की गई थी। सीपीसीएल 2001 में आईओसीएल की सहायक कंपनी बन गई। सीपीसीएल मनाली रिफाइनरी भारत में ईंधन, ल्यूब, वैक्स और पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक्स उत्पादन सुविधाओं के साथ सबसे जटिल रिफाइनरियों में से एक है। अपनी रिफाइनरी की जल संबंधी आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए 5.8 एम जी डी समुद्री जल विलवणीकरण परियोजना उद्योग में अपने प्रकार की प्रथम परियोजना थी। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 10.50 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 78.50% था।

4.6.16 कावेरी बेसिन रिफाइनरी (नागापट्टिनम तमिलनाडु)–चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

1.00 एमएमटीपीए क्षमता युक्ति सीपीसीएल की कावेरी बेसिन रिफाइनरी (सीबीआर) का प्रचालन कार्य दिनांक 01.04.2019 से रोक दिया गया है और वर्ष 2025–26 में 9.00 एमएमटीपीए की एक नई रिफाइनरी को चालू करने की योजना बनाई गई है।

एनआरएल रिफाइनरी:

4.6.17. नुमालीगढ़ रिफाइनरी (असम)–नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

नुमालीगढ़ रिफाइनरी, जिसे 'असम एकॉर्ड रिफाइनरी' के रूप में जाना जाता है, को अक्टूबर, 2000 में चालू किया गया था। एनआरएल का वर्तमान शेयरधारिता पैटर्न यह है: ऑयल इंडिया लिमिटेड (72.15%) और असम सरकार (23.48%) और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (4.37%)। डिस्टीलेट प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए एनआरएल पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी रिफाइनरी है जो आधुनिक इकाइयों, हाइड्रोक्रेकर और डिलेड कोकर से सुसज्जित है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 3.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 90.23% था।

एमआरपीएल रिफाइनरी:

4.6.18. मैंगलोर रिफाइनरी (कर्नाटक)–मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) को मार्च 1996 में चालू किया गया था। एमआरपीएल को मूल रूप से एक संयुक्त उद्यम रिफाइनरी के रूप में स्थापित किया गया था। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और आदित्य बिड़ला ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा मार्च, 2003 में प्रवर्तित एमआरपीएल ओएनजीसी की सहायक कंपनी बन गई। रिफाइनरी को 24 से 46 एपीआई गुरुत्वाकर्षण युक्त क्रूड को संसाधित करने के लिए उच्च लचीलेपन से युक्तो एक बहुमुखी डिजाइन प्राप्तर हुआ है और इसमें उच्च स्तरीय स्वचालन स्थीपित है। एमआरपीएल, भारत की एकमात्र रिफाइनरी है जिसमें प्रीमियम डीजल (हाई सिटेन) का उत्पादन करने के लिए 2 हाइड्रोक्रैकर हैं। यह भारत की एकमात्र रिफाइनरी भी है जिसमें हाई ऑक्टेन के अनलेडेड पेट्रोल का उत्पादन करने के 2 सीसीआर स्था पित हैं। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 15.00 एमएमटीपीए है। रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग वर्ष 2020–21 में 76.50% था।

ओएनजीसी रिफाइनरी:

4.6.19. तातीपका रिफाइनरी (आंध्र प्रदेश)–ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)

ओएनजीसी की मिनी रिफाइनरी (चरण–I) के रूप में स्थापित इस रिफाइनरी को सितंबर, 2001 में आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के तातीपका में चालू किया गया था। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 0.07 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 114.28% था।

संयुक्त उद्यम रिफाइनरी:

4.6.20. गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी–एचपीसीएल– मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल), बठिंडा (पंजाब)

एचपीसीएल और मित्तल एनर्जी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम हिंदुस्तान मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) के स्वामित्वाधिकार युक्तन गुरु गोबिंद सिंह रिफाइनरी (जीजीएसआर) को अप्रैल, 2012 में चालू किया गया था। बठिंडा की रणनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तेल और गैस क्षेत्र में यह रिफाइनरी एक सफल सार्वजनिक निजी भागीदारी का प्रमाण है, यह रिफाइनरी भारत के उत्तरी राज्यों की ईंधन आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी। एचएमईएल द्वारा कच्चे तेल की प्राप्ति, भंडारण और कच्चे तेल के देश पार परिवहन के लिए एक एसपीएम स्थापित करने और प्रचालित करने के प्रयोजन से एक पूर्ण स्वामित्वाधिकार युक्तर सहायक एचपीसीएल – मित्तल पाइपलाइन लिमिटेड (एचएमपीएल) को भी शामिल किया गया है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 11.30 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 89.13% था।

निजी क्षेत्र की रिफाइनरियां:

4.6.21 रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (घरेलू टैरिफ क्षेत्र) (आरआईएल – डीटीए) (निजी क्षेत्र), जामनगर (गुजरात)

इस रिफाइनरी को जुलाई 1999 में चालू किया गया था। आरआईएल – डीटीए देश की प्रथम निजी क्षेत्र की रिफाइनरी थी। आरआईएल – डीटीए विश्व् भर की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की रिफाइनरी है, जिसमें पैराज़ाइलीन के उत्पादन के लिए एक पेटोलियम संयंत्र, पॉलीप्रोपाइलीन के उत्पादन के लिए एक पॉलीमर प्लांट है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 33.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 102.04% था।


4.6.22. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड–एस ई ज़ेड (आर आई एल – एस ई ज़ेड) (निजी क्षेत्र), जामनगर (गुजरात)

रिफाइनरी को दिसंबर 2008 में चालू किया गया था। एसईजेड रिफाइनरी में 'क्लीन फ्यूल्स' प्रोसेस प्लांट के साथ साथ एक अद्वितीय डिजाइन और पथ–प्रदर्शक विन्यास स्था पित है। इसकी रूप रेखा को अर्थव्यवस्था के आधार पर ग्रेड बदलने और बाजार की गतिशीलता के आधार पर मार्जिन की प्राप्ति के लिए उच्च स्तरीय लचीलेपन के अनुरूप तैयार डिज़ाइन किया गया है। नवीन एसईज़ेड रिफाइनरी भारत की प्रथम रिफाइनरी है जो यूरो–IV ग्रेड के पेट्रोल और डीजल का उत्पादन करती है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 35.20 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 90.89% था।

4.6.23. नायरा एनर्जी लिमिटेड, वाडिनार रिफाइनरी (निजी क्षेत्र), वाडीनार (गुजरात)

इस रिफाइनरी को नवंबर, 2006 में चालू किया गया था। वाडीनार रिफाइनरी देश की दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनरी है। रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 20.00 एमएमटीपीए है। वर्ष 2020–21 में रिफाइनरी की क्रूड रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 85.34 फीसदी था।

भारत में रिफाइनरियों का नक्शा





अध्याय 5



विपणन और वितरण



5 विपणन और वितरण

5.1. एलपीजी का खुदरा विपणन बुनियादी ढांचा

भारत में पेट्रोलियम उत्पादों का खुदरा विपणन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) नामतः इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा और रिलायंस, एस्सार, शेल आदि जैसी निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है हैं। देश में दिनांक 01.12.2021 तक सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों और 25,181 एलपीजी वितरकों द्वारा प्रचालित 21309 टीएमटीपीए की बॉटलिंग क्षमता युक्त 199 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र स्थापित हैं। देश में दिनांक 01.12.2021 तक कुल 30.21 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं। अप्रैल–नवंबर 2021 की अवधि के दौरान, कुल 104 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू किए गए हैं। इसके साथ साथ गत् नौ माह की अवधि के दौरान ओएमसी द्वारा कुल 1.20 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं, जिसमें उज्ज्वला 2.0 योजना के तहत 80.47 लाख कनेक्शन शामिल हैं।

एलपीजी खपत (हजार मीट्रिक टन)

एलपीजी श्रेणी	2019-20	2020-21	दिसंबर			अप्रैल–दिसंबर		
			2020-21	2021-22 (अ.)	जीआर (%)	2020-21	2021-22 (अ.)	जीआर (%)
1. पीएसयू विक्रयः								
घरेलू एलपीजी–पैक	23,076.0	25,128.1	2,253.4	2,235.3	-0.8	18,929.7	18,839.5	-0.5
गैर घरेलू एलपीजी–पैक	2,614.4	1,886.0	218.5	196.6	-10.0	1,253.9	1,624.1	29.5
एलपीजी थोक	263.5	361.9	33.9	26.4	-22.1	243.2	270.6	11.3
ऑटो एलपीजी	171.9	118.4	13.1	11.1	-15.3	80.8	91.2	12.9
2. प्रत्यक्ष निजी आयात'	26,125.7	27,494.3	**2,518.9**	**2,469.3**	**-2.0**	**20,507.6**	**20,825.4**	**1.5**
उप योग (पीएसयू बिक्री)	204.0	64.2	4.4	6.6	50.2	42.3	57.2	35.2
कुल (1+2)	26,329.8	27,558.4	**2,523.3**	**2,475.9**	**-1.9**	**20,549.9**	**20,882.6**	**1.6**

*नवंबर–दिसंबर 2021 डीजीसीआईएस आंकड़े यथानुपातिक हैं

5.2. प्रमुख पहल

5.2.1. पहल (डीबीटीएल योजना)

भारत सरकार द्वारा दिनांक 15.11.2014 को देश के 54 जिलों में एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल) योजना 'पहल' को आरंभ किया गया। तत्पश्चात इस योजना का विस्तार पूरे देश भर में किया गया और दिनांक 30.12.2021 तक 28.11 करोड़ एलपीजी उपभोक्ता इस योजना से जुड़ चुके हैं। इस योजना का उद्देश्य सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना और सब्सिडी लीकेज में कटौती करना है। एलपीजी उपभोक्ता जो पहल योजना में शामिल होते हैं, वे अपने एलपीजी रिफिल को गैर–सब्सिडी युक्त मूल्य पर प्राप्त करते हैं और एलपीजी सब्सिडी (उनकी पात्रता के अनुसार) सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त करते हैं। पहल के कार्यान्वयन के साथ ही देश में एलपीजी उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए सब्सिडी प्रबंधन में पारदर्शिता संबंधी नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। पहल द्वारा 'जाली' खातों, बहु खातों और निष्क्रिय खातों की पहचान करने में और अधिक सहायता प्रदान की है। इसके परिणामस्वरूप रियायती दरों पर एलपीजी का वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए उपयोग करने पर रोक लगी है।

सब्सिडी प्रबंधन के एक भाग के रूप में, भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा सभी संपन्न एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे 'गिव इटअप' अभियान शुरू करके अपनी एलपीजी सब्सिडी स्वेच्छा से छोड़ दें। 'गिव इटअप' अभियान को सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध व्यक्तियों से भारी प्रतिक्रिया प्राप्ता हुई और इसके परिणामस्वरूप अब तक 1.08 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा स्वेच्छा से अपनी एलपीजी सब्सिडी का त्या ग कर दिया गया है। सरकार के गिव इट अप अभियान को विश्व भर से व्यापक प्रशंसा प्राप्त हुई है और यह मनोविज्ञान और व्यवहारिक अर्थशास्त्र के क्षेत्र से प्रेरित सार्वजनिक नीति में उपयोग की जा रही उन्मुक्त् कार्यवाही का एक प्रमुख और शुरुआती उदाहरण है।

5.2.2 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)

प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस

(एलपीजी) – खाना पकाने का एक स्वच्छ ईंधन प्रदान करते हुए उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के उद्देश्य से आरंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य निर्धन परिवार से संबंधित किसी वयस्क महिला को 5 करोड़ जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना था, जो किसी भी एलपीजी संबद्धता से रहित थी।

भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा औपचारिक रूप से दिनांक 01.05.2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से योजना का शुभारंभ किया गया। योजना के लाभार्थी महिलाओं की पहचान सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) – 2011 सूची के माध्याम से की जानी थी। वर्ष 2018 में पीएमयूवाई का लक्ष्य 5 करोड़ से संशोधित कर आठ करोड़ एलपीजी कनेक्शन कर दिया गया था, तत्पश्चात् विस्तारित–पीएमयूवाई (ई–पीएमयूवाई) योजना के तहत पहचान मानदंड का विस्तार किया गया था। लाभार्थियों की इस विस्तारित सूची में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, प्रधान मंत्री आवास योजना, अति पिछड़ा वर्ग, अंत्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजाति, वनवासी, द्वीप और नदी द्वीप के लोग और निर्धन परिवार से आवेदन द्वारा 14 – बिंदु स्व घोषणाओं के अनुसार शामिल किया गया हैं।

इस योजना के तहत, सरकार द्वारा एक बीपीएल परिवार की वयस्क महिला सदस्य को जमा मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। सरकार सिलेंडर और प्रेशर रेगुलेटर, डीजीसीसी कार्ड, सुरक्षा नली के लिए सुरक्षा जमा की लागत और प्रत्येक नए कनेक्शन के लिए प्रशासनिक/स्थापना शुल्क के रूप में ₹1600/– वहन करती है। इस योजना में चूल्हे और प्रथम रिफिल की लागत को कवर करने के लिए एक वैकल्पिक ऋण सुविधा भी प्रदान की गई थी, जिसकी वसूली एलपीजी रिफिल पर उपभोक्ता को प्राप्त हो रही सब्सिडी से की जानी थी।

पीएमयूवाई योजना के तहत 8 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य दिनांक 31 मार्च, 2020 की लक्ष्य तिथि से 7 माह पूर्व 7 सितंबर, 2019 को प्राप्त कर लिया गया था। पीएमयूवाई द्वारा वर्ष 2014 के 55% खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन के रूप में एलपीजी कवरेज को वर्ष 2021 में 99.8% तक बढ़ाने में सहायता प्रदान की गई है।

5.2.3 उज्जवला 2.0

माननीय वित्त मंत्री द्वारा दिनांक 01.02.2021 को वित्तीय वर्ष 2021–22 के अपने बजट भाषण के दौरान घोषणा की गई थी कि उज्ज्वला योजना जिससे 8 करोड़ परिवारों को लाभ हुआ है, को 1 करोड़ अन्य लाभार्थियों को कवर करने के लिए विस्तारित किया जाएगा।

तदनुसार, उज्ज्वला 2.0 को माननीय प्रधान मंत्री की सम्मानित उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में दिनांक 10 अगस्त, 2021 को अखिल भारतीय आधार पर निशुल्क् रूप से प्रथम रिफिल और स्टोव के साथ अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। उज्ज्वला 2.0 के तहत प्रवासी परिवारों को पते के प्रमाण और परिवार की घोषणा के रूप में स्व–घोषणा का उपयोग करते हुए नए कनेक्शन का लाभ प्राप्त करने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। 30.12.2021 तक, उज्ज्वला 2.0 योजना के तहत कुल 96.61 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

5.2.4 नए एलपीजी कनेक्शन


देश में एलपीजी घरेलू कनेक्शन मांग पर उपलब्ध हैं और संबंधित डिस्ट्रीब्यूटरशिप से संपर्क करने और केवाईसी औपचारिकताओं की पूर्ति करने के बाद संभावित ग्राहकों को जारी किए जाते हैं। ओएमसी वितरको के लिए नए एलपीजी कनेक्शन के किसी भी अनुरोध को तुरंत दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, लगभग 85.8 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए और वित्तीय वर्ष 2021–22 में अप्रैल नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान लगभग 1.20 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए।

काउंटर पर एलपीजी कनेक्शनः इसके अलावा, नए एलपीजी कनेक्शनों को शीघ्र जारी करने की सुविधा के लिए, देश भर में संभावित ग्राहकों को काउंटर पर तुरंत घरेलू गैर–सब्सिडी युक्तल एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

काउंटर पर कनेक्शन प्राप्त करने के लिए, ग्राहक को पहचान के प्रमाण (पीओआई) और पते के प्रमाण (पीओए) के साथ केवाईसी विवरण जमा करना होता है। यदि ग्राहक के पास किसी प्रकार का पता प्रमाण दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, तो पते के प्रमाण के स्थान पर एक स्व–घोषणा स्वीकार की जाती है। आवेदक के नाम में किसी अन्य एलपीजी कनेक्शन की उपस्थिति की जांच करने के लिए आधार कार्ड प्राप्ती किया जाता है, जो पहचान के प्रमाण के रूप में भी हो सकता है।

सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ताकओं की संख्या (करोड़ में)



5.2.5 सेकेंडरी एलपीजी कनेक्शन

ऐसे व्यक्ति/परिवार जो काम/शिक्षा आदि के लिए अपने मूल निवास स्थान से शहरी क्षेत्रों में गमन कर गए हैं, लेकिन किसी भी प्रकार का पता प्रमाण प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसी कठिनाई को दूर करने के लिए यह सुविधा आरंभ की गई है।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए, आवेदक के परिवार के सदस्य के पास अपने पैतृक गांव अथवा कस्बे का एक एलपीजी कनेक्शन (नियमित अथवा पीएमयूवाई) होना चाहिए, जिसका उपयोग उसके वहां रह रहे परिवार के सदस्य कर रहे हैं। इसे उनका प्राइमरी कनेक्शन कहा जाएगा। सेकेंडरी कनेक्शन को मूल स्थान पर उनके मौजूदा प्राथमिक कनेक्शन से जोड़ा / मैप किया जाएगा। प्राथमिक और सेकेंडरी दोनों कनेक्शनों में पृथक पृथक एलपीजी आईडी (पृथक कनेक्शन के रूप में माना जाएगा) एक सामान्य परिवार पहचानकर्ता से जुड़ा रहेगा। आवेदक द्वारा सेकेंडरी कनेक्शन 5 किग्रा / 14.2 किग्रा के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। ग्राहक को प्रचलित बाजार मूल्य के अनुसार सिलेंडर की सुरक्षा जमा, प्रेशर रेगुलेटर (पीआर), प्रशासनिक शुल्क, डीजीसीसी बुकलेट और रीफिल लागत का भुगतान करना होगा। प्रति वर्ष 170.4 किलोग्राम (14.2 किलोग्राम • 12 सिलेंडर) की वार्षिक सब्सिडी कैप में प्राथमिक और सेकेंडरी कनेक्शन दोनों की खपत शामिल होगी।

5.2.6 घरेलू एलपीजी ग्राहकों के लिए पोर्टेबिलिटी


क रीफिल पोर्टेबिलिटी: पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से रीफिल बुक करते समय उपभोक्ताओं को अपने मूल वितरक के अलावा किसी अन्य वितरक का चयन करने का विकल्प प्रदान किया जाता है। बाजार में सेवारत सभी वितरकों के पिन कोड / की सूची ग्राहक को स्टार रेटिंग के साथ प्रदर्शित की जाती है। जुलाई 2021 को 5 शहरों (कोयम्बटूर, चंडीगढ़, गुरुग्राम, पुणे, रांची) में प्रायोगिक रूप में इस सुविधा को आरंभ किया गया था और इस प्रायोगिक परियोजना की सफलता के पश्चात इसे पूरे देश भर में विस्तारित कर दिया गया था। दिनांक 30.12.2021 तक, 1.5 लाख से अधिक अनुरोधों को सफलतापूर्वक संसाधित कर दिया गया है।

ख उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पोर्टेबिलिटी: उसी क्षेत्र में सेवारत किसी अन्य वितरक को एलपीजी कनेक्शन के ऑनलाइन हस्तांतरण की सुविधा पहली बाररू एलपीजी ग्राहकों को संबंधित ओएमसी के वेब–पोर्टल के साथ – साथ उनके मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदान की गई है।

5.2.7. नए डिस्ट्रीब्यूटरशिप की कमीशनिंग

वर्तमान स्थिति के अनुसार, सभी प्रकार की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए चयन प्रक्रिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के चयन के लिए एकीकृत दिशानिर्देशों के तहत की जाती है। वित्तीय वर्ष 2020 – 21 में 494 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू कर दिए गए। वित्तीय वर्ष 2021–22 में, अप्रैल – नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान देश भर में 104 नए एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू किए गए हैं।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या



5.3 परिवहन ईंधन के विपणन के लिए प्राधिकार संबंधी दिशानिर्देश

एमओपीएनजी द्वारा दिनांक 08.11.19 के संकल्प माध्यम से, परिवहन ईंधन के विपणन के प्राधिकार संबंधी दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया, जिसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। संशोधित दिशानिर्देश, व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देंगे और खुदरा क्षेत्र में निवेश करने के लिए निजी खिलाड़ियों को बढ़ावा देंगे। उक्त संकल्प एमओपीएनजी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त दिशानिर्देशों की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं: –

i यह संकल्प 'थोक' और 'खुदरा' व्यवसाय के लिए केवल मोटर स्पिरिट और हाई स्पीड डीजल के विपणन के लिए लागू होता है।

ii खुदरा अथवा थोक संबंधी प्राधिकार प्राप्त करने की इच्छुक इकाई द्वारा आवेदन करते समय न्यूनतम निवल मूल्य ₹ 250 करोड़ होना चाहिए। यदि खुदरा और थोक दोनों के लिए प्राधिकार की आवश्यकता है, तो न्यूनतम निवल मूल्य ₹ 500 करोड़ होगा।

iii खुदरा प्राधिकार के लिए, किसी इकाई को कम से कम 100 खुदरा आउटलेट स्थापित करने होंगे, जिनमें से कम से कम 5% प्राधिकार इन प्राधिकार अनुदानों के 5 वर्षों के भीतर अधिसूचित दूरदराज के क्षेत्रों में स्था पित होने चाहिएं। यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी व्यवस्था (अर्थात, बैंक गारंटी) को निर्धारित किया गया है कि संस्था द्वारा दूरदराज क्षेत्रों

में आरओ स्थापित करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूर्ण किया जाएगा। इसके अलावा, विपणन संबंधी अनुशासन बनाए रखने के लिए बैंक गारंटी भी प्रस्तुत करनी आवश्यक होती है।

iv उक्त संकल्प के तहत, अधिकृत संस्थाओं के लिए उक्त आउटलेट के प्रचालन के 3 वर्षों के भीतर विभिन्न अन्य संवैधानिक दिशानिर्देशों का अनुपालन करती इकाई के अधीन अपनी प्रस्तावित रिटेल आउटलेट्स (आरओ) में कम से कम एक नई पीढ़ी के वैकल्पिक ईंधन जैसे संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), जैव ईंधन, तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी), इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट आदि के विपणन से संबंधित सुविधाएं स्थापित करनी आवश्यक है।

उपर्युक्त संकल्प के तहत, एमओपीएनजी द्वारा 10 नई संस्थाओं को विपणन प्राधिकार प्रदान किया गया है।

5.4 एमओपीएनजी द्वारा किए गए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना

खुदरा दुकानों पर डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। दिनांक 01.01.2022 तक, देश भर में 66134 पेट्रोल पंपों पर 349476 पीओएस टर्मिनल और 103359 ई–वॉलेट सुविधा प्रदान की गई है, 66589 खुदरा बिक्री केंद्रों को भी यूपीआई से सक्षम किया गया है। सभी एलपीजी वितरक और सिटी गैस वितरण कंपनियां भी यूपीआई से सक्षम हैं।

5.5 डीजल (एचएसडी) की डोर टू डोर डिलीवरी

इस नई अवधारणा की परिकल्पना एचएसडी की डोरस्टेप डिलीवरी के लिए की गई है, जहां तेल कंपनी द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल कंटेनर अथवा टैंक ट्रक में तेल कंपनी से में हाई स्पीड डीजल खरीदा जा सकता है जिसका उद्देश्य केवल विमान के साइट पर उसमें ईंधन भरने के लिए, भारी वाहन अथवा मशीनरी, स्थापित उपकरण में ईंधन को भरना होगा।













अध्याय 6

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और संबंध

6 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और संबंध

भारत विश्व में तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता, कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा आयातक और विश्व में एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। आयातित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर हमारी निर्भरता वर्ष 2020–21 के लिए क्रमशः 85% और 55% रही है। तथापि, भारत की प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत विश्व औसत की मात्र एक तिहाई है।

जैसा कि भारत 'आत्मनिर्भर भारत' होने के कारण आर्थिक सुधार और तीव्र शहरीकरण और औद्योगीकरण के उच्च प्रक्षेप–पथ पर चल रहा है, भारत की ऊर्जा संबंधी मांग तेजी से बढ़ने के लिए बाध्य है। इसलिए, आयात पर अत्यधिक निर्भरता और मध्य–पूर्व क्षेत्र और ओपेक पर अत्यधिक निर्भरता का हमारी ऊर्जा सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

वर्ष 2040 तक, तेल और गैस पर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के दीर्घकालिक बाजार दृष्टिकोण के अनुसार, भारत की ऊर्जा खपत 2040 तक दोगुनी हो जाएगी। आईईए द्वारा 'इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021' के माध्यम से अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2040 में 8.7 एमबी / डी तक पहुंचने के लिए, भारत की तेल की मांग प्रति दिन लगभग 4 मिलियन बैरल (एमबी / डी) बढ़ जाएगी यह किसी भी देश के लिए सर्वाधिक वृद्धि है।

सीओपी 26, ग्लासगो में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा हाल की साहसिक प्रतिबद्धता, जो जलवायु संबंधी कार्रवाई के लिए देश की सशक्त कार्रवाई आधारित संकल्प का संकेत देता है ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा संक्रमण के लिए रोडमैप निर्धारित किया है। जबकि, तेल और गैस, ऊर्जा की मांग का आधार भार प्रदान करना जारी रखेंगे, भारत अपनी बढ़ती ऊर्जा मांग की पूर्ति करने के लिए ऊर्जा के सभी स्रोतों का विकास करेगा।


6.1. कच्चे तेल और एलएनजी के आयात का विविधीकरण

- पिछले पांच वर्षों में, कच्चे तेल के नए आपूर्तिकर्ताओं को भारत के क्रूड बास्केट में जोड़ा गया है, अर्थात, यूएसए, रूस, कनाडा, अंगोला, गुयाना और मैक्सिको। इसी प्रकार से, एलएनजी आयात को भी कतर से ऑस्ट्रेलिया, अमरीका और रूस में विविधीकृत किया गया है।
- प्रयासों के परिणामस्वरूप, वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान ओपेक देशों से भारत के कच्चे तेल का आयात घटकर कुल आयात का 71.0% हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान यह 78% था। इसके अलावा, कतर से एलएनजी पर भारत की निर्भरता वित्तीय वर्ष 2019–20 में 41% से घटकर वित्तीय वर्ष 2020–21 में 39. 8% हो गई है। रूस से तेल और गैस के आयात को मौजूदा 1% से बढ़ाकर 5% करने के प्रयास जारी हैं।
- इस दिशा में अन्य उल्लेखनीय प्रयासों में, संयुक्त राज्य अमरीका का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा भागीदार के रूप में उभरना शामिल हैं। 3 वर्षों की इस अल्प अवधि के दौरान में, यूएसए भारत के लिए चौथा सबसे बड़ा कच्चा और तीसरा सबसे बड़ा एलएनजी स्रोत के रूप में उभरा है। आईओसीएल द्वारा पहली बार मार्च 2021 में गुयाना से कच्चे तेल का आयात किया और गेल को अक्टूबर 2021 में रूस की यमल एलएनजी परियोजना से एलएनजी का पहला प्रत्यक्ष शिपमेंट प्राप्त हुआ।

6.2. प्रमुख भागीदार देशों के साथ संवर्धित द्विपक्षीय ऊर्जा संबंध

6.2.1. सऊदी अरब के साथ संबंध

- भारत सउदी अरब के साथ हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के अंतर्गत लंबे समय से स्था पित सहयोग को बनाए रखता है। सऊदी अरब भारत के लिए सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है। सऊदी अरब हमारे कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है और हमारे एलपीजी आयात का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है।
- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास




और शहरी कार्य मंत्री द्वारा नवंबर 2021 में एडीआईपीईसी – 2021 की तर्ज पर हिज़ रॉयल हाइनेस प्रिंस अब्दुल अज़ीज़ बिन सलमान के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

6.2.2 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ संबंध

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात घनिष्ठ व्यापार और निवेश भागीदार हैं। परंपरागत रूप से, संयुक्त अरब अमीरात हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े

भागीदारों में से एक रहा है। हम एक साथ कच्चे तेल, एलएनजी, एलपीजी, पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार के साथ – साथ अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों में भी सम्मिलित हैं।

- संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंधों को हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ साथ सामरिक साझेदारी तक बढ़ा दिया गया है।
- संयुक्त अरब अमीरात कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है, भारत के लिए एलपीजी और एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है।
- भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा संयुक्त अरब अमीरात में एक उत्पादक और एक खोजी ब्लॉक में सितंबर 2021 तक 780.35 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया गया है।



- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा महामहिम सुहैल मोहम्मद फराज अल मजरूई, ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात के साथ नवंबर 2021 में ऐआईपीईसी–2021 दौरे के दौरान द्विपक्षीय बैठक की गई।

6.2.3. संयुक्त राज्य अमरीका (यूएसए) के साथ संबंध

- ऊर्जा संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए, भारत द्वारा अप्रैल 2018 में अमरीका के साथ रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी आरंभ की गई। तेल और गैस, बिजली और ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास से संबंधित सामरिक ऊर्जा साझेदारी के तहत चार कार्य समूह विशिष्ट कार्य बिंदुओं को अंतिम रूप प्रदान करने और एक रोडमैप तैयार करने के लिए नियमित रूप से संलग्न हैं।
- अप्रैल 2021 में, माननीय मंत्री द्वारा जलवायु क्षेत्र के लिए अमरीकी राष्ट्रपति के विशेष दूत, महामहिम श्री जॉन केर के साथ गैस, आरई, जैव ईंधन और हाइड्रोजन क्षेत्र सहित तेजी से बढ़ते भारत के ऊर्जा बाजार में पारस्परिक रूप से लाभकारी निम्न कार्बन मार्गों को और अधिक विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी और वित्त पर सहयोग करने पर बैठक की।
- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री और अमरीकी ऊर्जा सचिव सुश्री जेनिफर ग्रानहोम के साथ आवास और शहरी कार्य मंत्री द्वारा सितंबर 2021 में संशोधित यूएस – इंडिया स्ट्रैटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप (एससीईपी) शुरू करने के लिए एक आभासी मंत्रिस्तरीय बैठक की गई, जिसमें भारत द्वारा सहयोग के पांचवें स्तंभ 'उभरते ईंधन' को जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। एक नए भारतीय जैव ईंधन पर ए–यूएस टास्क फोर्स की भी घोषणा की गई थी कि जैव ईंधन क्षेत्र में सहयोग संबंधी कार्य के दायरे को तैयार किया जाए।
- वर्ष 2020–21 में, यूएसए कच्चे तेल के चौथे सबसे बड़े स्रोत और भारत के लिए एलएनजी के तीसरे सबसे बड़े स्रोत के रूप में उभरा है।
- भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा सितंबर 2021 तक संयुक्त राज्य अमरीका में 2 तेल और गैस परिसंपत्तियों में 493.52 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया गया है।
- सितंबर 2021 में, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपी फोरम) के साथ एक उद्योग केंद्रित वार्ता की अध्यक्षता की और अमरीकी कंपनियों के सीईओ का अपने भारतीय समकक्षों के साथ सहयोग करने और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के विकास में अवसरों में निवेश करने का स्वागत किया।



- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा महामहिम श्री जॉन केरी, अमरीकी राष्ट्रपति के जलवायु संबंधी विशेष दूत तथा अमरीकी ऊर्जा विभाग के उप सचिव श्री दवे तुर्क के साथ सितंबर 2021 में बैठक की गई।

6.2.4 रूस के साथ संबंध

- रूस भारत के लिए एक लंबे समय से और समय की कसौटी पर खरा उतरा भागीदार रहा है। भारत – रूस

संबंधों का विकास भारत की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ रहा है। अक्टूबर 2000 में 'भारत – रूस सामरिक साझेदारी पर घोषणा' (राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा के दौरान) पर हस्ताक्षर के पश्चात से रूस के संबंधों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों के लगभग सभी क्षेत्रों में सहयोग के बढ़े हुए स्तरों के साथ एक गुणात्मक रूप से नया चरित्र प्राप्त हुआ है।

- 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के निवेश के साथ, रूस भारतीय तेल और गैस कंपनियों के लिए निवेश का सबसे बड़ा गंतव्य है। भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की रूस में 5 उत्पादक ब्लॉकों में भागीदारी हित है।
- रूस भी भारत के तेल और गैस क्षेत्र में सबसे बड़े निवेशक के रूप में उभरा है, जिसमें रोसनेफ्ट के नेतृत्व धारक कंसोर्टियम ने नायरा एनर्जी में 13 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया है और पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की स्थापना के लिए अपनी वाडीनार रिफाइनरी की विस्तार योजना के लिए 750 मिलियन अमरीकी डॉलर का अतिरिक्त निवेश करेगा।
- भारत द्वारा मार्च 2021 में मास्को में भारतीय ऊर्जा कार्यालय (आईईओ) की शुरुआत की जो भारत और रूस के बीच सशक्ती व्यापार और निवेश विनिमय संबंधी सुविधा प्रदान करेगा।
- भारत–रूस ने गैस टास्क फोर्स (जीटीएफ) का गठन किया था और मार्च 2021 में गैस क्षेत्र में जी–रीटर के अवसरों को ज्ञात करने के लिए अपनी पहली जीटीएफ बैठक आयोजित की थी।
- भारत – रूस के बीच सशक्ति द्विपक्षीय संबंधों का निर्माण करने के लिए, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने सितंबर 2021 में छठे पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस का दौरे के दौरान अपने समकक्ष, श्री निकोले शुलगिनोव (एनएस), रूसी ऊर्जा मंत्री के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की और इस आयोजन के दौरान एक समर्पित रूस – भारत व्यापार वार्ता की अध्यक्षता भी की।
- भारत–रूस संबंधों का विस्तार करते हुए, माननीय मंत्री ने सितंबर 2021 में रूस की अपनी यात्रा के दौरान श्री इगोर सेचिन (सीईओ रोसनेफ्ट), श्री लियोनिद मिखेलसन, (सीईओ नोवाटेक), श्री अलेक्जेंडर, गज़प्रोमनेफ्ट के सीईओ और श्री दिमित्री कोनोव, (सिबुर का प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष) के साथ कई बैठकें कीं। ये कंपनियां न केवल रूस में बल्कि विश्व भर में कुछ सबसे बड़े तेल और एलएनजी उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने नवंबर



2021 में एडीआईपीईसी 2021 की तर्ज पर रूसी संघ के ऊर्जा उप मंत्री श्री पावेल सोरोकिन के साथ बैठक की।

- रूसी परिसंघ के अध्यक्ष, महामहिम श्री व्लादिमीर पुतिन, भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ 21वें भारत – रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए दिसंबर 2021 में भारत की कार्यकारी यात्रा पर आए। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' में निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।
- दिसंबर 2021 में उच्च स्तरीय यात्रा के साथ, दोनों देशों के वाणिज्यिक और अन्य संगठनों के बीच विभिन्नं समझौतों / समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें शामिल हैं:

i पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में सहयोग के लिए आईओसीएल और एसआईबीयूआर के बीच सहयोग के उद्देश्यर से संबंधित विवरण,

ii उत्प्रेरक और वीजीओ हाइड्रोक्रैकिंग प्रौद्योगिकी में सहयोग के लिए आईओसीएल और गज़प्रोमनेफ्ट के बीच सहयोग के उद्देश्यद से संबंधित विवरण,

iii रोसनेफ्ट और ओवीएल के नेतृत्व में प्रशिक्षण सहयोग पर भारतीय परिसंघ के बीच समझौता ज्ञापन।

iv रोसनेफ्ट और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच कच्चे तेल की आपूर्ति से संबंधित समझौता।

6.3 'पड़ोस' के प्रयास

'पड़ोस पहले' भारत की विदेश नीति के प्रमुख तत्वों में से एक है। भारत इस विश्वास को साझा करता है कि अपने पड़ोसियों के साथ ऊर्जा लिंक / गलियारों सहित बेहतर संपर्क सभी के लिए समान और संतुलित तरीके से अधिक समृद्धि लाएगा।

6.3.1 बांग्लादेश के साथ संबंध

- भारत में सिलीगुड़ी से बांग्लादेश के पार्बतीपुर तक 130 किलोमीटर लंबी और 1 एमएमटीपीए क्षमता युक्त



उत्पाद पाइपलाइन (इंडो बांग्ला फ्रेंडशिप पाइपलाइन (आईबीएफपीएल)) का भारत द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना को 2022 की प्रथम तिमाही तक संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है।

- बांग्लादेश के प्रधान मंत्री के साथ भारत के माननीय प्रधान मंत्री की आभासी बैठक के दौरान दिनांक 17 दिसंबर 2020 को देशों के बीच हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (ओवीएल और ओआईएल) दो ब्लॉकों (एसएस 04 और एसएस 09) में अन्वेषण कार्य कर रहे हैं, जिनमें उनका सितंबर 2021 तक का निवेश 32.28 मिलियन अमरीकी डॉलर है।

6.3.2 नेपाल के साथ संबंध

- भारत वर्ष 1974 से नेपाल को 100% पेट्रोलियम उत्पाद आवश्यकताओं की आपूर्ति करता रहा है।
- भारत और नेपाल एचएपीएल पाइपलाइन को चितवन तक विस्तारित करने, एलपीजी और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नेपाल तक निर्माण करने की संभावना तलाश रहे हैं।

6.3.3 श्रीलंका के साथ संबंध

- भारत श्रीलंका के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और अपनी उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

6.3.4 भूटान के साथ संबंध

- भारत भूटान के साथ संबंधों को सुदृढ़ रखना जारी रखता है और भूटान द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की 100% मांग की आपूर्ति करते हुए भूटान के पेट्रोलियम उत्पादों की संपूर्ण आवश्यकता की आपूर्ति करता है।
- भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (आईओसीएल और बीपीसीएल) भूटान को एमएस, एचएसडी, एटीएफ और एसकेओ की आवश्यकता की आपूर्ति करते हैं। पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भूटान को आईओसीएल की आपूर्ति सिलीगुड़ी मंडल कार्यालय द्वारा 15 खुदरा विक्रय केंद्रों और गुवाहाटी मंडल कार्यालय के 19 खुदरा दुकानों द्वारा नियंत्रित की जाती है, जो एमएस, एचएसडी, एसकेओ (गैर पीडीएस) और एटीएफ के लिए 3 भूटानी ग्राहकों को आपूर्ति करते हैं। इंडियन ऑयल की एमएस में भूटान में 30 फीसदी, एचएसडी में 42 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी है।

6.3.5. म्यांमार के साथ संबंध

- भारतीय पीएसयू रिफाइनरी अर्थात आईओसीएल और नुमालीगढ़ रिफाइनरी म्यांमार की कंपनियों के साथ पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए कार्य कर रहीं हैं।
- ओवीएल और गेल द्वारा म्यांमार में शेल गैस क्षेत्र के उत्पादन में निवेश किया गया है और 2 उत्पादन, 2 अन्वेवषी और 2 पाइपलाइन परियोजनाओं में 1.223 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया गया है।

6.4. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंध

भारत ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक), अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) जैसे ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ अपने संबंधों को सुदृढ़ किया है। इन संबंधों ने भारत को उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के हितों को संतुलित करने और तेल और गैस बाजार में लचीलेपन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए कच्चे और प्राकृतिक गैस के उचित और जिम्मेदार मूल्य निर्धारण जैसे मुद्दों को उठाने में सक्षम बनाया है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ घनिष्ठ सहयोग, आर्थिक और ऊर्जा दोनों बाजारों में एक जिम्मेदार ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में विश्व स्तर पर भारत की स्थिति का समर्थन करने में भी सहायता प्रदान करता है। ये वार्ताएं घरेलू प्राथमिकताओं का भी समर्थन करती है जैसे निम्न कार्बन पथों में संक्रमण, एक एकीकृत गैस आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करना आदि।

6.4.1 पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के साथ संबंध

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अक्टूबर 2021 में ओपेक इंडिया एनर्जी डायलॉग की 5वीं उच्च स्तरीय



बैठक का आयोजित किया गया5। इस वर्ष भारत ओपेक ऊर्जा वार्ता की 5वीं वर्षगांठ है।

- ओपेक द्वारा पहली बार सितंबर 2021 में जारी ओपेक के प्रमुख प्रकाशन 'वर्ल्ड ऑयल आउटलुक' 2021 में भारत को संकेंद्रित करते हुए पृष्ठे पेश किया गया था।
- महामहिम श्री मोहम्मद सानुसी बरकिंडो, महासचिव, ओपेक ने अक्टूबर 2021 में 'वैश्विक तेल और गैस सीईओ और विशेषज्ञों के साथ भारत के माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत' में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।



6.4.2. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ संबंध

- भारत और आईईए ने जनवरी 2021 में सहयोग को आगे बढ़ाने और इसमें गहनता के लिए रणनीतिक साझेदारी से संबंधित फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आईईए ने नीति आयोग के साथ मिलकर 'भारत की ऊर्जा नीतियों की रिपोर्ट की गहन समीक्षा' की, जिसमें ऊर्जा संबंधी न्याय, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार के लिए भारत के अथक कार्य को प्रदर्शित किया गया है।
- भारत और आईईए गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भारत के कदम का समर्थन करने के लिए 'आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यास' और 'गैस आधारित अर्थव्यवस्था' पर सहयोगी गतिविधियों के प्रचालन में भागीदारी कर रहे हैं।
- आभासी और व्यक्तिगत दोनों प्रकार बैठकों में उच्च स्तरीय बातचीत जारी रही। माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने एडीआईपीईसी 2021 की तर्ज पर आईईए के कार्यकारी निदेशक डॉ. फतिह बिरोल के साथ बैठक की। नवंबर 2021 में अबू धाबी की अपनी यात्रा के दौरान वर्तमान ऊर्जा बाजार दबाव, सीओपी 26 परिणाम, एक व्यवस्थित ऊर्जा संक्रमण की अनिवार्यता जो सभी को सशक्त बनाती है और भारत – आईईए सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की।
- आईईए के कार्यकारी निदेशक डॉ. फतेह बिरोल ने अक्टूबर 2021 में 'वैश्विक तेल और गैस सीईओ और विशेषज्ञों के साथ भारत के माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत' के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया था और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के दृष्टिकोण पर चर्चा की थी।





6.4.3 अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) के साथ संबंध

- फरवरी 2021 में, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री एचआरएच प्रिंस अब्दुलअज़ीज़ बिन सलमान अल सऊद के संरक्षण में वस्तुतः आयोजित ऊर्जा आउटलुक संबंधी 11वें आईईए दृ आईईएफ – ओपेक संगोष्ठी में भाग लिया।
- श्री जोसेफ मैकमोनिगल, महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच ने अक्टूबर 2021 में 'वैश्विक तेल और गैस सीईओ और विशेषज्ञों के साथ भारत के माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत' में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया था।
- माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने नवंबर 2021 में

आयोजित आईईएफ विशेष गैस बाजार वार्ता में भाग लिया था और अल्पक कार्बन ऊर्जा समाधानों के पूरक के रूप में प्राकृतिक गैस के संदर्भ में भारत सरकार के दृष्टिकोण को साझा किया था।

- भारत और आईईएफ के बीच संबंधों को सुदृढ़ करते हुए, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने नवंबर 2021 में एडीआईपीईसी 2021 के लिए अबू धाबी की अपनी यात्रा के दौरान श्री जोसेफ मैकमोनिगल, महासचिव आईईएफ के साथ बैठक की।
- भारत 2022 में नई दिल्ली में 9वें एशियाई मंत्रिस्तरीय ऊर्जा गोलमेज सम्मेलन (एएमईआर9) की मेजबानी करेगा।



6.5 भारतीय सामरिक पेट्रोलियम भंडार

- चरण–1 के तहत, भारत द्वारा विशाखापत्तनम (1.33 एमएमटी), मैंगलोर (1.50 एमएमटी) और पाडूर (2.5 एमएमटी) में स्थित 5.33 एमएमटी क्षमता युक्त. तीन स्थलों पर सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) स्थापित किए गए है (जिसका उपयोग वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान की घटनाक्रम के दौरान किया जा सकता है)।
- ये तीन एसपीआरज़ लगभग 9.5 दिनों की राष्ट्रीय मांग को पूरा कर सकते हैं। अप्रैल/मई 2020 में सभी भंडारण सुविधाओं को कच्चे तेल से भर दिया गया है।
- जुलाई 2021 में, मंत्रिमंडल द्वारा (i) एसपीआर कार्यक्रम के प्रथम चरण के तहत सृजित पेट्रोलियम भंडार के हिस्से का व्यावसायीकरण प्रचालन के लिए उपयोग करने और (ii) चरण–II के तहत, दो अतिरिक्त वाणिज्यिक एवं रणनीतिक सुविधाओं को पीपीपी मॉडल में 6.5 एमएमटी की कुल भंडारण क्षमता सहित स्थापित करने से संबंधित मंजूरी प्रदान कर दी गई।
- पाडूर–द्वितीय (कर्नाटक) और चंडीखोल (ओडिशा), समर्पित एसपीएम और पीपीपी मोड के तहत संबद्ध पाइपलाइनों में



नियोजित अपने एसपीआर के चरण–II के तहत, भारत विदेशी निवेश को आमंत्रित करना चाहता है।

- इस परियोजना से भारत की कच्चे तेल की आवश्यकता को लगभग 12 दिनों का अतिरिक्त कवर प्रदान करने का अनुमान है।
- नवंबर में, भारत वैश्विक तेल बाज़ार को स्थिर करने के लिए संयुक्त राज्य अमरीका, चीन जनवादी गणराज्य, जापान और कोरिया गणराज्य सहित अन्य प्रमुख वैश्विक ऊर्जा उपभोक्ताओं के परामर्श से अपने सामरिक पेट्रोलियम भंडार से 5 मिलियन बैरल कच्चा तेल जारी करने पर सहमत हुआ है।



6.6 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित / भाग लेने योग्य अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम

6.6.1 'हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था – नई दिल्ली वार्ता 2021'

भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में एनर्जी फोरम (टीईएफ) और फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (एफआईपीआई) द्वारा अप्रैल, 2021 में 'हाइड्रोजन इकोनॉमी – नई दिल्ली

डायलॉग–2021' पर उभरती हाइड्रोजन पारिस्थितिक व्यवस्था पर चर्चा करने और सहकार्य, सहयोग और गठबंधन के अवसरों की खोज करने के लिए वर्चुअल मोड के माध्यम से एक गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।

शुद्ध – शून्य लक्ष्यों की पूर्ति करने की दिशा में विश्व का नेतृत्व करने के लिए प्रौद्योगिकियों के समूह के बीच हाइड्रोजन निवेश एक महत्वपूर्ण प्रभावी साधन के रूप में उभर रहा है। उच्च ऊर्जा घनत्व, फीडस्टॉक का लचीलापन, व्यापार और परिवहन में सुगमता, दीर्घ भंडारण अवधि, मापनीयता, अनुकूलन क्षमता और अंतिम अनुप्रयोगों के संदर्भ में बहुमुखी प्रतिभा युक्ती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए एक सुदृढ़ पारिस्थितिकी व्य0वस्थाय के विकास के पक्षधर है।

स्वच्छ वातावरण प्राप्त करने की दिशा में सीओपी 21 के दौरान व्यक्त किए गए भारत के माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के आधार पर, नई दिल्ली डायलॉग 2021 का आयोजन विचारों को व्यमक्त करने और लाभों की प्राप्ति के लिए संभावित समाधानों को उत्पन्न करने के लिए और 'हाइड्रोजन' को अर्थव्यवस्था को डी–कार्बोनाइज़ करने के लिए भारत के प्रतिबद्ध एनीसीज़ की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण शब्द के रूप में शामिल करने के लिए किया गया था।

इस संदर्भ में, सभी ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जो संभावित रूप से हाइड्रोजन उत्पन्न कर सकती है, ऊर्जा के स्वच्छ रूपों



में संक्रमण प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण घटक बन जाएगी।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा मंत्रिस्तरीय सत्र का उद्घाटन किया गया, जिसके पश्चात एच. ई. डॉ. सुल्तान बिन अहमद सुल्तान अल जाबेर, उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात, एच. ई. श्री एंगस टेलर, ऊर्जा और उत्सर्जन न्यूनीकरण मंत्री, ऑस्ट्रेलिया, एच. ई. श्री डैन जोर्गेन्सन, जलवायु, ऊर्जा और उपयोगिता मंत्री, डेनमार्क और एच. ई. श्री डेविड एम. तुर्क, ऊर्जा उप सचिव, यू. एस. द्वारा की–नोट प्रस्तुात किए गए और उभरती हाइड्रोजन पारिस्थितिक व्यवस्था और सहकार्य, सहयोग और गठबंधन के अवसरों की खोज पर चर्चा की गई।

हाइड्रोजन इकोनॉमी – नई दिल्ली डायलॉग 2021 पर 15 देशों के 25 पैनलिस्टों के माध्यम से विचार – विमर्श किया गया, जिसमें प्रमुख नीति निर्माता, विशेषज्ञ और उद्योग विशेषज्ञ शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न् स्रोतों से हाइड्रोजन क्षमता और राष्ट्रीय ऊर्जा संक्रमण में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। इस आयोजन में कुल लगभग 3000 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। इनमें भारत सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों के प्रमुख, भारतीय तेल और गैस कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग क्षेत्र के विभिन्न ऋण – उपयोगकर्ता प्रतिनिधि और विश्व स्तर पर उनके समकक्ष शामिल थे।

6.6.2 छठा पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ)

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री द्वारा सितंबर 2021 में व्लादिवोस्तोक में आयोजित छठे पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) शिखर सम्मेलन में भाग लिया गया।

भारत उन कुछ चुनिंदा देशों में से एक था जिन्हें पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) के पूर्ण सत्र में एक रिकॉर्डेड संदेश देने के लिए आमंत्रित किया गया था, माननीय राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन ने इस वर्ष व्यक्तिगत रूप से पूर्ण सत्र में भाग लिया।

अपने उद्घाटन भाषण में, रूस के राष्ट्रपति एच. ई. व्लादिमीर पुतिन ने रूस के लिए सुदूर पूर्व और आर्कटिक (देशों के 18% क्षेत्र को शामिल करते हुए) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एशिया – प्रशांत क्षेत्र (एपीआर)



के महत्व पर टिप्पणी दी, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का चालक होते हुए वैश्विक जीडीपी का एक तिहाई भाग है। महामारी के बावजूद, रूस सुदूर पूर्व के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाओं का कार्यान्वयन जारी रखता है।



भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने एक वीडियो के माध्यम से मंच को संबोधित किया और रूस के सुदूर पूर्व के साथ भारत के संबंध के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास और सभ्यता में 'संगम' शब्द का विशेष अर्थ है। इसका तात्पीर्य है नदियों, लोगों अथवा विचारों का संगम अथवा एक साथ रहना। व्लादिवोस्तोक वास्तव में यूरेशिया और प्रशांत का 'संगम' है। उन्होंने व्लादिवोस्तोक की 2019 की अपनी यात्रा के बारे में चर्चा की, जिसके दौरान उन्होंने 'एक्ट फार ईस्ट' नीति के लिए भारत की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जो अब रूस के साथ हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण भाग है।

6.6.3. 'वैश्विक तेल और गैस सीईओ और विशेषज्ञों के साथ भारत के माननीय प्रधान मंत्री की बातचीत'

भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2021 में ग्लोबल ऑयल एंड गैस के सीईओ और विशेषज्ञों के साथ छठा वर्चुअल राउंड टेबल वार्ता को आयोजित किया।

इस बातचीत में सबसे बड़ी वैश्विक ऊर्जा कंपनियों के सीईओ और प्रमुखों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. इगोर सेचिन, अध्यक्ष और सीईओ, रोसनेफ्ट; श्री अमीन नासिर, अध्यक्ष और सीईओ, सऊदी अरेमको; श्री बर्नार्ड लूनी, सीईओ, ब्रिटिश पेट्रोलियम; डॉ. डेनियल येरगिन, वाइस चेयरमैन, आईएचएस मार्किट शामिल थे।



तेल और गैस विशेषज्ञों ने ऊर्जा पहुंच, ऊर्जा सामर्थ्य और ऊर्जा सुरक्षा में सुधार की दिशा में सरकार की हाल की विभिन्नज उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के माध्यम से भारत में स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और एक दूसरे की संभावनाओं को



समझने और भारत के दृष्टिकोण और योजनाओं को संरेखित करने के दृष्टिकोण से तालमेल बिठाने में इस प्रकार के निरंतर संवादों के महत्व को रेखांकित किया।

6.6.4 5वां भारत ऊर्जा मंच

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी कार्य मंत्री ने माननीय राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली और डॉ डैनियल येरगिन के साथ अक्टूबर 2021 में 5वें भारत ऊर्जा मंच का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान, माननीय मंत्री ने भारत की विकास कथाओं के बल पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को भारत के बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र का भाग बनने के लिए आमंत्रित किया।

इस आयोजन के दौरान, माननीय मंत्री जी ने पहले इंडो – पैसिफिक एनर्जी मिनिस्ट्रियल डायलॉग में भी भाग लिया। ऊर्जा संक्रमण के लिए एक सतत ईंधन के रूप में गैस की भूमिका पर भारत प्रशांत क्षेत्र के समकक्षों के साथ बैठक में उपयोगी चर्चा हुई।

माननीय मंत्री जी ने संबोधित करते हुए कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारत – प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ साथ भारत क्वाड, सप्लाई चेन रेजिलिएशन इनिशिएटिव और विभिन्न बहुपक्षीय विन्यास जैसी नई साझेदारियों में शामिल हो गया है और साझेदारियां बनाई हैं। माननीय



प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सागर अथवा 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' संबंधी दृष्टिकोण का आह्वान किया।

6.6.5 अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी – 2021) और विश्व एक्सपो (2020)

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने नवंबर 2021 में अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी – 2021) और वर्ल्ड एक्सपो (2020) में भाग लिया।

माननीय मंत्री एडीआईपीईसी – 2021 के उद्घाटन समारोह में बोलने के लिए आमंत्रित पांच मंत्रियों में से एक थे और संयुक्त अरब अमीरात के उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ सुल्तान अल जाबेर के पश्चादत बोलने के लिए दूसरे मंत्री थे।

अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने बेहतर ऊर्जा संक्रमण प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डाला, जिसमें गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, वर्ष 2025 तक 20% इथेनॉल सम्मिश्रण और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना शामिल है, उन्होंतने यह भी उल्लेख किया कि किस प्रकार तेल की उच्च कीमत कठिन और अराजक होने के लिए ऊर्जा संक्रमण का कारण बन रही थीं।

इस आयोजन के दौरान माननीय मंत्री ने एडीआईपीईसी – 2021 सम्मेलन में भारत के मंडप का उद्घाटन किया।

माननीय मंत्री ने हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा भारत में तेजी से आकर्षक ई एंड पी क्षेत्र में उभरते अवसरों को दर्शाने के लिए आयोजित एक रोड शो में भी भाग लिया था। रोड शो में विश्व् की 65 से अधिक बड़ी कंपनियों ने भाग लिया।



वर्ल्ड एक्सपो, 2020 के दौरान, माननीय मंत्री ने दुबई में भारत के पैवेलियन के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विभाग का उद्घाटन किया और उल्लेखि किया कि एक्सपो 2020 दोनों देशों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह खंड भारतीय तेल और गैस क्षेत्र में किए गए कदमों और 'आत्मनिर्भर भारत' में पहल को प्रदर्शित करने के लिए स्थापित किया गया था।

भारत के तेल और गैस क्षेत्र में अन्वेषण और उत्पादन और व्यापक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए, दुबई में इंडिया पवेलियन, वर्ल्ड एक्सपो 2020 में निवेशक गोलमेज 'तेल और गैस क्षेत्र में अवसरों का प्रदर्शन' इंटरैक्टिव गोलमेज बैठक आयोजित की गई थी। माननीय मंत्री ने गोलमेज की अध्यक्षता की और भारत के ईएंडपी क्षेत्र में हाल के नीतिगत सुधारों को प्रदर्शित किया और संभावित निवेशकों के लिए सहायता नीति, ओएएलपी और डीएसएफ बोली दौरों और अन्य निवेश अवसरों का प्रोत्सावहन किया।





6.6.6 10वां एलएनजी उत्पादक – उपभोक्ता सम्मेलन

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने अक्टूबर 2021 में एशिया प्रशांत ऊर्जा अनुसंधान केंद्र (एपीईआरसी) के साथ अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई), जापान द्वारा आयोजित 10वें एलएनजी उत्पादक – उपभोक्ता सम्मेलन में एक वीडियो द्वारा संबोधित किया।

6.6.7 भारत – ब्राजील का 'स्थायी गतिशीलता इथेनॉल वार्ता II' विषयक आभासी संगोष्ठी


माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने ब्राजील सरकार द्वारा सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम), ब्राज़ीलियाई गन्ना उद्योग संघ (यूएनआईसीए) और ब्राज़ील का इथेनॉल क्लस्टर (एपीएलए) के साथ भागीदारी में नवंबर 2021 में 'सतत गतिशीलताः इथेनॉल वार्ता II' विषय पर भारत – ब्राजील के एक वर्चुअल सेमिनार में वीडियो द्वारा संबोधित किया।

6.6.8. विदेशी परिसंपत्ति का अधिग्रहण

- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा भारतीय तेल और गैस पीएसयूज को देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए विदेशों में गुणवत्तापूर्ण तेल और गैस परिसंपत्ति प्राप्त करने के अवसरों का आक्रामक रूप से अनुसरण करने की सुविधा प्रदान करता है।
- मई 2016 तक, भारतीय तेल और गैस सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अधिकांश निवेश अन्वेषण परियोजनाओं में किए गए थे, जिनकी निर्माण अवधि बहुत अधिक है। इसके अलावा, भू–राजनीतिक स्थितियों और आर्थिक प्रतिबंधों के कारण अप्रत्याशित घटनाओं के तहत कुछ देशों में उनकी परिसंपत्तियां स्थापित थीं।
- सितंबर 2021 की स्थिति के अनुसार, भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के 22 देशों की 52 परिसंपत्तियों में भागीदारी हित (पीआई) है – जिनमें से 22 परिसंपत्तियां उत्पादन कर रही हैं, 22 अन्वेषी हैं, 5 विकास कार्य अधीन हैं और 3 पाइपलाइन क्षेत्र में हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान भारतीय कंपनियों द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (लोअर ज़ाकुम और ऑनशोर ब्लॉक –1), ओमान (मुखैज़ना) और रूस (वेंकोर्नफ्ट और तसयुर्याख) में परिसंपत्ति अर्जित की गई है।
- भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों ने दिनांक 30 सितंबर 2021 तक विभिन्न ईएंडपी विदेशी परिसंपत्तियों में लगभग 38.5 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश किया है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, इन परिसंपत्तियों से भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों के लिए इक्विटी तेल और गैस की हिस्सेदारी लगभग 21.9 एमएमटीओई थी। इन आस्तियों की सूची परिशिष्ट–XI में अनुबंधित है।




মধু
হেবেদা গাঁ



अध्याय 7

पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास



7 पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास

7.1 पृष्ठभूमि

7.1.1. भारत में तेल और गैस की खोज का इतिहास भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित असम राज्य में 19वीं शताब्दी का है। तेल प्राप्ति का प्रथम कूप वर्ष 1867 के दौरान मैककिलॉप, स्टीवर्ट एंड कंपनी द्वारा वेधित किए गए मार्गेरिटा के समीप माकुम क्षेत्र में था, जो टाइटसविले, पेनसिल्वेनिया में वर्ष 1859 में ड्रेक के कूप के मात्र 9 वर्ष पश्चात था। इसके पश्चात मार्गेरिटा के मकुम और नामदांग क्षेत्रों में विभिन्न 9 कूपों का वेधन किया गया और दो दशकों से अधिक समय तक मामूली मात्रा में कच्चे तेल का उत्पादन किया गया। असम रेलवे एंड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, जो लकड़ी, कोयला, चाय और रेलवे लाइनों के निर्माण के व्यवसाय में शामिल थी, द्वारा प्रथम वाणिज्यिक कूप डिगबोई –1 (सितंबर, 1889 – नवंबर, 1890– 662 फीट की कुल गहनता) के साथ वेधित किया। प्रति दिन 200 गैलन के प्रारंभिक उत्पादन ने विश्वत के इस भाग में तेल की खोज और उत्पादन में एक नया अध्याय खोला और भारत के तेल उद्योग का आधिकारिक रूप से जन्म हुआ। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व के वर्षों के दौरान, डिगबोई तेल क्षेत्र का बड़े पैमाने पर विकास हुआ और नए तेल क्षेत्रों की खोज जारी रही।

7.1.2. पूर्वोत्तर क्षेत्र में तेल और गैस की खोज में अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां मुख्य रूप से स्वतंत्रता के पश्चात के दौरान प्राप्त् हुईं। इनमें असम ऑयल कंपनी (एओसी) और रुद्रसागर तेल क्षेत्रों द्वारा तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा क्रमशः वर्ष 1953, 1956 और 1960 में नाहोरकटिया और मोरन क्षेत्रों की खोज शामिल है। इसके पश्चात, 100 से अधिक तेल और गैस क्षेत्र, जिनमें जोराजन, कुमचाई, हापजन, शाल्मरी, डिकॉम, कथलोनी, तेंगाखत, भोगपारा, चबुआ, बागजान, बरेकुरी, तिचना, गोजलिया, रोखिया, खोबल, होर्टोकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं, की खोज ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) और ओएनजीसी पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में की गई है। ।

7.1.3. उस समय से, दोनों राष्ट्रीय तेल कंपनियों नामतः ओआईएल और ओएनजीसी का इस क्षेत्र में अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) गतिविधियों का एक लंबा इतिहास रहा है। तत्पश्चात, एनईएलपी पूर्व, एनईएलपी, डीएसएफ और ओएएलपी दौर की बोलियों के माध्यम से इस क्षेत्र को निजी / संयुक्त उद्यम और विदेशी कंपनियों के द्वारा खोज के लिए खोल दिया गया। ओआईएल और ओएनजीसी द्वारा पर्याप्त मात्रा में उत्पादित हाइड्रोकार्बन प्रमाणित किए गए हैं और ये जटिल रिज़र्वायरों के उत्पादन और प्रबंधन की तकनीकी जानकारी रखते हैं और उनकी पूर्वोत्तर स्थित उत्पादक परिसंपत्ति से लगभग 8.2 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) प्रति वर्ष तेल और तेल समकक्ष गैस (ओ + ओईजी) का योगदान किया जाता हैं।

7.1.4. नए अधिग्रहीत आंकड़ों के आधार पर देश के अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधनों का पुनर्मूल्यांकन किया गया है। उपरि असम शेल्फ बेसिन के अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधनों (ओ + ओईजी) को 3180 एमएमटी के स्तर से 6001.2 एमएमटी के क्रम में अपग्रेड किया गया है और असम – अराकान फोल्ड बेल्ट बेसिन के लिए, कुल अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधन 1633 एमएमटी हैं इस प्रकार, पिछले आकलन की तुलना में अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधनों में लगभग 34% की वृद्धि हुई है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 18% (7634 एमएमटी) अनुमानित हाइड्रोकार्बन संसाधन स्थित हैं। ईएंडपी कंपनियों द्वारा अब तक लगभग 2246.6 एमएमटी यथा स्थान हाइड्रोकार्बन भंडार स्थापित किया गया है, जिसका तात्पूर्य यह है कि लगभग 73% हाइड्रोकार्बन संसाधन 'अब तक खोजे गए' की श्रेणी के अंतर्गत हैं।

7.1.5. ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) नामक दो राष्ट्रीय तेल कंपनियां 60 से अधिक वर्षों से तेल और गैस की खोज और दोहन के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यरत हैं और एक विशाल भू–विज्ञान स्थापित किया है और विशाल मात्रा में डेटाबेस और बेसिन संबंधी भूगर्भिक ज्ञान का सृजन किया है।

7.2. नामांकन व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में अन्वेषण गतिविधियां

7.2.1. ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) फरवरी, 1959 में अपनी स्थापना के पश्चात से असम राज्य में सक्रिय रूप से अन्वेषण और विकास गतिविधियों का अनुकरण कर रहा है। वर्ष 1962–65 के दौरान, विभिन्न तकनीकों को अपनाया गया जैसे विचलन वेधन, दोहरी पूर्णता, दबाव रखरखाव आदि। वर्ष 1968 में, खारसांग, अरुणाचल प्रदेश में अन्वेषण कार्यक्रम शुरू हुआ और कुसीजन क्षेत्रों में, डिगबोई पश्चिम के हाइड्रोकार्बन की खोज की गई।

7.2.2. वर्ष 1969–79 के दौरान, असम और अरुणाचल प्रदेश में व्यापक भूभौतिकीय सर्वेक्षण और विकास संबंधी प्रयास किए गए जिसके कारण वर्ष 1972 में जोराजन क्षेत्र की खोज हुई और 1973 में तेंगाखाट (नाहरकटिया के पश्चिम में) के इओसीन में गैस संसाधनों की पुष्टि हुई। अब तक, ओआईएल द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में 25,036.40 जीएलकेएम से अधिक 2डी भूकंपीय डेटा और लगभग 8,811.79 वर्ग किलोमीटर से अधिक 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण किया गया है।

7.2.3. नब्बे के दशक के दौरान, गहन अन्वेषण / अन्वेषी कूप का वेधन और विकास संबंधी गतिविधियों के परिणामस्वरूप बोगापानी, कुमचाई, हापजान, शाल्मरी और राजगढ़ जैसे क्षेत्रों की खोज हुई। गहन अन्वेषणः

गहन इओसीन – पैलियोसीन क्षितिज में हाइड्रोकार्बन की खोज के पश्चात, ऊपरी असम के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के क्षितिजों को ज्ञात करने पर और अधिक बल दिया गया। जिसके परिणामस्वेरूप, 1990 के दशक के अंत में गहन जलाशयों से उत्पादन छिछले रिज़र्वायरों (बरैल और टीपम) के उत्पादन से अधिक हो गया। इसके कारण तत्पश्चात गहन संभावयताओं से जुड़ी महत्वपूर्ण खोजें हुईं, जिसमें डिकॉम – कथलोनी चबुआ – मटिमेखाना के केंद्रीय बेसमेंट के उच्च क्षेत्रों में 3550 से 3800 मीटर तक की गहनता सहित ऊपरी असम बेसिन के पूर्वी भाग की ओर मेचाकी क्षेत्रों में 5500 मीटर से अधिक की गहनता पाई गई थी। दिनांक 1 जनवरी, 2022 को, ओआईएल नामांकन व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में 3 अन्वेषण ब्लॉक स्थित हैं। ओआईएल के अधिग्रहण में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 3 एनईएलपी अन्वेषण ब्लॉक भी धारित हैं। इसके अलावा ओपन एकरेज लाइसेंस पॉलिसी (ओएएलपी) के तहत, ओआईएल को ओएएलपी राउंड I में 7 ब्लॉक, ओएएलपी राउंड III में 3 ब्लॉक और ओएएलपी राउंड वी में 2 ब्लॉक असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और त्रिपुरा में पूर्वोत्तर के एक ऑपरेटर के रूप में प्रदान किए गए थे। ओआईएल को डीएसएफ दौर II के तहत दक्षिण त्रिपुरा में 1 ब्लॉक प्रदान किया गया है।

7.2.4 ओएनजीसी द्वारा वर्ष 1956 में असम में अपना अन्वेषण कार्य आरंभ किया गया था। भूकंपीय सर्वेक्षण और बाहरी क्षेत्रों का भूवैज्ञानिक मानचित्रण कार्य प्रारंभ किया गया था, जबकि गुरुत्वाकर्षण – चुंबकीय सर्वेक्षण कार्य वर्ष 1961 में आरंभ हुआ था। ओएनजीसी द्वारा सृजित आउटक्रॉप मैपिंग डेटा के साथ साथ भूकंपीय डेटा के विश्लेषण कार्य किया गया और इसके प्रारंभिक श्रमिकों द्वारा बेसिन की वास्तुकला और इसके विकास को परिष्कृत करने में सहायता प्रदान की।

7.2.5. ओएनजीसी का प्रथम वाइल्डर कैट कूप वर्ष 1960 में दिसंगमुख संरचना पर वेधित किया गया था, तथापि, प्रथम व्यावसायिक तेल खोज उसी वर्ष रुद्रसागर संरचना से की गई थी। संरचनात्मक संभावनाओं की प्रगति से प्राप्तय प्रारंभिक सफलताओं के परिणामस्वरूप भूकंपीय आंकड़ों के माध्यम से इस प्रकार की संभावनाओं की पहचान पर ध्यान संकेंद्रित किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में, दिनांक 31.12.2020 तक, ओएनजीसी द्वारा असम राज्य में 791 अन्वेषी कूपों, त्रिपुरा में 208 कूपों, मेघालय में 3, मिजोरम में 4 और नागालैंड राज्य में 26 कूपों के वेधन का कार्य किया गया है।

7.2.6. ऊपरी इओसीन से निचले ओलिगोसीन युग के और ऊपरी मियोसीन युग के टीपम समूह के बरेल समूह से संबद्ध रिज़र्वायर सर्वाधिक विपुल सिद्ध हुए और इन्होंने खोजकर्ताओं का अत्याधिक ध्यान आकर्षित किया। इस अन्वेषण दर्शन के साथ जल एवं गैस क्षेत्रों की एक बड़ी संख्या की खोज की गई, जिसमें पानीडीहिंग, दिसंगमुख, लकवा, लखमनी, सोनारी, गेलेकी, डेमुलगाँव, अमगुरी और चरली शामिल हैं।

7.2.7. पिछले लगभग पांच दशकों के दौरान, ओएनजीसी का यह प्रयास रहा है कि वह उत्तरी असम शेल्फ के शिवसागर और धनसिरी बेसिन के स्थापित हाइड्रोकार्बन युक्तर क्षेत्रों के विस्तार को प्रमाणित करे और साथ ही साथ नए क्षेत्रों को ज्ञात करे। इस प्रक्रिया में इसके द्वारा कछार और पड़ोसी राज्यों त्रिपुरा और नागालैंड के तार्किक रूप से जटिल क्षेत्रों में भी हाइड्रोकार्बन क्षेत्र स्थापित किए गए हैं।

7.2.8. वर्तमान स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी द्वारा नामांकन व्यवस्था के तहत नागालैंड राज्य में 3 पीईएल ब्लॉक धारित हैं। इसके अधिग्रहण में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 65 पीएमएल ब्लॉक (असम में 46, त्रिपुरा में 18, नागालैंड में 1) धारित हैं, जिसमें दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों प्रकार के पीएमएल शामिल हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी द्वारा 2डी के 35.35 एलकेएम, 3डी भूकंपीय डेटा के 173.2 एसकेएम का अधिग्रहण किया गया और 9 अन्वेषी कूपों का वेधन किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में और अधिक रकबे प्राप्त0 करने के लिए जी एंड जी के अन्वेषण संबंधी प्रयास जारी हैं।

7.3. पीएससी व्यवस्था के तहत पूर्वोत्तर में अन्वेषण गतिविधियां

पीएससी व्यवस्थां के तहत, अन्वेषण ब्लॉकों को प्रथमतः वर्ष 1998 में एनईएलपी–पूर्व दौर की बोली के तहत असम राज्य में आवंटित किया गया था। इसके पश्चात, एनईएलपी के विभिन्न दौरों के तहत ब्लॉक आवंटित किए गए। 31 आवंटित ब्लॉक (असम–21, मणिपुर–2, मिजोरम–3, नागालैंड 2 और त्रिपुरा–3) 43,722 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को कवर करते हैं। इनमें से 9 चालू ब्लॉक हैं और 22 ब्लॉकों का परित्याॉग कर दिया गया है। इसके अलावा, पीएससी शासन के तहत 2 खोजे गए क्षेत्र हैं, अर्थात् अरुणाचल प्रदेश में खरसांग और असम में अमगुरी, जो उत्पादन कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में खरसांग क्षेत्र प्रचालनाधीन है। दिनांक 26 अगस्त, 2017 को एचओईसी द्वारा प्रचालित एनईएलपी पूर्व के ब्लॉक एएपी–ओएन–94/1 के डिरोक गैस क्षेत्र से गैस उत्पादन शुरू हुआ। गैस का प्रवाह, निर्यात पाइपलाइन के माध्यम से किया जाता है और गैस प्रसंस्करण संयंत्र द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2018 से कार्य आरंभ कर दिया है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनईएलपी शासन के तहत के 2 अन्वेषण ब्लॉक (मिजोरम और त्रिपुरा प्रत्येक में 1) धारित हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान, त्रिपुरा में 124.80 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र को एनईएलपी ब्लॉक एए–ओएनएन–2001/1 से पीएमएल क्षेत्र (खुबल पीएमएल) के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है।

7.4. पूर्वोत्तर क्षेत्र में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन

7.4.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में योगदान, कुल उत्पादन का लगभग 12.9% है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन

लगभग 3.96 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) था और पिछले 5 वर्षों के दौरान कच्चे तेल के उत्पादन का राज्यवार और कंपनीवार प्रवृति निम्नानुसार है:

7.4.2. उपर्युक्त तालिका से, यह अवलोकन किया जा सकता है

कंपनी	परिसंपत्ति	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 अप्रैल–दिसंबर 2021)
ओआईएल नामांकन	अरूणाचल प्रदेश	0.010	0.01	0.01	0.01	0.02	0.02	0.04
	असम	3.220	3.25	3.37	3.28	3.08	2.90	1.95
ओआईएल कुल		**3.230**	**3.26**	**3.37**	**3.29**	**3.10**	**2.93**	**1.98**
ओएनजीसी नामांकन	असम	0.960	0.95	0.97	0.99	0.99	0.96	0.74
	त्रिपुरा	0.003	0.003	0.003	0.003	0.002	0.003	0.002
ओएनजीसी कुल		**0.960**	**0.95**	**0.97**	**0.99**	**0.99**	**0.96**	**0.75**
पीएससी	अरूणाचल प्रदेश	0.050	0.05	0.04	0.03	0.03	0.03	0.02
	असम	0.000	0.00	0.00	0.03	0.03	0.03	0.03
पीएससी कुल		**0.050**	**0.05**	**0.05**	**0.07**	**0.06**	**0.06**	**0.05**
कुल योग		**4.240**	**4.26**	**4.40**	**4.35**	**4.15**	**3.96**	**2.78**

कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में ओआईएल की पूर्वोत्तर क्षेत्र के कच्चे तेल के उत्पादन में ~74% की हिस्सेदारी है, इसके पश्चात ओएनजीसी की हिस्सेदारी 24% है। कच्चे तेल के उत्पादन में निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग ~2% है।

7.4.3 वित्तीय वर्ष 2019–20 में पूर्वोत्तर राज्यों द्वारा प्राकृतिक गैस उत्पादन में योगदान कुल उत्पादन का लगभग 14.9 प्रतिशत है। वर्ष 2020– 21 में पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्राकृतिक गैस का उत्पादन लगभग 4.68 बिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (बीसीएम) रहा है। पिछले 5 वर्षों में प्राकृतिक गैस उत्पादन का राज्यवार और कंपनीवार प्रवृति निम्नानुसार है:

7.4.4 उपर्युक्त तालिका से यह अवलोकन किया जा सकता है कि वित्ती वर्ष 2020–21 में पूर्वोत्तर में प्राकृतिक गैस उत्पादन में ओआईएल की हिस्सेदारी ~49% है, इसके

कंपनी	परिसंपत्ति	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 अप्रैल–दिसंबर 2021)
ओआईएल नामांकन	अरूणाचल प्रदेश	0.01	0.01	0.01	0.01	0.04	0.05	0.02
	असम	2.62	2.69	2.66	2.48	2.38	2.24	2.22
ओआईएल कुल		**2.63**	**2.70**	**2.67**	**2.49**	**2.42**	**2.29**	**2.24**
ओएनजीसी नामांकन	असम	0.40	0.44	0.51	0.48	0.46	0.39	0.28
	त्रिपुरा	1.33	1.43	1.44	1.55	1.47	1.63	1.12
		1.74	**1.87**	**1.95**	**2.04**	**1.93**	**2.02**	**1.40**
पीएससी	अरूणाचल प्रदेश	0.02	0.02	0.02	0.02	0.01	0.00	0.00
	असम	0.00	0.00	0.05	0.32	0.30	0.37	0.30
पीएससी कुल		**0.02**	**0.02**	**0.07**	**0.34**	**0.31**	**0.37**	**0.30**
कुल योग		**4.39**	**4.59**	**4.69**	**4.87**	**4.66**	**4.68**	**3.94**

पश्चात ओएनजीसी की हिस्सेदारी ~43% है। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में निजी / संयुक्त उद्यम कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग ~8.0% है।

7.4.5. पूर्वोत्तर राज्य देश के कुल तेल उत्पादन में ~26% का योगदान करते हैं। असम का योगदान देश के पूर्वोत्तर राज्यों (वित्तीय वर्ष 2020–21) के कुल तेल उत्पादन का 99% और देश के कुल तेल उत्पादन (वित्तीय वर्ष 2020–21) का 13% है। अरुणाचल प्रदेश देश में पूर्वोत्तर राज्यों (वित्तीय वर्ष 2020–21) के कुल तेल उत्पादन का ~1% और देश के कुल तेल उत्पादन का 0.2% (वित्तीय वर्ष 2020–21) योगदान प्रदान करता है। त्रिपुरा देश के पूर्वोत्तर राज्यों (वित्तीय वर्ष 2020–21) के कुल तेल

उत्पादन में ~0.1% और देश के कुल तेल उत्पादन (वित्तीय वर्ष 2020–21) का 0.01% योगदान प्रदान करता है।

7.4.6. पूर्वोत्तर राज्य देश में जमीनी गैस उत्पादन में ~46% का योगदान करते हैं। असम देश के पूर्वोत्तर राज्यों से कुल गैस उत्पादन में ~64% और देश के कुल गैस उत्पादन का 10.4% योगदान प्रदान करता है। अरुणाचल प्रदेश द्वारा देश के पूर्वोत्तर राज्यों की ओर से कुल गैस उत्पादन का ~1% और देश के कुल गैस उत्पादन का 0.2% योगदान प्रदान करता है। त्रिपुरा देश के पूर्वोत्तर राज्यों से कुल गैस उत्पादन में ~35% और देश के कुल गैस उत्पादन का 6% योगदान प्रदान करता है।

राज्यवार तेल उत्पादन

राज्य	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
अरूणाचल प्रदेश	0.060	0.06	0.05	0.04	0.06	0.05
असम	4.180	4.20	4.34	4.31	4.09	3.90
त्रिपुरा	0.003	0.003	0.003	0.003	0.002	0.003
तेल उत्पादन	4.240	4.26	4.40	4.35	4.15	3.96

राज्यवार गैस उत्पादन

राज्य	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
अरूणाचल प्रदेश	0.03	0.03	0.03	0.03	0.05	0.06
असम	3.02	3.13	3.22	3.29	3.14	3.00
त्रिपुरा	1.33	1.43	1.44	1.55	1.47	1.63
तेल उत्पादन	4.39	4.59	4.69	4.87	4.66	4.68

वर्ष 2020–21 के लिए पूर्वोत्तर राज्यों से कंपनी वार तेल और गैस उत्पादनः

कंपनी का नाम	कुल तेल उत्पादन का %	कुल गैस उत्पादन का %	कुल तेल+ गैस उत्पादन का %
ओआईएल नामांकन	~74%	~49%	~60.4%
ओएनजीसी नामांकन	~24%	~43%	~34.5%
संविदा दौर के तहत निजी व संयुक्त उद्यम कंपनियां	~2%	~8%	~5%

7.5. खोजे गए लघु क्षेत्र संबंधी नीति

7.5.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र में अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों में तीव्रता लाने के लिए, भारत सरकार द्वारा खोजे गए लघु क्षेत्र से संबंधित नीति के प्रथम दौर के तहत 9 खोजे गए क्षेत्रों को आवंटित किया गया है। एक ब्लॉक अरुणाचल प्रदेश राज्य में है और अन्य 8 ब्लॉक असम राज्य में स्थित हैं।

7.5.2. खोजे गए लघु क्षेत्र से संबंधित नीति के दूसरे दौर में, बोली के लिए प्रस्तावित 25 संविदा क्षेत्रों में से, 6 संविदा क्षेत्रों (असम में 5 ब्लॉक और त्रिपुरा में 1 ब्लॉक) की सुपुर्दगी पूर्वोत्तर क्षेत्र में की गई है। ओआईएल को डीएसएफ दौर II के तहत दक्षिण त्रिपुरा में 1 ब्लॉक प्रदान किया गया है। ओएनजीसी द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोई भी डीएसएफ ब्लॉक अधिग्रहित नहीं है।

7.6. पूर्वोत्तर क्षेत्र में वैकल्पिक हाइड्रोकार्बन स्रोत

7.6.1. शेल गैस रू पारंपरिक तेल/गैस की खोज से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर यह प्रतीत होता है कि शेल गैस के दृष्टिकोण से असम अराकान बेसिन सहित कुछ तलछटीय बेसिन में संभावनाएं हो सकती हैं। अक्टूबर 2013 में, सरकार द्वारा नामांकित रकबों में एनओसीज द्वारा शेल तेल और गैस के अन्वेकषण एवं दोहन के संदर्भ में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं और जिसके तहत ओएनजीसी और ओआईएल द्वारा क्रमशः 50 ब्लॉक और 6 ब्लॉकों की पहचान की गई है। इन 55 ब्लॉकों में से, ओएनजीसी द्वारा संचालित 3 ब्लॉक और ओआईएल द्वारा संचालित 4 ब्लॉक असम राज्य में स्थित हैं। अब तक की स्थिति के अनुसार ओएनजीसी द्वारा 2 कूपों (नामती और लकवा में प्रत्येक में 1) का वेधन कार्य किया गया है। ओआईएल द्वारा राजस्थान में जैसलमेर पीएमएल, असम के डिब्रूगढ़, दमदमा और चबुआ

पीएमएल से पारंपरिक चार कोर अर्जित किए गए हैं। मूल्यांकन के परिणामों द्वारा इन स्थलों पर खराब संभावना दर्शायी है जिसका कारण शेल्स का पूर्व तेल उत्पादन विंडो में प्रवेश किया जाना है। अरुणाचल प्रदेश में, ओआईएल द्वारा शेल गैस / तेल क्षमता की स्थापना के क्रमशः उपरि टिकक पर्वत और दिसांग शेल्स के अभिलक्षित शेल की तुलना में पारंपरिक कोर की व्यापक मात्रा प्राप्त करने के लिए जयरामपुर एक्सटेंशन पीईएल और देवमाली पीईएल नामक दो स्थानों की पहचान की गई है।

7.7 पूर्वोत्तर विजन 2030

7.7.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र के जन सामान्य को लाभान्वित करने के उद्देश्य से एक सामान्य और साझा आकांक्षा विकसित करने के लिए पूर्वोत्तर विजन दस्तावेज़ एक संकेंद्रित और परामर्शी कार्यवाही रही है। विभिन्न हितधारकों, उद्योग की कंपनियों और राज्य सरकारों की भागीदारी और सूचनाओं के सहयोग से, विजन दस्तावेज़ में न केवल क्षेत्र के लिए महत्वाकांक्षा बल्कि एक कार्रवाई योग्य रोडमैप भी शामिल है।

7.7.2. योजना का उद्देश्य क्षेत्र की हाइड्रोकार्बन क्षमता का लाभ उठाना, स्वच्छ ईंधन तक पहुंच बढ़ाना, पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता में सुधार करना, आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाना और जन सामान्य को इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना है। इसके तहत कवर किए गए राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। मंत्रालय द्वारा विज़न दस्तावेज का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान समय राज्य सरकारों के साथ विभिन्न परामर्श भी किए।

7.7.3 यह विज़न पांच स्तंभों जन सामान्य, नीति, साझेदारी, परियोजनाएं और उत्पादन पर टिका हुआ है। जन सामान्य के लिए, यह कौशल विकास और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ – साथ घरों में स्वच्छ ईंधन की पहुंच का पूर्वावलोकन भी करता है। नीति संकेंद्रित क्षेत्रों में नई परियोजनाओं के लिए निधि संबंधी नियोजन सुनिश्चित करने के साथ – साथ क्षेत्र के विशिष्ट भूभाग और मौसम की स्थिति के आलोक में मॉडरेशन शामिल है। जहां तक साझेदारी का प्रश्न है, योजना और कार्यान्वयन में राज्य सरकारों की अधिक भागीदारी और पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने पर बल दिया जा रहा है। परियोजनाओं में, तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी), प्राकृतिक गैस, और पेट्रोलियम उत्पादों, तेल और स्नेहक (पीओएल) को ले जाने के लिए पाइपलाइन कनेक्टिविटी पर ध्यान को; रिफाइनरियों का निर्माण और आयात लिंक; और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) राजमार्गों और शहरी गैस वितरण नेटवर्क के विकास कार्य पर संकेंद्रित किया गया है। उत्पादन पक्ष में उत्पादन को बढ़ाने से संबंधित संविदा, प्रौद्योगिकी परिनियोजन और फास्ट – ट्रैक क्लीयरेंस और सेवा प्रदाता केंद्रों का विकास कार्य शामिल हैं।

7.7.4. उत्पादन से परे, फोकस क्षेत्रों में बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल और भूटान के साथ हाइड्रोकार्बन लिंकेज और व्यापार के अवसरों की खोज करना; इस क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' का कार्यान्वयन; स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं का विकास; औद्योगिक नीति और बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्रवाई बिंदु; कौशल विकास पर फोकस; और इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की आवश्यकता शामिल है। विजन स्टेटमेंट में अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सेगमेंट को कवर करते हुए संपूर्ण हाइड्रोकार्बन वैल्यू चेन के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रदान किया गया है। इस रिपोर्ट में उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक पहल से संबंधित एक कार्य योजना भी शामिल है।

7.7.5. विजन का लक्ष्य वर्ष वर्ष 2030 तक तेल और गैस उत्पादन को दोगुना करना, स्वच्छ ईंधन को सुलभ बनाना, परियोजनाओं को तीव्रता से ट्रैक करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और पड़ोसी देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देना है। विज़न 2030 के तहत परिकल्पित प्रमुख लक्ष्यों में से एक की प्राप्ति के लिए, सरकार द्वारा अन्वेषण अवधि के दौरान 2 वर्ष के समय विस्तार और पूर्वोत्तर क्षेत्र में मूल्यांकन के लिए एक वर्ष की विशेष छूट की अनुमति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में भविष्य की उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता प्रदान करना भी शामिल है। इससे तेल और गैस संसाधनों के विकास में निवेश में वृद्धि होने की संभावना है।

7.7.6. चालू वर्ष (2021–22) में, ओएनजीसी द्वारा एएएफबी में 245 एलकेएम 2डी डेटा प्राप्त करने की योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत 260 एसकेएम और 483 एसकेएम 3डी भूकंपीय डेटा प्राप्तक करने और असम शेल्फ और असम – अराकान फोल्ड बेल्ट में क्रमशः 11 और 12 अन्वेषी कूपों को वेधित करने की योजना भी है। दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी द्वारा 2डी के 35.35 एलकेएम, 3डी भूकंपीय डेटा के 173. 2 एसकेएम और इस क्षेत्र में 9 अन्वेएषी कूपों का अधिग्रहण संबंधी कार्य संपन्नर कर लिया गया है।

7.7.7. ओएनजीसी द्वारा आगामी तीन वर्षों के लिए असम शेल्फर और फोल्ड बेल्ट क्षेत्रों में अपनी अन्वेषण संबंधी गतिविधियों से संबंधित योजना भी तैयार की है जिसे निम्नांनुसार सारणीबद्ध किया गया है।

7.7.8. इन नियोजित अन्वेषी प्रयासों (2021–22 से 2024–25 तक) के साथ साथ, तत्स्थान 3पी के कुल 33 एमएमटीओई (तत्स्थान 2पी के 25.5 एमएमटीओई) को बढ़ाने की परिकल्पना की गई है।

विवरण		2022-23	2023-24	2024-25	कुल
असम और असम अराकान	2 डी (एलकेएम)	339	150	200	689
	3 डी (एसकेएम)	375	470	470	1315
	अन्वेधषी कूप	26	24	24	74

7.8. हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिंग पॉलिसी (एच ई एल पी) के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में नए अन्वेषण ब्लॉक

7.8.1 पूर्वोत्तर क्षेत्र में ओएएलपी बोली दौर – V तक कुल 26 ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। इन 26 ब्लॉकों का कुल क्षेत्रफल 19836 वर्ग किलो मीटर है। आगामी 3 से 4 वर्षों में इन ब्लॉकों के लिए प्रतिबद्ध निवेश लगभग 495 एमएमयूएसडी है।

7.8.2. ओएएलपी – III बोली दौर में, ओएनजीसी को एक ऑपरेटर के रूप में असम में एक तटीय ब्लॉक: एए–ओएनएचपी–2018/4 आवंटित किया गया था, जिसका कुल पीईएल क्षेत्र 44.01 वर्ग किलो मीटर है। ओएनजीसी दिनांक 16.07.2019 को हस्ताक्षरित राजस्व भागीदारी संविदा के अनुसार अपनी अन्वेषण गतिविधियों को संपन्न2 करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की ओर से पीईएल की मंजूरी दिनांक 14.02.2020 को प्राप्त की गई थी। दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी द्वारा 44.01 एसकेएम के संपूर्ण क्षेत्र को कवर करते हुए 3डी भूकंपीय डेटा का अधिग्रहण कार्य संपन्न। कर लिया गया है, अन्वेषण गतिविधियों का कार्य निष्पादित करने से संबंधित अन्य प्रयास जारी हैं।

7.8.3. इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में, ओएनजीसी के द्वारा ओएएलपी–I के तहत आवंटित किए गए 2 ब्लॉकों (एए–ओएनएचपी–2017/10 (543 वर्ग किलो मीटर) और एए–ओएनएचपी–2017/13 (क्षेत्रफल: 841 वर्ग किलो मीटर) में भागीदारी हित धारित है, जिनमें मैसर्स ओआईएल ऑपरेटर के रूप में है।

7.8.4. अब तक की स्थिति के अनुसार, ओआईएल को पूर्वोत्तर क्षेत्र में ओएएलपी दौर I, दौर III और दौर V के तहत क्रमशः 7 ब्लॉक, 3 ब्लॉक और 2 ब्लॉक प्रदान किए गए हैं।

7.9. राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम

हाइड्रोकार्बन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए, सरकार द्वारा राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम (एनएसपी) के तहत भारत के सभी तलछटीय बेसिनों के गैर–मूल्यांकित क्षेत्रों में 48,243 एलकेएम के 2 डी भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या (एपीआई) कार्य को आयोजित करने की योजना तैयार की गई है। एनएसपी को केंद्रीय बजट द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है जिससे भारत के उन सभी तलछटीय बेसिनों में उक्त कार्यों को निष्पादित किया जा सके जहां किसी प्रकार का डेटा उपलब्ध नहीं / अल्प डेटा है। एनएसपी के तहत, ओआईएल को 7408 एलकेएम के 2डी भूकंपीय एपीआई कार्य संपन्न करने के लिए सौंपा गया है, जिसे समयोपरांत संशोधित कर 6032 एलकेएम (5162 एलकेएम भूकंपीय डेटा और 870 एलकेएम एयरबोर्न जियोफिजिकल सर्वे (एजीएस)) के रूप में संशोधित किया गया, जिसका कारण नागालैंड सरकार द्वारा राज्य में भूकंपीय सर्वेक्षण करने की अनुमति प्रदान करने को अस्वीकार कर दिया। जिन क्षेत्रों में दुर्गम भूभाग और प्रतिकूल वातावरण के कारण भूकंपीय सर्वेक्षण नहीं किया जा सका, उन्हें वर्तमान में हवाई भूभौतिकीय सर्वेक्षण कर मूल्यांकित करने के लिए अधिग्रहित किया जा रहा है। दिसंबर 2021 तक 5245. 80 एलकेएम (101.62:) 2डी भूकंपीय डेटा प्राप्त कर लिए गए हैं। ओआईएल द्वारा मणिपुर राज्य में 870 एलकेएम एजीएस डेटा के अधिग्रहण के लिए एजीएस से संबंधित निविदा जारी कर दी गई है। दिनांक 31.12.2021 की स्थिति अनुसार एनडीआर के समक्ष प्रस्तुत प्रसंस्करण, व्याख्या और डेटा की क्षेत्रवार प्रगति निम्नानुसार है:

क्षेत्र/ सेक्टर	नाम	लक्ष्य (एलकेएम)	संचयी डेटा अधिग्रहित (एलकेएम)	एनडीआर (एलकेएम) को प्रस्तुत गया कुल डेटा			अभ्युक्तियां (संपन्न एपीआई)
				कच्चा	प्रसंस्कृत	भाषांतरित	
ए1एस1	असम–अरूणाचल प्रदेश	2414	2416.20	2416.20	2416.20	2416.20	कार्य संपन्न
ए1एस2	अरूणाचल प्रदेश–असम	738	743.70	743.70	743.70	743.70	कार्य संपन्न
ए2एस2	मणिपुर	0	4.74	4.74	0	0	कार्य संपन्नी (मणिपुर क्षेत्र में दो आंशिक रूप से अपूर्ण प्रोफाइल को प्रसंस्करण और व्याख्या कार्य के लिए अधिग्रहित नहीं किया जा सका)
ए2एस3	कार्बी–आंगलोंग और उत्तरी कछार हिल्स	885	719.10	714.48	329.16	329.16	कार्य प्रगति पर
ए2एस4	मिज़ोरम त्रिपुरा	1125	1143.48	1143.48	1143.48	1143.48	कार्य संपन्न
कुल (ओआईएल)			**5162**	**5245.80**	**5022.60**	**4632.54**	**4632.54**

एपीआई– अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या


G N TALUKDAR ANVESHAN BHAWAN

अध्याय 8



अनुसंधान और विकास तथा नवीन प्रौद्योगिकी



8 अनुसंधान और विकास तथा नवीन प्रौद्योगिकी

8.1. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा अनुसंधान एवं विकास

8.1.1.इंडियन ऑयल अनुसंधान और विकास केंद्र लागत प्रभावी, पर्यावरण और सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रौद्योगिकी समाधान विकसित कर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयास करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ईंधन और स्नेहक, शोधन प्रौद्योगिकी और उत्प्रेरक, पेट्रोकेमिकल और पॉलिमर जैसी विशेषज्ञता के अपने मुख्य क्षेत्रों में इनके द्वारा अत्याधुनिक अनुसंधान किया जाता है। नैनो टेक्नोलॉजी, सोलर, बायोएनेर्जी, हाइड्रोजन, फ्यूल सेल और एनर्जी भंडार जैसे नवीन क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास प्रयास अत्यौत आवश्यजक भावी मार्ग दर्शन करते हैं। वर्तमान स्थिति के अनुसार, दिसंबर 2021 तक 1381 प्रभावी पेटेंटों के साथ 1496 पेटेंटों के वृहद पोर्टफोलियो सहित इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर पिछले 5 वर्षों में अपने स्वीकृत पेटेंट पोर्टफोलियो को दोगुना करने में सक्षम है।

8.1.2.उत्प्रेरकों और प्रक्रियात्माक प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र के कार्य द्वारा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रभुत्व धारक प्रतिस्पर्धी और लाइसेंस – नियंत्रित क्षेत्रों में विशेष रूप से 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है। वर्ष 2021–22 में दिसंबर'21 तक के प्रमुख घटनाक्रम इस प्रकार हैं:

i नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को विगत वर्ष बीजीआर स्थित तीसरी इंडमैक्स यूनिट की प्रतिस्पर्धी बोली और सफल कमीशनिंग के विरूद्ध इंडियन ऑयल की स्क्रोउन ज्वेल बॉटम अपग्रेडेशन टेक्नोलॉजी इंडमैक्सत को लाइसेंस प्रदान करने के साथ ही इस वर्ष बीजीआर यूनिट का परफॉर्मेंस गारंटीड टेस्ट रन (पीजीटीआर) संपन्नम हो गया है। एनआरएल द्वारा अपने डीसीयू में 0. 306 से 0.56 एमएमटीपीए तक के सुधार के लिए इन–हाउस विकसित डिलेड कोकर टेक्नोलॉजी का भी चयन किया गया है, इस प्रकार एक डीसीयू टेक्नोलॉजी लाइसेंसर के रूप में इंडियन ऑयल की स्थिति को सुदृढ़ता से स्थापित किया गया है।

ii 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि प्राप्ता करते हुए, इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर द्वारा मेसर्स डोर्फ़ केतल के साथ स्वदेशी डीआरए तकनीक का सफलतापूर्वक व्यावसायीकरण किया है, जिसके परिणामस्वरूप मूल्यरवान विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। इस प्रौद्योगिकी को एफप्पीप द्वारा प्रतिष्ठित 'इनोवेटर ऑफ द ईयर दृ टीम' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। कच्चे तेल में आंतरिक रूप से विकसित डीआरए के प्रदर्शन के साथ–साथ ये उत्पाद वाणिज्यिक उत्पादों के समान पाए जा रहे हैं।

iii ईंधन उन्नयन प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होते हुए, बी एस – VI डीजल के लिए हल्दिया रिफाइनरी में स्थागपित 1.2 एमएमटीपीए ग्रास – रूट इंड डीज़ल े यूनिट का पीजीटीआर और बीएस – VI गैसोलीन उत्पादन के लिए गुवाहाटी रिफाइनरी में स्थारपित 35 केटीए ग्रास–रूट इंडाडिपार्टजी यूनिट के कार्य को सभी निर्दिष्ट गारंटी पैरामीटर की पूर्ति करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है।

iv रिफाइनिंग प्रौद्योगिकी और उत्प्रेरक आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए घरेलू क्षमताओं का विकास, बोंगाईगांव रिफाइनरी में सफलतापूर्वक कमीशन किए गए आंतरिक रूप से विकसित हाइड्रोट्रीटिंग उत्प्रेरक इंडीकेटफ्लैक्सीन का उपयोग एक 235 केटीए ग्रास–रूट इंड–डीएसएनो यूनिट द्वारा किया जा रहा है। आंतरिक रूप से विकसित इंडिकैट प्राइम डीएचडीटी उत्प्रेरक के 377 एमटी का निर्माण कार्य तथा आपूर्ति गुजरात रिफाइनरी की डीएचडीटी इकाई के लिए की जाती है।

v 'कचरा से कंचन' के मंत्र के अनुरूप, अपनी किस्मं के प्रथम अपशिष्ट प्लास्टिक से ईंधन रूपांतरण प्रौद्योगिकी इंडी–को–पी2एफ को केंद्र द्वारा सफलतापूर्वक विकसित किया गया है और डिगबोई रिफाइनरी की 0.17 एमएमटीपीए विलंबित कोकर इकाई में 95% से अधिक रूपांतरण दर और मौजूदा हार्डवेयर में न्यूनतम संशोधन के साथ प्रदर्शित किया गया है।

vi आत्म निर्भर भारत 'के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में, निडल कोक की घरेलू मांग की पूर्ति करने के लिए 1170 करोड़ रुपये के निवेश पर पारादीप रिफाइनरी में इन–हाउस विकसित निडल कोकर तकनीक पर आधारित 170 केटीए नीकोमैक्स यूनिट की योजना तैयार की गई है।

8.1.3.व्यापार की मात्रा पर ध्यान न देते हुए देश के रक्षा बलों का सहयोग करने के लिए कार्य करते हुए, इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर द्वारा विंटर ग्रेड बीएस VI डीजल के विकास समर्थन किया गया और विभिन्न ग्रेडों के लिए बहु – भंडारण सुविधाओं को कम करते हुए प्रचालनों में सुगमता के लिए आईएस 1460–17 तथा आर्मी ग्रेड डीएचपीपी (विंटर ग्रेड) विनिर्देशों का अनुपालन करते हुए इसका उत्पादन पानीपत रिफाइनरी में किया जा रहा है। आईओसीएल सर्वो प्राइड XL प्लस 5डब्यूहाी–40 को के9 वज्र हाई एल्टीट्यूड एप्लिकेशन (आर्टिलरी गन्स – इंजन एटीयू और फाइनल ड्राइव यूनिट्स) के लिए अनुमोदित कर दिया गया है और सर्वोसिंको ई46 को इंगरसोल रैंड मेक कंप्रेसर इन एचएमएस (हल मशीन शॉप) के लिए ऑर्डनेंस फैक्ट्री, मेडक द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

8.1.4 हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की दिशा में एक अस्थायी समाधान के रूप में, एक एचसीएनजी प्रदर्शन परियोजना को दिल्ली में इंडियन ऑयल आर एंड डी द्वारा आईजीएल के साथ संयुक्त रूप से प्रचालित किया गया था, जिसके अंतर्गत राजघाट बस डिपो की 50 बीएस IV अनुपालन सीएनजी बसों पर 4 टीपीडी कॉम्पैक्ट रिफॉर्मर प्लांट से उत्पादित इन–हाउस विकसित तकनीक पर आधारित एचसीएनजी ईंधन का उपयोग किया गया। इस परीक्षण के परिणाम, जो काफी आशाजनक और दावों के अनुरूप पाए गए हैं, उन्हें एमओपीएनजी के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है।

8.15 आईओसीएल आरएंडडी के निरंतर प्रयासों द्वारा न केवल घरेलू आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सहायता प्राप्त हुई है, बल्कि वर्ष 2021–22 के दौरान केंद्र ने ग्राहकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए और आयात प्रतिस्थापन प्रदान करने के लिए दीर्घ कालीन जीवन, ऊर्जा कुशल स्नेहक और ग्रीस के विकास पर ध्यान संकेंद्रित किया है। अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक, 97 लुब्रिकेंट फॉर्मूलेशन जारी किए गए और प्रमुख वैश्विक ओईएम की ओर से 43 से अधिक ओईएम अनुमोदन प्राप्त किए गए।

8.1.6. आईओसीएल आर एंड डी ने कुशल और पर्यावरण अनुकूल विभेदित ईंधन और एडिटिव्स के विकास की दिशा में कार्य करते हुए, माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, एक्स्ट्राग्रीन डीजल और ग्रीन कॉम्बो लुब्रिकेंट्स विकसित कर एक असाधारण कदम उठाया है और वायु प्रदूषण को कम करने और 5 से 7: की ईंधन लागत संबंधी लाभ प्राप्ति के लिए उपयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने के लिए कार्य के दौरान विशिष्ट और विशेष सॉल्यूकशन प्रदान करने से संबंधित अपनी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

एक्सयपी 95 और एक्ससपी 100 उच्च ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल, जिसे आर एंड डी टीम द्वारा तीव्र गति प्रदान करे और ईंधन की बचत को बढ़ाने के साथ साथ ईंजन के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए विकसित किया गया है, इसे इस वर्ष के दौरान अखिल भारतीय स्तंर पर लॉन्च कर दिया गया है। इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास द्वारा डीजल वाहनों में एनओएक्स आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए उपयोग किए जाने योग्ये डीजल निकास द्रव 'क्लियर ब्लू' को विकसित किया गया है, जिसे वीडीए लाइसेंस प्राप्तन हुआ है।

8.1.7. आयात प्रतिस्थापन और समान प्रगति की दिशा में कार्य करते हुए, इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र कृषि अपशिष्ट से 2जी इथेनॉल, ऑटोमोबाइल के लिए ईंधन सेल प्रौद्योगिकी, कॉर्बनडायऑक्साएइड से जैव – डीजल उत्पादन, सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण उपकरण आदि जैसे नवीकरणीय ऊर्जा समाधान उपलब्धड करने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्रों में अथक प्रयास कर रहा है।

i इंडियन ऑयल द्वारा हाल ही में प्रोद्योगिकियों जैसे कि सौर इलेक्ट्रो लिसिस, बायोमास गैसीकरण और हरित कुल हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता युक्त जैव – मीथेनेशन = ~1 टन प्रति दिन पर फोकस करते हुए एक परियोजना आरंभ की गई है जो स्वदेशी रूप से उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विभिन्न् हाइड्रोजन उत्पादन मार्गों का आकलन करती है। इस प्रोद्योगिकी का प्रदर्शन उत्पादन प्रक्रियाओं और ईंधन सेल प्रौद्योगिकी की प्रभावकारिता, दक्षता और स्थिरता स्थापित करने के लिए 15 ईंधन सेल बसों में किया जाएगा। इंडियन ऑयल गुजरात रिफाइनरी में भारत का प्रथम फ्यूल सेल ग्रेड हाइड्रोजन डिस्पेंसिंग स्टेशन भी आरंभ करने जा रहा है, ताकि वडोदरा से स्टैच्यू टू यूनिटी के प्रतिष्ठित मार्ग पर फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की जा सके।

ii आईओसीएल अपनी किस्म् का पहला 10 टीपीडी डेमो संयंत्र स्थापित कर रहा है जिसमें एकीकृत एंजाइम उत्पादन के साथ आरएंडडी विकसित 2जी एथेनॉल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। संयंत्र के यांत्रिक रूप से संपन्नथ होने की संभावना जून'22 तक है। अनुसंधान एवं विकास द्वारा इसे भी विकसित किया गया है, और प्रयोगशाला में 'फसल अवशेष डीकंपोजर' का परीक्षण किया गया है, जो कि धान की कटाई के पश्चारत खेत में छोड़े गए कृषि अवशेषों के क्षरण / अपघटन को तीव्र करने के लिए रोगाणुओं का मिश्रण है। यह पराली को जलाने से रोकने से संबंधित एक कुशल और प्रभावी, सस्ता, अपनाने में सरल विकल्प होगा।

iii इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर द्वारा कोच्चि और दाहेज में हैवी ड्यूटी बसों में परीक्षण से पहले इंजन का घैर्य परीक्षण (1500 बजे तक) के लिए उपयोग किए जाने योग्य् बीएस VI–एलएनजी इंजन परीक्षण सुविधाओं की स्थापना की गई है।

8.1.8. इंडियन ऑयल का अनुसंधान एवं विकास केंद्र, एक्स्ट्रा–तेज और इंडेन नैनोकट जैसे उत्पादों के अतीत में विकास और वाणिज्यिक लॉन्च के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन संबंधी विशेषताओं को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उत्पाद प्लेटफार्मों पर नैनो प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इंडियन ऑयल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र द्वारा अब कोविड वायरस के प्रसार से बचाव के लिए हाइड्रोजेल में बिखरे सिल्वर नैनो कणों के साथ एक सरफेस डिसइंफेक्टेंट स्प्रे विकसित किया गया है। कीटाणुनाशक उत्पाद को 'इंडियन ऑयल एक्स्ट्रागार्ड' के रूप में लॉन्च किया गया था। पेटेंट उत्पाद इंडियन ऑयल की ओर से अपनी किस्मे का प्रथम नैनो–आधारित स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित उत्पाद है।

8.1.9. इंडियन ऑयल आर एंड डी सेंटर स्टार्ट अप फंडिंग योजना का नेतृत्व करता है, जिसमें 24 स्टार्ट–अप्स को 2 राउंड फंडिंग में 31.5 करोड़ रुपये के माध्योम से विकसित होते

हुए देखा गया है। इंडियन ऑयल अवधारणा के प्रमाण की उपलब्धि तक आंतरिक प्रक्रिया के स्वामियों द्वारा हैंडहोल्डिंग के माध्यम से स्टार्टअप को सलाह देने के लिए निकटता से शामिल रहता है। हाल ही में स्टार्टअप राउंड 3 को भी 30 करोड़ फंडिंग के आवंटन के साथ लॉन्च कर दिया गया है। इसके लिए चयन प्रक्रिया चल रही है।

8.2 ओएनजीसी द्वारा अनुसंधान एवं विकास

8.2.1 ओएनजीसी द्वारा अन्वेषण, वेधन, रिज़र्वायर प्रबंधन उत्पादन प्रौद्योगिकी, सागरीय इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट गतिविधियों को आरंभ करने के लिए पृथक अनुसंधान एवं विकास संस्थानों की स्थापना की गई है। इन संस्थानों को सहयोग प्रदान करने के लिए ओएनजीसी की विभिन्न परिसंपत्तियों और बेसिनों में क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं। ओएनजीसी अपने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के माध्यम से अनुकूलन / विशिष्ट निर्माण कार्य और अनुप्रयुक्त अनुसंधान कार्य कर रहा है। पनवेल, नवी मुंबई स्थित गैस हाइड्रेट रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (जीएचआरटीसी) गैस हाइड्रेट्स के मूल सिद्धांतों की पूर्ति करता है, गैस के अन्वेषण व संभावित दोहन के लिए अनुसंधान, एक सुरक्षित और पर्यावरणीय रूप से अनुकूल विधि के माध्यम से गैस हाइड्रेट्स का व्यवसायीकरण किया जाता है।

वर्ष 2021–22 में भी, ओएनजीसी द्वारा अपने विभिन्न संस्थानों में पारंपरिक और गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन के लिए विभिन्न प्रकार के अनुसंधान एवं विकास अध्ययन कार्य किए गए।

उद्योग–अकादमि भागीदारीः ओएनजीसी द्वारा दिनांक 19 जनवरी, 2015 को नई दिल्ली में पैन आईआईटी के साथ सहयोग ज्ञापन (एमओसी) में प्रवेश किया है जिसका उद्देश्य हाइड्रोकार्बन और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का अन्वेषण कार्य और दोहन को बढ़ाने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए एक सामूहिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम की दिशा में कार्य किया जा सके। पैन आईआईटी सात प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकीय संस्थानों अर्थात् आईआईटी – खड़गपुर, आईआईटी दृ कानपुर, आईआईटी मद्रास, आईआईटी – मुंबई, आईआईटी – दिल्ली, आईआईटी – गुवाहाटी और आईआईटी – रुड़की का एक परिसंघ है। इस कार्यक्रम के तहत, ओएनजीसी संस्थानों / अनुसंधान एवं विकास केंद्रों द्वारा ओएनजीसी और आईआईटी खड़गपुर (सात आईआईटी की ओर से) के बीच हस्तासक्षरित सहयोग समझौते के तहत 4 चरणों में 40 आर एंड डी परियोजनाओं के लिए कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 31.12.2021 तक, 19 परियोजनाओं पर कार्य संपन्न्ज हो चुका है और 21 परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं।

ओएनजीसी द्वारा आईओआर / ईओआर गतिविधियों के क्षेत्र में आर एंड डी संबंधी पहलः ओएनजीसी द्वारा फील्डस के कार्य प्रदर्शन संबंधी विश्लेषण के लिए निरंतर आधार पर प्रयास किए जा रहे हैं तथा फील्ड संबंधी कार्य प्रदर्शन और प्राप्ति में सुधार के लिए उपयुक्त सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं। वास्तव में, रिकवरी फैक्टर में 40% तक सुधार लाना ओएनजीसी के रणनीतिक लक्ष्यों में से एक है। ओएनजीसी द्वारा प्रचालित क्षेत्रों की निष्कर्षण दक्षता अथवा पुनर्प्राप्ति कारक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तुलनीय है; तथापि, इसके सुधार के लिए और अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। वसूली कारक को बढ़ाने के लिए प्रमुख अनुसंधान एवं विकास उपाय निम्नानुसार हैंः

- मुंबई हाई साउथ फील्ड में प्रायोगिक अल्पक लवणता युक्ति जल प्रवाह (एलएसडब्ल्यूएफ) रू इस परियोजना को एमएचएसआरडी चरण – IV के तहत बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसके अलावा, एलएसडब्ल्यूएफ स्क्रीनिंग रिपोर्ट को जून – 2019 में डीजीएच द्वारा अनुमोदित किया गया था। प्रायोगिक कार्यवाही कार्यान्वयन अधीन है।
- झालोरा फील्ड के के – IV पे में एएसपी परियोजना का व्यावसायीकरण रू एएसपी परियोजना के कार्यान्वयन पर 22 मार्च से विचार किया जाता है। परियोजना के कार्यान्वयन से वर्ष 2036–37 तक 0.774 एमएमटी के एक वृद्धिशील तेल की परिकल्पना की जाएगी।
- बोरहोला क्षेत्र में अमिश्रणीय गैस इंजेक्शनः इस योजना के तहत 37% की वसूली के साथ 0.30 एमएमटी वृद्धिशील तेल की परिकल्पना की गई है। प्रायोगिक पैमाने पर दिसंबर 2016 में दो कूपों के माध्यीम से प्रक्रिया आरंभ कर दी गई। यह पहली घटना है कि जब ईओआर को असम में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। एफआर को अनुमोदित कर दिया गया है और परियोजना कार्यान्वयन अधीन है। 22 अप्रैल तक कार्य संपन्न्क होने की संभावना है।
- कसोमारीगांव क्षेत्र में गैस सहायित ग्रेविटी ड्रेनेज रू इस योजना के अंतर्गत 33ः की वसूली सहित 0.31 एमएमटी के वृद्धिशील तेल की परिकल्पना की गई है एफआर को अनुमोदित कर दिया गया है और परियोजना कार्यान्वयन अधीन है। 22 अप्रैल तक कार्य संपन्नी होने की संभावना है।
- खोराघाट फील्ड में ग्रेविटी सहायित इमिस्सीबल गैस इंजेक्शन (ईओआर)ः इस योजना के तहत 23ः रिकवरी के साथ 0.15 एमएमटी के इंक्रीमेंटल ऑयल की परिकल्पना की गई है। एफआर को अनुमोदित कर दिया गया है और परियोजना कार्यान्वयन अधीन है। 22 अप्रैल तक कार्य संपन्न्र होने की संभावना है।
- संथाल में डाउन डिप एयर इंजेक्शन रू 6 एयर इंजेक्टर और 3 नए उत्पादकों के साथ 2 पैटर्न स्वीकृत किए गए और वे कार्यान्वयन अधीन हैं। परिकल्पित वृद्धिशील तेल 0.222 एमएमएल है।

- बेचराजी फील्ड में संपूर्ण फील्ड पॉलिमर फ्लडः फील्ड कार्यान्वयन समय को कम करने के लिए प्रायोगिक परिणामों से पूर्व संपूर्ण फील्ड पॉलीमर फ्लड अध्ययन किया गया। 35 नए तेल उत्पादक और 28 पॉलिमर इंजेक्टर विचारित इनपुट्स हैं। इसमें 1.85 एमएमटी (बीएयू से ~5%) की वृद्धिशील तेल वृद्धि और वर्ष 2040 तक 22.5% की वसूली की परिकल्पना की गई है।
- संथाल फील्डः मौजूदा आईएससी योजना को अनुकूलित करने के लिए सिमुलेशन अध्ययन किया गया और पैटर्न एयर इंजेक्शन द्वारा 940 मीटर एमएसएल कंटूर से कम डाउन डिप ऑयल को अभिलक्षित किया गया। इसमें 2.6 एमएमटी (बीएयू पर ~5%) वृद्धिशील तेल लाभ और वर्ष 2035 तक 43% रिकवरी की परिकल्पना की गई है। डाउन डिप एयर इंजेक्शन अनुमोदित है और कार्यान्वयन के तहत है।
- साणंद में एएसपी प्रायोगिकः यह ईआर समिति द्वारा अनुमोदित परियोजना है। परिकल्पित वृद्धिशील तेल 6450 घन मीटर है।
- नवगाम में प्रायोगिक उच्च दाब वायु इंजेक्शनः यह ईआर समिति द्वारा अनुमोदित है। पहली बार हल्के तेल में वायु इंजेक्शन का परीक्षण किया जाएगा। परिकल्पित वृद्धिशील तेल 37000 घन वर्ग मीटर है।
- गंधार फील्ड में कार्बन कैप्चर, उपयोगिता और भण्डारण (सीसीयूएस) के रूप में कॉर्बन डॉयऑक्सा इड ईओआरः यह भारत में सीसीयूएस के लिए प्रथम में कॉर्बन डॉयऑक्साइड ईओआर होगा। व्यवहार्यता अध्ययन की योजना तृतीय पक्षकार द्वारा आईआरएस अध्ययन के आधार पर नियोजित की गई है जिसे अमरीका की मैसर्स पेट्रोटेल, द्वारा विधिवत रूप से पुनरीक्षित किया गया है। ओएनजीसी द्वारा परियोजना के संभावित लागत अनुमान के साथ सतही सुविधाओं और पाइपलाइन परिवहन सहित व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए मेसर्स टोयो इंजीनियरिंग, जापान को कार्य के लिए किराया आधार पर नियोजित किया गया है। यह अध्ययन कार्य मई, 2021 में संपन्न कर लिया गया है। आईओसीएल द्वारा किए गए व्यवहार्यता अध्ययन के पश्चात, सतही और उप – सतही पहलुओं को कवर करते हुए एक एकीकृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की गई थी।

8.2.2. ओएनजीसी द्वारा पंजीकृत आर एंड डी पेटेंट

अनुसंधान एवं विकास किसी भी देश की उत्पादकता और आर्थिक विकास के प्रमुख संचालकों में से एक होता है। इसे कार्य को संपन्नी करने के लिए, ओएनजीसी द्वारा एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना की परिणामी परियोजना की सुरक्षा के लिए अपने अनुसंधान एवं विकास संबंधी तकनीकी नवाचार/आविष्कार को पेटेंट कराने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। चालू वर्ष 2021–22 के दौरान दिसंबर, 2021 तक ओएनजीसी ने 3 पेटेंट प्राप्त कर लिए हैं, 11 पेटेंट दाखिल किए है। इनका विवरण निम्निलिखित हैः

क ओएनजीसी द्वारा प्राप्त पेटेंटः

- तेल और गैस कूपों के लिए संक्षारण अवरोधित पूर्णता तरल पदार्थ तैयार करने की प्रक्रिया।
- एस्फाल्टिक और मोमयुक्तं क्रूड ऑयल इमल्शन के लिए चिपचिपाहट रोधक और प्रवाह सुधारक मिश्रण और इस प्रकार के मिश्रण को तैयार करने की एक विधि
- पेट्रोफिजिकल अध्ययन में प्रयुक्त कोर प्लग से पारे की प्राप्ति।

ख ओएनजीसी द्वारा दायर पेटेंटः

- कच्चे तेल की तापीय परिपक्वता के इष्टतम मात्रात्मक आकलन से संबंधित एक प्रणाली।
- गैर परंपरागत रिज़र्वायरों की शेल गैस क्षमता के आकलन से संबंधित एक विधि।
- 3डी स्टैक्ड टाइम डोमेन सिस्मिक क्यूब से ध्नि के अवरोधन से संबंधित विधि।
- कच्चे तेल की तापीय परिपक्वता के मात्रात्मक आकलन के लिए एक प्रणाली और विधि।
- स्टोकेस्टिक बहु–खनिज मॉडलिंग का उपयोग करते हुए क्लैस्टिक गैस हाइड्रेट रिज़र्वायरों के लिए पेट्रोफिजिकल मूल्यांकन के लिए विधि।
- गैर – सीमेंट युक्तल क्षति नियंत्रक संरचना तैयार करने की प्रक्रिया।
- कुशल और माप योग्या सेल्फ – क्लीनिंग कोटिंग (यूरोपीय) तैयार करने की एक विधि।
- कुशल और माप योग्या सेल्फ – क्लीनिंग कोटिंग (कोरियाई) तैयार करने की एक विधि।
- हाइब्रिड डीप लर्निंग दृष्टिकोण के माध्यम से गैर दृ लेबल धारी भूकंपीय डेटा का लाभ प्राप्ते कर रिज़र्वायरों के गुणों के पूर्वानुमान की विधि।
- माइक्रो शैवाल बॉयोमास के हाइड्रोथर्मल द्रवीकरण के माध्यम से तरल परिवहन ईंधन के उत्पादन की प्रक्रिया
- कुशल और माप योग्य सेल्फ – क्लीनिंग कोटिंग (यूएस) तैयार करने की एक विधि।

8.2.3 ओएनजीसी में सम्मिलित की गई नवीन प्रौद्योगिकियां

उद्योग की आवश्यकता के अनुसार ओएनजीसी में प्रौद्योगिकीय उन्नयन और समावेश के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान मूल्यांकित/ सम्मिलित की गई प्रौद्योगिकियों की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं।

- **सीसनेटिक्सटीएम सॉफ्टवेयरः** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित व्यावसायिक रूप से उपलब्ध इंटरप्रिटेशन सॉफ्टवेयर, जिसे हाल ही में भूकंपीय डेटा वॉल्यूम को आनुवंशिक रूप से संबंधित तरंगों की भू–आबादी में पूर्णत्यो स्वचालित रूप से विभाजित करने के लिए शामिल किया गया है। इसने अल्पं समय के भीतर 3डी भूकंपीय डेटा की बड़ी मात्रा की व्याख्या को सक्षम किया है और परियोजना के सर्वांगीण विकास अवधि को काफी कम कर दिया है।
- **द्रोण सॉफ्टवेयरः** भूकंपीय डेटा अन्वेषण में एआई / एमएल आधारित डेटा विश्लेषण करने के लिए डेटा विज्ञान मंच प्रदान करने के क्रम में जियोपिक में एक इन–हाउस मॉड्यूलर डेटा विज्ञान उपकरण विकसित किया गया है। प्रथम चरण में, इस उपकरण (द्रोण के नाम से जाना जाता है) को वेल्स में शैल संलक्षणी पहचान उपलब्धच करने के लिए विकसित किया गया है। यह अल्प समय और प्रयास से चेहरे की पहचान को तीव्रता से और कुशलता से प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा।
- **सीस्टलीजेंसः** एआई/एमएल के क्षेत्र में जियोपिक की इन–हाउस पहल के परिणामस्वरूप पायथन आधारित एआई/एमएल टूल का विकास हुआ, जिसे 'सीस्टलिजेंस' नाम दिया गया। इस टूल में 16 से अधिक मशीन लर्निंग मॉडल (छिछले के साथ साथ गहन रूप से) को एकीकृत किया गया है और अब यह एआई/एमएल आधारित परियोजनाओं को संपन्न करने के लिए जियोपिक और अन्य कार्य केंद्रों में व्यावसायिक उपयोग में है।

8.2.4 अनुसंधान एवं विकास अध्ययनों से प्राप्त लाभ

- ओएनजीसी द्वारा आरंभ की गई सभी आरएंडडी परियोजनाओं द्वारा ओएनजीसी की तीव्र और प्रभावी ई एंड पी गतिविधियों को सुगम बनाया गया। संस्थानों द्वारा की गई अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों द्वारा कंपनी में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए मौजूदा पेट्रोलियम प्रांतों में नए तेल की खोज के माध्यम से भंडार में वृद्धि सहित उच्च सफलता – अनुपात सुनिश्चित कर कंपनी के विकास को संवर्द्धित करने में सहायता प्रदान की है। अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों द्वारा वसूली कारक में सुधार, तेल वृद्धि में वृद्धि, सीमांत घाटियों, गहन जलीय के ब्लॉकों में अन्वेषण की जटिल चुनौतियों को कम करने और अपरंपरागत ऊर्जा संसाधनों का दोहन करने में भी सुविधा प्रदान की है।

वित्तीय वर्ष	अनुसंधान एवं विकास व्यय (करोड़ ₹ में)
2016-17	592
2017-18	586
2018-19	583
2019-20	556
2020-21	554

8.2.5. अनुसंधान एवं विकास व्यय

8.3. गेल

8.3.1. अनुसंधान एवं विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे व्यापक रूप से तेल और गैस क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की कुंजी के रूप में पहचाना जाता है। आर्थिक विकास में योगदान देने के अलावा, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार में तेल और गैस फर्मों की प्रतिस्पर्धात्मकता को निर्धारित करने में आर एंड डी एक महत्वपूर्ण कारक होता है। वास्तव में, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्राकृतिक गैस ऊर्जा का महत्व गेल को अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र में निरंतर निवेश करने के लिए बाध्य करता है। गेल द्वारा अंगीकृत बुद्धिमान पाइप स्वास्थ्य निगरानी रोबोट, मीथेन से ओलेफिन, पाइपलाइन अखंडता प्रबंधन और अपशिष्ट से ऊर्जा से संबंधित विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर राष्ट्रीय संस्थानों / प्रयोगशालाओं के साथ साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम चलाए जाते है।

'पाइपलाइन एसेट मॉनिटरिंग एंड इंटीग्रिटी मैनेजमेंट' के तहत अनुसंधान कार्यों में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता, सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ाने पर बल दिया जाता है। इस पहल के तहत, गेल, आईआईटी – कानपुर के सहयोग से गैस पाइपलाइन नेटवर्क के लिए 'एडॉप्टिव इंटेलिजेंट पाइप हेल्थ मॉनिटरिंग रोबोट' का एक प्रोटोटाइप विकसित कर रहा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, तीन पृथक सेंसरों का अनुकूलन और सत्यापन और इसके प्रदर्शन, लंबी दूरी के संचार विकास, गति नियंत्रण प्रणाली का एकीकरण और मशीन लर्निंग आधारित दोष वर्गीकरण का विकास, प्रोटोटाइप के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा, पाइपलाइन आरओयू (उपयोग का अधिकार) की हवाई निगरानी के लिए अतिक्रमण की शीघ्र पहचान और रोकथाम के लिए, गेल निगरानी, टोही और परिसंपत्ति निगरानी (एसआरएएम) के लिए 'कम ऊंचाई लंबी सहनशक्ति (एलएएलई) मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) को भी आईआईटी कानपुर के सहयोग से विकसित कर रहा है। इस यूएएस की मुख्य विशेषताओं में ऊर्ध्वाधर टेक–ऑफ और लैंडिंग, ऑटोप्रायोगिक, उड़ान की दृश्य सीमा से परे, विद्युतीय संचालन बल, गैस रिसाव ज्ञात करना, इसका हल्काट होना (11 किग्रा) आदि शामिल हैं। शॉर्ट–रेंज ट्रायल रन किया गया है एचडी

कैमरा (कैमरों) के साथ लगे प्रोटोटाइप से सफलतापूर्वक कार्य संपन्न किया गया और वर्तमान स्थिति के अनुसार उच्च–रिज़ॉल्यूशन गैस सेंसिंग कैमरों और एचडी वीडियो कैमरों के साथ लंबी दूरी की उड़ान परीक्षण कार्य प्रगति पर हैं।

'प्राकृतिक गैस उपयोग / मूल्य संवर्धन' के प्रमुख क्षेत्रों के तहत, गेल आईआईटी – बीएचयू के साथ प्राकृतिक गैस सुधार के माध्यम से ईंधन सेल ग्रेड अल्ट्रा – प्योर हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए एक 'मेम्ब्रेन रिफॉर्मर' के विकास से संबंधित सहयोगी अनुसंधान कार्यों पर कार्यवाही कर रहा है। इसके अलावा, सीएसआईआर – आईआईपी, देहरादून के साथ ऑक्सीडेटिव कपलिंग के माध्यम से मीथेन के ओलेफिन में प्रत्यक्ष रूपांतरण के लिए एक नवीन विषम उत्प्रेरक को विकसित किया जा रहा है। गेल ईंधन दक्षता में सुधार और एनओ, पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) और सीओ उत्सर्जन को कम करने के लिए दोहरे ईंधन (सीएनजी और डीजल) संपीड़न इग्निशन इंजन के दहन और उत्सर्जन घटना की जांच के लिए आईआईटी – बॉम्बे के सहयोग से अनुसंधान कार्य भी कर रहा है।

उपर्युक्त पहलों के अलावा, अनुसंधान प्रयासों को शून्य अपशिष्ट निर्वहन पर ध्यान संकेंद्रित करने के साथ साथ 'अपशिष्ट मूल्यांकनश के पहलुओं की ओर भी निर्देशित किया जाता है। इस दिशा में, गेल आईआईटी मद्रास के साथ 'अपशिष्ट जल शोधन और हाइड्रेट प्रक्रिया के रूप में पुनर्चक्रण' पर अनुसंधान परियोजना का अनुसरण किया जा रहा है। यह अपेक्षित है कि अनुकूलित हाइड्रेट – आधारित प्रक्रिया का विकास किया जाए जिसे आरओ – आधारित अपशिष्ट जल शोधन की तुलना में अधिक ऊर्जा कुशल माना जाता है।

8.3.2. अपशिष्ट प्लास्टिक से डीजल

सहयोगी अनुसंधान एवं विकास पहल के तहत, गेल द्वारा भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी), देहरादून में 1 टीपीडी क्षमता के 'अपशिष्ट प्लास्टिक को डीजल में बदलने' के प्रयोजन से एक प्रायोगिक संयंत्र विकसित और स्थापित किया गया है। इस प्रायोगिक संयंत्र का उद्घाटन दिनांक 27 अगस्त, 2019 को डॉ. हर्षवर्धन, माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किया गया था। वर्तमान स्थिति के अनुसार, व्यावसायीकरण के उद्देश्यड से प्रौद्योगिकी के सत्यापन के लिए व्यापक परिचालन डेटा तैयार किया जा रहा है।

8.3.3. मीथेन से ओलेफिन्स

प्राकृतिक गैस से मूल्य संवर्धन संबंधी पहल के तहत, मीथेन से ओलेफिन्स में सीधे रूपांतरण से संबंधित एक शोध परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, नए 3–डी सहसंयोजक कार्बनिक फ्रेमवर्क (सीओएफ) आधारित अवशोषकों के साथ उच्च सतही क्षेत्र तथा आशाजनक मीथेन भंडारण क्षमता युक्त को अवशोषित प्राकृतिक गैस (एएनजी) प्रौद्योगिकी के लिए संश्लेषित किया गया था।

इसके अलावा, सफलतापूर्वक कार्यरत सहयोगात्मक अनुसंधान ; बीएस–VI उत्सर्जन की पूर्ति करने के लिए मौजूदा बीएस–IV सीएनजी एचसीवी इंजन का प्रदर्शन उन्नयन; प्राकृतिक गैस से एसिड गैसों को पृथक करने के लिए खोखली फाइबर झिल्ली और मॉड्यूल का विकास कार्य; और देश भर की प्रतिष्ठित आर एंड डी प्रयोगशालाओं के सहयोग से सीओ प्रतिस्थापन द्वारा समुद्री हाइड्रेट्स से मीथेन उत्पादन का अनुसरण किया जा रहा है।

8.4 ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) द्वारा अनुसंधान एवं विकास

8.4.1. ओआईएल में उपलब्ध अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं

ओआईएल द्वारा निम्नलिखित अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं अधिग्रहित हैं नामः

i रॉक इवल – 6
ii एक्स–रे डिफ्रेक्टोमीटर
iii स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एसईएम)
iv सीएचएनएसओ विश्लेषक
v गैस क्रोमोटोग्राफ मास स्पेक्ट्रोमीटर / मास स्पेक्ट्रोमीटर (जीसी – एमएस / एमएस)
vi गैस क्रोमैटोग्राफ मास स्पेक्ट्रोमीटर के साथ पायरोलिसर
vii गैस क्रोमैटोग्राफ और मौलिक विश्लेषक के साथ आइसोटोप अनुपात मास स्पेक्ट्रोमीटर
viii फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड (एफटी – आईआर) स्पेक्ट्रोफोटोमीटर
ix नियंत्रित तनाव रियोमीटर
x स्पिनिंग ड्रॉप वीडियो टेन्सियोमीटर
xi फ्लेम आयनीकरण डिटेक्टर (एफआईडी) के साथ गैस क्रोमैटोग्राफ
xii थर्मल एनालाइजर (टीजीए – डीएससी)
xiii एफआईडी के साथ पतली परत युक्ते क्रोमैटोग्राफ
xiv बायो – रिएक्टर
xv जैव सुरक्षा कैबिनेट
xvi अवायवीय कार्य केंद्र
xvii अनुसंधान माइक्रोस्कोप
xviii बीओडी इनक्यूबेटर
xix ग्रेडिएंट पीसीआर मशीन

xx ड्यूअल चौंबर शेकर इनक्यूबेटर

xxi कूलिंग सेंट्रीफ्यूज

xxii बायोरिएक्टर

xxiii हाई परफॉरमेंस लिक्विटड क्रोमैटोग्राफ (एचपीएलसी)

xxiv स्वचालित आटोक्लेव

xxv स्वचालित सॉक्सलेट उपकरण

xxvi –80 डिग्री सेंटीग्रेड डीप फ्रीजर

xxvii जैल प्रलेखन प्रणाली

xxviii जैल वैद्युतकण–संचलन इकाई

xxix यूवी – दृश्यमान स्पेक्ट्रोफोटोमीटर

xxx अल्ट्रा दृ प्योर लैबोरेट्री जल शुद्धिकरण प्रणाली – लोहे निष्कासन सहित

xxxi फ्लैश प्वाइंट उपकरण

xxxii स्थिर परिस्थितियों में मोम निक्षेपण अध्ययन के लिए कोल्ड फिंगर टेस्ट सेटअप

xxxiii गतिशील परिस्थितियों में मोम निक्षेपण अध्ययन के लिए फ्लो लूप उपकरण

xxxi अबाध्यत संवहन ओवन

xxxv मफल फर्नेस

xxx अपगठन प्रतिक्रिया परीक्षक

8.4.2 वर्ष 2021–22 (31.12.2021 तक) में की गई अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां / अध्ययन

आर एंड डी विभाग कंपनी की रणनीतिक आवश्यिकताओं की पूर्ति करने के दृष्टिकोण से परियोजनाओं पर कार्यवाही करता है जिनमें तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने के संबंध में क्षेत्र से संबंधित समस्याओं को हल किया जाता है और स्वाच्छ हाइड्रोजन और भू–तापीय ऊर्जा जैसे ऊर्जा के दीर्घकालिक स्वच्छ स्रोतों को ज्ञात करना शामिल है। अनुसंधान एवं विकास विभाग द्वारा पेट्रोलियम भू–रासायनिक अन्वेषण, वधित तेल / उन्नत तेल निकासी, तेल क्षेत्र रसायन, प्रवाह आश्वासन, जल स्थीगन, कूप उत्तेजना, माइक्रोबियल क्षारण को घटाने के लिए पेट्रोलियम सूक्ष्मजीवविज्ञानी हस्तक्षेप, माइक्रोबियल संवर्धित तेल वसूली और तेल व गैस के माइक्रोबियल पूर्वेक्षण जैसे क्षेत्रों में इन–हाउस उपचारात्मक समाधान विकसित करने के प्रयोजन से अनुप्रयुक्त अनुसंधान कार्य किए जाते हैं। । वर्ष 2021–22 के दौरान आरंभ की गई परियोजनाएं / अध्ययन निम्नायनुसार हैं:

i साइडवाल कोर के भू–रासायनिक विश्लेषण के माध्यम से रिज़र्वायर द्रव की पहचान

ii स्रोत क्षमता के अध्ययन के लिए मुख्य नमूनों का रॉक–एवल पायरोलिसिस अध्ययन

iii स्रोत रॉक के काइनेटिक पैरामीटर निर्धारण करने की विधि का विकास कार्य

iv कच्चे तेल के संतृप्त और गंध युक्तर अंशों में बायोमार्कर को एक साथ निर्धारित करने से संबंधित विधि का विकास कार्य

v तेल भू–रसायन का उपयोग करते हुए कैथलोनी ऑयलफील्ड के लाकाडोंग + थेरिया संरचनाओं का रिज़र्वायर निरंतरता अध्ययन

vi तेल भू–रसायन का उपयोग करते हुए नागजन रिज़र्वायर के ऊपरी टीपम ब्लॉक एनएचके 262 का रिज़र्वायर निरंतरता अध्ययन

vii दिनजान – 1 कूप. से गैस और हल्के तेल का भू–रासायनिक अभिलक्षणन

viii ओएएलपी I ब्लॉकः एए–ओएनएचपी–2017 / 20 (नामरूप – बोरहाट ब्लॉक) से तैरते तेल और मृदा का भू–रासायनिक अभिलक्षणन

ix तेल और गैस पाइपलाइनों से चट्टानों के नमूनों और क्षार उत्पादों का खनिज संबंधी विश्लेषण

x कच्चे तेल, कच्चे तेल के अंश, मृदा और प्राकृतिक गैस के नमूनों के लिए समस्थानिक अनुपात मास स्पेक्ट्रोमेट्री अध्ययन

xi पाउडर एक्सअ आर डी रीटवेल्डअ शोधन द्वारा खनिज मात्रा की स्थिरता संबंधी इन – हाउस विधि संबंधी विकास

xii मिट्टी के नमूनों में अधिशोषित गैस के विश्लेषण के माध्यम से मोरन ऑयलफील्ड और बिश्वनाथ चराली ब्लॉक में हल्दीबाड़ी दृ थौवड़ा ब्लॉक में भूतल भू–रासायनिक पूर्वेक्षण अध्ययन

xiii दुलियाजान – डिगबोई कच्चे तेल की परिवहन पाइपलाइन के माध्यम से परिवहन किए गए कच्चे तेल पर फ्लो इम्प्रूवर के प्रभाव की आणविक जांच

xiv अम्लों के संयोजन का उपयोग करते हुए मैट्रिक्स उपचार की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रयोगशाला अध्ययन

xv टयूबिंग और पाइपलाइन जमा के लिए विलायक के रूप में उपयोग हेतु परिसंपत्तिवार वैकल्पिक कच्चे तेल की पहचान

xvi इन–हाउस विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए वेल स्टिमुलेशन जॉब्स की रूपरेखा तैयार करना

xvii पॉलिमर जैल आधारित जल स्थिगन और अनुरूपता नियंत्रण अध्ययन

xviii लिक्विड फ्लो इम्प्रूवर (टाइप – I, टाइप – II) और एलटी – ओएसडी जैसे विशिष्ट ऑयल फील्ड केमिकल्स के लिए वैकल्पिक विक्रेता तैयार करना

xix शाखा लाइन के लिए उपयुक्ता वैक्सा डिस्पर्सेंट फॉर्मूलेशन को विकसित करना

xx विभिन्न उत्पादन प्रतिष्ठानों में तेल घुलनशील डिमल्सीफायर अंश का अनुकूलन

xxi विभिन्न क्षेत्र प्रतिष्ठानों में स्केल गठन का नियंत्रण

xxii चिपचिपापन – दबाव ड्रॉप सहसंबंध अध्ययन

xxiii विभिन्न कूपों, पाइपलाइनों और प्रवाह लाइनों में प्रवाह आश्वासन संबंधी अध्ययन

xxiv मोरन – हल्दीबाड़ी 3डी ब्लॉक और बिश्वनाथ चराली ब्लॉक में तेल और गैस माइक्रोबियल जियो – पूर्वेक्षण (एमपीओजी)

xxv परिपक्व तेल क्षेत्रों से अवशिष्ट तेल की बेहतर वसूली के लिए हाइड्रोकार्बन रिज़र्वायर में मिथेनोजेन की जैव–उत्तेजना के लिए आंतरिक प्रौद्योगिकी का विकास

xxvi तेल कूपों में आंतरिक रूप से विकसित माइक्रोबायली एन्हांस्ड ऑयल रिकवरी (एमईओआर) तकनीक का फील्ड कार्यान्वयन

xxvii रियोजना की दक्षता को विकसित करने के लिए और इसी प्रकार की भावी परियोजनाओं में उपयोग के लिए प्रायोगिक पॉलिमर प्रवाह के साथ–साथ महत्वपूर्ण डेटा उत्पन्न करने से संबंधित आंतरिक अध्ययन

xxviii विषम रिज़र्वायरों के लिए पॉलिमर क्रॉस लिंकर प्रणाली के साथ संलग्नइ अनुरूपता नियंत्रण से संबंधित अध्ययन

xxix सीएसआईआर – इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम (सीएसआईआर – आईआईपी), देहरादून के साथ 'शाखा पाइपलाइन में ओआईएल के कच्चे तेल का मोम जमा व्यवहार' के संदर्भ में सहयोगात्मक अध्ययन

xxx ऊपरी असम में स्थित ओआईएल और ओएनजीसी परिचालन क्षेत्रों से पड़ोसी तेल क्षेत्रों से तेल और स्रोत चट्टानों का एकीकृत भू–रासायनिक अध्ययन

xxxi एएक्यूएम और स्टैक उत्सर्जन निगरानी

8.4.3 वर्ष 2021–22 में प्रदान किए गए पेटेंट

क 'स्टेप वाइज पायरोलिसिस–गैस क्रोमैटोग्राफी का उपयोग करते हुए विभिन्न परिपक्वता स्तरों पर केरोजेन के तेल / गैस में परिवर्तन को निर्धारित करने की विधि' विषयक आविष्कार' को अमरीका में प्रदान किया गया था रू पेटेंट संख्या यूएस 11073504, अनुदान की तिथि 27.07.2021

ख 'लो वैक्स क्रूड की मात्रा संबंधी विधि' शीर्षक धारक आविष्कार भारत में प्रदान किया गया था रू पेटेंट संख्या 374653 दिनांक 16.08.2021

8.4.4 चालू वर्ष और पिछले 3 वर्षों में और दिसंबर 2021 तक (अनंतिम) के दौरान अनुसंधान एवं विकास व्यय (राजस्व)

(₹ करोड़)

शीर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 (दिसंबर 2021 तक)
	वास्तविक	वास्तविक	वास्तविक	अनंतिम
अनुसंधान और विकास	80.01	80.75	84.56	46.15

8.4.5 अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने के लिए प्राप्त लाभ

दुलियाजान में ऑयल इंडिया लिमिटेड का अनुसंधान एवं विकास विभाग द्वारा अपने दैनिक कार्यों के दौरान कंपनी द्वारा अन्वेषण, वेधन, उत्पादन, कच्चे तेल के परिवहन, गैस और प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्रों में वहन की जा रही समस्याओं के लिए तकनीकी आर्थिक रूप से व्यवहार्य समाधान विकसित करने का प्रयास किया जाता है और सबसे प्राथमिक रूप में प्रचालन दक्षता में सुधार के लिए नई प्रौद्योगिकियों को पेश किया जाता है।

सभी आर एंड डी अध्ययनों और प्रारंभ की गई परियोजनाओं का कंपनी की ई एंड पी गतिविधियों में प्रभावी रूप से उपयोग किया जाता है।

8.5 बीपीसीएल द्वारा अनुसंधान एवं विकास

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा क्रमशः ग्रेटर नोएडा और मुंबई स्थित दो अत्याधुनिक आर एंड डी संस्थापनाएं अधिग्रहित हैं। इन केंद्रों को वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

8.5.1 कॉर्पोरेट आर एंड डी सेंटर (सीआरडीसी), ग्रेटर नोएडा

क परिचय

वर्ष 2001 में, बीपीसीएल द्वारा नई दिल्ली के समीप ग्रेटर नोएडा में 78 करोड़ रुपये के प्रारंभिक निवेश के साथ अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित किया गया है। यह अनुसंधान एवं विकास केंद्र 68 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 58 उच्च योग्यता प्राप्ता वैज्ञानिकों और प्रबंधकीय कर्मचारियों की एक टीम निहित है।

पिछले 20 वर्षों में, आर एंड डी सेंटर निरंतर तकनीकी सहायता और नए व्यवसाय विकास के प्रमुख क्षेत्रों के लिए नए उत्पाद विकसित करने के माध्यम से कॉर्पोरेट व्यवसाय का समर्थन करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। सीआरडीसी के मुख्य अनुसंधान क्षेत्रों को मुख्यॉतरू निम्नलिखित प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

- रिफाइनरी उन्नयन / अनुकूलन की प्रक्रिया
- नवीन ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों का विकास
- उत्पाद विकास

- जैव ईंधन
- पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल्स
- वैकल्पिक ईंधन और ऊर्जा

सीआरडीसी कच्चे तेल के मूल्यांकन, तेल शोधन उत्प्रेरक विकास, पर्यावरण के अनुकूल स्नेहक, प्रक्रिया अनुकरण और मॉडलिंग, क्षार, बिटुमेन संबंधित क्षेत्रों और वैकल्पिक ईंधन / ऊर्जा–जैव ईंधन, निम्नर पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल्स आदि जैसे उन्नत अनुसंधान क्षेत्रों में सक्रिय रूप से शामिल है। इस संदर्भ में, आर एंड डी परियोजनाओं को लीड, एडॉप्ट और कैटालाइज डोमेन के तहत वर्गीकृत किया गया है। अनुसंधान क्षेत्र, जिनमें आंतरिक क्षमता उपलब्ध है, लीड डोमेन के अंतर्गत प्रचालित होते हैं जबकि उत्प्रेरित डोमेन के तहत विकास कार्यों के निष्पादन के लिए कार्यान्वित करने के लिए क्षेत्रों द्वारा बाह्य सहयोग अपेक्षित होता है। उत्प्रेरित डोमेन में दीर्घकालिक और मध्यम अनुसंधान कार्यक्रम शामिल होते हैं। तदनुसार, अनुसंधान की आवश्यएकताओं की पूर्ति के लिए, उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों सहित अत्याधुनिक सुविधाएं सीआरडीसी में पहले से ही स्थापित हैं और उन्हें निरंतर उन्नत किया जाता है। आंतरिक अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के परिणामस्वरूप नए और विशिष्ट उत्पादों और प्रक्रियाओं का विकास हुआ है, जिनका वाणिज्यीकरण किया गया है / वाणिज्यीकरण किया जा रहा है।

ख आत्मनिर्भर भारत के तहत व्यवसायीकरण की पहलः

'आत्मनिर्भर भारत' के एक भाग के रूप में, सीआरडीसी द्वारा विभिन्न नवीन और विशिष्ट उत्पादों / प्रक्रियाओं को विकसित किया गया है और इसका व्यावसायीकरण करने के लिए आक्रामक रूप से कार्यरत है। इस संदर्भ में अप्रैल, दिसंबर 2021 की प्रमुख उपलब्धियां निम्नेलिखित हैं:

- क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट्स (सीडीयू / वीडीयू) की निगरानी और वास्तविक समय अनुकूलन के संदर्भ में बीपीएमएआरआरको (रियल – टाइम क्रूड जांच के लिए एक सॉफ्टवेयर टूल) की विशेषताओं को प्रदर्शित करने के लिए दिनांक 21 अक्टूबर, 2021 को मेसर्स एस्पेन टेक्नोलॉजी यूएसए के साथ एक संयुक्त वेबिनार आयोजित किया गया था।
- के मॉडलः क्रूड संगतता के लिए एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर उत्पाद को इसके व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लाउड (https://www.bpcl.kmodel.in) पर प्रदर्शित किया गया है।
- आंतरिक रूप से विकसित मेम्ब्रेन सहायित हाइड्रोजन रिकवरी प्रक्रिया के लिए डिमॉन्स्ट्रेशन यूनिट अर्थात 'भारत एच2 सेप' की स्थापना कोच्चि रिफाइनरी (केआर) में रिफाइनरी 'ऑफ गैस' से हाइड्रोजन संवर्धन के लिए की गई है। 'भारत एच2 सेप' का प्रदर्शन केआर वीजीओ – एचडीएस यूनिट में 60–80 किग्रा प्रति घंटा के स्के'ल पर स्थापित किया गया था। एच2 की शुद्धता 86 एमओएल% से झ 95 एमओएल% तक समृद्ध होती है।
- कोच्चि रिफाइनरी की एक प्रायोगिक इकाई (क्षमता रू शुष्क आधार पर 20 किग्रा प्रति घंटा) की स्थापना करते हुए स्वदेश में विकसित सुपर एब्जॉर्बिंग पॉलिमर तकनीक को प्रदर्शित किया जा रहा है।
- सेक्टर 129, नोएडा में बिछाए गए वेस्ट प्लास्टिक रोड पैच (500 मीटर) का प्रदर्शन को मान्यह किया गया। 500 मीटर वेस्ट प्लास्टिक रोड पैच द्वारा एक वर्ष के कार्य काल में परिचालन कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।
- समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे –
  - मेसर्स सुपर ग्रुप, बांग्लादेश और मेसर्स आईटीसी ग्रुप क्रमशः बांग्लादेश और आईटीसी लोकेशनों पर वेस्ट प्लास्टिक रोड प्रायोगिक प्रोजेक्ट को निष्पादित करेंगे। इन–हाउस विकसित नवीन अवधारणा द्वारा सड़क फुटपाथ में अपशिष्ट प्लास्टिक के अधिकतम उपयोग (40 मीट्रिक टन प्रति किलो मीटर) की अनुमति प्रदान की गई है।
  - मेसर्स इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के साथ डिवाइडेड वॉल कॉलम (भारत – डीडब्ल्यूसी) और डेसल्टर टेक्नोलॉजीज के संयुक्त व्यावसायीकरण के लिए।
- हाई–जी डिएरेशन प्रदर्शक संयंत्र (क्षमताः 150 टीपीडी) को मुंबई रिफाइनरी में स्थापित किया गया है और बॉयलर फीड वॉटर डिएरेशन के लिए 0.5 पीपीबी से कम ऑक्सीजन सामग्री को रासायनिक उपचार के बिना प्राप्त करने के लिए स्थापित किया गया है।
- शीर्ष 6 एलपीजी स्टोव निर्माताओं के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते को क्रियान्वित करते हुए दिनांक 4 जुलाई 2021 को ~75% थर्मल दक्षता के साथ नवीन एलपीजी कुकिंग स्टोव (भारत – हाईस्टार) को व्यावसायिक रूप से लॉन्च किया गया है।
- वीबीपीएल पाइपलाइन के लिए आंतरिक रूप से विकसित क्रूड ऑयल करप्शन इनहिबिटर का सफल फील्ड परीक्षण किया गया।
- खुदरा बिक्री केंद्रों पर परिवहन ईंधन की ऑफ–लोडिंग के दौरान ईंधन के वाष्पीकरण की क्षति की रोकथाम के लिए आंतरिक रूप से विकसित वाष्प वसूली प्रणाली के प्रायोगिक चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।
- मुंबई रिफाइनरी में कार्यान्वयन के लिए

डी–एरोमाटाइज्ड सॉल्वैंट्स (डी 60, डी 40, और डी 100) के लिए विकसित प्रक्रिया की जानकारी।

इसी प्रकार, शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों के कॉर्पोरेट दृष्टिकोण के अनुरूप, स्थायी समाधान विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं क) बीएआरसी स्वरच्छ हाइड्रोजन उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षारीय जल इलेक्ट्रोलिसिस प्रौद्योगिकी को विकसित करने के प्रयोजन से, और ख) सीएसआईआर–आईआईसीटी लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास को फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करते हुए बायोगैस उत्पादन प्रक्रिया को विकसित किया जाएगा।

लागत प्रभावी प्रक्रिया जानकारी को विकसित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं कॉर्बन डॉयऑक्सा ईड कैप्चर और वैलोराइजेशन का अनुसरण किया जा रहा है। इसी प्रकार, क्रॉस फ्लो अवधारणा पर आधारित ऊर्जा कुशल बायो – एटीएफ उत्पादन, टिकाऊ 2जी एथेनॉल बायो–रिफाइनरी के लिए बायोकेमिकल प्लेटफॉर्म विकसित किए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, सीआरडीसी द्वारा निगम के व्यावसायिक प्रचालन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना जारी रखा जा रहा है, जो इसके घरेलू उत्पादों को नियोजित करता है।

- गैसोलीन सल्फर रिडक्शन एडिटिव (भारत – जीएसआर कैट): एफसीसीयू ऑपरेशन के लिए एक लागत प्रभावी गैसोलीन सल्फर रिडक्शन एडिटिव को विश्वक भर में पहली बार व्यरय किए गए एफसीसी उत्प्रेरक का उपयोग करते हुए विकसित किया गया है।
- एथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट (ईबीएमएस) के लिए एथेनॉल जंग अवरोधक (भारत इकोकैम)
- एथेनॉल सम्मिश्रित मोटर स्पिरिट (ईबीएमएस) में जल की उपस्थिति को ज्ञात करने के लिए वॉटर डिटेक्टिंग पेस्ट (भारत डब्ल्यूडीपी)
- भारत फर्नो रसायन रू फर्नेस ट्यूबों से जमा को हटाकर भट्टियों और हीटरों की प्रभावी सफाई के लिए एक बहुमुखी सफाई रसायन, जिसके परिणामस्वरूप फर्नेस आर्क तापमान में उल्लेखनीय कमी आती है, जिसके फलस्वखरूप यह कच्चे तेल के प्रवाह को बढ़ाता है।
- नेक्स्ट जनरल भारत मेटल कटिंग गैस (बीएमसीजी) रू मेटल कटिंग एप्लिकेशन के लिए एलपीजी आधारित ईंधन।
- इसके अतिरिक्त, हिंदी विषयक संसदीय समिति द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 को सीआरडीसी का निरीक्षण किया गया और आधिकारिक कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई।

ग बाह्य सहयोगः

नवोन्मेष को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए, बीपीसीएल – आर एंड डी उद्योग–शैक्षणिक संपर्क को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके एक भाग के रूप में, प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों नामतः आईआईटी, आईसीटी – मुंबई और सीएसआईआर प्रयोगशालाएं के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

घ बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और प्रकाशनः

चालू अनुसंधान प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की जा रही है और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्तल वैज्ञानिक पत्रिकाओं में 150 से अधिक वैज्ञानिक प्रकाशनों की प्रस्तुति की जा रही है। इसके अलावा, इसके द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 152 पेटेंट आवेदन दर्ज किए गए हैं। अब तक, 81 पेटेंट आवेदनों के लिए आईपीआर अनुदान प्रदान किया गया है। अप्रैल दिसंबर 2021 के दौरान, जहां 6 पेटेंट आवेदन दर्ज किए गए 2 पेटेंट अनुदान प्राप्त हुए हैं।

8.5.2 सेवरी आर एंड डी सेंटर, मुंबई

क परिचयः

सेवरी – आर एंड डी सेंटर लुब्रिकेंट व्यवसाय से संबंधित नवीन अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में संलग्न है, जैसे कि नए उत्पाद का विकास, मौजूदा उत्पादों के प्रदर्शन में सुधार, लागत प्रभावी वैकल्पिक फॉर्मूलेशन का विकास आदि।

ख थ्रस्ट क्षेत्र

- स्नेहक, ग्रीस और विशिष्ट सामग्री के विकास के लिए व्यापक सुविधाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना।
- हमारे ग्राहकों को एक विशेषज्ञ तकनीकी सलाह और ईंधन, सॉल्वैंट्स, स्नेहक, ग्रीस और विशिष्ट सामग्री के विपणन कार्यों की पेशकश करने के लिए।
- पर्यावरण के अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल उत्पादों जैसी भविष्य की अग्रणी प्रौद्योगिकियों के लिए तैयार रहना।
- मुख्य क्षेत्रों अर्थात स्टील, बिजली, खनन, रेलवे, रक्षा, समुद्री, आदि में विशेषज्ञता विकसित करना।

ग महत्वपूर्ण उपलब्धियां

अप्रैल – दिसंबर 2021 के दौरान, सेवरी–आर एंड डी द्वारा अद्वितीय उत्पाद विकसित किए हैं जैसेः

- ऑफ–हाईवे अनुप्रयोग के लिए विस्तारित नाली अंतराल के साथ डीजल इंजन तेल
- नई पीढ़ी की अल्ट्रा–लो एमिशन बीएस ट॰ पैसेंजर कारों के लिए सिंथेटिक इंजन ऑयल
- बीएस VI उत्सर्जन मानदंडों को पूरा कर रहे

अल्ट्रा–लो उत्सर्जक हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए समर्पित इंजन ऑयल

- मेट्रो रेल कारों के लिए सिंथेटिक ट्रांसमिशन ऑयल
- गियर बॉक्स / ट्रांसएक्सल में अनुप्रयुक्तएता के लिए ओईएम विशिष्ट ईंधन कुशल मैनुअल ट्रांसमिशन फ्ल्यूरड
- नई पीढ़ी के अल्प् उत्सर्जन युक्त डीजल इंजन युक्त ट्रैक्टरों के लिए इंजन ऑयल
- ऑफ – हाईवे हाइड्रोलिक अनुप्रयोगों के लिए ऊर्जा कुशल और दीर्घकालीन स्थाकयित्वल युक्त प्रीमियम हाइड्रोलिक तेल
- मशीनी कार्य संबंधी लौह और अलौह सामग्री के लिए प्रीमियम घुलनशील कटाई का तेल।
- सीएनजी/एलपीजी पर चलने रहे वाहनों के लिए नई पीढ़ी का गैस इंजन तेल
- अलौह सामग्री रोलिंग अनुप्रयोग के लिए कोल्ड रोलिंग तेल।
- नए अनुप्रयोगों के लिए श्वेत तेल
- रिफाइंड बेस ऑयल का उपयोग करते हुए नई पीढ़ी के स्नेहक जो प्रतिक्रिया के रूप में कार्बन फुट प्रिंट को कम करने में योगदान देंगे

8.5.3. पिछले 3 वर्षों के लिए बीपीसीएल अनुसंधान एवं विकास व्यय (₹ लाख में)

उपर्युक्त अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार अभिलक्षित व्यय के साथ निरंतर प्रोत्साहित और निरंतर बनाए रखा जा रहा है:

विवरण	व्यय (₹ करोड में)		
	2020-21	**2019-20**	**2018-19**
पूंजीगत व्यय	37.76	41.47	47.31
राजस्वत/ आवर्ती व्यय	48.88	50.71	53.41
कुल	86.64	92.18	100.72

8.6. एचपीसीएल

8.6.1 एचपीसीएल द्वारा वर्ष 2016 में बेंगलुरु में अपना प्रतिष्ठित एचपी ग्रीन आर एंड डी सेंटर (एचपीजीआरडीसी) स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य नवाचार के माध्यम से सभी के लिए ऊर्जा और रसायनों को सुलभ बनाना है। एचपीजीआरडीसी अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं से लैस है जिसमें अत्याधुनिक अनुसंधान करने के लिए सभी उन्नत उपकरण, प्रायोगिक संयंत्र और सुविधाएं स्थोपित हैं। अनुसंधान के फोकस क्षेत्रों में रिफाइनिंग प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और उत्प्रेरक, पेट्रोकेमिकल्स और पॉलिमर, स्नेहक और योजक, अल्प मूल्य प्रवाहों का उन्नयन, नवीन पृथक्करण प्रौद्योगिकियों, प्रक्रिया गहनता, कार्बन कैप्चर, नवीकरणीय ऊर्जा और वैकल्पिक ऊर्जा को विकसित करना शामिल है। एचपीजीआरडीसी द्वारा भारत और विदेशों में विभिन्न रिफाइनरियों को रिफाइनरी इकाइयों के लिए समस्या निवारक सेवाओं, कच्चे तेल के मूल्यांकन, उत्प्रेरक परीक्षण और चयन, सल्फर विशिष्टता, स्ट्रीम अध्ययन पर उत्प्रेरक समय आदि के माध्यम से उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

इस केंद्र द्वारा अब तक भारत और विदेश में कुल 325 पेटेंट दाखिल किए गए हैं और 114 पेटेंटों का अनुदान प्राप्त किया गया है। वर्ष 2021–22 के दौरान 38 पेटेंट दाखिल किए गए हैं और 24 पेटेंट प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि के दौरान, एचपीजीआरडीसी द्वारा व्यावसायिक रूप से 8 नए उत्पाादों / प्रौद्योगिकियों (प्रौद्योगिकियों और उत्पादों की इस संख्या को 31 तक ले जाते हुए) को प्रदर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नारनुसार है:

एचपी एमओ2 पीएसए: मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन से संबंधित स्वदेशी तकनीक। एचपी एमओ2 पीएसए तकनीक द्वारा हवा में ऑक्सीजन और नाइट्रोजन को पृथक करने के लिए शोषकों का उपयोग किया जाता है। इस तकनीक का उपयोग करते हुए उच्च शुद्धता युक्त ऑक्सीजन (93 ± 3 वॉल्यूम :) प्राप्त की जा सकती है। यूनिट को स्किड माउंटेड मॉड्यूलर यूनिट के रूप में डिजाइन किया गया है जो कि संचालित करने में सरल है और अस्पतालों में स्थापना के लिए उपयुक्त है। विभिन्न सरकारी अस्पतालों में इसकी तीन इकाइयां लगाई गई है।

एचपी डीडब्ल्यूए (डीवैक्सिंग एड एडिटिव) (150 एन एंड बीएस): एचपीजीआरडीसी द्वारा एक नई लागत प्रभावी ट्यूनेबल डीवैक्सिंग सहायता करे विकसित किया गया है और एमआर ल्यूब रिफाइनरी की पीडीयू इकाई में 150 एन ग्रेड और बीएस ग्रेड बेस ऑयल के लिए परीक्षण सफल रहे हैं। इन–हाउस विकसित योजक द्वारा रिफाइनरी में उपयोग किए जा रहे वाणिज्यिक योजक की तुलना में मोम गठन दर और मोम के पृथक्करण के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया गया है।

एचपी फिल्ममैक्स: एचपीजीआरडीसी द्वारा कच्चे आसवन इकाइयों में ओवरहेड जंग अवरोध के लिए इन हाउस फिल्मांकन अमीन फॉर्मूलेशन विकसित किया गया है। इसका एचपीसीएल – विशाख रिफाइनरी में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

एचपी डब्यूिया एमए (वार्म मिक्स एडिटिव): एचपीजीआरडीसी द्वारा दो नए डब्ल्यूफा एमए एडिटिव्स विकसित किए गए हैं। क्षेत्रीय परीक्षणों के दौरान, संघनन

/ मिश्रण तापमान में सभी विशिष्टताओं को पूरा करते हुए एक खुराक पर 25 डिग्री सेंटीग्रेड की कमी का अवलोकन किया गया था।

पॉवर 100: एचपीजीआरडीसी द्वारा स्वदेशी रूप से एक ऑक्टेन बूस्टिंग एडिटिव फॉर्म्युलेशन को विकसित किया गया है जो बीएस VI गैसोलीन के रिसर्च ऑक्टेन संख्या को 100 अंक तक बढ़ा सकता है। एडिटाइज्ड गैसोलीन को सितंबर 2021 में ब्रांड नाम पॉवर 100 के तहत लॉन्च किया गया था, जो भारत में उच्चतम ऑक्टेन रेटेड गैसोलीन है।

एचपी ड्यूसर एनएचटी: रिफाइनरियों में फिक्स्ड बेड रिएक्टर प्लगिंग मुद्दों के लिए अत्यधिक प्रवृत्त होते हैं, जिससे रिएक्टरों के दबाव में गिरावट और फीड थ्रूपुट में कमी आती है। एचपीसीएल का एचपीडीयूसीईआर, हाइड्रोप्रोसेसिंग रिएक्टरों में ठोस जमा के मुद्दे का समाधान प्रदान करता है। उत्पाद को एचपीसीएल मुंबई रिफाइनरी के एनएचटी रिएक्टरों में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया था। इसके प्रमुख लाभ इसकी लागत प्रभावशीलता, दीर्घायु और दक्षता हैं, जिसके परिणामस्वरूप रसायन की कुल खपत में कमी आती है।

एचपी इन्व्यूज़: एचपीजीआरडीसी द्वारा एक नया, गैर विषैला, पर्यावरण के अनुकूल रोगाणुरोधी सतह कोटर विकसित किया है जिसे किसी भी सतह पर सार्वभौमिक रूप से लागू किया जा सकता है। एच पी इन्यूच्च ज़ उत्कृष्ट रोगाणुरोधी दक्षता और उच्च स्थायित्व प्रदान करता है जो विषाणुजनित रोगाणुओं के विरूद्ध दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसमें एंटी – फॉगिंग गुण भी निहित होते हैं जो पारदर्शी कांच की सतहों पर कोहरे के गठन को रोकते हैं।

8.6.2. इसके अलावा, वर्ष 2021–22 के दौरान, निम्नलिखित ल्यूब उत्पादों को लॉन्च किया और उनका व्यावसायीकरण किया गया है:

बोफोर्स तोपों में उपयोग के लिए भारतीय सेना को हाइड्रोलिक तेल: बोफोर्स तोपों, धनुष, वज्र, हॉवित्जर आदि में उपयोग के लिए भारतीय सेना के लिए हाइड्रोलिक तेल को विकसित और आपूर्त किया गया है। यह उत्पाद उच्च चिपचिपाहट सूचकांक प्रदर्शित करता हैं जो उनके उत्कृष्ट निम्न और उच्च तापमान गुणों में योगदान प्रदान करते हैं, जो उन्हें एक स्टार्ट–अप और ऑपरेटिंग तापमान की एक विस्तृत श्रृंखला के अधीन उपकरणों के लिए उत्कृष्ट विकल्प बनाते हैं।

रक्षा संबंधी हल्केप हमलावर वाहनों के लिए भारतीय सेना को एआरसीटी आईसी ग्रेड इंजन ऑयल और हाइड्रोलिक तेल: ये ज़ीरो के कम तापमान ग्रेड के लिए हैं जो मशीनों के कार्य को आरंभ करने, चलाने और चलने के दौरान ईंधन दक्षता प्रदान करने में सुगमता के लिए विकसित किए गए हैं।

एल एंड टी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड के लिए पॉवर द्रव्यक ग्रेड: एक अत्यधिक उच्च कतरन स्थिरता युक्तता सहित एक प्रीमियम गुणवत्ता युक्तप हाइड्रोलिक तेल विकसित और आपूर्त किया गया। यह तेल अर्थ मूविंग इक्विपमेंट में उपयोग के लिए है।

सीमेंस गेम्सां के लिए हाइड्रोलिक तेल रू सीमेंस गेम्सा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रसिद्ध वैश्विक कंपनी है। उनके पवन टर्बाइनों के लिए हाइड्रोलिक तेल का विकास और आपूर्ति की गई है। अपने पवन टरबाइनों के लिए हमारे हाइड्रोलिक तेलों के संदर्भ में सीमेंस गेम्सा से वैश्विक स्वीकृति प्राप्त की गई। यह उच्च – प्रदर्शन हाइड्रोलिक तरल पदार्थ है जो घर्षण को कम करता है और उत्कृष्ट ऑक्सीकरण और थर्मल स्थिरता प्रदान करते हुए उपकरणों के सुचारू प्रचालन की सुविधा प्रदान करता है।




SATAT
SUSTAINABLE ALTERNATIVE TOWARDS AFFORDABLE TRANSPORTATION



अध्याय 9

जैव–ईंधन



9 जैव–ईंधन

9.1 अपारंपरिक ऊर्जा

भारत दुनिया की सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। विकास के उद्देश्य आर्थिक विकास, समानता और मानव कल्याण पर केंद्रित हैं। ऊर्जा सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण आगत है। किसी देश की ऊर्जा रणनीति का उद्देश्य दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पहुंच प्रदान करना है, जो पर्यावरण के अनुकूल हो और ऊर्जा उत्पादन के लिए प्राथमिक संसाधनों के इष्टतम मिश्रण की उपलब्धि हासिल करती हो। अगले कुछ दशकों में हमारे देश में ऊर्जा परिदृश्य में जीवाश्म ईंधन प्रमुख भूमिका निभाते रहेंगे। तथापि, पारंपरिक या जीवाश्म ईंधन संसाधन सीमित, गैर–नवीकरणीय और प्रदूषणकारी हैं, अतरू उनका उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से किए जाने की आवश्यकता है। दूसरी ओर, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन स्वदेशी, गैर–प्रदूषणकारी और वस्तुतः कभी समाप्त न होने वाले हैं। भारत प्रचुर मात्रा में अक्षय ऊर्जा संसाधनों से संपन्न है। इसलिए इनके उपयोग को हर संभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैव ईंधन अक्षय जैव–संसाधनों से प्राप्त होते हैं, अतरू इनके सतत विकास को बढ़ावा देने और उच्च आर्थिक विकास से जुड़े परिवहन ईंधन के लिए तेजी से बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ–साथ ये भारत की विशाल ग्रामीण जनसंख्या की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के पूरक के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करते हैं:–

9.2 एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईडीपी) कार्यक्रम

सरकार तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के माध्यम से एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम लागू कर रही है, जिसके तहत, ओएमसी 10% एथेनॉल के प्रतिशत के साथ एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बेचती है। वर्ष 2001 में, भारत सरकार ने अपने संबंधित आपूर्ति क्षेत्रों के तहत केवल खुदरा विक्रय–केंद्रों को एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति के लिए तीन प्रायोगिक परियोजनाएं प्रारंभ कीं जिनमें से दो महाराष्ट्र में और एक उत्तर प्रदेश में थी। प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से उपरोक्त क्षेत्र परीक्षणों के अलावा, अनुसंधान और विकास अध्ययन भी साथ–साथ संचालित किए गए। दोनों प्रायोगिक परियोजनाएं तथा अनुसंधान और विकास अध्ययन सफल रहे तथा वाहनों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का उपयोग तथा पेट्रोल के साथ 5% तक एथेनॉल का सम्मिश्रण स्थापित किया गया। तदनुसार, भारत सरकार ने 01.01.2003 से 9 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में 5% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री के लिए एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न परिणामों को प्राप्त करना था, जैसेः

- पर्यावरणीय चिंताओं का निराकरण करना,
- आयात पर निर्भरता को कम करना, और
- कृषि क्षेत्र को बल प्रदान करना,

एथेनॉल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए, सरकार ने 10 दिसम्बर, 2014 को, पेट्रोरसायन विकल्प के साथ–साथ खांड के अलावा अन्य गैर–खाद्य खाद्य पदार्थों जैसे सेलुलोसी और लिग्नो–सेलुलोसी सामग्रियों से उत्पादित एथेनॉल की खरीद करने का निर्णय लिया। ईबीपी कार्यक्रम के तहत एथेनॉल की कीमत को प्रशासित करने का भी निर्णय लिया गया।

एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2020–21 (01.12. 2020–30. 11–2021) के दौरान पेट्रोल में 302.3 करोड़ लीटर एथेनॉल मिश्रित किया गया था और 8.1% का सम्मिश्रण प्रतिशत हासिल किया गया था जो कि ईबीपी कार्यक्रम के तहत अब तक का सबसे अधिक है। इसका अर्थ है कि ईएसवाई 2020–21 में बेचे गए 81 फीसदी पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रित किया गया था।

ईएसवाई 2018–19 में एथेनॉल उत्पादन के लिए पहली बार चीनी और चीनी सिरप की अनुमति दी गई थी ताकि उद्योग को उसके अतिरिक्त स्टॉक का परिसमापन करने में सहायता मिल सके। इसके अलावा, ईएसवाई 2020–21 में, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास उपलब्ध अधिशेष चावल और मक्का को भी एथेनॉल के उत्पादन के लिए अनुमति प्रदान की गई है।

इन निर्णयों के साथ, ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

ईएसवाई 2021–22 के लिए, सरकार ने उपयोग किए गए कच्चे माल के आधार पर एथेनॉल खरीद के लिए निम्नानुसार एक बढ़ी हुई लाभकारी कीमत तय की है:

कच्चा माल	रुपए प्रति लीटर में एथेनॉल का एक्स–मिल मूल्य
सी भारी शीरा	46.66
बी भारी शीरा	59.08
गन्ने का रस/चीनी/चीनी का घोल	63.45

ईएसवाई 2021–22 के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने उपयोग किए गए कच्चे माल के आधार पर एथेनॉल खरीद के लिए निम्नानुसार एक बढ़ी हुई लाभकारी कीमत तय की है:

कच्चा माल	रुपए प्रति लीटर में एथेनॉल का एक्स–मिल मूल्य
खराब हो चुके खाद्यान्न	52.92
एफसीआई द्वारा जारी अधिशेष चावल	56.87
मक्का	52.92

*जीएसटी और परिवहन प्रभारों का भुगतान इन मूल्यों के अलावा करना होगा।

9.2.1 तेल विपणन कंपनियों और एथेनॉल आपूर्तिकर्ताओं के बीच दीर्घकालिक संविदाओं की संभावना का पता लगाने के लिए एथेनॉल उद्योग के विभिन्न हितधारकों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। इन अभ्यावेदनों के आधार पर सरकार एक दीर्घावधिक एथेनॉल प्रापण नीति लेकर आई है ताकि उद्योग इस क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश की योजना बना सकें। इस नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा एथेनॉल प्रापण मात्रा का अनुमान पांच वर्ष की अवधि के लिए लगाया जाएगा और यह प्रापण निविदा का भाग होगा।
- गन्ना आधारित कच्चे माल का वार्षिक मिल–बाह्य मूल्य सरकार द्वारा घोषित किया जाएगा।
- इस दीर्घ अवधि की संविदा की अवधि में ईंधन के मूल्यों में बदलाव के साथ परिवहन दरों में बदलाव के लिए ओएमसी द्वारा एक तंत्र बनाया जाएगा।
- एथेनॉल प्रापण के लिए कच्चे माल की किसी भी नई श्रेणी को शुरू करने का लचीलापन प्राप्त होगा।
- नई भट्टी/चीनी मिल को शामिल करने या मौजूदा एथेनॉल आपूर्तिकर्ता द्वारा अतिरिक्त मात्रा के प्रस्तावों के साथ–साथ निविदा में ईएसवाई के अनुसार मौजूदा/भाग लेने वाली भट्टी/चीनी मिल को छोड़ने के लिए तंत्र उपलब्ध रहेगा।

9.2.2 व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए, तेल विपणन कंपनियों ने ईएसवाई 2020–21 के लिए उनके द्वारा जारी एथेनॉल खरीद के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) में कई बदलाव शामिल किए हैं। ये हैं:–

- पहली बार अगले पांच वर्षों के लिए एथेनॉल की आवश्यकता जारी की गई है और पांच साल की अवधि के लिए केवल एक बार बोलीदाताओं के नामांकन/पंजीकरण के लिए ईओआई आमंत्रित की गई है।
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा देय प्रतिभूति जमा राशि को पहले के 5% से घटाकर 1% कर दिया गया है, जिससे आपूर्तिकर्ताओं को लगभग ₹400 करोड़ का लाभ हुआ है।
- आपूर्ति न की गई एथेनॉल की मात्रा पर आपूर्तिकर्ताओं पर लागू दंड को पहले के 5% से घटाकर 1% कर दिया गया है, जिससे आपूर्तिकर्ताओं को लगभग 35 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है।
- एथेनॉल आपूर्तिकर्ताओं को देय एथेनॉल के परिवहन के लिए दरों और स्लैब में वृद्धि की गई है।

ये परिवर्तन वर्तमान ईएसवाई 2021–22 के लिए प्रापण के लिए ईओआई में बनाए रखे गए हैं।

9.2.3 इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भावी योजना विकसित करने के लिए अतिरिक्त सचिव, नीति आयोग की अध्यक्षता में इस मंत्रालय द्वारा एक विशेषज्ञ समिति (ईसी) का गठन किया गया था। इस समिति की रिपोर्ट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5 जून, 2021 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जारी की गई है।

9.2.4 कार्यक्रम के तहत 20: एथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य जिसे पहले श्जैव ईंधन पर राष्ट्रीय नीति–2018श के तहत 2030 के रूप में दर्शाया गया था, अब 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

20% सम्मिश्रण लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम के रूप में, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 27 अगस्त, 2021 को पहली रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है, जिसके तहत 197 बोलियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से देश एथेनॉल की कमी वाले राज्यों में 133 बोलीदाताओं में से 19 को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

9.3 जैव–डीजल कार्यक्रम और यूसीओ से जैव–डीजल

4 मई 2021 को, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने इंडियन ऑयल के टिकरीकलां टर्मिनल, दिल्ली से ईओआई योजना के तहत यूसीओ (यूज्ड कुकिंग ऑयल) आधारित बायोडीजल मिश्रित डीजल की पहली आपूर्ति का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

अप्रैल से नवंबर, 2021 की अवधि के दौरान, ओएमसी ने डीजल के साथ सम्मिश्रण के लिए 548 केएल बायोडीजल की खरीद की है।

ओएमसी प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (यूसीओ) से उत्पादित बायोडीजल की खरीद के लिए नियमित रूप से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी कर रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों को लगभग 40 करोड़ लीटर/वर्ष की उत्पादन क्षमता वाले 55 बायोडीजल संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

वित्त मंत्रालय द्वारा बायोडीजल, जिसे डीजल के साथ मिश्रित करने के लिए तेल विपणन कंपनियों को बेचा जाता है, पर जीएसटी की दर को 1 अक्टूबर, 2021 से 12% से

घटाकर 5% कर दिया गया है।

9.4 जैव–जेट (एएफटी)

स्पाइसजेट द्वारा देहरादून से दिल्ली के बीच 25: बायोजेट ईंधन का उपयोग करते हुए संचालित की गई पहली उड़ान का स्वागत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा 27.8. 2018 को किया गया। उक्त उड़ान में प्रयुक्त जैव–जेट ईंधन को आईआईपी, देहरादून में स्थित सीएसआईआर प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया गया था।

एमआरपीएल को एमआरपीएल रिफाइनरी के साथ एकीकृत बायो–एटीएफ विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए कहा गया है।

हाल ही में, एटीएफ के क्षेत्र में नए विकास हुए हैं जैसे कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (कॉर्सिया), भारतीय वायु सेना द्वारा जैव–एटीएफ मिश्रित एटीएफ का प्रयोग करते हुए संचालित की गईं उड़ानें, उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता, ईंधन दक्षता आदि। अतः विमानन के क्षेत्र में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 16.06.2021 को एक समिति का गठन किया गया है। समिति को देश में जैव–एटीएफ कार्यक्रम के सभी पहलुओं की जांच एक व्यापक तरीके से करने के लिए कहा गया ताकि जैव–एटीएफ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

9.5 दूसरी पीढ़ी (2जी) एथेनॉल

वर्ष 2018 में घोषित राष्ट्रीय जैव–ईंधन नीति का उद्देश्य 2030 तक पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण और डीजल में 5: बायोडीजल के मिश्रण के सांकेतिक लक्ष्य को हासिल करने के साथ–साथ जैव ईंधन को बढ़ावा देना है। सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2025–26 तक बढ़ा दिया है। अतरू, पेट्रोल के साथ सम्मिश्रण के उद्देश्य से देश में एथेनॉल के उत्पादन को अधिकतम करने के लिए, एथेनॉल उत्पादन को बढ़ाने के लिए अन्य विकल्पों/मार्गों का अन्वेषण किए जाने की आवश्यकता है। सरकार पहले ही पेट्रोरसायन मार्ग सहित शीरे के अलावा अन्य गैर–खाद्य फीडस्टॉक जैसे सेलुलोसी और लिग्नोसेलुलोसी सामग्री से उत्पादित एथेनॉल की खरीद की अनुमति दे चुकी है।

ईबीपी कार्यक्रम के लिए एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लिग्नोसेलुलोसी बायोमास को दूसरी पीढ़ी (2जी) एथेनॉल के संभावित स्रोत के रूप में माना जा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संगठन, प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टीआईएफएसी) की अक्टूबर, 2018 की रिपोर्ट ने देश भर में 178 मिलियन टन प्रति वर्ष अधिशेष बायोमास की उपलब्धता का संकेत दिया। इस अधिशेष बायो–मास का अधिकांश हिस्सा वर्तमान में किसानों द्वारा अपशिष्ट निपटान गतिविधि के रूप में जलाया जा रहा है जो पर्यावरण प्रदूषण में भी योगदान दे रहा है।

वैकल्पिक मार्ग अर्थात एथेनॉल उत्पादन के लिए दूसरी पीढ़ी (2जी) मार्ग के खुलने के बाद पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां देश के विभिन्न हिस्सों में 2जी जैव–तेलशोधन इकाइयों की स्थापना कर रही हैं। आईओसीएल द्वारा पानीपत (हरियाणा), एचपीसीएल द्वारा भटिंडा (पंजाब), बीपीसीएल द्वारा बरगढ़ (ओडिशा) और एनआरएल द्वारा नुमालीगढ़ (असम) में परियोजनाएं निर्माण के उन्नत चरण में हैं।

कर्नाटक के दावणगेरे में संयंत्र के लिए, पूर्व–परियोजना क्रियाकलापों जैसे प्रौद्योगिकी को अंतिम रूप देना, व्यवहार्यता आदि को अनुसूची के अनुसार किया जा रहा है।

दूसरी पीढ़ी (2जी) जैव–ईंधन संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने एकीकृत जैव–एथेनॉल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए लिग्नो–सेलूलोसी बायो–मास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करते हुए श्प्रधानमंत्री जी–वन (जैव ईंधन–वातावरण अनुकुल फसल अवशेष निवारण) योजनाष् नामक एक योजना शुरू की है। इस योजना में, लिग्नो–सेलूलोसी बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके बारह एकीकृत जैव–एथेनॉल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें 2018–19 से 2023–24 की अवधि के लिए 1969.50 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ–साथ 2जी प्रौद्योगिकी के लिए दस प्रदर्शन–परियोजनाओं को समर्थन प्रदान किया जाएगा।

उक्त योज्ना के अंतर्गत पानीपत, हरियाणा (आईओसीएल), भटिंडा, पंजाब (एचपीसीएल), बरगढ़, ओडिशा (बीपीसीएल), नुमालीगढ़, असम (एनआरएल) में 4 वाणिज्यिक परियोजनाओं तथा पानीपत, हरियाणा में इंडियन ऑयल की एक प्रदर्शन–परियोजना के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी गई है।

9.6 विश्व जैव–ईंधन दिवस

विश्व जैव–ईंधन दिवस हर वर्ष 10 अगस्त को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर–जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने और जैव–ईंधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों का


प्रचार–प्रसार करने के लिए मनाया जाता है।

इस वर्ष भी विश्व जैव–ईंधन दिवस 10 अगस्त को ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 'स्थिरता और ग्रामीण आय के लिए जैव–ईंधन' शीर्षक के साथ मनाया गया।

इस दिन उत्तर प्रदेश के महोबा में जैव–ईंधन पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिसमें जैव–ईंधन और जैव–ऊर्जा से संबंधित विकास तथा भारत में जैव–ईंधन के क्षेत्र में की गई तकनीकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। इस कार्यक्रम में कई तकनीकी सेवा प्रदाताओं, फसल–कटाई उपरांत उपकरण निर्माताओं, भारतीय वायु सेना, बायोडीजल उत्पादकों, अनुसंधान संस्थानों, किसानों आदि की सक्रिय भागीदारी देखी गई। देश में जैव ईंधन के बारे में जागरूकता को बढ़ाने के लिए प्रदर्शनी बाद में अन्य शहरों जैसे कोलकाता, दिल्ली, चंडीगढ़ जयपुर और इंदौर में भी आयोजित की गई।







अध्याय 10

संरक्षण



10 संरक्षण

10.1 पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एक पंजीकृत कंपनी है। पीसीआरए एक गैर–लाभकारी राष्ट्रीय सरकारी एजेंसी है जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता के लिए अभियान चलाती है। यह देश की तेल पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लक्ष्य के साथ, पेट्रोलियम संरक्षण के लिए नीतियां और प्रस्ताव तैयार करने में सरकार की सहायता करती है। यह ईंधन कुशल उपकरणों और उपकरणों के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को निधि देती है और ईंधन कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने के प्रयासों का समर्थन करती है। बहु–आयामी क्षेत्रीय गतिविधियों के माध्यम से, यह पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता में भी संवृद्धि करती है। पीसीआरए अपने लक्षित दर्शकों तक अपने संरक्षण संदेश की पहुंच को अधिकतम करने के लिए सोशल मीडिया की शक्ति का भी लाभ उठाता है। पीसीआरए के संरक्षण प्रयासों पर विभिन्न ईंधन–बचत सिफारिशों और अद्यतन सूचनाओं के अलावा, दर्शकों को इसके साथ जोड़ने के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रकार की जन–संबद्धता गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। पीसीआरए ने तेल संरक्षण और ईंधन दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न भाषाओं में कई फिल्में, रेडियो जिंगल और मुद्रित साहित्य विकसित किया है।

10.2 क्षेत्रीय क्रियाकलाप

पीसीआरए के पास विभिन्न क्षेत्रों जैसे घरेलू, औद्योगिक, परिवहन और कृषि में ईंधन के संरक्षण के संदेश को प्रचारित–प्रसारित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय क्रियाकलापों का एक सुपरिभाषित सेट विद्यामन है। इसके तहत, पीसीआरए विभिन्न क्रियाकलाप संचालित करता है जैसे ऊर्जा संपरीक्षा, पीएटी (निष्पादन, उपलब्धि और व्यवसाय) (एमईए और एम एंड वी) और अनुपालन संपरीक्षा, चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम, एसटीयू डिपो के लिए ईंधन दक्षता कार्यक्रम, किसानों के लिए कृषि कार्यशालाएं, कृषकों के लिए कृषि कार्यशालाएं और किसान मेला, एलपीजी प्रयोक्ताओं के लिए कार्याशालाएं, छात्रों के लिए जागरूकता अभियान, युवा कार्यक्रम, आदि। इसके अलावा, तकनीकी संगोष्ठियों और कार्यशालाओं के माध्यम से ऊर्जा हिमायत और दक्षता निर्माण अभ्यास तथा उद्योग कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

10.3 औद्योगिक क्षेत्र

10.3.1 ऊर्जा संपरीक्षा

पीसीआरए पीएटी प्रणाली में अनिवार्य ऊर्जा संपरीक्षा तथा अनुश्रवण और सत्यापन संपरीक्षा संचालित करके ऊर्जा गहन उद्योगों को सहायता प्रदान करता है। पीएटी जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत संवर्धित ऊर्जा दक्षता (एनएमईईई) पर राष्ट्रीय मिशन का भाग है, जो भारत में बड़े ऊर्जा–गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने का आशय रखता है।

10.3.2 तकनीकी कार्यक्रम / संगोष्ठियां / सांस्थानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

पीसीआरए औद्योगिक क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए जागरूकता और तकनीकी जानकारी का प्रसार करने के लिए संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम, उद्योग कार्यशालाएं, सेमिनार / तकनीकी बैठकें आयोजित करता रहा है।

10.3.3 परिवहन क्षेत्र

परिवहन क्षेत्र में ऊर्जा बचत की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। इनका दोहन करने के उद्देश्य से, पीसीआरए बेहतर रखरखाव प्रथाओं, बेहतर वाहन–चालन प्रक्रियाओं, उत्सर्जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पेट्रोल, डीजल, स्नेहक और ग्रीस के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू), निजी परिवहन प्रचालकों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है।

10.3.4 चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीटीपी) और ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम (एफईआईपी)

एसटीयू, सेना, वायु सेना, अर्धसैनिक बलों, तेल कंपनियों और निजी परिवहन प्रचालकों के चालकों को उनके वाहन–चालन कौशल में सुधार लानेके लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पीसीआरए का चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम किलोमीटर प्रति लीटर में सुधार करने के लिए सबसे प्रभावी और महत्वपूर्ण साधनों में से एक के रूप में उभरकर सामने आया है।

ईंधन दक्षता सुधार कार्यक्रम (एफईआईपी) लक्षित चालकों को प्रशिक्षित करने और लक्षित बसों के रखरखाव के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम है। डिपो के विस्तृत मासिक डेटा विश्लेषण के आधार पर, खराब प्रदर्शन करने वाले चालकों और बसों का चयन किया जाता है और उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन 3 चरणों में किया जाता है।

10.3.5 कृषि क्षेत्र

कृषि क्षेत्र के सभी हितधारक अर्थात कृषि उपकरण विनिर्माता और कृषक पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीसीआरए कृषि कार्यशाला और किसान मेलों में प्रतिभागिता करता है जिसमें किसानों को ट्रैक्टरों के उचित चयन, उनके प्रचालन और रखरखाव, लिफ्ट सिंचाई पंप, इंजन ड्राइव, फुट वाल्व, पाइप और फिटिंग पर जानकारी प्रदान करने के माध्यम से डीजल के संरक्षण के तरीकों और साधनों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

10.4 संरक्षण क्षमता महोत्सव (सक्षम)

पीसीआरए प्रत्येक वर्ष पीएसयू तेल और गैस कंपनियों के सहयोग से, अपने ईंधन संरक्षण क्रियाकलापों के लिए उत्साह और व्यापक पैमाने पर दृश्यता प्रदान करने के लिए एक माह की अवधि के लिए "सक्षमष नामक देशव्यापी जन जागरूकता अभियान आयोजित करता है।

10.5 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया जाना

'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए पीसीआरए द्वारा क्रियाकलापों की एक व्यापक श्रृंखला प्रारंभ की गई है।

पीसीआरए प्रत्येक वर्ष पीएसयू तेल और गैस कंपनियों के सहयोग से, अपनी ईंधन संरक्षण गतिविधियों के लिए उत्साह और व्यापक पैमाने पर दृश्यता प्रदान करने के लिए एक महीने के लिए ष्सक्षमष नामक एक देशव्यापी जन जागरूकता अभियान आयोजित करता है।

10.5.1 पीसीआरए संरक्षण प्रश्नोत्तरी:– संरक्षण प्रश्नोत्तरी की श्रृंखला को 05 जून 2021 को **www.mygov.in** पर ऑनलाइन प्रारंभ किया गया है जो 15 अगस्त 2022 तक जारी रहेगी। इसके तहत, अगली श्रृंखला तक पहुंचने से पहले एक प्रश्नोत्तरी श्रृंखला 3 सप्ताह तक चलेगी, जिसमें प्रत्येक सप्ताह एक विजेता घोषित किया जाएगा। अब तक, पीसीआरए संरक्षण प्रश्नोत्तरी श्रृंखला 1.0, 2.0, 3.0, 4.0, 5.0 और 6.0 आयोजित की जा चुकी है। प्रत्येक प्रतिभागी को उनके मोबाइल और ई–मेल पर एक ऑटो–जेनरेट प्रमाणपत्र ऑनलाइन जारी किया जाता है। प्रत्येक प्रश्नोत्तरी सत्र में, प्रतिभागी को 2 मिनट के भीतर अधिकतम 10 प्रश्नों के उत्तर देने का मौका मिलता है। ऊर्जा संरक्षण, दक्षता और विभिन्न संबंधित विषयों से संबंधित प्रश्नों को प्रश्न बैंक से यादृच्छिक रूप से पूछा जाता है। हर सप्ताह एक लकी ड्रा निकाला जाता है ताकि उस सप्ताह के प्रतिभागियों के मध्य विजेता का पता लगाया जा सके जिन्होंने सभी प्रश्नों के सही उत्तर दिए हैं। विजेता को 5000/– रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

10.5.1.साइक्लोथॉन:–'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में दिल्ली में साइक्लोथॉन की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। पहला साइक्लोथॉन गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), सेक्टर–16, द्वारका, नई दिल्ली–110075 के परिसर में 29 अक्टूबर, 2021 को प्रातः 10 बजे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, तेल और गैस क्षेत्र के अधिकारियों, लगभग 500 साइकिल चालकों, दिल्ली के कुछ साइकिलिंग क्लबों के सदस्यों और जीजीएसआईपीयू के छात्रों और संकाय की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, जीजीएसआईपीयू के कुलपति डॉ. महेश वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का विषय ''मेरा प्रन, ईंधन संरक्षण'' था।

नई दिल्ली में साइक्लोथॉन का कुलपति जीजीएसआईपीयू और अन्य गण्मान्य अतिथिगण झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए

नई दिल्ली में साइक्लोथॉन कार्यक्रम

इंफाल में साइक्लोथॉन: साइक्लोथॉन का आयोजन 12 नवंबर 2021 को इंफाल पूर्वी जिला इम्फाल, मणिपुर के खुमान लम्पक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था। इस कार्यक्रम में श्री रामेश्वर तेली, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, श्रम और रोजगार राज्य मंत्री की उपस्थिति मुख्य अतिथि के रूप में थी। श्री युमखम इराबोट सिंह, माननीय विधायक, वांगखेई एसी, मणिपुर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए भारत सरकार के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, उपायुक्त, इंफाल पूर्वी जिला, एसपी, इंफाल पश्चिम जिला, युवा मामले और खेल निदेशक, मणिपुर सरकार भी इस समारोह में उपस्थित थे। कुछ अर्जुन पुरस्कार विजेताओं सहित मणिपुर के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी साइक्लोथॉन में भाग लिया।

10.6 अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजनाएं

पीसीआरए अपने आर एंड डी विभाग के माध्यम से, पेट्रोलियम परिरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अनुसंधान, विकास और नियोजन प्रयासों को बढ़ावा देने का प्रयास करता है तथा ईंधन कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रचार–प्रसार के प्रयासों को प्रोत्साहित और समर्थन करता है। इस संबंध में यह प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों, तकनीकी संस्थानों, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं आदि से अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को आमंत्रित और प्रायोजित करता है।

पीसीआरए ईंधन योजक विनिर्देशों की जांच के लिए एक राष्ट्रीय निकाय के रूप में भी काम कर रहा है। इस संबंध में, पीसीआरए ने ईंधन योजकों की जांच और प्रमाणन के लिए एक वेब पोर्टल आधारित पारदर्शी प्रणाली बनाई है। पीसीआरए प्रमाणित परीक्षण संस्थानों से परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर इच्छुक विक्रेताओं को आवश्यक प्रमाणीकरण जारी करता है। पीसीआरए प्रत्यायन उत्पाद के तकनीकी और ईंधन विनिर्देशों में कोई परिवर्तन न होने के अध्यधीन 5 वर्षों के लिए वैध है।



10.7 नीतिगत उपाय

ईंधन दक्षता और संरक्षण के संबंध में अनेक नीतिगत पहलें भी प्रारंभ की गई हैं जैसे भारी, मध्यम और हल्के वाहनों के लिए ईंधन दक्षता मानदंड, ट्रैक्टरों और टायरों के लिए मानक और लेबलिंग कार्यक्रम, उच्च तापीय दक्षता पीएनजी बर्नर का विकास, एलपीजी स्टोव आदि के लिए अनिवार्य बीआईएस प्रमाणीकरण आदि। इनमें से कुछ निम्नानुसार सूचीबद्ध किए गए हैं: –

क. भारी ड्यूटी वाहनों (एचडीवी) के लिए ईंधन दक्षता (एफई) मानदंड,

ख. हल्के और मध्यम वाणिज्यिक वाहनों के लिए ईंधन अर्थव्यवस्था मानदंड,

ग. टायरों के मानक और लेबलिंग,

घ. कृषि ट्रैक्टरों के स्टार और लेबलिंग,

ड. उच्च तापीय क्षमता पीएनजी बर्नर का विकास, और

च. घरेलू एलपीजी स्टोव के लिए एस एंड एल कार्यक्रम।

10.8. समूचे भारत में विद्यालयों के लिए ऊर्जा परिरक्षण और पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता

पीसीआरए ने राष्ट्रीय हरित कोर श्इको क्लबश के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण पर शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया है। ऊर्जा संरक्षण पर शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को लक्षित किया जाता है। प्रारंभ में इसे 10 प्रमुख राज्यों में 2000 ईको क्लबों में लागू किया गया है। आज समूचे देश में राज्य नोडल एजेंसियों (एसएनए) के माध्यम से ऐसे कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं। वर्तमान में, ये कार्यक्रम विद्यालयों में विज्ञान विषय के नामित शिक्षकों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं।

ईंधन दक्षता और संरक्षण के इन क्रियाकलापों ने वर्ष 2021–22 तक कच्चे तेल के आयात में 10% की कमी करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में अपना योगदान दिया है।




227.69
(-24.95)
9,383.69
(+6.79)
159.55
5,273.24
10,940.23
(-8.02)
1,092.99
Aug
Oct



संवेदनशील पेट्रोलियम उत्पादों के संबंध में मूल्य निर्धारण नीति




11 मूल्य निर्धारण

11.1 पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) के तहत लाया गया था, जो जुलाई 1975 से प्रभावी था, जब पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य निर्धारण को आयात समता सिद्धांतों से लागत जमा सिद्धांतों में स्थानांतरित कर दिया गया था। एपीएम (1975 से 2002) के अंतर्गत विभिन्न तेल पूल लेखाओं को i) बिक्री मूल्य में स्थिरता; ii) उपभोक्ताओं के अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार–चढ़ाव से बचाव; और iii) पेट्रोल, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) आदि जैसे अन्य उत्पादों से अंतर सब्सिडी द्वारा सार्वजनिक वितरण के लिए केरोसीन और घरेलू एलपीजी जैसे कुछ उत्पादों के उपभोक्ता मूल्य को सब्सिडी प्रदान करने को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए रखा गया था।

11.2 01.04.2002 से एपीएम को समाप्त कर दिया गया और सरकार ने पीडीएस केरोसिन और घरेलू एलपीजी की बिक्री पर निर्दिष्ट फ्लैट दरों पर सब्सिडी प्रदान करने का निर्णय लिया। इन बजटीय सब्सिडी को प्रशासित करने के लिए, सरकार ने 'पीडीएस केरोसिन और घरेलू एलपीजी सब्सिडी योजना, 2002' तैयार की। इस योजना के तहत यह निर्णय लिया गया कि इन सब्सिडी को 3–5 वर्षों में समाप्त कर दिया जाएगा।

11.3 2004 से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तेज वृद्धि और अस्थिरता वैश्विक चिंता का विषय बन गई है। कच्चे तेल की भारतीय बास्केट, जिसका औसत मार्च 2002 में एपीएम के विघटन के समय औसतन 23 डॉलर प्रति बैरल और मई 2004 में 36 डॉलर प्रति बैरल था, 2010–11 के दौरान औसतन 85.09 डॉलर प्रति बैरल हो गया। कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 2011–12 के दौरान बढ़कर 111.89 डॉलर प्रति बैरल हो गया। कच्चे तेल की कीमतें, लगातार तीन वर्षों से अधिक के लिए 100 डॉलर/बैरल से अधिक के स्तर पर रहने के बाद, 2014 की दूसरी छमाही के दौरान तेजी से गिरने लगीं। परिणामस्वरूप, 2015–16, 2016–17 और 2017–18 के दौरान भारतीय कच्चे तेल की बास्केट का औसत मूल्य क्रमशः 46.17 डॉलर प्रति बैरल, 47.56 डॉलर प्रति बैरल और 56.43 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया। 2018–19 के दौरान मूल्य बढ़कर 69.88 डॉलर प्रति बैरल हो गया और 2019–20 में गिरकर 60.47 डॉलर प्रति बैरल रह गया और कोविड–19 के प्रभाव के कारण 2020–21 के दौरान और गिरकर 44.82 डॉलर प्रति बैरल हो गया। मूल्य में 2021–22 में सुधार हुआ और चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 (3 जनवरी, 2022 तक) के दौरान यह 72.95 डॉलर प्रति बैरल है। 2002–03 से 2021–22 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का रुझान चित्र में दिया गया है।

कच्चे तेल का रुझानः भारतीय बास्केट $/bbl



टिप्पणीः 2021–22 के मूल्य 03.01.2022 तक के है।

11.4 पेट्रोल और डीजल

11.4.1 सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों को क्रमशः 26 जून, 2010 और 19 अक्टूबर, 2014 से बाजार द्वारा निर्धारित किए जाने को प्रभावी कर दिया है। तब से, ओएमसीज अंतरराष्ट्रीय बाजार और घरेलू परिस्थितियों में बदलाव के अनुरूप पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर निर्णय लेती हैं। अंतरराष्ट्रीय कीमतों और रुपया डॉलर विनिमय दर में बदलाव के अनुरूप ओएमसीज ने न केवल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि की है बल्कि कीमतों में कमी भी की है।

11.4.2 16 जून, 2017 से पूरे देश में पेट्रोल और डीजल के दैनिक मूल्य निर्धारण को लागू कर दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय कीमतों के साथ निकट संरेखण हुआ है।

11.5 घरेलू एलपीजी (सब्सिडीयुक्त)

11.5.1 आम आदमी को अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में वृद्धि के प्रभाव से बचाने के लिए, सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य (प्रत्येक परिवार में प्रति वर्ष 12 सिलेंडर की अधिकतम सीमा तक) को नियंत्रित करना जारी रखे हुए है। तथापि, गैर–सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी की कीमतें ओएमसी द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बदलाव के अनुरूप निर्धारित की जाती हैं।

11.5.2 1 जनवरी 2015 से 'पहल (डीबीटीएल) योजना 2014' को पूरे देश में लागू किया गया है जिसमें घरेलू एलपीजी पर सब्सिडी को पात्र उपभोक्ताओं को सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किया जा रहा है।

11.6 पीडीएस केरोसिन

11.6.1 आम आदमी को अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि के प्रभाव से बचाने के लिए, सरकार पीडीएस केरोसिन की खुदरा बिक्री कीमतों को नियंत्रित करना जारी रखे हुए है।

11.6.2 1 मार्च, 2020 से प्रभावी पीडीएस केरोसिन का खुदरा बिक्री मूल्य अखिल भारतीय आधार पर शून्य कम–वसूली स्तर पर बनाए रखा जा रहा है।

11.6.3 1 अक्टूबर, 2016 से प्रभावी पीडीएस केरोसिन योजना 2016 (डीबीटीके) में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण झारखंड राज्य के 4 जिलों में लागू किया गया था। इस योजना को 1 अप्रैल, 2017 से अन्य 6 जिलों में विस्तारित किया गया और 1 जुलाई, 2017 से समूचे झारखंड राज्य को डीबीटीके के तहत कवर किया गया है।

11.6.4 वर्ष 2018–19 में राज्यों को दिए गए पीडीएस केरोसिन आवंटन में 2017–18 के आवंटन की तुलना में कुल मिलाकर 12% की कमी हुई और इसी तरह वर्ष 2019–20 के लिए वर्ष 2019–20 के लिए 2018–19 के आवंटन की तुलना में 30% की कमी हुई और 2020–21 के लिए आवंटन में 2019–20 की तुलना में 26% की कमी हुई थी। अप्रैल–दिसंबर, 2021–22 के लिए आवंटन में अप्रैल–दिसंबर, 2020–21 के लिए आवंटन की तुलना में 26% की और कमी की गई है। पीडीएस केरोसिन आवंटन में कमी का, अद्यतन तिथि तक, 14 राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (कर्नाटक, हरियाणा, तेलंगाना, नागालैंड, चंडीगढ़, गुजरात, आंध्र प्रदेश, बिहार, गोवा, पुडुचेरी, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड और उत्तर प्रदेश) ने 'केरोसिन आवंटन में स्वैच्छिक कटौती के लिए प्रोत्साहन हेतु नकद योजनाश का लाभ उठाया है। अद्यतन तिथि के अनुसार, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान, दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और चंडीगढ़ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को केरोसिन मुक्त घोषित किया गया है।

11.7 सब्सिडी/कम–वसूली

पिछले 4 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस पर कुल सब्सिडी/कम वसूली निम्नानुसार है:

करोड़ ₹ में

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
पीडीएस केरोसीन में कुल कम वसूली (क)	4,672	5,950	1,833	-
कुल डीबीटीएल सब्सिडी (ख)	20,905	31,539	22,726	3,658
कुल पीएमयूवाई सब्सिडी (ग)	2,559	5,670	1,446	76
डीबीटीके सब्सिडी (घ)	113	98	42	
पीएमजीकेवाई (ङ)				8,162
पूर्वोत्तर के लिए प्राकृतिक गैस सब्सिडी (च)	435	557	574	336
घरेलू एलपीजी और पीडीएस केरोसीन पर सब्सिडी/कम–वसूली (क+ख+ग+घ+ङ+च)	**28,684**	**43,814**	**26,621**	**12,231**

(पी) अनंतिम

टिप्पणी: वर्ष 2019–20 के लिए डीबीटीके सब्सिडी अक्टूबर 2019 तक की अवधि के लिए है। डीबीटीके सब्सिडी में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भुगतान की गई सब्सिडी के सीधे अंतरण के लिए संस्थागत तंत्र की स्थापना हेतु नकद प्रोत्साहन/सहायता शामिल नहीं है। पूर्णांकन के कारण कुल योग भिन्न हो सकता है।

11.8 कच्चे तेल का मूल्य निर्धारण

कच्चे तेल की भारतीय बास्केट भारतीय रिफाइनरियों द्वारा संसाधित कच्चे तेल के औसत को तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष में स्वीट कच्चे और सोर कच्चे तेल के वास्तविक प्रसंस्करण के अनुपात में दर्शाती है। स्वीट कच्चे तेल की कीमत के लिए, बेंचमार्क कच्चे तेल "ब्रेंट" के लिए दैनिक प्लैट्स आकलन को लिया जाता है। सोर कच्चे तेल के लिए, बेंचमार्क कच्चे तेल "दुबई" और "ओमान" के लिए प्लैट्स आकलन का औसत लिया जाता है। 2019–20 के दौरान, भारतीय रिफाइनरियों ने 75.62 प्रतिशत सोर कच्चे तेल और 24.38 प्रतिशत स्वीट कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया। अतः, 2020–21 के लिए, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट ने 75.62:24.38 के अनुपात में "दुबई" और "ओमान" (सोर कच्चे तेल) और "ब्रेंट" (स्वीट कच्चे तेल) के औसत के अंतर्गत बेंचमार्क के लिए प्लैट्स द्वारा दैनिक मूल्य आकलन को दर्शाया।

घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों की पेशकश की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के लिए बेंचमार्क किए गए उनके कच्चे तेल एस्से के अनुरूप होते हैं। कच्चे तेल का आयात अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर होता है।





अध्याय 12

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और दिव्यांगजनों का कल्याण



12 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और दिव्यांगजनों का कल्याण

12.1 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण के संबंध में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोक उद्यम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में लागू किया जा रहा है। इस मंत्रालय का एससीटी प्रकोष्ठ मंत्रालय के साथ–साथ मंत्रालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य संगठनों में आरक्षण नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और निःशक्तजनों (पीडब्ल्यूडी) कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और उनकी शिकायतों के निवारण के लिए अपने मुख्य संपर्क अधिकारियों/संपर्क अधिकारियों की देखरेख में कार्यान्वयन प्रकोष्ठों का भी गठन किया है। पीएसयूज़ के संपर्क अधिकारी राष्ट्रपति के निर्देशों के साथ–साथ इस विषय पर समय–समय पर जारी भारत सरकार के विभिन्न आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं। संसद सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से प्राप्त पीएसयू के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की शिकायतों पर उपचारात्मक कार्रवाई की जाती है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की नियुक्ति की स्थिति की निगरानी मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के माध्यम से की जाती है।

12.2 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी संसदीय समिति की टिप्पणियों और सेवा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण संबंधी राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसरण में, इस मंत्रालय के मुख्य संपर्क अधिकारी के नेतृत्व में एक दल पीएसयू की यूनिटों द्वारा बनाए गए आरक्षण रोस्टरों का वार्षिक रूप से निरीक्षण करता है।

12.3 मंत्रालय के नियंत्रणाधीन तेल और गैस सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों पर विशेष ध्यान देने के साथ विभिन्न क्रियाकलाप शुरू किए गए हैं। सीएसआर पहलें/योजनाएं एससी/एसटी/ओबीसी समुदाय को प्रभावी ढंग से लक्षित कर रही हैं।

12.4 निःशक्तजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशेष भर्ती अभियान

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 28.4.2015 को नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड द्वारा दायर सीए संख्या 9096/2013 में अवमानना याचिका संख्या 499/2014 में निरूशक्तजनों के पदों को भरने का आदेश दिया। इस मामले की निगरानी डीओपीटी कर रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सार्वजनिक उपक्रमों में 359 पदों की पहचान की गई थी। 31.12.2021 को निःशक्तजनों के लिए रिक्तियों को भरने की स्थिति निम्नानुसार है:

क्रम सं.	कदम–वार ब्यौरा	पद
1.	माननीय उच्चतम न्यायालय को सूचित मंत्रालय और तेल पीएसयू में पदों की संख्या	359
2.	पहले से भरे गए पद	317
3.	भरे जाने हेतु शेष पद	42

31.12.2021 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन तेल कंपनियों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/निःशक्तजनों का बैकलॉग

	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और निरूशक्तजनों के संबंध में बैकलॉग रिक्तियों की संख्या (सीधी भर्ती)															
पीएसयू	समूह क				समूह ख				समूह ग				समूह घ			
	अनु.जा.	अनु.ज.जा.	अ.पि.व.	निरूशक्तजन	अनु.जा.	अनु.ज.जा.	अ.पि.व.	निरूशक्तजन	अनु.जा.	अनु.ज.जा.	अ.पि.व.	निरूशक्तजन	अनु.जा.	अनु.ज.जा.	अ.पि.व.	निरूशक्तजन
एमओपीएनजी	मंत्रालय द्वारा नहीं रखी जाती है।					शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	0	1	0	0	लागू नहीं		
आईआईपीई	No Backlog Vacancies															
सीपीसीएल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	1$	शून्य	1	3	शून्य	7#	6	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
एमआरपीएल	1	-	3	8	*	*	*	*	3	4	-	11	*	*	*	*
एचपीसीएल	0	0	0	22	-	-	-	-	0	7	1	0	-	-	-	-
बीपीसीएल	3	1	-	2	-	-	-	-	-	-	-	1	2	1	-	4
ईआईएल	2	4	11	9	-	-	-	1	-	-	-	1	-	-	-	-
ओआईएल	2	1	1	2	-	-	-	1	12	9	10	25	1	-	3	-
आईओसीएल	15	21	33	33	समूह 'ख' में कोई भर्ती नहीं की जाती है।				6	5	15	60	3	2	4	25
आरजीआईपीटी	5**	4**	4**	0	0	0	1***	0	0	0	1***	0	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
ओआईडीबी	No Backlog Vacancies															
एनआरएल	7	1	7	5	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	2	शून्य	शून्य	3	1	शून्य	शून्य	शून्य
ओएनजीसी	35	11	39	56	-	-	-	-	16	33	34	98	2	0	1	2
गेल	19	14	24	19	-	3	3	5	24	18	26	14	-	-	-	-
बीएलएल	*4	8	0	5	0	0	0	3	**							

आरजीआईपीटी: ** केवल शिक्षण संवर्ग

*** केवल प्रशासनिक स्टाफ संवर्ग

सीपीसीएल: + निःशक्तजन के लिए भी आरक्षित

7 पदों में से, 2 निःशक्तजन के लिए आरक्षित है।

बीएलएल:* समूह क और समूह ख में बैकलॉग रिक्तियों को समाप्त करने के लिए एक विशेष भर्ती अभियान (एसआरडी) की आयोजना है। **अधिशेष जनशक्ति के कारण समूह ग और समूह घ में कोई भर्ती नहीं की गई है, अतरू इन समूहों में कोई बैकलॉग रिक्तियां नहीं है।

एमआरपीएल: * एमआरपीएल में समूह ख तथा घ में कोई सीधी भर्ती नहीं की जाती है।

उक्त बैकलॉग रिक्तियां भर्ती स्तर पर है जहां आमतौर पर भर्तियां की जाती है।

एचपीसीएल: * एचपीसीएल में समूह 'ख' तथा 'घ' के अंतर्गत कोई पद वर्गीकृत नहीं है क्योंकि गैर–प्रबंधन ग्रेडों में प्रवेश को समूह 'ग' के रूप में पुनःवर्गीकृत किया गया है


लियम और प्राकृतिक गैस
भारत सरकार
धानमंत्री उज्ज्वला
के अन्तर्गत
8 करोड़
एलपीजी कनेक्शन



अध्याय 13

महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

13 महिलाओं का कल्याण, विकास और सशक्तिकरण

13.1 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संगठन महिला कर्मचारियों के कल्याण और सशक्तिकरण की दिशा में कई पहलें कर रहे हैं। लैंगिक सुग्राहीकरण के प्रसार और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को बढ़ावा देने, उनके पेशेवर विकास और कल्याणकारी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें बाहरी और आंतरिक प्रशिक्षण, महिला स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, सार्वजनिक क्षेत्र में महिला मंच की राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए उन्हें प्रायोजित करना आदि शामिल हैं।

महिला कर्मचारियों के हितों की देखरेख के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में महिला फोरम का गठन किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा तैयार क्या करें और क्या न करें की सूची सभी कर्मचारियों के अवलोकनार्थ परिचालित की गई है। 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न' संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए समितियों का गठन किया गया है।

तेल पीएसयू में 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या की तुलना में महिला कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

क्रम सं.	पीएसयू का नाम	कर्मचारियों की कुल संख्या	महिला कर्मचारियों की कुल संख्या
1.	पेट्रोलिम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	220	51
2.	आईआईपीई	31	06
3.	सीपीसीएल	1509	80
4.	एमआरपीएल	2100	142
5.	एचपीसीएल	8997	900
6.	बीपीसीएल	8708	664
7.	ईआईएल	2726	326
8.	ओआईएल	6302	409
9.	आईओसीएल	31531	2745
10.	आरजीआईपीटी	91	12
11.	ओआईडीबी	17	3
12.	एनआरएल	988	68
13.	ओएनजीसी	27653	2080
14.	गेल	4737	306
15.	बामर लॉरी	1204	159

13.2 विशाखा बनाम राजस्थान राज्य के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप, मंत्रालय में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की रोकथाम और निवारण के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति (महिला प्रकोष्ठ) गठित किया गया है। वर्तमान में श्रीमती स्वरूप सरन, उप सचिव, एमओपीएनजी समिति की अध्यक्ष है, जिसमें एनजीओ के एक सदस्य सहित चार अन्य सदस्य शामिल है। समिति नियमित अंतराल पर अपनी बैठकें आयोजित करती है।


Balmer Lawrie
STARTUP
FUND
Balmer Lawrie & Co. Ltd.
(A Government of India Enterprise)
joins hands with
IIM CALCUTTA



ओएनजीसी
ONGC

इंडियनऑयल
IndianOil

Bharat Petroleum
energising lives

ऑयल इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Oil India Limited
(A Government of India Enterprise)

EIL
A Navratna Company

ONGC
एमआरपीएल
MRPL

Bharat PetroResources

CPCL

बीएल

SINCE 1867

अध्याय 14





GAIL (India) Limited





उपक्रम / संगठन

14 उपक्रम / संगठन

14.1 महारत्न कंपनी

14.1.1 इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

इंडियन ऑयल भारत की प्रमुख महारत्न राष्ट्रीय तेल कंपनी है, जिसके मुख्य व्यावसायिक हित संपूर्ण हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला – रिफाइनिंग, पाइपलाइन परिवहन और विपणन से लेकर कच्चे तेल और गैस के अन्वेषण और उत्पादन, पेट्रोरसायन, गैस विपणन और डाउनस्ट्रीम प्रचालनों के वैश्विक स्तर पर फैले हुए है। यह ''भारत की ऊर्जा'' और ''एक वैश्विक रूप से प्रशंसित कंपनी'' बनने की अपनी आकांक्षा की दिशा में भी कार्य कर रही है। कंपनी ने जैव–ईंधन, सौर, पवन, ईवी चार्जिंग, हाइड्रोजन आदि में पहलों के साथ वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखा है। श्रीलंका, मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका और नीदरलैंड में सहायक कंपनियों के गठन और साथ ही बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों में कार्यालय खोलने और विदेशों में व्यावसायिक उद्यमों के लिए नए संयुक्त उद्यम के गठन से वैश्विक आकांक्षाओं को भी एक हद तक पूरा किया जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में इंडियन ऑयल देश के कोने–कोने में ग्राहकों तक पहुंचा है। अपने परिचालन तरीकों में तेजी से प्रगति के साथ, इंडियन ऑयल ने अपने पाइपलाइन नेटवर्क को सुदृढ़ किया है, सतत उत्पादों में विविधता बढ़ाई है, सामाजिक प्रयासों का समर्थन किया है और वर्ष–दर–वर्ष शानदार व्यापार प्रदर्शन सुनिश्चित किया है – जो वास्तव में एक वैश्विक संगठन की अपार क्षमता का प्रमाण है। फॉर्च्यून की 'ग्लोबल 500' 2021 सूची में इंडियन ऑयल सर्वोच्च स्थान पाने वाला भारतीय ऊर्जा पीएसयू (212वां स्थान) है।

14.1.1.1 वित्तीय निष्पादन

इंडियन ऑयल का टर्नओवर (संचालन से राजस्व) अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान 3,51,157 करोड़ रुपए से 48.7% (1,70,842 करोड़ रुपये) बढ़कर अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान 5,21,999 करोड़ रुपए हो गया था। अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान, इंडियन ऑयल ने अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान 13,055 करोड़ रुपए की तुलना में अप्रैल '21–दिसंबर'21 के दौरान 18,162 करोड़ रुपए का लाभ (कर पश्चात) दर्ज किया। जीआरएम 8.52 अमेरिकी डॉलर/बीबीएल रहा, जबकि अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान यह 2.96 अमेरिकी डॉलर/बीबीएल था।

14.1.1.2. राजकोष में योगदान

पिछले कुछ वर्षों से, इंडियन ऑयल शुल्कों, करों और लाभांश के रूप में सरकारी राजकोष में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान भुगतान किए गए ₹1,44,701 करोड़ की तुलना में अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान ₹1,89,460 करोड़ का भुगतान सरकारी राजकोष को किया गया, जो अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान से 31% की वृद्धि को दर्शाता है। अप्रैल'20–दिसंबर'20 के दौरान केन्द्री राजकोष तथा राज्य के राजकोष को भुगतान किए गए क्रमशः ₹88,796 करोड़ रुपये और 55,905 करोड़ रुपये की तुलना में अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान केंद्रीय राजकोष में ₹1,10,586 करोड़ रुपये और राज्यों के राजकोष को ₹ 78,874 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

14.1.1.3. रिफाइनरी निष्पादन

अप्रैल–दिसंबर'21 के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के लिए, आईओसीएल रिफाइनरियों ने संचयी रूप से 49.4 एमएमटी कच्चे तेल और 2.3 एमएमटी नाफ्था का प्रसंस्करण किया है। कोविड–19 प्रतिबंधों में चरणबद्ध छूट के बाद क्रूड और नेफ्था दोनों प्रसंस्करण पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा अधिक (44.8 एमएमटी कच्चा तेल और 1.9 एमएमटी नाफ्था) हैं और डिस्टिलेट उत्पादन के संबंध में आईओसीएल रिफाइनरियों ने 79.5% की उपलब्धि प्राप्त की, जो पिछले वर्ष की 79.2% से अधिक है।

ओए (प्रचालनात्मक उपलब्धता) के संबंध में, आईओसीएल 96.9% (पिछले वर्ष 97.1%) पर रहा है और एमबीएन (विशिष्ट ऊर्जा खपत) के मामले में, आईओसीएल रिफाइनरियों ने अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 75.2 एमबीएन (पिछले वर्ष 77.5) की उपलब्धि प्राप्त की है।

वैश्विक महामारी के दौरान, आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के अस्पतालों को मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन की आपूर्ति की ताकि राज्य को जारी कोविड–19 महामारी से लड़ने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाई जा सके। महामारी की चरम अवस्था के दौरान, अप्रैल'21 में, अस्पतालों को लगभग 152.84 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोविड–19 के लिए उपचार किए जा रहे रोगियों के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति में कोई कमी न हो।

आईओसीएल गुवाहाटी और गुजरात रिफाइनरी ने सफलतापूर्वक अपने डीईएफ (डीजल निकास द्रव्य) संयंत्र को चालू किया। डीईएफ का विपणन व्यापार नाम आईओसी क्लियर ब्लू के तहत किया जा रहा है और भारतीय बाजार में नए उत्सर्जन मानक बीएस VI को पूरा करने के लिए डीईएफ की मांग में वृद्धि देखी जा रही है। क्लियर ब्लू एससीआर प्रौद्योगिकी वाले डीजल वाहनों में उपयोग के लिए 32.5% जलीय यूरिया सॉल्यूशन है। एससीआर डीजल उत्सर्जन में हानिकारक एनओएक्स को नाइट्रोजन और जल वाष्प में परिवर्तित करता है।

इंडियन ऑयल ने बोंगाईगांव में इंडडीएसएन® प्रौद्योगिकी पर आधारित बीएस–VI परियोजना के तहत गुजरात रिफाइनरी, एनएचटी इकाई में एक नई प्राइम–जी+ यूनिट शुरू की। गुवाहाटी एचजीयू और एचडीटी गुणवत्ता सुधार चरण–II

पुनरूद्धार को शुरू किया गया था। ऊर्जा सुरक्षा के राष्ट्रीय दृष्टिकोण और पेरिस समझौते के अनुरूप इंडियन ऑयल अपनी विभिन्न रिफाइनरियों से कार्बन एकत्रीकरण, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) परियोजनाओं को विकसित करने के संभावित अवसरों पर कार्य कर रहा है, जो जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए एक उत्सर्जन शमन उपकरण के रूप में कार्य करने और भारत में वर्धित तेल प्राप्ति (ईओआर) के लिए तेल भंडारों में कार्बन डाइऑक्साइड का इंजेक्शन अंतर्ग्रस्त करने के लिए है।

14.1.1.4 प्राकृतिक गैस एकीकरण

आरएलएनजी का उपयोग सभी रिफाइनरियों में चरणबद्ध तरीके से ईंधन के रूप में किया जाएगा। धामरा टर्मिनल से जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के माध्यम से प्राकृतिक गैस का उपयोग बरौनी, पारादीप, हल्दिया, बोंगईगांव और गुवाहाटी रिफाइनरियों में किया जाएगा। एनजी बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और इनकी वित्तीय वर्ष 2022–23 तक चालू होने की आशा है।

14.1.1.5 हरित ऊर्जा

नवीकरणी ऊर्जा के माध्यम से रिफाइनरी विस्तार के लिए भविष्य में विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए एनटीपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इंडियन ऑयल भारत सरकार के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत खोज में अग्रणी रहा है। हरित एच2 के उपयोग की प्रतिबद्धता के रूप में, मथुरा और पानीपत रिफाइनरियों में 5 और 2 केटीपीए के दो संयंत्रों की योजना बनाई गई है।

इंडियन ऑयल ने एक साधारणीयता उपाय के रूप में हरित पट्टी, इको पार्क, सामुदायिक वृक्षारोपण परियोजनाओं आदि के रखरखाव सहित विभिन्न वृक्षारोपण प्रयास भी किए हैं।

14.1.1.6 पाइपलाइन निष्पादन

इंडियन ऑयल ने वर्ष के दौरान अपने पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखा और कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइनों के लिए 96.06 मिलियन टन प्रति वर्ष और गैस पाइपलाइनों के लिए 22.59 एमएमएससीएमडी की संयुक्त थ्रुपुट क्षमता के साथ 15,007 किमी की एक और उपलब्धि प्राप्त की।

वर्ष 2021–22 (अप्रैल'2021 से दिसंबर' 2021) के दौरान, कच्चे तेल की पाइपलाइनों ने 2020–21 की समान अवधि के दौरान 31.226 एमएमटी की तुलना में 35.774 एमएमटी का थ्रुपुट हासिल किया और उत्पाद पाइपलाइनों ने 22.711 एमएमटी की तुलना में 2020–21 की इसी अवधि के दौरान 25.078 एमएमटी का थ्रुपुट हासिल किया। इसके अलावा, गैस पाइपलाइनों ने 2330 एमएमएससीएम का थ्रुपुट प्राप्त किया, जो कि 2020–21 की इसी अवधि के दौरान 1979 एमएमएससीएम के थ्रुपुट से 18% अधिक है।

14.1.1.7 विपणन निष्पादन

वर्ष के दौरान लॉकडाउन और बार–बार के यात्रा प्रतिबंधों के बीच, इंडियन ऑयल ने देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करके राष्ट्र की सेवा करना जारी रखा। 53.74 एमएमटी पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू बिक्री वर्ष 2021–22 (अप्रैल–दिसंबर) के दौरान दर्ज की गई थी, जबकि पिछले वर्ष 2020–21 में इसी अवधि के लिए यह 50.11 एमएमटी दर्ज की गई थी। इंडियन ऑयल ने अपने रिटेल आउटलेट्स पर प्रतिदिन लगभग ₹2.6 करोड़ की ग्राहकों को सेवा दी और भारत के नागरिकों की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान प्रति दिन लगभग ₹26.5 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए।

अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, इंडियन ऑयल ने 1,494 खुदरा आउटलेट (आरओ) चालू किए, जो किसी भी तेल विपणन कंपनी में सबसे अधिक है। नए युग में ईंधन भरने के चलन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने डीजल के लिए 279 डोर–टू–डोर डिलीवरी मोबाइल डिस्पेंसर भी चालू किए हैं, जिसकी कुल संख्या 916 हो गई है।

2 नवंबर, 21 को धनतेरस और दिवाली के शुभ अवसर पर, इंडियन ऑयल ने देश के 63 शहरों में 126 ईंधन स्टेशनों में स्वच्छतर और हरित डीजल एक्स्ट्राग्रीन की शुरुआत की। 31 दिसंबर को उत्पाद पूरे भारत में 291 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। एक्स्ट्राग्रीन डीजल 5 से 6 प्रतिशत तक ईंधन की बचत में सुधार करता है, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करता है (डीजल के प्रति लीटर 130 ग्राम सीओ2), कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन को 5.29 प्रतिशत कम करता है, एनओएक्स उत्सर्जन को 4.99% कम करता है, सीटेन संख्या को 5 तक बढ़ाता है, चिकनाई में सुधार, इंजन के शोर को कम करता है और उत्कृष्ट जंग संरक्षण (एनएसीई रेटिंग ए) मुहैया करवाता है।

वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने के लिए, इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 298 नए सीएनजी, 5 कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी), 579 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग और 3 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन जोड़े है। वर्ष 2021 के अंत तक, इंडियन ऑयल देश में 1,357 सीएनजी, 23 सीबीजी, 836 ईवी चार्जिंग और 30 बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों का प्रचालन कर रहा था।

भारत का पहला सुपर प्रीमियम पेट्रोल, एक्सपली100, 100 के एनोक्टेन मान के साथ, 31 दिसंबर 2021 को 57 शहरों में 106 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है। इसके अलावा, मई 2021 में, एक्सपी95 (95 ऑक्टेन प्रीमियम पेट्रोल) को ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं को ऑटोमोबाइल विकास में तेजी लाने में सक्षम बनाने के लिए प्रारंभ किया गया था जिससे वे कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (सीएएफई) एक्सपी95 को पूरा कर सके और इसे समूचे भारत में 6487 आरओ के माध्यम से बेचा जा रहा है।

इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 9.68 एमएमटी की कुल एलपीजी बिक्री हासिल की और 67 लाख से अधिक नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए। सेवाओं में ग्राहकों की पहुंच और ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार करने के लिए, इंडियन

ऑयल ने 63 नए एलपीजी वितरकों को चालू किया, जिससे उनकी कुल संख्या 12,784 हो गई।

वर्ष 2021–22 के दौरान, बेहतर निष्पादन के लिए नैनो–एडिटिव्स के साथ विभेदित एलपीजी, इंडेन एक्स्ट्रातेज के विपणन का पूरे देश में विस्तार किया गया और अप्रैल–दिसंबर21 के दौरान हमने एक्स्ट्रा तेज उत्पाद के 80 टीएमटी से अधिक की बिक्री की है। छोटू के रूप में 5 किलोग्राम एफटीएल को रीब्रांड करने के बाद, इस श्रेणी ने 8.3 टीएमटी की बिक्री के साथ अप्रैल–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 49.6% की वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा दिसंबर, 21 तक, ग्राहकों को 17 हजार से अधिक इंडेन मिश्रित सिलेंडर भी बेचे गए थे, जो ग्राहकों को नए जमाने और हल्के एलपीजी सिलेंडर की पेशकश करने के लिए 5 किलो और 10 किलो श्रेणी में प्रारंभ लॉन्च किए गए थे।

विमानन क्षेत्र में भी, इंडियन ऑयल ने अप्रैल–दिसंबर 2021 की अवधि के दौरान 63.0% की बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। वर्ष के दौरान, तेजू (अरुणाचल प्रदेश), रत्नागिरी (महाराष्ट्र), सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र) और जबलपुर (मध्य प्रदेश) में चार नए विमानन ईंधन स्टेशन (एएफएस) चालू किए गए जिससे इंडियन ऑयल द्वारा देश में स्थापित एएफएस की कुल संख्या 125 हो गई है। इंडियन ऑयल ने भारतीय वायु सेना के लिए चंडीगढ़ में एक अत्याधुनिक हाइड्रेंट रिफ्यूलिंग प्रणाली (एचआरएस) भी प्रारंभ की है।

14.1.1.8 अनुसंधान और विकास (आर एंड डी)

वर्तमान में, दिसंबर 2021 तक 1381 प्रभावी पेटेंटों के साथ 1496 पेटेंटों के विशाल पोर्टफोलियो के साथ, इंडियन ऑयल का अनुसंधान एवं विकास केंद्र पिछले 5 वर्षों में अपने स्वीकृत पेटेंट पोर्टफोलियो को दोगुना करने में सक्षम रहा है।

आईओसीएल आरएंडडी के निरंतर प्रयासों ने न केवल घरेलू आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद की है, बल्कि 2021–22 के दौरान केंद्र ने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और आयात प्रतिस्थापन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक, ऊर्जा कुशल ल्यूब्रीकेंट और ग्रीस के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। अप्रैल'21 से दिसंबर'21 तक, 97 लुब्रिकेंट फॉर्मूलेशन जारी किए गए और प्रमुख वैश्विक ओईएम से 43 से अधिक ओईएम अनुमोदन प्राप्त किए गए।

इंडियन ऑयल की क्राउन ज्वेल बॉटम अपग्रेडेशन टेक्नोलॉजी इंडमैक्स के लाइसेंस के साथ नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड की प्रतिस्पर्धी बोली लगाने और पिछले वर्ष बीजीआर में तीसरी इंडमैक्स यूनिट को सफलतापूर्वक चालू किए जाने के साथ, इस वर्ष बीजीआर यूनिट का निष्पादन गारंटीड परीक्षण प्रचालन (पीजीटीआर) पूरा हो गया है। एनआरएल द्वारा अपने डीसीयू में 0.306 से 0.56 एमएमटीपीए के सुधार के लिए आंतरिक रूप से विकसित डिलेड कोकर प्रौद्योगिकी का भी चयन किया गया है, इस प्रकार डीसीयू प्रौद्योगिकी लाइसेंसर के रूप में इंडियन ऑयल की स्थिति को मजबूती से स्थापित किया गया है।

14.1.1.9 पेट्रोरसायन निष्पादन

इंडियन ऑयल पॉलिमर, लीनियर अल्काइल बेंजीन (एलएबी), प्यूरीफाइड टेरेफ्थेलिक एसिड (पीटीए), ग्लाइकोल और ब्यूटाडीन की पेशकश करने वाला देश का दूसरा सबसे बड़ा पेट्रोरसायन निकाय है। प्रोपेल ब्रांड भारतीय पेट्रोरसायन बाजार में एक अग्रणी ब्रांड है।

वर्ष 2021–22 (अप्रैल'21–दिसंबर'21) के दौरान, निर्यात सहित पेट्रोकेमिकल बिक्री 2.24 एमएमटी थी, जबकि 2020–21 (अप्रैल'20–दिसंबर'20) में 1.82 एमएमटी की तुलना में इसमें 23% की वृद्धि दर्ज की गई थी।

इंडियन ऑयल ने पॉलिमर में अपने ग्रेड बास्केट का विस्तार करना जारी रखा और अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान चार नए पॉलिमर ग्रेड (नए ग्रेड अर्थात 1600एमएन, 1500एमजी, 1250वाईजी पारादीप से विकसित और 2300एमसी पानीपत से विकसित) प्रारंभ किए गए।

पारादीप पीपी प्लांट से नए निर्यात गंतव्य तुर्की को पॉलिमर के लिए आपूर्ति की के लिए जोड़ा गया है। पहला प्रेषण सितंबर 2021 में किया गया।

14.1.1.10 प्राकृतिक गैस

इंडियन ऑयल ने वर्ष के दौरान अपने प्राकृतिक गैस व्यापार का विस्तार करना जारी रखा और अप्रैल'21–दिसंबर'21 में 3.480 एमएमटी की तुलना में 3.759 एमएमटी की बिक्री (आंतरिक खपत सहित) दर्ज की। इंडियनार ऑयल के पास अब 70 आर–एलएनजी संरक्षकों का ग्राहक आधार है, जिसमें 31 दिसंबर'21 तक 6 नए ग्राहक शामिल हुए हैं, इसके अलावा मथुरा (उत्तर प्रदेश), पानीपत (हरियाणा) और कोयाली (गुजरात) में अपनी स्वयं की रिफाइनरियों को आपूर्ति की जाती है। इंडियन ऑयल 'एलएनजी एट द डोरस्टेप' पहल के माध्यम से बिक्री अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान 13.36% बढ़कर 84.18 टीएमटी के स्तर तक पहुंच गई। वर्ष 2021–22 के दौरान, 25 एलएनजी कार्गो आयात किए गए, जिनमें से 14 स्पॉट कार्गो थे, जबकि 11 दीर्घकालिक अनुबंधों के प्रति थे।

14.1.1.11 नगर गैस वितरण (सीजीडी)

इंडियन ऑयल सीजीडी व्यवसाय में अपनी उपस्थिति का तेजी से विस्तार कर रहा है। अपनी दो संयुक्त उद्यम कंपनियों, ग्रीन गैस लिमिटेड (गेल इंडिया लिमिटेड के साथ) और इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड (अडानी टोटल गैस लिमिटेड के साथ) के साथ, इसके पास समूचे देश के विस्तार में फैले 40 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) के लिए प्राधिकार है।

इंडियन ऑयल के संयुक्त उद्यम (जेवीसी) (जीजीएल– 4 और आईओएजीपीएल – 19) के सभी 23 जीए 2021–22 के दौरान चालू किए गए 2 जीए सहित चालू हैं।

वर्ष 2021–22 के दौरान, 0.55 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन

जारी किए गए और इंडियन ऑयल के संयुक्त उद्यमों (जेवीसी) के सभी जीए में 61 सीएनजी स्टेशन चालू किए गए।

14.1.12 अन्वेषण और उत्पादन

इंडियन ऑयल भागीदारी हितों (पीआई), संयुक्त उद्यमों और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से ई एंड पी क्षेत्र में अवसरों का पता लगाना जारी रखे हुए है। अपस्ट्रीम पोर्टफोलियो में 9 घरेलू और 11 विदेशी परिसंपत्तियां शामिल हैं, जो विभिन्न चरणों में हैं, अर्थात 8 उत्पादक, 4 विकासाधीन, 4 ब्लॉक खोज के साथ, 1 मूल्यांकन के अधीन और 3 अन्वेषण के अधीन हैं।

वर्ष 2021–22 के दौरान, उत्पादक परिसंपत्तियों से उत्पादन का हिस्सा जनवरी 2022 तक 3.57 एमएमटी तेल समकक्ष (एमएमटीओई) रहा है। इंडियन ऑयल की अपनी परियोजनाओं से लाभांश/राजस्व का हिस्सा जनवरी'22 तक 430.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

वर्ष 2021–22 के दौरान, इंडियन ऑयल के पहले विदेशी प्रचालित ब्लॉक ऑनशोर–1 (इंडियन ऑयल का संयुक्त प्रचालन के साथ 50% प्रतिभागिता हित है), अबू धाबी में दो मूल्यांकन कूपों (रुवैस डिस्कवरी) की ड्रिलिंग और परीक्षण मई–2021 में पूरा किया गया था। हाइड्रोकार्बन दोनों मूल्यांकन कुओं में स्थापित किया गया था और पहले कूप में ~3,950 बीओपीडी तक के प्रवाह का परीक्षण किया था। शिलाफ संरचना में अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन की खोज सहित, 5 अन्वेषणात्मक कूपों को ड्रिल करने के लिए फरवरी 2022 में ड्रिलिंग अभियान शुरू करने के लिए सभी स्थानों पर एनेब्लर्स को रखा गया है।

घरेलू मोर्चे पर, 2020 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा घोषित प्राकृतिक गैस विपणन सुधारों के अनुरूप, ब्लॉक एएपी–ओएन–94/1, असम में जुलाई 2021 में दृढ़ और फॉल–बैक आधार पर गैस की बिक्री के लिए एक ई–बोली प्रक्रिया आयोजित की गई थी। परिणामस्वरूप, असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) को फॉल–बैक आधार पर, नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) को दृढ़ आधार पर, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को फॉल–बैक आधार पर और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) को गैस की बिक्री फॉल–बैक आधार पर क्रमशः 9.4. 2021, 1.11.2021, 23.11.2021 और 12.1.2022 को प्रारंभ हुई और सरकार द्वारा अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम मूल्य पर जारी है, जिससे जनवरी'22 तक 58.17 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश के मुकाबले 71.22 मिलियन अमेरिकी डॉलर का संचयी राजस्व अर्जित किया गया।

14.1.1.13 वैकल्पिक ऊर्जा

इंडियन ऑयल हरित अर्थव्यवस्था के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए अक्षय ऊर्जा के दोहन की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। 31 दिसम्बर, 2021 के अनुसार इंडियन ऑयल के पास 237.27 मेगावाट अक्षय ऊर्जा की स्थापित क्षमता है, जिसमें 167.60 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता और 69.67 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता शामिल है। इन परियोजनाओं ने अप्रैल'21 से दिसंबर'21 के दौरान 287.87 जीडब्ल्यूएच उत्पन्न किए जो 2.3 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य ('00000 एमटीसीओ2–समतुल्य) में परिणत हुआ। अप्रैल'21 से दिसंबर'21 के दौरान, इंडियनऑयल ने 690 रिटेल आउटलेट्स (आरओ) को सोलराइज़ किया। 31 दिसंबर 2021 तक, इंडियन ऑयल के 19,026 आरओ को 106.9 मेगावाट की संचयी स्थापित क्षमता के साथ सौर ऊर्जा प्रणालियों द्वारा संचालित किया गया था। इससे अप्रैल '21–दिसंबर'21 के दौरान लगभग 103.70 जीडब्ल्यूएच का उत्पादन हुआ जिसके परिणामस्वरूप 80.89 हजार मीट्रिक टन कार्बन–डाइऑक्साइड समतुल्य (टीएमटीसीओ2 समतुल्य) का उत्सर्जन शमन हुआ।

इंडियन ऑयल 'इंडीग्रीन' ब्रांड के तहत आठ राज्यों में 24 आरओ के माध्यम से सीबीजी की बिक्री कर रहा है। इंडियन ऑयल ने वहनीय परिवहन के प्रति धारणीय विकल्प (सतत) पहल के तहत लगभग 4.2 एमएमटीपीए सीबीजी के उत्पादन और आपूर्ति के लिए 1,900 से अधिक संयंत्रों को आशय पत्र जारी किया है।

वैकल्पिक ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ते हुए, इंडियन ऑयल ने 23.11 करोड़ लीटर की वार्षिक क्षमता वाले प्रयुक्त खाद्य तेल के (यूसीओ) से उत्पादित बायोडीजल की आपूर्ति के लिए ईओआई के माध्यम से 29 संयंत्रों के साथ करार किया है।

इंडियन ऑयल विभिन्न प्रकार के 'अपशिष्ट से ऊर्जा' विकल्पों में पहल कर रहा है और आरडीएफ से हाइड्रोजन संयंत्र के लिए अवसर तलाश रहा है।

14.1.1.14 सतत विकास

इंडियन ऑयल अपने सभी प्रतिष्ठानों में सभी पारंपरिक लाइटों को एलईडी से बदल रहा है। अप्रैल '21 – दिसंबर' 21 के दौरान, लगभग 70,000 एलईडी लाइटें लगाई गईं, जिनकी संचयी प्रतिस्थापन संख्या 7.91 लाख एलईडी लाइटों की थी। कागज पुनर्चक्रण इंडियन ऑयल के लिए एक अन्य फोकस क्षेत्र है। वर्ष के दौरान, 170.10 टन अपशिष्ट कागज को नामित पुनर्चक्रणकर्ताओं के माध्यम से पुनर्चक्रित किया गया।

अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान, इंडियन ऑयल ने 2600 हेक्टेयर से अधिक जलग्रहण क्षेत्र के साथ वर्षा जल संचयन प्रणालियों के माध्यम से 7 बिलियन लीटर से अधिक वर्षा जल का संचयन किया। एक आंशिक वृक्षारोपण अभियान के रूप में अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान देश भर में कुल 1.6 लाख पौधे लगाए गए।

14.1.1.15 कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

इंडियन ऑयल देश भर में सामाजिक कल्याण/उत्थान गतिविधियों में सक्रिय रूप से रत है। पहले इंडिया फिर ऑयल का विषय वास्तव में इंडियन ऑयल सीएसआर के माध्यम से दर्शाया गया है। यहां तक कि कोविड–19 महामारी के दौरान भी, इंडियन ऑयल ने देश भर में सीएसआर गतिविधियां शुरू की हैं, उत्तर में जम्मू–कश्मीर में लेह से लेकर उत्तर पूर्वी राज्यों तक,

आकांक्षी/पिछड़े जिलों/नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक, पश्चिम में गुजरात और दक्षिण में तमिलनाडु/केरल तक इंडियनऑयल ने आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं और उपकरण उपलब्ध कराने के अलावा कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान आवश्यक पेट्रोलियम उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करके देश को कोविड–19 महामारी से निपटने में मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इंडियन ऑयल के कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रमुख क्षेत्रों में 'सुरक्षित पेयजल और जल संसाधनों की सुरक्षा', 'स्वास्थ्य देखरेख और स्वच्छता', 'शिक्षा और रोजगार बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल', 'महिलाओं और सामाजिक/आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों का सशक्तिकरण', आदि शामिल हैं। पिछले 4 लगातार वित्तीय वर्षों से, इंडियन ऑयल ने संपूर्ण सीएसआर बजट आवंटन का व्यय किया है, जिससे 100: बजट उपयोग प्राप्त हुआ है।

14.1.2 ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी)

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की स्थापना 23.06.1993 को संसद के एक अधिनियम के माध्यम से एक सांविधिक आयोग अर्थात् तेल और प्राकृतिक गैस आयोग को एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में बदलने और 01.02.1994 से आयोग के व्यवसाय को प्रभावी ढंग से संभालने के उद्देश्य से की गई थी। ओएनजीसी एक वैश्विक ऊर्जा कंपनी है जो संपूर्ण ऊर्जा मूल्य–श्रृंखला में एकीकृत है। ओएनजीसी पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ई एंड पी क्षेत्र में अनुसूची – 'क' में सूचीबद्ध महारत्न सीपीएसई है, जिसमें इसकी 60.41% हिस्सेदारी है।

14.1.2.1 वर्ष 2021–22 के लिए दिसंबर, 2021 तक की प्रमुख विशेषताएं/पहल

क) ओएनजीसी ने आवश्यक अनुमोदन के अधीन गैस और एलएनजी व्यापार मूल्य श्रृंखला के लिए एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गठित करने की योजना बनाई है। कंपनी का गठन प्राकृतिक गैस के स्रोत, विपणन और व्यापार, एलएनजी, हाइड्रोजन समृद्ध सीएनजी (एचसीएनजी), गैस से विद्युत कारोबार, बायो–ऊर्जा/बायो–गैस/बायो मीथेन/अन्य बायो ईंधन व्यापार पर फोकस के साथ किया जा रहा है।

ख) रणनीतिक निवेश के रूप में इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) में 5% इक्विटी का अधिग्रहण। आईजीएक्स वर्तमान में भारत का पहला अधिकृत गैस एक्सचेंज है जो उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हुए प्राकृतिक गैस के व्यापार के लिए एक स्वचालित मंच प्रदान करता है।

वर्ष 2021–22 के दौरान, दिसंबर, 2021 तक ओएनजीसी का कच्चे तेल का उत्पादन (नामांकन + एनईएलपी) 14.668 एमएमटी था।

प्राकृतिक गैस का उत्पादन (नामांकन + एनईएलपी) 15.740 बीसीएम था।

अन्वेषणात्मक और विकास कूपों सहित कुल 293 कूप ड्रिल किए गए थे।

ग) कैम्बे परिसंपत्ति के पादरा फील्ड में तेल उत्पादन 8 दिसंबर 2021 को 408 टन प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया अर्थात कैम्बे परिसंपत्ति के गठन के बाद से पादरा फील्ड का अब तक का उच्चतम उत्पादन। कावेरी परिसंपत्ति ने 3 वर्षों की अवधि के बाद 01.10.2021 को 33.1 एलसीएमडी का सबसे अधिक गैस उत्पादन प्राप्त किया जिसमें 15.9 एलसीएमडी का उच्चतम शिखर उत्पादन कांजीरुंगुडी फील्ड से प्राप्त किया गया था। राजामुंदरी परिसंपत्ति ने तंग और विषम मंडपेटा रेत में बेहतर उत्पादकता के लिए नए कूपों के प्लेसमेंट और हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग को अनुकूलित करके मंडपेटा क्षेत्र में 0.715 एमएमसीएमडी की दर से अब तक की सबसे अधिक गैस का उत्पादन किया।

घ) 31.12.2021 की स्थिति के अनुसार, 108 एमएमटीओई के परिकल्पित लाभ वाली लगभग 57,500 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली कुल 16 परियोजनाएं (विकास–12, आधारभूत संरचना –4) कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

ङ) ओएनजीसी ने 28.08.2021 को केजी–डीडब्ल्यूएन 98/2 क्लस्टर II परियोजना में अपने दूसरे गहरे पानी के गैस कुएं, यू1बी से 0.65 एमएमएससीएमडी के प्रारंभिक उत्पादन के साथ उत्पादन प्रारंभ किया।

च) एनएफयू (एनजीएल फ्रैक्शनेशन यूनिट) में हीटर ट्यूबों की आंतरिक सफाई और हजीरा संयंत्र में सेवा के लिए फिटनेस हेतु पहली बार मैकेनिकल डिकोकिंग और इंटेलिजेंट पिगिंग तकनीक को अपनाया गया है।

छ) त्रिपुरा परिसंपत्ति ने पांच गैस कुओं में सेल्फ असिस्टेड प्लंजर लिफ्ट (एसएपीएल) प्रणाली की स्थापना और चालू किए जाने की एक पायलट परियोजना को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है जिसके परिणामस्वरूप पांच कुओं से गैस उत्पादन में लगभग 60,000 एससीएमडी का संचयी सुधार हुआ है।

ज) ओएनजीसी ने 64 फील्ड पीईसी बोली दौर–I के तहत 21 सीमांत नामांकन फील्डों को कवर करते हुए 6 अनुबंध क्षेत्रों को प्राप्त किया। 11 अनुबंध फील्डों में शेष 43 फील्डों को बोली दौर–II के तहत पेश किया गया है। निविदा प्रक्रिया जारी है।

झ) ओएनजीसी एनर्जी सेंटर (ओईसी) द्वारा संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद, लेह के साथ 06.02.2021 को लद्दाख में पहली भू–तापीय ऊर्जा पायलट परियोजना प्रारंभ करने के लिए एक समझौता

ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसमें पायलट आधार पर भू–तापीय कुएं को ड्रिल करने और पुगा में 1 मेगावाट विद्युत संयंत्र स्थापित करने की योजना है। यह परियोजना भारत को विश्व के भू–तापीय विद्युत मानचित्र पर लाएगी।

ञ) ओएनजीसी और असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) ने 24 जून 2021 को नजीरा में नजीरा और सिबसागर शहर गैस आपूर्ति के लिए लंबे समय से लंबित गैस बिक्री समझौते (जीएसए) को औपचारिक रूप दिया है। मौजूदा घरेलू गैस मूल्य (1.79 अमेरीकी डॉलर / एमएमबीटीयू) पर समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

ट) ओएनजीसी ने पांच वर्ष के लिए एपीएम/गैर–एपीएम गैस की बिक्री के लिए गेल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए रू ओएनजीसी ने 2 जुलाई 2021 को गेल के साथ एक नए गैस बिक्री और परिवहन समझौते (जीएसटीए) पर हस्ताक्षर किए। घरेलू फील्डों से ओएनजीसी के कुल गैस उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत गेल को घरेलू गैस के मूल्यों पर बेचा जा रहा है। नया जीएसटीए 7 जुलाई, 2021 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी हुआ है।

ठ) गैस हाइड्रेट रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (जीएचआरटीसी), ओएनजीसी, पनवेल ने 13 अगस्त 2021 को फरीदाबाद में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) आर एंड डी सेंटर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जोकि गैस हाइड्रेट्स के लिए काइनेटिक इनहिबिटर (केएचआई) के रूप में उनके उपयोग के लिए उपयुक्त रूप से कार्यात्मक नैनो–सामग्री के संश्लेषण और मूल्यांकन के लिए है। प्राकृतिक गैस हाइड्रेट्स के वाणिज्यिक निष्कर्षण के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास में तेजी लाने की दिशा में यह एक प्रमुख उपलब्धि है।

ड) ओएनजीसी और असम हाइड्रोकार्बन एंड एनर्जी कंपनी लिमिटेड (एएचईसीएल) ने 24 सितंबर 2021 को गुवाहाटी में हाइड्रोकार्बन निदेशालय (डीजीएच) की बैठक के दौरान पूर्वोत्तर के लोगों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ''पूर्वोत्तर क्षेत्र में ई एंड पी निवेश के अवसर'' के बारे में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।.

ढ) ओएनजीसी ने समूह कंपनियों के एकीकृत व्यापार को डिजिटल बनाने के लिए ई–निविदा पोर्टल प्रारंभ किया।

ण) ओएनजीसी ने दुबई एक्सपो 2020 के दौरान सऊदी अरब पवेलियन में 18 नवंबर 2021 को सऊदी अरामको के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग सभी हितधारकों के लिए मूल्य सृजन और अन्य ऊर्जा से संबंधित क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने के लिए एक रूपरेखा की पेशकश करते हुए आंतरिक दक्षताओं का लाभ उठाते हुए, दोनों कंपनियों की क्षमताओं को बढ़ावा देगा।

त) ओएनजीसी ने अपने हरित ऊर्जा उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए 2 दिसंबर 2021 को नई दिल्ली में अक्षय ऊर्जा आधारित विद्युत और अन्य पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) परियोजनाओं के विकास के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

14.1.2.2 अन्वेषण

- ओएनजीसी ने 01.01.2022 तक 2डी के 1607.21 एलकेएम, 3डी भूकंपीय डाटा के 2487.32 एसकेएम का अधिग्रहण किया और 49 अन्वेषणात्मक कूपों को ड्रिल किया।
- ओएनजीसी द्वारा अपने नामांकन क्षेत्रों (अभितटीय–2 और अपतटीय–1) में कुल 3 हाइड्रोकार्बन खोजें की गई हैं। दो स्थलीय खोजें था साउथ वेलपुरु–2 और जीएमडी–1 को आंध्र प्रदेश राज्य में ओएनजीसी द्वारा मुद्रीकृत किया गया है। इसके अलावा, पिछले वर्षों की तीन (3) अन्य खोजें अर्थात डब्ल्यूडब्लूओ–24, बी–59 और डी–30 को भी मुद्रीकृत किया गया है।
- ओएनजीसी ने अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लिया है और 2डी भूकंपीय सर्वेक्षण के 41,714.37 एलकेएम (99%) की सतह कवरेज हासिल कर ली है और एनएसपी के तहत संसाधित डेटा की व्याख्या के साथ–साथ 2डी भूकंपीय डेटा के 41,745.7 एलकेएम के प्रसंस्करण को पूरा किया है।
- खुला रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली के पांचवें दौर की समाप्ति के साथ, ओएनजीसी को 46,313.36 वर्ग किमी के अन्वेषण संचयन को जोड़ते हुए 3 स्तरीय श्रेणी के भारतीय तलछटी बेसिनों में आने वाले तटवर्ती और अपतटीय क्षेत्रों में एक प्रचालक के रूप में 24 ब्लॉक दिए गए। ओएनजीसी ने अपने ओएएलपी से प्रदान किए गए ब्लॉकों में पहले ही अन्वेषण कार्य प्रारंभ कर दिया है। 01.01.2022 के अनुसार, ओएनजीसी ने 2डी के 2901.98 एलकेएम और 3डी भूकंपीय डाटा के 8588.17 एसकेएम का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।
- त्रिपुरा परिसंपत्ति ने एंजाइम पिल का पता लगाकर पूरी फिस को बरामद करने के बाद अपने अन्वेषणात्मक ब्लॉक आरओबीके को फिर से पटरी पर ला दिया है। ओएनजीसी में यह पहली बार है कि फंसे हुए स्ट्रिंग को मुक्त करने के लिए एंजाइम रसायनों का अभिनव रूप से उपयोग किया गया है।
- अहमदाबाद परिसंपत्ति के ड्रिलिंग रिग आईपीएस–एम700–II ने एक नई उपलब्धि प्राप्त की है और 8224 एम/आरएम की व्यावसायिक गति के साथ #एएमएलओ (टीडी–1622एम) कूप को पूरा किया है, जो स्थापना के बाद से ओएनजीसी के किसी भी ड्रिलिंग रिग द्वारा सबसे अधिक है।

14.1.2.3 उत्पादन पहलें

- मेहसाणा परिसंपत्ति में हाइड्रॉलिक पंपिंग यूनिट, पारंपरिक एसआरपी के विकल्प को चालू किया गया है। यह प्रणाली न केवल लागत प्रभावी है बल्कि इसमें विभिन्न सुरक्षा सुविधाओं के साथ रिमोट कंट्रोल, ऑटो–ईको मीटरिंग, डायना–कार्ड

जनरेशन और पंप–ऑफ कंट्रोल जैसे कई तकनीकी लाभ हैं।

- मेहसाणा परिसंपत्ति ने एसआरपी कूपों में सुदूर निगरानी प्रणाली को स्थापित किया है। बेस कार्यालय, पृथक प्रतिष्ठानों और संबंधित अधिकारियों/एजेंसियों के मोबाइल पर भी कूपों की स्थिति और कूपों का डाटा उपलब्ध है। डाटा के ट्रांसमिशन और भंडारण के लिए आईओटी और क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है।
- एनएफयू (एनजीएल फ्रैक्शनेशन यूनिट) में हीटर ट्यूबों की आंतरिक सफाई और सेवा के लिए फिटनेस के लिए पहली बार मैकेनिकल डिकोकिंग और इंटेलिजेंट पिगिंग तकनीक को अपनाया गया है।
- कैम्बे परिसंपत्ति टाइनी बबल टेक्नोलॉजी पर आधारित 300 एम^3/डी क्षमता का ईटीपी स्थापित कर रही है। ''हाई एफिशिएंसी केमिकल फ्री टाइनी–बबल टेक्नोलॉजी'' उत्पादित जल के शोधन के लिए किसी भी रसायन की आवश्यकता के बिना वैधानिक मानदंडों को पूरा करने के लिए उत्पादित अपशिष्ट जल के उपचार के लिए अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी है।

14.1.2.4 ड्रिलिंग पहलें

- प्रबंधित दबाव ड्रिलिंग (एमपीडी) को शामिल किया जाना: एमपीडी एक अनुकूली ड्रिलिंग प्रक्रिया है जिसका उपयोग पूरे कूप में एनलर दबाव प्रोफ़ाइल को ठीक से नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। इसे पहली बार ओएनजीसी में त्रिपुरा परिसंपत्ति में शामिल किया गया था। इस तकनीक से तीन कूपों बीआरएमएएफ, आरओएएच, सब एडीएटी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- बैलेंस ड्रिलिंग के तहत – संरचना क्षति से बचने, क्षय हो चुके क्षेत्रों में भंडार प्रबंधन के लिए, इसे मुंबई अपतट में लागू किया जा रहा है।
- माइक्रो बबल प्रौद्योगिकी को प्रारंभ किया जाना: ड्रिलिंग प्रौद्योगिकी संस्थान (आईडीटी) द्वारा विकसित पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी माइक्रो बबल प्रौद्योगिकी का उपयोग कम दबाव (4.5–6.0 पीपीजी) के साथ भंडारों को ड्रिल करने के लिए किया जाता है जिसका उपयोग असम, कैंबे और मुंबई के कूपों में किया गया है।
- सिस्टम एलसीएम को प्रारंभ किया जाना: भंडार और गैर–भंडार खंडों में मिट्टी की क्षति को नियंत्रित करने के लिए, ''सिस्टम एलसीएम'' ड्रिलज़ी और फ्रैसील प्रारंभ किए गए थे। फील्ड परीक्षण चल रहा है।
- ड्रिलिंग के दौरान कंडक्टर/सतह केसिंग की कम लैंडिंग, पाइल हैमर की विफलता और गैर–समेकित संरचनाओं को कम करने के लिए केसिंग।
- ई–ड्रिलिंग पूर्वानुमान विश्लेषण: यह तकनीक ड्रिलिंग के दौरान बढ़ते हुए पोयर प्रेशर, केविंग की संभावनाएं, मिट्टी के नुकसान आदि जैसे आगामी परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने और सूचित करने के लिए रिग से डब्ल्यूआईटीएसएमएल फीड का विश्लेषण करती है।

14.1.2.5 कूप सेवा पहलें

- पानी के इंजेक्टर कूपों में जंग को कम करने के लिए फाइबरग्लास प्रबलित प्लास्टिक (एफआरपी) लेपित ट्यूबिंग का उपयोग जिससे मुंबई के दो कूप में कम पारगम्यता कार्बोनेट भंडारों में कूप और फिश बोन जेटिंग तकनीक की सर्विसिंग की आवश्यकता में देरी हो रही है।
- एसआरपी कूपों में ट्यूबिंग की विफलता और रूग्ण हो रहे प्रवाह वाले कूपों को कम करने के लिए अहमदाबाद और मेहसाणा में ट्यूबिंग रोटेटर, इनलाइन ट्यूबिंग, शॉप मोल्डेड मल्टीपल गाइड सकर रॉड्स और पी–110 ट्यूबिंग के उपयोग जैसी पहलों को अपनाया गया है।
- चक्रीय भाप स्टीमुलेशन (सीएसएस) कूपों के लिए सीमेंट स्लरी को मेहसाणा के कुओं में फील्ड में लागू किया गया है।
- सुरक्षा पहल के भाग के रूप में, असम परिसंपत्ति के आईआररु500–XI के केटीए डेरिक इंजन में ऑडियो अलार्म प्रणाली को प्रचालन शुरू होने से पहले एसओपी के लिए ऑपरेटर को स्मरण कराने के लिए स्थापित किया गया था। पावती के बाद ही अलार्म बंद होगा। पावती के बाद ही इंजन शुरू किया जा सकता है। इसके बाद, रिग फ्लोर पर ऑडियो अलार्म ड्रिलर को एसओपी की जांच करने के लिए स्मरण कराना शुरू कर देगा।

14.1.2.6 तकनीकी सेवा पहलें

- कार्य केंद्रों में लगभग 27000 एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। मेसर्स एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के माध्यम से एलईडी लाइटिंग कार्यक्रम के कार्यान्वयन के तहत अब तक कुल ₹3.37 लाख एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। इसके परिणामस्वरूप सालाना लगभग ₹48 करोड़ रुपये की मौद्रिक बचत के साथ ₹6.9 करोड़ रुपये यूनिट विद्युत खपत की कमी हुई है।
- ग्रीन पावर/फ्लेयर गैस कटौती पहल के अंतर्गत, लिंच जीजीएस, मेहसाणा में 65 किलोवाट माइक्रो टर्बाइन और जीजीएस–1 गेलेकी, असम में 200 किलोवाट माइक्रो टर्बाइन की स्थापना के पश्चात, बी 192–5 ए अपतटीय प्लेटफॉर्म पर एलएसटीके के तहत दो मशीनें स्थापित की गईं हैं।
- प्रभावी और पूर्वानुमान वाली रखरखाव निगरानी बनाए रखने के लिए, अंकलेश्वर परिसंपत्ति में ई–1400–V और VII ड्रिलिंग रिग में आरटीडीएमएम (रियल टाइम डाटा प्रबोधन और प्रबंधन) की चालू परियोजना में इंजन मापदंडों को एकीकृत किया गया था। अन्य ड्रिलिंग रिगों में भी इसी तरह के एकीकरण के प्रयास जारी हैं।

14.1.2.7 कारपोरेट इन्फोकॉम सेवाएं

- ई एंड पी संचालन में दक्षता बढ़ाने के लिए नवीनतम उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकी की खोज करने और उसे शामिल करने के लिए डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है।
- सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में, समूचे उद्यम में पहुंच नियंत्रण प्रणाली (ईएसीएस) को पूरा किया गया और कोविड–19 के बावजूद सूचना सुरक्षा संचालन केंद्र (आईएसओसी) को भी कार्यान्वित किया गया है।
- विक्रेता बीजक प्रबंधन (वीआईएम): वीआईएम समाधान को न्यूनतम मैन्युअल हस्तक्षेप के साथ ओसीआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए बीजक की हार्डकॉपी/सॉफ्टकॉपी से जानकारी को कैप्चर/निकालने सहित एंड–टू–एंड बीजक प्रसंस्करण प्रणाली को स्वचालित करने के लिए कार्यान्वित किया जाता है। पेपर हैंडलिंग/फाइल संचलन पूरी तरह से समाप्त हो जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप तेजी से प्रसंस्करण और कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जाता है।

14.1.2.8 ओएनजीसी द्वारा आत्मानिर्भर भारत के लिए पहलें

- पीपी–एलसी, एमएमएमई, जीईएम, डीएमआई एण्ड एसपी और डीएमईपी संबंधी सरकार की नीतियों को ओएनजीसी द्वारा अपनाया गया है, जिससे घरेलू विक्रेताओं को उनके उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति में लाभ होता है।
- भारत सरकार के हाल के दिशानिर्देशों के अनुसार, 200 करोड़ से कम की सभी खरीद को घरेलू स्रोतों से किया जा रहा है। कुछ मदें ऐसी हैं जिनके लिए कोई भारतीय विनिर्माता उपलब्ध नहीं है। इन मदों के लिए जीटीई के माध्यम से इन वस्तुओं की खरीद की अनुमति देने के लिए छूट पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से मांगी जाती है।
- ओएनजीसी ने जीईएम के माध्यम से वस्तुओं की अधिप्राप्ति के लिए अपनी अधिप्राप्ति प्रक्रिया को संरेखित किया है और जीईएम में उपलब्ध वस्तुओं की अधिप्राप्ति जीईएम प्रणाली के माध्यम से की जा रही है।
- ओएनजीसी की पंचवर्षीय अधिप्राप्ति योजना हमारी आधिकारिक वेबसाइट (www.ongcindia.com) पर उपलब्ध है ताकि घरेलू निर्माताओं को अपने उत्पाद पोर्टफोलियो/स्थापित क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
- स्थानीयकरण का समर्थन करने के लिए, देशीय निविदा में, विशिष्ट सेवाओं को लेने के लिए बोली मूल्यांकन मानदंड को संशोधित किया गया है जिससे भारतीय सेवा प्रदाता सहायक कंपनी के तकनीकी अनुभव के आधार पर बोली लगा सकते हैं।

14.1.2.9 नई विकास आर्डर नीति

पूंजीगत मदों, रसायनों और सामान्य कलपुर्जों सहित नियमित उपभोग योग्य वस्तुओं के लिए नई विकास आर्डर नीति को लागू किया गया है, जिसमें घरेलू निर्माता किसी भी समय विकास आर्डर के लिए संपर्क कर सकते हैं। वेंडरों के विकास को बढ़ावा देने के लिए, ईएमडी और सुरक्षा जमा की आवश्यकता से छूट, विक्रेता और ओएनजीसी के बीच बिना परिसमाप्त क्षतियों को लगाए वितरण अवधि के आपसी समझौते जैसी रियायती शर्तों के साथ विकास आर्डर दिया जाएगा। इसके अलावा, आगे विकास आर्डरों को भुगतान की शर्तों में छूट के साथ दिया जाना है अर्थात 50% भुगतान सामग्री की प्राप्ति के पश्चात और शेष 50% फील्ड परीक्षण परीक्षण के बाद।

14.1.2.10 लक्ष्य भारत पोर्टल

एक इंटरेक्टिव पोर्टल तैयार किया गया है जिसमें ओएनजीसी और अन्य तेल सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों द्वारा खरीदी जाने वाली सभी सामग्री का विवरण अपलोड किया गया है। (https://lakshya-bharat.com)। यह उद्योग को तेल और गैस क्षेत्र में उपयोग की जा रही वस्तुओं के बारे में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि वे अपनी विकास योजना बना पाने में समर्थ हो सकें।

14.1.2.11 ओएनजीसी द्वारा अक्षय ऊर्जा और सतत प्रबंधन पहलें

ओएनजीसी ने अपतटीय और अपतटीय प्रचालनों से ड्रिलिंग, उत्पादन और प्रसंस्करण सुविधाओं के कारण उत्पन्न विभिन्न गैसीय, तरल और ठोस बहिःस्राव के लिए डिजाइन और निर्माण सुविधाओं सहित उत्सर्जन नियंत्रण के लिए स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की शुरुआत की है, जिसे निम्नानुसार दर्शाया गया हैरू

स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) परियोजनाएंः ओएनजीसी ने 2006 में स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) प्रारंभ किया था और अब तक ओएनजीसी ने जलवायु परिवर्तन संबंधी संयुक्त राष्ट्र ढांचागत अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के साथ 15 सीडीएम परियोजनाओं को पंजीकृत किया है जैसे अपशिष्ट ऊष्मा प्राप्ति परियोजना (मुंबई हाई साउथ), उरण और हजीरा गैस संयंत्र में गैस फ्लेयरिंग कमी परियोजना, भुज में 51 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना, मुंबई, दिल्ली, देहरादून, कोलकाता में हरित भवन, जैसलमेर राजस्थान में 102 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना आदि। 15 सीडीएम परियोजनाओं से संयुक्त सीईआर उत्पादन क्षमता लगभग 21,02,769 सीईआर (1 सीईआर = 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड) है।

14.1.2.12 ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) लेखांकन और प्रशमन

कंपनी के स्कोप–1 और स्कोप–2 उत्सर्जन का आकलन करने के लिए, हर वर्ष आंतरिक विशेषज्ञता के माध्यम से जीएचजी लेखांकन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष'20 और वित्तीय वर्ष'21 के लिए जीएचजी इन्वेंट्री को स्वतंत्र आश्वासनकर्ता के माध्यम से सत्यापित किया गया था। वर्ष वित्तीय वर्ष'20 और वित्तीय वर्ष'21 के लिए ओएनजीसी की सत्यापित जीएचजी इन्वेंट्री 10.16 और

9.42 एमएमटीसीओ2ई है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष'21 में लगभग 7.3 की कमी दर्ज की गई है।

हरित भवनः ओएनजीसी ने दिल्ली, देहरादून और मुंबई में अपने कार्यालय परिसर के लिए एलईईडी प्रमाणित प्लेटिनम रेटेड हरित भवन की स्थापना की है। चौथा भवन कोलकाता में क्रियान्वयन के अधीन है। हरित भवनों से 30–40: ऊर्जा की बचत होने की आशा है और उनका उपयोग वर्षा जल संचयन प्रणाली, दक्ष प्रकाश व्यवस्था और विद्युत उपकरण प्रणाली से किया जाता है।

14.1.2.13 कागज रहित कार्यालय परियोजना

ओएनजीसी की कागज रहित कार्यालय (पीएलओ) पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के अनुरूप कार्यालय ऑटोमेशन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसने व्यावसायिक प्रक्रिया को उनकी फाइलों के डिजिटल प्रसंस्करण में बदल दिया है; एक माउस के क्लिक पर ओएनजीसी के विभिन्न उपयोगकर्ताओं और कार्य केंद्रों में निर्बाध इलेक्ट्रॉनिक अंतरण करने से; संगठन की दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता में एक नया मानक स्थापित करते हुए कार्टेज, प्रिंटर और कागज पर खर्च किए गए बहुत सारे समय, स्थान, धन की बचत होती है।

14.1.2.14 ऊर्जा दक्ष मोटर्स/उपकरण, बड़े डीजल इंजनों में फ्लेयर गैस में कमी और गतिशील गैस सम्मिश्रण के लिए माइक्रो टर्बाइन जेनरेटर की स्थापना

गतिशील गैस सम्मिश्रण एक दोहरी ईंधन प्रौद्योगिकी है जो डीजल और गैस के मिश्रण पर डीजल इंजन चलाने को सक्षम बनाती है। इस विधि को पहले अंकलेश्वर परिसंपत्ति (ई–1400–VII, ई–1400–III और ईवी–2000–II रिग) के तीन ड्रिलिंग रिग में कार्यान्वित किया गया था और पाया गया कि डीजल की खपत में लगभग 45% की कमी दर्ज की गई है, जिसमें स्टैक उत्सर्जन में महत्वपूर्ण कमी आई है।

14.1.2.15 पवन और सौर ऊर्जा परियोजनाएं

ओएनजीसी ने अपनी 51 मेगावाट क्षमता की पहली पवन ऊर्जा परियोजना गुजरात (भुज जिला) और 102 मेगावाट क्षमता की एक अन्य पवन ऊर्जा परियोजना जैसलमेर, राजस्थान में स्थापित की है। कार्य केंद्रों पर सौर ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित किए गए हैं। अद्यतन तिथि को अक्षय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता लगभग 184 मेगावाट है। ओएनजीसी की ''ऊर्जा रणनीति 2040'' में अपतटीय पवन पर ध्यान देने के साथ 5–10 जीडब्ल्यू क्षमता का पोर्टफोलियो बनाने; लंबी अवधि के व्यवधानों के प्रति पोर्टफोलियो के जोखिम को कम करने और कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में कार्य करने की परिकल्पना की गई है ।

14.1.2.16 सतत जल प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) क्रियाकलाप

ओएनजीसी ने अपनी जल प्रबंधन प्रथाओं में सतत जल प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) की नीति को अपनाया है और आरडब्ल्यूएच परियोजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन, निगरानी और नियमित रखरखाव के लिए वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच) संबंधी अपनी नीति को भी संशोधित किया है।

14.1.2.17 कार्बन एकत्रीकरण, भंडारण और उपयोग (सीसीएसयू)

कार्बन एकत्रीकरण, भंडारण और उपयोग (सीसीएसयू) एक महत्वपूर्ण सीओ2 उत्सर्जन कम करने वाली तकनीक है जो बड़ी मात्रा में सीओ2 को वायुमंडल में छोड़े जाने से रोक सकती है। सीसीएसयू एकमात्र स्वच्छ प्रौद्योगिकी है जो इस्पात, सीमेंट, लुगदी और कागज, शोधन और पेट्रोरसायन जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की डी–कार्बोनाइजिंग करने में सक्षम है। वर्धित तेल प्राप्ति (ईओआर) सीओ2 भंडारण के लिए सबसे आकर्षक विकल्पों में से एक है, क्योंकि सीओ2 के भंडारण की लागत निष्कर्षण–में–कठिन तेल द्वारा अर्जित राजस्व से ऑफसेट होती है जिसे क्षय हो रहे तेल क्षेत्रों से पुनर्प्राप्त किया जा सकता है।

14.1.2.18 वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई) आधारित पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) रिपोर्टिंग की शुरुआत और ओएनजीसी की ईएसजी रेटिंग के लिए एक रेटिंग एजेंसी को भी नियोजित करना

ओएनजीसी, ओएनजीसी विदेश, एमआरपीएल, ओएमपीएल, ओपीएएल और ओटीपीसी की रिपोर्टिंग कवरेज के साथ ओएनजीसी जीआरआई आधारित स्वतंत्र रूप से आश्वस्त समूह स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित कर रहा है। स्थिरता रिपोर्टिंग का फोकस कंपनी के सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभावों (जिसे ट्रिपल बॉटम–लाइन निष्पादन भी कहा जाता है) पर है, जिसमें सीमित शासन पहलुओं को शामिल किया गया है। ओएनजीसी समूह की कंपनियों की पारंपरिक स्थिरता रिपोर्ट के साथ पहली जीआरआई आधारित पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ईएसजी) रिपोर्ट को तैयार किया जाना पूरा हो गया है और यह 25.12.2021 को सार्वजनिक डोमेन में जारी की गई है।

14.1.3 गेल (इंडिया) लिमिटेड

गेल (इंडिया) लिमिटेड को अगस्त, 1984 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के रूप में अधिनिगमित किया गया था, जिसका मिशन ''राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए प्राकृतिक गैस और इसके अंश के प्रभावी और आर्थिक उपयोग को तेज और अनुकूलित करना'' था। भारत सरकार के पास अब कंपनी के 51.45% शेयर हैं। गेल 1997 में नवरत्न बना और अब दस महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से एक है, जो किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को दिया गया सर्वोच्च दर्जा है। गेल ने अस्सी के दशक के अंत में एक गैस ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में शुरुआत की और लगभग 13,700 किलोमीटर के प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का एक बड़ा नेटवर्क; 2000 किमी की दो एलपीजी पाइपलाइन

प्रणाली; लगभग 1.4 एमएमटीपीए की संयुक्त उत्पादन क्षमता के साथ एलपीजी और अन्य तरल हाइड्रोकार्बन के उत्पादन के लिए पांच गैस प्रसंस्करण संयंत्र और पॉलिमर के 810 केटीपीए क्षमता का गैस आधारित एकीकृत पेट्रोरसायन संयंत्र स्थापित करके व्यवस्थित रूप से विकसित हुआ है। गेल असम में 280 केटीपीए ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) परिसर और गुजरात में 1.4 एमएमटीपीए ओएनजीसी पेट्रो–एडिशंस लिमिटेड (ओपीएएल) परियोजना सहित दो अन्य पेट्रोरसायन परियोजनाओं का सह–प्रमोटर है। पेट्रोनेट एलएनजी, गेल का एक संयुक्त उद्यम, दहेज और कोच्चि में दो एलएनजी रीगैसीफिकेशन टर्मिनल संचालित करता है। गेल कोंकण एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड का भी प्रमोटर है जो 5 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ धाबोल में एलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल संचालित करता है। गेल के पास 118 मेगावाट पवन और 12 मेगावाट सौर ऊर्जा सहित 130 मेगावाट का नवीकरणीय पोर्टफोलियो है। गेल ने पाटा पेट्रोरसायन परिसर में 5.76 मेगावाट ग्रिड से जुड़े गृहीत सौर विद्युत संयंत्र के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा सोलर रूफ टॉप स्थापित किया है। गेल भारत में नगर गैस वितरण (सीजीडी) व्यवसाय में अग्रणी है। इसकी 8 संयुक्त उद्यमों और दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के साथ पूरे भारत में 61 भौगोलिक क्षेत्रों में उपस्थिति है।

ह्यूस्टन, सिंगापुर और यांगून में कार्यालयों के साथ गेल की पांच देशों में विदेशी उपस्थिति है। इसकी संयुक्त राज्य अमेरिका में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल ग्लोबल (यूएसए) इंक. (जीजीयूआई) है। जीजीयूआई ने सहायक कंपनी, गेल ग्लोबल (यूएसए) एलएनजी एलएलसी (जीजीयूएलएल) का गठन किया है, जिसने डोमिनियन कोव पॉइंट एलएनजी द्रवीकरण परियोजना में 2.3 एमएमटीपीए क्षमता बुक की है। गेल की एक अन्य पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, यथा गेल ग्लोबल (सिंगापुर) प्रा. लिमिटेड, एलएनजी में व्यापार और विदेशी निवेश करने के लिए है।

गेल ने भारत में 9 ब्लॉक और म्यांमार में 2 ब्लॉकों में प्रतिभागिता हितों के साथ अन्वेषण और उत्पादन के अपस्ट्रीम व्यवसाय में स्वयं को एकीकृत किया है। इसके अलावा, दक्षिण पूर्व एशिया गैस पाइपलाइन कंपनी (एसईएजीपी) में गेल की 4.17ः इक्विटी भागीदारी है जो म्यांमार से चीन तक गैस का परिवहन कर रही है। गेल ने मिस्र और चीन में डाउनस्ट्रीम कारोबार में तीन कंपनियों में निवेश किया है।

गेल ने 3.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की खरीद के लिए सबाइन पास लिक्विफैक्शन एलएलसी के साथ और 2.5 एमएमटीपीए एलएनजी की आपूर्ति के लिए गैजप्रोम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर के साथ एक दीर्घकालिक एलएनजी बिक्री और खरीद समझौता निष्पादित किया है। गेल ने तापी पाइपलाइन से अंतरराष्ट्रीय पाइपलाइन के माध्यम से 38 एमएमएससीएमडी प्राकृतिक गैस के स्रोत के लिए भी प्रतिबद्धता की है।

वित्तीय वर्ष 2020–2021 के दौरान, गेल ने चल रही कोविड–19 वैश्विक महामारी, रियायती विपणन और ट्रांसमिशन मार्जिन, घरेलू अपस्ट्रीम उत्पादन में गिरावट, सुस्त मांग, दुनिया भर में हाइड्रोकार्बन की कीमतों में गिरावट के बावजूद 11.48% आरओसीई के साथ ₹56737 करोड़ रुपये और ₹4890 करोड़ रुपये का कारोबार और लाभ दर्ज किया। 31 मार्च, 2021 को गेल की जनशक्ति 4705 व्यक्तियों की थी।

14.1.3.1 वास्तविक और वित्तीय निष्पादन

वास्तविक

मानदण्ड	यूनिट	2020–21 में निष्पादन	2021–22 में निष्पादन (सितम्बर 2021 तक)
गैस परिवहन	एमएमएससीएमडी	104	111
गैस विपणन	एमएमएससीएमडी	89	97
तरल हाइड्रोजन उत्पादन	टीएमटी	1137	511
पेट्रोरसायन उत्पादन	टीएमटी	871	358
एलपीजी परिवहन	टीएमटी	4163	2077

14.1.3.2 वित्तीय

विवरण	यूनिट	2020–21 में निष्पादन	2021–22 में निष्पादन (सितम्बर 2021 तक)
टर्नओवर	₹ करोड़	56529	38829
सकल अंतर (ईबीडीआईटीए)	₹ करोड़	8450	6858
कर पूर्व लाभ	₹ करोड़	6386	5736
कर पश्चात लाभ	₹ करोड़	4890	4393

14.1.3.3 गेल द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रमुख परियोजनाएं / पाइपलाइनें

क. जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल)

जगदीशपुर–हल्दिया और बोकारो–धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) परियोजना एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन है जिसे भारत के पूर्वी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों को भारत सरकार द्वारा परिकल्पित 15000 किलोमीटर के राष्ट्रीय गैस ग्रिड के भाग के रूप में राष्ट्रीय प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन नेटवर्क से जोड़ने के लिए विकसित किया जा रहा है। जेएचबीडीपीएल परियोजना भारत सरकार की प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा गैस पाइपलाइन पहल का हिस्सा है। जेएचबीडीपीएल उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों के 50 जिलों को कवर करेगी।

यह पाइपलाइन देश के पूर्वी क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ईंधन प्राकृतिक गैस तक पहुंच प्रदान करेगी और देश के पूर्वी क्षेत्र में औद्योगीकरण और नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं की शुरुआत करेगी। पाइपलाइन वाराणसी, पटना, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता, भुवनेश्वर और कटक शहरों में की जा रही सात–नगर गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं को पोषित करेगी। पाइपलाइन मार्ग बरौनी, हल्दिया और पारादीप में स्थित रिफाइनरियों को भी जोड़ेगा। जेएचबीडीपीएल परियोजना से घरेलू उपयोग के लिए शहरों और गांवों को गैस की आपूर्ति की सुविधा प्रदान करके देश में प्राकृतिक गैस बाजार के परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की प्रत्याशा है। यह चार प्रमुख उर्वरक संयंत्रों एफसीआई गोरखपुर, एचएफसी बरौनी, एचयूआरएल सिंदरी और मैटिक्स–दुर्गापुर के पुनरुद्धार में भी सहायता करेगा।

ख. बरौनी गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उत्तर पूर्व भारत दस्तावेज़ के लिए अपने हाइड्रोकार्बन विजन 2030 के माध्यम से, भारत के उत्तर पूर्व को राष्ट्रीय हाइड्रोकार्बन मानचित्र में लाने की योजना का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का उद्देश्य पूर्वोत्तर में सीमांत क्षेत्रों के उपयोग और गेल के जेएचबीडीपीएल का हिस्सा होने वाली बरौनी के माध्यम से शेष भारत के साथ अंतर संबद्धता, द्वारा पाइपलाइन संबद्धता को बढ़ाना था।

एक 729 किलोमीटर लंबी बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन (बीजीपीएल) को जेएचबीडीपीएल परियोजना के एक अभिन्न अंग के रूप में विकसित किया जा रहा है ताकि भारत के सात उत्तर–पूर्वी राज्यों को जेएचबीडीपीएल के माध्यम से राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ा जा सके। यह परियोजना भारत के उत्तर–पूर्वी भाग के औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू और परिवहन क्षेत्रों को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन यानी प्राकृतिक गैस मुहैया कराएगी। यह नवगठित – इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (गेल, आईओसीएल, ओआईएल, एनआरएल और ओएनजीसी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी) के लिए एक फीडर के रूप में भी कार्य करेगी, जो उत्तर–पूर्वी भारत के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030 को लागू करने की दिशा में उत्तर–पूर्व गैस ग्रिड (एनईजीजी) को लागू करने के लिए उत्तरदायी है।

बीजीपीएल परियोजना विशेष रूप से असम और समग्र रूप से पूर्वोत्तर के लिए पहली क्रॉस–कंट्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना है। परियोजना से निम्नलिखित लाभों की परिकल्पना की गई है:

- घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के लिए उत्तर–पूर्व के प्रमुख शहरों के लिए शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क की संभाव्ताएं।
- परिवहन क्षेत्र को कम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की उपलब्धता।
- औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू और परिवहन क्षेत्र के लिए पर्यावरण अनुकूल और मितव्ययी ईंधन अर्थात् प्राकृतिक गैस ईंधन की उपलब्धता।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में रिफाइनरियों को संबद्धता प्रदान करेगी।
- प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा करेगी।
- देश के उत्तर–पूर्वी हिस्से में सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी।

ग. मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा पाइपलाइन (एमएनजेपीएल)

आगामी मुंबई नागपुर राजमार्ग (समृद्धि कॉरिडोर के रूप में भी ज्ञात) के साथ एक उपयोगिता गलियारा विकसित करने के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव के अनुरूप, गेल पश्चिमी तटों और साथ ही साथ मध्य भारत के गैस की कमी वाले क्षेत्रों के लिए धामरा एलएनजी टर्मिनल से गैस की आपूर्ति करने वाले प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क को विकसित करने हेतु समृद्धि कॉरिडोर का उपयोग करने की मंशा रखता है। 1755 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन मुंबई से नागपुर तक, फिर नागपुर से झारसुगुड़ा तक, नागपुर से जबलपुर तक स्पर लाइन और कोरबा तक एक स्पर लाइन के साथ परिकल्पित है। मई 2020 में, गेल को पीएनजीआरबी से पाइपलाइन के निर्माण की अनुमति मिली, जिसके मई 2023 तक पूरा होने की संभावना थी।

घ. डी. श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (एसएपीएल)

23 जुलाई, 2019 को श्रीकाकुलम–अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन पीएनजीआरबी द्वारा गेल को अधिकृत किया गया था। पाइपलाइन की कुल अधिकृत क्षमता 6.65 एमएमएससीएमडी है। मुख्य ट्रंक–लाइन 390 किमी एवं स्पर–लाइन 300 किमी होगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ₹2,660 करोड़ है।

ङ. ई. जम्मू–कश्मीर पाइपलाइन (गुरदासपुर–जम्मू–श्रीनगर)

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के लिए पाइपलाइन कनेक्टिविटी। ₹6,931 करोड़ की अनुमानित लागत से 425 किमी लंबी पाइपलाइन विकसित की जाएगी एवं यह पाइपलाइन केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर को राष्ट्रीय गैस ग्रिड के साथ जोड़ेगी।

च. उत्तर–पूर्व प्राकृतिक गैस ग्रिड (इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल)

इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) को 10 अगस्त, 2018 को पांच भागीदारोंरू आईओसीएल, ओएनजीसी, गेल, ओआईएल, और एनआरएल से समान इक्विटी अंशदान के साथ अधिनिगमित किया गया है।

गैस ग्रिड परियोजना आठ पूर्वोत्तर राज्यों–असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम को गेल द्वारा बिछाई जा रही बरौनी–गुवाहाटी गैस पाइपलाइन के माध्यम से राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी।

छ. कोयला गैसीकरण

गेल, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ), प्रत्येक की 31.85 प्रतिशत हिस्सेदारी है और भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड (एफसीआईएल) की 4.45% इक्विटी के साथ गठित एक संयुक्त उद्यम–तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के माध्यम से एक कोयला गैसीकरण–आधारित यूरिया परियोजना स्थापित करने की प्रक्रिया में है। लगभग ₹13,300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना की परिकल्पना कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी के माध्यम से 1.27 एमएमटीपीए नीम लेपित यूरिया की उत्पादन क्षमता के साथ की गई है। परियोजना के लिए कोयला तलचर क्षेत्र में उत्तरी अरखापाल की गृहीत खदान से प्राप्त किया जाएगा जिसे कोयला मंत्रालय द्वारा टीएफएल को आवंटित किया गया है। टीएफएल पहले ही कोयला मंत्रालय के साथ खदान आवंटन समझौते पर हस्ताक्षर कर चुकी है। पेटकोक, जो दूसरा फीडस्टॉक है, को आईओसीएल की पारादीप रिफाइनरी से प्राप्त किया जाएगा, जिसके लिए टीएफएल ने पहले ही आईओसीएल के साथ एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है। इस परियोजना को अगस्त 2019 में सभी संयुक्त उद्यम भागीदारों से निवेश की मंजूरी मिली है और लगभग ₹8,000 करोड़ रुपए की संचयी लागत पर कोयला गैसीकरण और अमोनिया/यूरिया के लिए 02 प्रमुख एलएसटीके निविदाएं दिए जाने के साथ परियोजना क्रियाकलाप पहले ही शुरू हो चुके हैं। इसके अलावा, परियोजना का ऋण सिंडिकेशन प्रगति पर है। स्थल पर अन्य परियोजना–पूर्व निर्माण क्रियाकलापों के साथ–साथ अन्य विक्रेताओं का चयन प्रगति पर है। उर्वरक विभाग कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया संयंत्र के लिए यूरिया नीति तैयार करने की प्रक्रिया में है।

14.1.3.4 उपलब्धियां

गेल राष्ट्रीय गैस ग्रिड और अन्य छोटी कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में लगभग 6,000 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। कोविड–19 वैश्विक महामारी के बेहद चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद, गेल ने महत्वपूर्ण प्रगति की और वित्तीय वर्ष 2020–21 में 1,000 किमी से अधिक पाइपलाइन को चालू करने में सक्षम रहा था।

- केकेबीएमपीएल (450 किमी) के कोच्चि से मंगलुरु पाइपलाइन खंड और जेएचबीडीपीएल के डोभी से दुर्गापुर पाइपलाइन खंड (350 किमी) को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा चालू और राष्ट्र को समर्पित किया गया था।
- 352 किमी लंबी विजयपुर औरैया पाइपलाइन क्षमता विस्तार परियोजना के 174 किमी खंड को भी चालू कर दिया गया है।
- प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन परियोजना, जिसे जगदीशपुर हल्दिया और बोकारो धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल) के नाम से भी जाना जाता है, के 2,655 किलोमीटर में से कुल 1,100 किलोमीटर को चालू कर दिया गया है।
- डोभी–दुर्गापुर खंड मैसर्स मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड मेसर्स हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल), सिंदरी को गैस की आपूर्ति करेगा। गेल इस पाइपलाइन परियोजना का विस्तार भारत के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में असम में गुवाहाटी तक भी कर रहा है, जिसमें जेएचबीडीपीएल के एकीकृत हिस्से के रूप में 729 किलोमीटर बरौनी–गुवाहाटी पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है।
- इसके अलावा, गेल इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (गेल, आईओसीएल, ओएनजीसी, ओआईएल, और एनआरएल का संयुक्त उद्यम) के संयुक्त उद्यम भागीदार के रूप में आठ उत्तर पूर्वी राज्यों को जोड़ने के लिए लगभग 1656 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों को क्रियान्वित करके गुवाहाटी से उत्तर पूर्वी क्षेत्र नेटवर्क को कार्यान्वित कर रहा है।
- लंबे समय से प्रतीक्षित कोच्चि–मंगलुरु पाइपलाइन (450 किमी) के चालू होने के साथ, मंगलुरु में 3 प्रमुख ग्राहकों यथा मंगलोर केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमसीएफएल), ओएनजीसी मंगलोर पेट्रोरसायन लिमिटेड (ओएमपीएल) और मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोरसायन लिमिटेड (एमआरपीएल) को गैस की आपूर्ति अब शुरू हो गई हैं।
- गेल विभिन्न शहरों में सीएनजी और पीएनजी के रूप में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए गेल पाइपलाइन नेटवर्क से नगर गैस वितरण (सीजीडी) संस्थाओं से भी हुक–अप कनेक्शन ले रहा है।
- गेल ने पीएनजीआरबी द्वारा अधिकृत सीजीडी संस्थाओं के साथ 16 सीजीडी हुक अप पूरे कर लिए हैं।
- विभिन्न चरणों में निष्पादन के तहत चल रही अन्य पाइपलाइन परियोजनाओं में मुंबई–नागपुर–झारसुगुड़ा

पाइपलाइन (1,755 किमी), श्रीकाकुलम–अंगुल पाइपलाइन (744 किमी), धामरा–हल्दिया पाइपलाइन (253 किमी), सुल्तानपुर–झज्जर हिसार पाइपलाइन (135 किमी) और हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाइन (50 किमी) शामिल हैं।

- पेट्रोरसायन व्यापार वर्टिकल के तहत, गेल दो परियोजनाओं की स्थापना कर रहा है, उसार, महाराष्ट्र में एक 500 केटीए प्रोपेन डिहाइड्रोजनेशन और पॉलीप्रोपाइलीन (पीडीएच–पीपी) परियोजना और पाटा, उत्तर प्रदेश में एक अन्य 60 केटीए पॉलीप्रोपाइलीन (पीपी) परियोजना।

14.1.4 भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भारत सरकार के स्वामित्व वाली एक तेल और गैस महारत्न कंपनी है जो डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों के अन्वेषण और उत्पादन, शोधन और विपणन में नियोजित है और इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

बीपीसीएल कोच्चि, मुंबई और बीना में तीन बड़ी रिफाइनरियों का प्रचालन करती है। प्रचालन देश भर में इसकी सात व्यावसायिक इकाइयों (बीयू) और एक पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है जो 3533 किमी तक फैला हुआ है। व्यावसायिक इकाइयों में रिफाइनरी, खुदरा, ल्यूब्रीकेंट, तरलीकृत पेट्रोलियम गैस, औद्योगिक और वाणिज्यिक, विमानन और गैस शामिल हैं। हमारे मुख्य व्यवसाय को सपोर्ट करने के लिए अतिरिक्त स्थायी राजस्व धाराएं बनाने के लिए 2021–22 में दो नए बीयू यथा नवीकरणीय और नए व्यवसाय बनाए गए हैं। बीपीसीएल ने लगातार अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। बीपीसीएल के उत्पाद पोर्टफोलियो में मोटर स्प्रिट (एमएस), हाई स्पीड डीजल (एचएसडी), औद्योगिक और वाणिज्यिक ल्यूब्रीकेंट, विमानन ईंधन, बिटुमेन, एलपीजी, सॉल्वैंट्स, फूड ग्रेड क्वालिटी हेक्सेन (एफजीक्यूएच), पॉलिमर ग्रेड प्रोपलीन आदि शामिल हैं। बीपीसीएल ने, इसके अलावा देश भर में अपने विशाल बुनियादी ढांचे के नेटवर्क से जैव–ईंधन, सौर, ईवी चार्जिंग आदि में पहल के साथ वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी कदम रखा है।

फॉर्च्यून की 'ग्लोबल 500' 2021 सूची में बीपीसीएल 394वें स्थान पर है।

14.1.4.1 वित्तीय निष्पादन

बीपीसीएल का कारोबार (प्रचालन से राजस्व) अप्रैल–दिसंबर 20 में 2,03,109 करोड़ रुपये से अप्रैल–दिसंबर 21 में 53% (₹1,06,746 करोड़) बढ़कर ₹3,09,855 करोड़ हो गया। यह मुख्य रूप से वर्तमान अवधि के दौरान कोविड–2 की लहर के बाद बाजार के संचालन में रिकवरी के कारण बिक्री की मात्रा में वृद्धि के कारण था। अप्रैल–दिसंबर 21 की अवधि के दौरान, बीपीसीएल ने अप्रैल–दिसंबर 20 में 7,102 करोड़ रुपये की तुलना में 6,658 करोड़ रुपये का लाभ (कर पश्चात) दर्ज किया। जीआरएम अप्रैल–दिसंबर 20 में 2.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बीबीएल की तुलना में अप्रैल–दिसंबर 21 में 6.78 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा।

14.1.4.2 राजकोष में अंशदान

वर्षों से, बीपीसीएल ने राजकोष में शुल्क, कर और लाभांश के रूप में योगदान दिया है। अप्रैल–दिसंबर–21 के दौरान राजकोष में 1,08,104 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। अप्रैल–दिसंबर 21 में 63,608 करोड़ रुपये केंद्रीय राजकोष में और 44,496 करोड़ रुपये राज्य के राजकोष में दिए गए।

14.1.4.3 रिफाइनरी का निष्पादन

मुंबई रिफाइनरी

मुंबई रिफाइनरी की वर्तमान स्थापित क्षमता 12.00 एमएमटीपीए है। मुंबई रिफाइनरी ने वर्ष 2021–22 (दिसंबर 2021 तक) के दौरान 10.63 एमएमटी का थ्रूपुट हासिल किया। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए, 12.94 एमएमटी का कच्चा तेल थ्रूपुट प्राप्त किया गया था और कच्चा तेल रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 107.84% था।

कोच्चि रिफाइनरी

कोच्चि रिफाइनरी लिमिटेड की वर्तमान स्थापित क्षमता 15.50 एमएमटीपीए है। कोच्चि रिफाइनरी ने 2021–22 के दौरान (दिसंबर 2021 तक) 11.03 एमएमटी का थ्रूपुट हासिल किया। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए, 13.28 एमएमटी का कच्चा तेल थ्रूपुट हासिल किया गया और कच्चा तेल रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 85.67% था।

निम्नलिखित प्रमुख परियोजनाओं को चालू किया गया:

- नेफ्था को अपग्रेड करके बीएस–VI ग्रेड मोटर स्पिरिट उत्पादन को अधिकतम करने के लिए 3288.96 की अनुमोदित लागत पर बीएस–VI मोटर स्पिरिट ब्लॉक परियोजना (एमएसबीपी) मार्च 2021 में पूरी हुई और जून 2021 तक पूरी तरह से चालू हो गई।

- उच्च स्तर के पेट्रोरसायन के उत्पादन के लिए ₹5575 करोड़ की अनुमोदित लागत पर प्रोपलीन डेरिवेटिव पेट्रोरसायन संयंत्र (पीडीपीपी) सितंबर 2021 में पूरी तरह से चालू हो गया था। चूंकि ये उत्पाद आयात का विकल्प हैं, इसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष ₹4000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की अनुमानित बचत होगी।

बीओआरएल

भारत ओमान रिफाइनरीज लिमिटेड (बीओआरएल), बीना रिफाइनरी को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और ओक्यू एसएओसी (पहले ओमान ऑयल कंपनी एसएओसी के रूप में ज्ञात) के संयुक्त उद्यम के रूप में बीना, मध्य

प्रदेश में बीना रिफाइनरी स्थापित करने के लिए अधिनिगमित किया गया था। रिफाइनरी ने मई 2011 में अपना वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया। जून 2021 में, बीपीसीएल ने ओक्यू एसएओसी के स्वामित्व वाली सभी हिस्सेदारी खरीद ली है। वर्तमान में बीओआरएल, बीपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

बीना रिफाइनरी की वर्तमान स्थापित क्षमता 7.80 एमएमटीपीए है। बीना रिफाइनरी ने 7.80 एमएमटीपीए की स्थापित क्षमता की तुलना में 2021–22 (दिसंबर 2021 तक) के दौरान 5.39 एमएमटी का थ्रूपुट प्राप्त किया। वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए, 6.2 एमएमटी का कच्चा तेल थ्रूपुट प्राप्त किया गया था और कच्चा तेल रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 79.48% था।

14.1.4.4 पाइपलाइन निष्पादन

बीपीसीएल के पास 21.34 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ 2596 किलोमीटर की बहु–उत्पाद पाइपलाइन का नेटवर्क है।

वर्ष 2021–22 (दिसंबर'21 तक) के दौरान, पाइपलाइन थ्रूपुट 12.07 एमएमटी था, जबकि 2020–21 की इसी अवधि के दौरान यह 10.54 एमएमटी था। भारत पेट्रोलियम ने कुशल तरीके से पाइपलाइनों का संचालन जारी रखा और पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) में 2021–22 (दिसंबर 21 तक) में 5.17% की कमी हासिल की।

भारत पेट्रोलियम ने वर्ष 2021–22 के दौरान 356 किलोमीटर बीना–पंकी क्रॉस कंट्री पाइपलाइन चालू की है। यह परियोजना 28.12.2021 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित की गई थी।

14.1.4.5 विपणन अवसंरचना और निष्पादन

बीपीसीएल का एक मजबूत वितरण नेटवर्क है जिसमें 31.12.2021 को 43 पीओएल डिपो, 16 प्रमुख प्रतिष्ठान, 23 टीओपी, 19668 खुदरा आउटलेट, 927 एसकेओ एजेंसियां, 54 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, 6191 एलपीजी वितरक, 57 विमानन सेवा स्टेशन, 4 लुब्रिकेंट ब्लेंडिंग/फिलिंग संयंत्र और 3533 किमी (कच्चे तेल पाइपलाइन सहित) का पाइपलाइन नेटवर्क शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसंबर 2021 तक) में बीपीसीएल की बाजार बिक्री 30.69 एमएमटी थी। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान बाजार बिक्री 38.74 एमएमटी थी।

14.1.4.6 अनुसंधान एवं विकास

भारत पेट्रोलियम का अनुसंधान एवं विकास नई प्रौद्योगिकियों के विकास और ग्राहकों और हितधारकों को नवीन तकनीकी समाधान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में कारपोरेट अनुसंधान और विकास केन्द्र (सीआरडीसी) और मुंबई में उत्पाद और अनुप्रयोग विकास केंद्र (पी एंड एडी) अनुसंधान क्रियाकलापों के माध्यम से व्यवसायों में मूल्य जोड़ने में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

''आत्मनिर्भर भारतष के एक भाग के रूप में, सीआरडीसी ने विभिन्न नवीन और विशिष्ट उत्पादों/प्रक्रियाओं को विकसित किया है और इसका व्यावसायीकरण करने के लिए जोर–शोर से कार्य कर रहा है। इस संदर्भ में, अप्रैल–दिसंबर 2021 के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप किए गए:

- क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट्स (सीडीयू/वीडीयू) निगरानी और वास्तविक समय अनुकूलन के लिए बीपीएमएआरआरके® (रियल–टाइम क्रूड एसे के लिए एक सॉफ्टवेयर उपकरण) की विशेषताओं को प्रदर्शित करने हेतु 21 अक्टूबर, 2021 को मेसर्स एस्पेन टेक्नोलॉजी यूएसए के साथ एक संयुक्त वेबिनार आयोजित किया गया था। के मॉडल रू कच्चे तेल की संगतता के लिए एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर उत्पाद को इसके व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए क्लाउड **(https://www.bpcl.kmodel.in)** पर लाइव किया गया है।
- आंतरिक रूप से विकसित मेम्ब्रेन असिस्टेड समर्थित रिकवरी प्रक्रिया यथा भारत एच2सेप के लिए प्रदर्शन यूनिट कोच्चि रिफाइनरी (केआर) में रिफाइनरी ऑफ गैस से हाइड्रोजन संवर्धन के लिए स्थापित की गई है। भारतएच2सेप का निष्पादन केआर वीजीओ–एचडीएस यूनिट में 60–80 किग्रा/घंटा के पैमाने पर स्थापित किया गया था। एच2 की शुद्धता 86 एमओएल% से> 95 एमओएल% तक समृद्ध हुई है।
- कोच्चि रिफाइनरी में एक प्रायोगिक इकाई (क्षमताः 20 किग्रा/घंटा शुष्क आधार पर) की स्थापना करके स्वदेश में विकसित सुपर एब्जॉर्बिंग पॉलिमर तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है।
- हाय जी डिएरेशन डेमोंस्ट्रेशन संयंत्र (क्षमताः 150 टीपीडी) को मुंबई रिफाइनरी में स्थापित और चालू किया गया है ताकि बिना रासायनिक उपचार के 0.5 पीपीबी से कम ऑक्सीजन सामग्री प्राप्त करने के लिए बॉयलर फीड वॉटर डिएरेशन हेतु कार्य किया जा सके।
- शीर्ष 6 एलपीजी स्टोव निर्माताओं के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते को क्रियान्वित करते हुए 4 जुलाई 2021 को ~75% थर्मल दक्षता के साथ नोवेल एलपीजी कुकिंग स्टोव (भारत–हाईस्टार) को व्यावसायिक रूप से प्रारंभ किया गया है।
- वीबीपीएल पाइपलाइन के लिए आंतरिक रूप से विकसित क्रूड ऑयल करप्शन इनहिबिटर का सफल फील्ड परीक्षण किया गया।
- निवल शून्य उत्सर्जन के कारपोरेट दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए क) हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षारीय जल इलेक्ट्रोलिसिस प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए बीएआरसी के साथ और ख) लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास का फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करके बायोगैस उत्पादन

प्रक्रिया विकसित करने के लिए सीएसआईआर–आईआईसीटी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं:

इसी प्रकार, पी एण्ड एडी–सीवरे के आर एण्ड डी स्कंध ने अनूठे ल्यूब्रीकेंट उत्पाद विकसित किए हैं जैसेकि:

- ऑफ–हाईवे अनुप्रयोग के लिए विस्तारित ड्रेन अंतराल के साथ डीजल इंजन ऑयल और ऊर्जा कुशल हाइड्रोलिक ऑयल
- नई पीढ़ी के अत्यधिक निम्न उत्सर्जन वाली बीएस VI पैसेंजर कारों के लिए सिंथेटिक इंजन ऑयल
- अत्यधिक–न्यून उत्सर्जन वाले हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए समर्पित इंजन ऑयल और बीएस VI उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने वाले सीएनजी/एलपीजी पर चलने वाले वाहनों के लिए नई पीढ़ी का गैस इंजन ऑयल
- मेट्रो रेल कारों के लिए सिंथेटिक ट्रांसमिशन ऑयल
- कार्बन फुट प्रिंट में कमी को बढ़ावा देने के लिए पुनः परिष्कृत बेस ऑयलों के उपयोग के साथ नई पीढ़ी के ल्यूब्रीकेंट
- मशीनिंग लौह और अलौह सामग्री के लिए प्रीमियम घुलनशील कटिंग ऑयल और अलौह सामग्री रोलिंग अनुप्रयोग के लिए कोल्ड रोलिंग ऑयल।

जारी अनुसंधान प्रयासों से 150 पेटेंट आवेदनों के आईपीआर पोर्टफोलियो का विकास हुआ है। अब तक, 82 पेटेंट आवेदनों के प्रति आईपीआर प्रदान किए गए हैं। अप्रैल–दिसंबर 2021 के दौरान 6 पेटेंट आवेदन दायर किए गए जबकि 2 पेटेंट प्राप्त हुए हैं।

14.1.4.7 पेट्रोरसायन निष्पादन

प्रोपलीन डेरिवेटिव पेट्रोरसायन परियोजना (पीडीपीपी), जो पेट्रोरसायन क्षेत्र में बीपीसीएल के प्रवेश का प्रतीक है, को वर्ष 2021–22 के दौरान उत्तरोत्तर रूप में चालू किया गया है। परियोजना के लिए फीडस्टॉक पॉलिमर ग्रेड प्रोपलीन है। उत्पाद पोर्टफोलियो में उत्कृष्ट पेट्रोरसायन शामिल हैं यथा ऐक्रेलिक एसिड, ऑक्सो अल्कोहल और एक्रिलेट्स। इन उत्पादों को वर्तमान में देश में आयात किया जाता है और इसलिए पीडीपीपी एक 'मेक इन इंडिया' पहल है।

पीडीपीपी इकाइयों के चालू होने पर, बीपीसीएल एक्रिलेट्स (ब्यूटाइल एक्रिलेट और 2 इथाइल हेक्सिल एक्रिलेट), ऐक्रेलिक एसिड और ऑक्सो–अल्कोहल (नॉर्मल ब्यूटेनॉल, 2 इथाइल हेक्सानॉल और आइसो बुटानॉल) जैसे उत्कृष्ट पेट्रोरसायनों का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय रिफाइनरी बन गई है जिन्हें मुख्य रूप से देश में आयात किया जाता है और लगभग मूल्यवान विदेशी मुद्रा के 4000 करोड़ रुपये की बचत होने की आशा है। इकाइयों के चालू होने और स्थिरीकरण के पश्चात, वर्ष 2021–22 (जनवरी 2022 तक) के दौरान उत्कृष्ट पेट्रोरसायनों का उत्पादन 61600 मीट्रिक टन है।

राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाते हुए तथा विकास और जोखिम कम करने के लिए विविधीकरण के अवसरों को तलाशते हुए, बीपीसीएल पेट्रोरसायन क्षेत्र में घटनाक्रम की निकट रूप से निगरानी कर रहा है और भविष्य के निवेश के लिए व्यावसायिक मामले को विकसित कर रहा है।

14.1.4.8 प्राकृतिक गैस

बीपीसीएल ने वर्ष 2021–22 के दौरान अपने प्राकृतिक गैस व्यापार का विस्तार जारी रखा और 2020–21 (अप्रैल–दिसंबर) में 1.46 एमएमटी की तुलना में 1.32 एमएमटी (अप्रैल–दिसंबर) की बिक्री (आंतरिक खपत सहित) दर्ज की गई। मुंबई (महाराष्ट्र) और कोच्चि (केरल) में अपनी स्वयं की रिफाइनरियों को आपूर्ति के अलावा, वर्ष के दौरान 4 नए ग्राहकों को शामिल करने के साथ बीपीसीएल के पास अब 55 ग्राहकों का ग्राहक आधार है। वर्ष 2021–22 के दौरान बीपीसीएल द्वारा 3 स्पॉट एलएनजी कार्गो का आयात किया गया था।

14.1.4.9 नगर गैस वितरण

बीपीसीएल और बीजीआरएल (बीपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) को 32 जिलों के 17 जीए के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकार प्रदान किया गया है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति यथाशीघ्र सुनिश्चित करने के लिए सीजीडी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

बीपीसीएल ने वर्ष 2021–22 में 9 जीए में नगर गैस वितरण (सीजीडी) व्यवसाय का वाणिज्यिक संचालन शुरू किया। एलसीएनजी स्टेशन (लघु स्तरीय एलएनजी) की पहली पायलट परियोजना औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में शुरू हुई। एलसीएनजी स्टेशन मौजूदा रिटेल आउटलेट पर भारत में पहला है और यह हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित है जिसमें वाहन खंड के लिए सीएनजी और घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक खंड के ग्राहकों के लिए पीएनजी की आपूर्ति शामिल है।

बीपीसीएल और बीजीआरएल (बीपीसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) द्वारा विकसित किए जा रहे 17 जीए में 2021–22 (जनवरी 2022 तक) में 37 सीएनजी स्टेशन चालू किए गए हैं, जबकि 2021–22 में प्राप्त किए गए पीएनजी ग्राहक अप्रैल '21 से जनवरी' 22 तक 11,909 हैं।

14.1.4.10 अन्वेषण और उत्पादन

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की 100% सहायक कंपनी भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) के पास रूस में 2 कंपनियों में इक्विटी हित के साथ 6 देशों में 19 ब्लॉकों में भागीदारी हित (पीआई) है, जिनके पास 4 उत्पादक परिसंपत्तियों का लाइसेंस है। 19 ब्लॉकों में से 10 भारत में और 9

विदेशों में स्थित हैं। बीपीआरएल एक विदेशी ब्लॉक यथा ऑनशोर 1 अबू धाबी में संयुक्त प्रचालक है और कैम्बे बेसिन, भारत में दो ऑनशोर ब्लॉकों में प्रचालक है।

विभिन्न एनईएलपी बोली दौरों के तहत 6 भारतीय ब्लॉकों को प्राप्त किया गया था, 1 ब्लॉक को खोजे गए लघु फील्ड्स बोली दौर 1 के तहत प्रदान किया गया था और 3 ब्लॉक खुल रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली दौर 1 में दिए गए थे। विदेश स्थित ब्लाकों में से, 5 ब्राजील में, 2 संयुक्त अरब अमीरात में और 1–1 मोजाम्बिक और इंडोनेशिया में हैं। बीपीआरएल और उसके संघ ने 5 देशों अर्थात ब्राजील, मोजाम्बिक, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत में आयोजित ब्लॉकों के संबंध में कुल 26 खोजें की हैं।

सिंगापुर में अधिनिगमित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों और विशेष प्रयोजन निकायों के माध्यम से बीपीआरएल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के भारतीय संघ (आईसी) ने एलएलसी तास–युरीख नेफ्टेगाज़डोब्याचा (टीवाईएनजीडी) में 29.9% इक्विटी हिस्सेदारी और अक्टूबर 2016 में रूस की एक राष्ट्रीय तेल कंपनी, मेसर्स रोसनेफ्ट से जेएससी वेंकोर्नफ्ट में 23.9% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया था। वर्तमान में, टीवाईएनजीडी लगभग 113 केबीओपीडी और वेंकोरनेफ लगभग 236 केबीओपीडी तेल का उत्पादन कर रहे हैं।

2018 में, भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) को, ओएनजीसी विदेश और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से भारतीय संघ के रूप में कार्य करते हुए लोअर ज़कुम कन्सेशन, अपतटीय अबू धाबी में 10: हिस्सेदारी प्रदान की गई। यह पहली बार है कि भारतीय तेल और गैस कंपनियों को अबू धाबी के हाइड्रोकार्बन संसाधनों के विकास में हिस्सेदारी दी गई है। बीपीआरएल की अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से भारतीय संघ के एसपीवी में 30% हिस्सेदारी है, जिसके पास लोअर जकुम कन्सेशन में 10% हिस्सेदारी है। 9 मार्च 2018 की प्रभावी तिथि के साथ 40 वर्षों की अवधि वाले कन्सेशन पर 10 फरवरी 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। इस फील्ड का वर्तमान तेल उत्पादन लगभग 330,000 बीओपीडी है और भारतीय संघ की वार्षिक हिस्सेदारी लगभग 1.5 एमएमटी होगी। बीपीसीएल समूह की रिफाइनरियों द्वारा बीपीआरएल के इक्विटी कच्चे तेल के अंश को उठा लिया गया है।

मोज़ाम्बिक में, उत्तरी मोज़ाम्बिक के तट से दूर रोवुमा अपतटीय क्षेत्र 1 में प्राकृतिक गैस की विशाल मात्रा की खोज के बाद, क्षेत्र 1 संघ के भागीदारों ने 18 जून 2019 को अपतटीय गोल्फिन्हो–एटम खोज क्षेत्र से खोजी गई गैस के मुद्रीकरण के लिए 2–ट्रेन (2x6.44 एमएमटीपीए) अभितटीय प्रारंभिक एलएनजी परियोजना विकसित करने के लिए अंतिम निवेश निर्णय (एफआईडी) की घोषणा की। एफआईडी की घोषणा के साथ, गोल्फिन्हो–एटम फील्ड विकास योजना प्रभावी हो गई है तथा 30 वर्ष की विकास और उत्पादन अवधि प्रारंभ हो गई है। एफआईडी के बाद, जहां परियोजना मार्च 2021 तक समय पर और बजट के भीतर थी, मार्च 2021 के अंत के दौरान अफुंगी परियोजना स्थल के आसपास सुरक्षा घटनाओं के कारण, प्रचालक ने जेओए, ईपीसीसी और अन्य सभी अनुबंधों के तहत एफएम की घोषणा की क्योंकि वह सुरक्षित पेट्रोलियम संचालन करने के लिए उनके दायित्व को पूरा करने में असमर्थ था। प्रचालक ने सूचित किया है कि रवांडा और दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय से काबो डेलगाडो प्रांत (सीडीपी) में बाहरी सैन्य उपस्थिति है। संचालक व सरकार से मोजाम्बिक की स्थिति को स्थायी तरीके से हल करने के लिए प्रयास जारी है।

ब्राजील में, अंतिम खोज मूल्यांकन रिपोर्ट (आरएफएडी) को ब्राजील में नियामक एजेंसी बीएम–सील–11 रियायत के लिए एएनपी को प्रस्तुत किया गया था और वाणिज्यिकता की घोषणा (डीओसी) दिसंबर 2021 के अंत तक प्रस्तुत किए जाने की आशा है। तब संघ के पास फील्ड विकास योजना प्रस्तुत करने के लिए डीओसी प्रस्तुत करने की तारीख से 180 दिन होंगे। गहरे पानी के परिवेश को देखते हुए बीएम–सी–30 रियायत की संभाव्यता भूवैज्ञानिक दृष्टिकोण से मामूली है। अतरू नया प्रचालक (यानी पेट्रो रियो) निकटवर्ती फ्रैड फील्ड (पेट्रो रियो द्वारा संचालित एफपीएसओ के साथ उत्पादन फील्ड) के साथ टाई–बैक विकास के माध्यम से फील्ड को विकसित करने की मंशा रखता है। प्रचालक ने दिनांक 21.10.21 को डीओसी एवं एफडीपी के लिए नोटिस दिया है। आगे के लिए प्रचालक के साथ चर्चा/कार्रवाई की जा रही है।

इंडोनेशिया में न्यूनतम कार्य कार्यक्रम पूरा कर लिया गया है। प्रांत में बाजार की उपलब्धता के अभाव के साथ एक अपतटीय परियोजना के लिए कम खोजे गए संसाधनों की मात्रा को देखते हुए प्रचालक के साथ चर्चा जारी है।

वर्ष 2019 के दौरान, अबू धाबी 2018 ब्लॉक लाइसेंसिंग दौर में विजेता बोलीदाता के रूप में उभरने के बाद, बीपीआरएल और आईओसीएल के एक संघ को अबू धाबी में ऑनशोर ब्लॉक 1 कन्सेशन प्रदान किया गया था। यह कार्य संभाव्य संयुक्त अरब अमीरात क्षेत्र में पहली बार विदेशी संपत्तियों के एक प्रचालक के रूप में बीपीआरएल के प्रवेश का प्रतीक है। अबू धाबी सरकार की ओर से एसपीसी द्वारा दिए गए कन्सेशन की प्रभावी रियायत अवधि 35 वर्ष है और इसे अन्वेषण चरण में मैसर्स ऊर्जा भारत प्रा. लिमिटेड (यूबीपीएल), सिंगापुर में भारतीय संघ द्वारा इस उद्देश्य के लिए अधिनिगमित एक 50:50 एसपीवी, द्वारा संचालित किया जाएगा। रुवैस डिस्कवरी में दो मूल्यांकन कुपों की ड्रिलिंग और परीक्षण पूरा हो चुका है। अन्वेषण कुपों की ड्रिलिंग शुरू करने के लिए प्रारंभिक क्रियाकलाप प्रगति पर हैं।

कावेरी बेसिन, भारत में ब्लॉक सीवाई–ओएनएन– 2002/2 में मदनाम खोज, जहां ओएनजीसी प्रचालक है और बीपीआरएल का गैर–प्रचालक के रूप में 40% का प्रतिभागिता हित है, वर्तमान में विकास के अधीन है और 2016 से वाणिज्यिक तेल उत्पादन से मई 2021 से मुद्रीकरण प्रारंभ हो गया है।

बीपीआरएल ने दिसंबर 2021 तक लगभग 31000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

14.1.4.11 वैकल्पिक ऊर्जा

बीपीसीएल स्थलों और खुदरा बिक्री केंद्रों में कुल सौर क्षमता 35 मेगावाट है। सोलराइज्ड खुदरा आउटलेट्स की कुल संख्या 2471 है जबकि खुदरा बीयू ने वर्ष 21–22 में 2000 आरओज को सोलराइज करने का लक्ष्य रखा है। 57 स्थानों का विस्तृत व्यवहार्यता और प्रणाली डिजाइन अध्ययन पूरा कर लिया गया है और प्रत्येक स्थान पर सौर संयंत्र को लागू करने के लिए ईपीसी निविदा को अंतिम रूप दिया गया है। बीपीसीएल ने 2025 तक 1 जीडब्ल्यू सौर संयंत्र और 2040 तक 10 जीडब्ल्यू सौर संयंत्र लगाने का लक्ष्य रखा है।

बीपीसीएल भारत का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन संयंत्र बनाने की योजना बना रही है और मध्य प्रदेश के बीना में अपनी रिफाइनरी में स्थापित होने वाले 20 मेगावाट के इलेक्ट्रोलाइजर के लिए एक निविदा जारी करेगी। बीपीसीएल ने हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए क्षारीय इलेक्ट्रोलाइजर प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ भागीदारी की है। अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करने के लिए यह अपनी तरह की पहली पहल है। इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र वर्तमान में आयात किए जाते हैं और सहयोग ''हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए क्षारीय इलेट्रो लाइजर प्रौद्योगिकी को बढ़ाने'' के लिए है।

हाइड्रोजन रिकवरी के लिए प्रौद्योगिकीः आंतरिक रूप से विकसित मेम्ब्रेन समर्थित हाइड्रोजन रिकवरी प्रक्रिया यथा भारतएच2सेप के लिए प्रदर्शन इकाई कोच्चि रिफाइनरी (केआर) में रिफाइनरी ऑफ गैस से हाइड्रोजन संवर्धन के लिए स्थापित की गई है। भारतएच2सेप का निष्पादन के आर वीजीओ–एचडीएस यूनिट में 60–80 किग्रा/घंटा के पैमाने पर स्थापित किया गया था। एच2 की शुद्धता 86 एमओएलः से बढ़कर 95 एमओएलः से अधिक हो गई। सफल प्रदर्शन ने ओएमसी रिफाइनरियों को प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

जैव–ईंधन

बीपीसीएल, ओडिशा के बारगढ़ में 100 केएलपीडी क्षमता की एक 2जी बायो इथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना कर रहा है, जिसमें 400 एमटी/डी लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास को फीड स्टॉक (चावल का भूसे/मक्का के डंठल) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा और उसी परिसर में 100 केएलपीडी क्षमता का एक एकीकृत 1जी बायो एथेनॉल संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

तेल विपणन कंपनियां एथेनॉल की उपलब्धता के अनुसार 29 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों में एमएस (ई10) में मिश्रित 10% एथेनॉल बेच रही हैं। ईएसवाई 20–21 के दौरान अर्थात 20 दिसंबर से नवंबर–21 तक, 302.5 करोड़ लीटर का मिश्रण किया गया जिससे 8.10% वाला एथेनॉल मिश्रण प्राप्त हुआ। उद्योग के आधार पर 171 करोड़ लीटर ईएसवाई 19–20 अर्थात दिसंबर'19 से नवंबर '20 के दौरान मिश्रित किया गया था, जिससे 5% इथेनॉल सम्मिश्रण हुआ।

सतत

2018 में प्रारंभ किए गए सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टु अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (सतत) के तहत, बीपीसीएल ने देश भर में सीजीबी संयंत्र स्थापित करने के लिए 240 एलओआई जारी किए हैं।

2019 में मंत्रालय के मार्गदर्शन के अनुसार, ओएमसीज प्रयुक्त खाना पकाने के तेल से बायोडीजल की खरीद के लिए ईओआई जारी कर रही हैं। उन ईओआईज के लिए, बीपीसीएल ने 4 बायोडीजल संयंत्रों से प्रयुक्त खाना पकाने के तेल (यूसीओ) आधारित बायोडीजल की खरीद के लिए एलओआई जारी की हैं।

14.1.4.12 सतत विकास

एक जिम्मेदार व्यवसाय के रूप में, बीपीसीएल ने 3आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल (कम करना, पुनरू उपयोग और पुनरूचक्रण) नीति के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन पृथक्करण, अपशिष्ट उपचार के माध्यम से जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, जल संतुलन अध्ययन, और अपशिष्ट प्रबंधन आदि से संबंधित अपने स्थानों पर कई स्थिरता पहलें की है।

वर्षा जल संचयन के जलग्रहण क्षेत्र में 10.09% की वृद्धि हुई है जो लगभग 11 लाख वर्गमीटर की है। मुंबई और कोच्चि रिफाइनरी दोनों ने जल संतुलन अध्ययन किया है और अब पानी की खपत को कम करने के लिए सुझाए गए विभिन्न उपायों को लागू कर रही है। एक पायलट एलपीजी संयंत्र (पुणे) और मनमाड में खुदरा स्थल पर एक पायलट जल संतुलन अध्ययन पूरा किया गया और स्थानों को जल न्यूट्रल बनाने के लिए सिफारिशें लागू की जा रही हैं। खुदरा और एलपीजी व्यापार यूनिटों के अन्य विपणन स्थानों में भी इसे दोहराया गया है।

ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था में पिछले वर्ष की तुलना में 13.16% की वृद्धि हुई है। एलपीजी/ल्यूब/ विमानन में लगभग 50% विपणन स्थानों ने 100% ऊर्जा दक्ष प्रकाश कार्यान्वित किया है। अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से केआर और अन्य विपणन स्थानों को 100% ईईएल में बदलने का लक्ष्य रखा गया है। यह ध्यान देने योग्य है कि एमआर और पाइपलाइन इकाई खुदरा संचालन पहले से ही 100% ईईएल पर पूरी तरह से परिवर्तित हो चुके हैं। ईईएल के साथ बचत लगभग 70 करोड़ रुपये की है और जीएचजी उत्सर्जन में 70000 एमटीसीओ2ई की कमी हुई है।

बीज बमः बीपीसीएल ने महाराष्ट्र क्षेत्र में 5 लाख बीज बम लगाए हैं जिसमें खुदरा स्थान, एलपीजी संयंत्र और एमएमबीपीएल पाइपलाइन शामिल हैं। बीपीसीएल ने पर्यावरण संस्थान मेसर्स एसआईईएस, गैर सरकारी संगठनों, एनसीसी कैडेटों और सरकार निकायों की सेवाएं ली हैं और बीज बमबारी की प्रक्रिया पूरी हुई है।

मियावाकी तकनीकः बीपीसीएल ने मुंबई रिफाइनरी के साथ मिलकर मियावाकी जापानी तकनीक के माध्यम से लोकमान्य तिलक टर्मिनस कुर्ला में 300 वर्गमीटर के एक छोटे से क्षेत्र में 1000 पेड़ लगाए हैं। इसे अब 15 खुदरा और ल्यूब्रीकेंट स्थानों में दोहराया गया है ताकि उन स्थानों पर हरियाली बढ़ाई जा सके जो 50000 और पौधों को जोड़ेंगे। बीपीसीएल ने मध्य और कोंकण रेलवे की रेलवे भूमि का भी लाभ उठाया है तथा 5000 और पेड़ लगाए हैं।

शून्य अपशिष्ट से लैंड फिल का प्रमाणन

लैंडफिल आदिम अपशिष्ट निपटान पद्धति में से एक है जो पर्यावरण प्रदूषण जैसे मिट्टी संदूषण, सतही जल प्रदूषण, भूजल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और कई समस्याओं जैसे अप्रिय दुर्गंध और परिवेश आदि का कारण बन सकता है। ''शून्य अपशिष्ट से लैंडफिल'' का अर्थ है कि साइट द्वारा शून्य विनिर्माण अपशिष्ट को ऊर्जा की प्राप्ति के बिना सीधे लैंडफिल या भस्मीकरण द्वारा निपटाया जाता है, सिवाय जहां स्थानीय कानूनी आवश्यकताएं निर्दिष्ट करती हैं कि विनियमित अपशिष्ट का निपटान केवल लैंडफिल में किया जाना चाहिए। तीन पायलटों के पूरा होने के बाद, मुंबई रिफाइनरी और खुदरा व्यापार ने प्रमाणन का कार्य किया है और प्रक्रिया 22 मार्च तक पूरी हो जाएगी। यह प्रमाणित करेगा कि बीपीसीएल एक जिम्मेदार कारपोरेट है और अपने प्रचालनों के कारण मिट्टी को खराब नहीं करती है।

विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व

सीपीसीबी की वैधानिक आवश्यकता के अनुसार, कोई भी व्यवसाय जो प्लास्टिक की एक निर्माण इकाई या ब्रांड स्वामी है, को ईपीआर लाइसेंस लेने और नगरपालिका वार्डों से प्लास्टिक की समान मात्रा का निपटान करने और उसे एक जिम्मेदार तरीके से निपटाने की आवश्यकता होती है जैसे सड़क निर्माण आदि में उपयोग। बीपीसीएल ल्यूब्रीकेंट विभाग ईपीआर आवश्यकता को पूरा करने के लिए सालाना 5000 टन तक प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में है।

आरओ में सड़क निर्माण में बहुस्तरीय प्लास्टिक का उपयोग

बीपीसीएल अनुसंधान एवं विकास ने सड़क बनाने में बेकार प्लास्टिक का उपयोग करने की एक नई तकनीक तैयार की है। बीपीसीएल दोपहिया वाहनों में उपयोग के लिए लुब्रिकेंट पाउच का उपयोग कर रहा है जो बहुस्तरीय प्लास्टिक (एमएलपी) से बने होते हैं। सीआरडीसी नोएडा और मुंबई रिटेल के साथ मिलकर इस एमएलपी का उपयोग मुंबई क्षेत्र में एक नए रिटेल आउटलेट में एक पायलट रोड बनाने के लिए किया गया है जो हमें अपनी सुविधा में प्लास्टिक के उपयोग में एक नया आयाम देगा। यह संविधि के अनुसार ईपीआर आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहायता करेगा।

14.1.4.13 कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

- निगम का दृष्टिकोण 'जीवन को ऊर्जावान बनाना' सीएसआर पहलों के अंतर्निहित दर्शन के अनुरूप है यथा स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण और समावेशी, न्यायसंगत और सतत पथों का निर्माण। पांच मुख्य बल दिए जाने वाले क्षेत्रों अर्थात स्वास्थ्य और स्वच्छता, शिक्षा, कौशल विकास, सामुदायिक विकास और जल संरक्षण में हस्तक्षेप जारी रखते हुए, कंपनी ने वर्ष के लिए डीपीई थीम के अनुरूप चल रही महामारी से निपटने के लिए प्रमुख पहलें की हैं।

- निगम के सीएसआर क्रियाकलाप मुख्य रूप से कोविड–19 राहत पर और कोविड 19 की भयानक दूसरी लहर के मद्देनजर अन्य स्वास्थ्य क्रियाकलापों से संबंधित उपायों पर केंद्रित थीं।

- निगम ने केरल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 10 प्रेशर स्विंग एब्सौरपशन (पीएसए) मेडिकल ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान की है। निगम ने कोविड–19 रोगियों के प्रभावी और समय पर चिकित्सा उपचार के लिए 1,000 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर और 3,000 खाली आईएसआई मार्क वाले जंबो आकार के मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडर भी प्रदान किए हैं।

- स्वच्छता पखवाड़ा देश भर में व्यापक रूप से मनाया गया और बीपीसीएल ने 'न्यू नार्मल को अपनाना' विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे मनोयोग से इसमें भाग लिया। बीपीसीएल ने लगभग 27 लाख लोगों तक पहुंचने के लिए एक पखवाड़े में 89,000 से अधिक क्रियाकलापों को अंजाम देकर एक विशिष्ट पहचान बनाई थी।

- बीपीसीएल द्वारा किए गए ऐतिहासिक उपायों में से एक 360 डिग्री 'एकीकृत कैंसर देखभाल और उपचार कार्यक्रम' का समर्थन करना है, जिसमें पूरे भारत में लाभार्थियों को शामिल किया गया है जहां 10 सरकारी/गैर–लाभकारी अस्पतालों के माध्यम से कैंसर प्रभावित लोगों के उपचार के लिए वित्तीय सहायता के साथ–साथ कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपाय में कैंसर से बचने वाले लोगों के पुनर्वास का एक घटक भी शामिल है।

- शिक्षा और कौशल विकास जैसे अन्य क्षेत्रों में, बीपीसीएल ने तमिलनाडु सरकार की सहायता से नागपट्टिनम जिले में मशीनरी, उपस्कर और उपकरणों से लैस एक आधुनिक आईटीआई बनाई है। स्पिनिंग टेक्निशियन, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रीशियन, सर्वेयर और मेंटेनेंस मैकेनिक केमिकल प्लांट के ट्रेड में हर साल 216 छात्र (लगभग) इससे लाभान्वित होंगे।

- स्वच्छता के क्षेत्र में, बीपीसीएल ने 5 बैंडिकूट रोबोटिक मैन–होल सफाई मशीनें प्रदान की हैं जो हाथ से मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने का प्रयास करती हैं और हाथ से

मैला ढोने वालों के जीवन में गरिमा लाती हैं। इस पहल के माध्यम से मैन–होल की सफाई का पारंपरिक कार्य रोबोटिक मशीनों द्वारा किया जाता है जो हाथ से मैला ढोने वालों को प्रशिक्षण देकर संचालित होती हैं और इस प्रकार उनके जीवन में सम्मान की भावना लाती हैं।

- बीपीसीएल द्वारा सीएसआर व्यय चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसंबर 2021 तक ₹67.64 करोड़ रुपये है।

14.1.5 हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल)

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्रक उद्यम (सीपीएसई) और एस एंड पी ग्लोबल प्लैट्स शीर्ष 250 वैश्विक ऊर्जा कंपनी है, जिसकी वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान 2,69,243 करोड़ रुपये की वार्षिक बिक्री हुई है। पीएसयू श्रेणी में लगभग 21.3: बाजार हिस्सेदारी के साथ एचपीसीएल की भारत में रिफाइनिंग और विपणन में मजबूत मौजूदगी है।

एचपीसीएल मुंबई और विशाखापत्तनम में क्रमशः 7.5 एमएमटीपीए और 8.3 एमएमटीपीए की डिजाइन क्षमता के साथ रिफाइनरियों का स्वामित्व धारित किए हुए है और उनका प्रचालन करता है। एचपीसीएल के पास 428 टीएमटीपीए (स्थापित क्षमता) की क्षमता के साथ ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करने के लिए मुंबई में देश की सबसे बड़ी ल्यूब रिफाइनरी भी है।

इसके अलावा, एचपीसीएल की संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) में 48.99: इक्विटी हिस्सेदारी है, जो पंजाब राज्य के बठिंडा में 11.25 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी संचालित करती है और इसकी मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में 16.96: इक्विटी हिस्सेदारी भी है, जो कर्नाटक राज्य में मंगलोर में 15 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी संचालित करती है।

एचपीसीएल के पास भारत में पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइनों का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है, जिसकी नेटवर्क लंबाई लगभग 3,775 किमी है। एचपीसीएल का एक विशाल विपणन नेटवर्क है जिसमें प्रमुख शहरों में जोनल/क्षेत्रीय कार्यालय शामिल हैं, जिसमें पीओएल टर्मिनल, विमानन सेवा सुविधाएं, एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र, अंतर्देशीय रिले डिपो और अनन्य ल्यूब डिपो शामिल हैं। ग्राहक संपर्क बिंदु में खुदरा आउटलेट, सीएनजी सुविधाओं के साथ खुदरा आउटलेट, एसकेओ/एलडीओ डीलर, एलपीजी वितरक, ल्यूब वितरक, क्लियरिंग और फॉरवर्डिंग एजेंट, डीजल की डिलीवरी के लिए डोर–टू–डोर मोबाइल डिस्पेंसिंग उपकरण, खुदरा आउटलेट्स पर ईवी चार्जिंग सुविधाएं शामिल हैं।

एचपीसीएल का अपना अनुसंधान एवं विकास केंद्र बेंगलुरु में 'एचपी ग्रीन आर एंड डी सेंटर' नाम से है। केंद्र प्रचालनात्मक सुधार, नई प्रौद्योगिकियों के अवशोषण, नवीन और पथ–प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों, लाइसेंस प्रौद्योगिकियों के विकास और ज्ञान केंद्र बनने के लिए रिफाइनरियों और विपणन एसबीयू को उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान करता है। एचपीसीएल तेल और गैस मूल्य श्रृंखला में संचालित 19 संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियों के माध्यम से भी व्यापार करता है।

14.1.5.1.2. वित्तीय निष्पादन

अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि में एचपीसीएल की सकल बिक्री 2,67,699 ₹करोड़ रुपये थी, जबकि अप्रैल'20–दिसंबर'20 की अवधि में यह ₹1,84,338 करोड़ रुपये थी। एचपीसीएल ने अप्रैल'21 से दिसंबर'21 की अवधि के दौरान ₹4,587 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ (पीएटी) अर्जित किया है, जबकि अप्रैल'20–दिसंबर' की अवधि में ₹7,646 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। एचपीसीएल के लिए सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) अप्रैलश्21–दिसंबरश्21 की अवधि के लिए औसतन 4.50 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि अप्रैल'20 से दिसंबर'20 की अवधि के लिए यह 2.35 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था।

14.1.5.1.2 राजकोष में योगदानः

अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीसीएल ने राजकोष में 59,567 करोड़ रुपये का योगदान दिया है जिसमें केंद्रीय राजकोष में 20,010 करोड़ रुपए और राज्य के राजकोष में ₹39,557 करोड़ रुपए शामिल हैं।

14.1.5.3 रिफाइनरी निष्पादन

अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, रिफाइनरियों ने कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच 9.28 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) के रिफाइनिंग थ्रूपुट को दर्ज करते हुए, एक और अच्छा भौतिक निष्पादन दर्शाया है।

दोनों रिफाइनरियां क्षमता वृद्धि के लिए परियोजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना (वीआरएमपी), रिफाइनिंग क्षमता को 8.3 से बढ़ाकर 15 एमएमटीपीए करने के उद्देश्य से निष्पादन के एक उन्नत चरण में है। मुंबई रिफाइनरी विस्तार परियोजना (एमआरईपी), रिफाइनिंग क्षमता को 7.5 से 9.5 एमएमटीपीए तक बढ़ाने के उद्देश्य से चालू की गई है। वीआरएमपी के भाग के रूप में शेष उन्नयन सुविधाओं का निष्पादन भी प्रगति पर है।

रिफाइनिंग क्षमता को और बढ़ाने के लिए, एचपीसीएल अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) के माध्यम से राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा में एक नया 9 एमएमटीपीए ग्रीनफील्ड रिफाइनरी सह पेट्रोरसायन परिसर स्थापित कर रहा है। महामारी से उत्पन्न कई बाधाओं के बावजूद, परियोजना क्रियाकलापों की प्रगति अच्छी हैं।

14.1.5.4 पाइपलाइन निष्पादन

एचपीसीएल वर्तमान में 32.55 एमएमटीपीए की मेनलाइन क्षमता और 15.57 एमएमटीपीए की शाखा लाइन क्षमता के साथ 3,775 किलोमीटर की पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन कर रहा है। अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि में, 14.59 एमएमटी का कुल पाइपलाइन थ्रूपुट दर्ज किया गया।

पाइपलाइन नेटवर्क का तथा वर्धित लॉजिस्टिक्स दक्षताओं और संबंधित पर्यावरणीय लाभों के लिए क्षमता का विस्तार करने के लिए और, लगभग 6,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ कई पाइपलाइन परियोजनाएं निष्पादित की जा रही हैं। एचपीसीएल की प्रमुख जारी पाइपलाइन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में (प) विजयवाड़ा से धर्मपुरी तक वीवीएसपीएल का विस्तार और धर्मपुरी में विपणन टर्मिनल का निर्माण (पप) हसन चेरलापल्ली एलपीजी पाइपलाइन और (पपप) बाड़मेर पालनपुर पाइपलाइन शामिल हैं। इन पाइपलाइन परियोजनाओं से एचपीसीएल की पाइपलाइन क्षमता 41 एमएमटीपीए से अधिक और नेटवर्क की लंबाई लगभग 5,300 किलोमीटर तक बढ़ने की आशा है, जिससे प्रमुख बाजारों में एचपीसीएल की स्थिति काफी मजबूत होगी। एचपीसीएल ने संयुक्त उद्यम मार्ग के माध्यम से कांदला से गोरखपुर (2,757 किमी) तक भारत की सबसे लंबी एलपीजी पाइपलाइन के विकास में आईओसीएल और बीपीसीएल के साथ मिलकर कार्य किया है।

14.1.5.5 विपणन निष्पादन

अप्रैल'21 से दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीसीएल ने निर्यात सहित 28.47 एमएमटी की बिक्री मात्रा हासिल करके वैश्विक महामारी के कारण उत्पन्न उथल–पुथल के बीच एक उत्कृष्ट निष्पादन किया है।

घरेलू बिक्री खंड में, एचपीसीएल ने 27.20 एमएमटी की बिक्री मात्रा दर्ज की है और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के मध्य लगभग 20.86% की बाजार हिस्सेदारी प्राप्त की है।

मोटर–ईंधन खंड में, एचपीसीएल ने लगातार 14वें वर्ष के लिए कुल मोटर ईंधन आधार (पीएसयू के मध्य) पर 0.25% की बाजार हिस्सेदारी लाभ के साथ अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि में 16. 84 एमएमटी की बिक्री मात्रा प्राप्त की। अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि में 968 नए खुदरा आउटलेट्स (कुल रिटेल आउटलेट्स की संख्या 19,602 तक हो गई) और 226 खुदरा आउटलेट्स पर सीएनजी सुविधाओं (ऐसे आउटलेट्स की कुल संख्या 900) को चालू किए जाने को देखा गया। दिसंबर'21 तक, 553 डोर–टू–डोर मोबाइल डिस्पेंसर और 655 ईवी चार्जिंग स्टेशन प्रचालनशील हैं।

अप्रैल'21 से दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीसीएल के एलपीजी व्यवसाय वर्टिकल ने पिछले वर्ष की तुलना में 2.9: की वृद्धि के साथ 5.67 एमएमटी की बिक्री दर्ज की। अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीसीएल ने 36. 68 लाख नए ग्राहकों को पंजीकृत किया और 28 नए नियमित एलपीजी वितरक शुरू किए (वितरकों की कुल संख्या 6,217 हो गई)। दिसंबर'21 तक, एचपीसीएल के पास 9.08 करोड़ रुपये के एलपीजी उपभोक्ताओं का ग्राहक आधार है।

एचपीसीएल 327 टीएमटी ('000 मीट्रिक टन) की बिक्री मात्रा के साथ देश में अग्रणी ल्यूब विपणनकर्ता बना हुआ है। इस अवधि के दौरान 7 देशों को 6.34 टीएमटी ल्यूब्रीकेंट का निर्यात प्राप्त किया जा सका था।

औद्योगिक और उपभोक्ता (आई एंड सी) व्यापार लाइन में, एचपीसीएल ने लगभग 3.27 एमएमटी की कुल बिक्री दर्ज की।

एविएशन व्यापार लाइन में, एचपीसीएल ने 375 टीएमटी विमानन टर्बाइन ईंधन की बिक्री की मात्रा हासिल की। विमानन सेवा सुविध (एएसएफ) नेटवर्क को रूपसी, असम में नए एएसएफ के चालू किए जाने के साथ संवर्धित किया गया, जिससे एएसएफ की कुल संख्या 47 हो गई।

एचपीसीएल के आपूर्ति, प्रचालन और वितरण विभाग ने अप्रैल '21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 36.67 एमएमटी का थ्रूपुट हासिल किया और रिफाइनरियों से लेकर अंतिम ग्राहकों तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी। दिसंबर'21 तक, एचपीसीएल ने 53 स्थानों पर ऑटोमेशन और विभिन्न प्रक्रियाओं के निर्बाध एकीकरण के साथ 'स्मार्ट' टर्मिनल स्थापित किए हैं।

14.1.5.6 अनुसंधान और विकास (आर एंड डी)

हिंदुस्तान पेट्रोलियम ग्रीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (एचपीजीआरडीसी) की स्थापना विपणन एसबीयू और रिफाइनरियों को उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। एचपीजीआरडीसी का उद्देश्य परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करना, नवीन, पथप्रदर्शक प्रौद्योगिकियों को विकसित करना और अपनाना और एक ज्ञान केंद्र बनना है। अनुसंधान केंद्र को 120 एकड़ के विशाल परिसर में 3 लाख वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र के साथ ऊर्जा दक्ष हरित भवनों सहित अत्याधुनिक अवसंरचना सुविधाएं प्रदान की गई है। अनुसंधान केंद्र के पहले चरण में नौ प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है और अनुसंधान केंद्र के दूसरे चरण में सात नई प्रयोगशालाओं का निर्माण किया जा रहा है।

अप्रैल'21 से दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, 08 उत्पादों/प्रौद्योगिकियों को विकसित और प्रारंभ किया गया। अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीजीआरडीसी ने 38 पेटेंट दाखिल किए, जिससे कुल मिलाकर भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदन 325 हो गए। वर्ष के दौरान, एचपीजीआरडीसी को 24 पेटेंट प्रदान किए गए, 31 दिसंबर, 2021 तक 114 संचयी पेटेंट प्रदान किए गए है। दिसम्बर'21 के

अनुसार एचपीजीआरडीसी द्वारा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 48 पेपर (संचयी रूप से) प्रकाशित किए गए थे।

14.1.5.7 प्राकृतिक गैस

एचपीसीएल प्राकृतिक गैस कारोबार की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में रत है।

एचपीसीएल एक सहायक कंपनी, एचपीसीएल एलएनजी लिमिटेड (एचएलएल) के माध्यम से गुजरात में छारा बंदरगाह (गिर सोमनाथ जिला) में 5 एमएमटीपीए एलएनजी रीगैसिफिकेशन टर्मिनल का निर्माण कर रहा है। टर्मिनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनियों जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड (जीआईजीएल) और जीएसपीएल इंडिया ट्रांसको लिमिटेड (जीआईटीएल) के माध्यम से तीन क्रॉस–कंट्री प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों (मेहसाणा से बठिंडा, बठिंडा से श्रीनगर और मल्लावरम से भीलवाड़ा) के विकास में भी शामिल हो रहा है।

दिसंबर'21 तक, 900 खुदरा दुकानों पर सीएनजी सुविधाएं प्रदान की गई थीं।

एचपीसीएल ने अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान 60 टीएमटी की मात्रा के साथ 8 एलएनजी कार्गो का आयात किया है।

14.1.5.8 नगर गैस वितरण

एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनियों अवंतिका गैस लिमिटेड (एजीएल), भाग्यनगर गैस लिमिटेड (बीजीएल) और गोदावरी गैस प्रा. लिमिटेड (जीजीपीएल) के माध्यम से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश राज्यों में 8 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्कों का प्रचालन कर रही है। एचपीसीएल एकल आधार पर अहमदाबाद में सीएनजी नेटवर्क भी प्रचालित कर रहा है।

इस क्षेत्र में उपस्थिति को और बढ़ाने के लिए, एचपीसीएल एकल आधार पर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में 10 जीए में सीजीडी नेटवर्क स्थापित कर रहा है। इसके अलावा, एचपीसीएल संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड (एचओजीपीएल) के माध्यम से अंबाला–कुरुक्षेत्र (हरियाणा) और कोल्हापुर (महाराष्ट्र) जिलों के जीए में सीजीडी नेटवर्क स्थापित कर रहा है।

14.1.5.9 अन्वेषण और उत्पादन

एचपीसीएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी प्राइज पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (पीपीसीएल) के माध्यम से हाइड्रोकार्बन का अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) करता है। अप्रैल–दिसंबर'21 के दौरान गुजरात के हीरापुर में घरेलू तेल क्षेत्र से कुल 3,302 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन हुआ। एचपीसीएल की भारत में गुजरात में सीबी–ओएनएन–2002/3 नामक एक उत्पादन फील्ड में किए गए उत्पादन में 15% भागीदारी हित भी है और अप्रैल से दिसंबर 2021 के दौरान ब्लॉक से एचपीसीएल के उत्पादन में 3,070 बैरल कच्चे तेल का अंश प्राप्त किया है।

पीपीसीएल की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी प्राइज़ पेट्रोलियम इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड (पीपीआईपीएल) है, जिसे सिंगापुर में अधिनिगमित किया गया है। पीपीआईपीएल के ऑस्ट्रेलिया में दो ई एण्ड पी ब्लॉक, टी/एल1 और टी/18पी में क्रमशः 11.25% और 9.75% भागीदारी हित हैं। अप्रैल–दिसंबर'21 के दौरान, पीपीआईपीएल ने ऑस्ट्रेलिया में योला उत्पादक फील्ड (टी/एल1) से 131,364 बीओई (तेल समतुल्य के बैरल) के उत्पादन का अपना हिस्सा प्राप्त किया है।

14.1.5.10 वैकल्पिक ऊर्जा

14.1.5.10.1. नवीकरणीय ऊर्जा

एचपीसीएल पूरे मूल्य श्रृंखला में कार्बन फुटप्रिंट और विद्युत लागत को कम करने के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों का लाभ उठा रहा है और लगातार पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता का विस्तार कर रही है।

दिसंबर'21 की स्थिति के अनुसार, एचपीसीएल के पास लगभग 50 मेगावाट की कुल स्थापित सौर विद्युत संयंत्र की क्षमता है। ये सौर संयंत्र देश भर में फैले कंपनी के विभिन्न विपणन/प्रचालन स्थानों पर स्थापित हैं।

इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल के पास महाराष्ट्र और राजस्थान में 100.90 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र भी हैं। ये पवन ऊर्जा परियोजनाएं राजस्थान के डिस्कॉम को और राजस्थान में एमडीपीएल और एलपीजी स्थानों और महाराष्ट्र में एमपीएसपीएल स्थान के लिए गृहीत स्थानों के लिए भी विद्युत बेचती हैं। इन पवन संयंत्रों से विद्युत उत्पादन 15.5 करोड़ केडब्ल्यूएच था।

14.1.5.10.2 जैव ईंधन

अप्रैल'21–दिसंबर'21 की अवधि के दौरान, एचपीसीएल ने मोटर स्पिरिट (एमएस) में 99 करोड़ लीटर एथेनॉल को मिलाकर 8.87% का एथेनॉल सम्मिश्रण प्राप्त किया।

परिवहन क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधनों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए, एचपीसीएल कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की सतत (वहनीय परिवहन की ओर सतत विकल्प) पहल में सक्रिय रूप से भाग ले रही है। एचपीसीएल ने संभावित निवेशकों और उद्यमियों से सीबीजी संयंत्र स्थापित करने और खुदरा नेटवर्क के माध्यम से विपणन के लिए एचपीसीएल को सीबीजी की पेशकश करने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की थी। दिसंबर'21 तक, एचपीसीएल ने 654 टीएमटीपीए की अनुमानित उत्पादन क्षमता

वाले 317 सीबीजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किए।

एचपीसीएल बठिंडा, पंजाब में बायोमास से प्रति दिन 100 केएल एथेनॉल उत्पादन क्षमता के साथ दूसरी पीढ़ी की एथेनॉल बायो रिफाइनरी का निर्माण कर रहा है। एचपीसीएल उत्तर प्रदेश के बदायूं में 15 मीट्रिक टन/दिन क्षमता का एक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र भी स्थापित कर रहा है। संयंत्र से उत्पादित सीबीजी की बिक्री एचपीसीएल रिटेल आउटलेट के माध्यम से की जाएगी। ये दोनों परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं।

14.1.5.11 सतत विकास

एचपीसीएल सभी परिचालनों और क्रियाकलापों में सतत विकास के आर्थिक, पारिस्थितिकीय और सामाजिक उत्तरदायित्व उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। रिफाइनरियों और प्रमुख विपणन स्थलों ने आईएसओ–14001 मानकों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत 'पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली' को कार्यान्वित किया है। प्रचालन को हरित करने पर ध्यान देने के साथ, रिफाइनरियों और विपणन स्थानों दोनों को ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, अपशिष्टों के पुनरू उपयोग और पुनर्चक्रण, जीएचजी उत्सर्जन की निगरानी और शमन आदि के लिए स्थिरता पहल के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। धारणीयता के प्रति सभी क्षमता निर्माण पहलों जैसे धारणीयता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम, जागरूकता सत्र, धारणीयता प्रश्नोत्तरी, न्यूजलेटर और तकनीकी बुलेटिन जारी रखे गए थे।

14.1.5.12 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

कोविड–19 महामारी से उत्पन्न चुनौतीपूर्ण समय में, एचपीसीएल ने समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और राहत प्रदान करके समाज के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया और अन्य बातों के साथ–साथ स्वास्थ्य देखभाल और संबद्ध बुनियादी ढांचे का समर्थन करने के उद्देश्य से हस्तक्षेप किया। एक जिम्मेदार कारपोरेट नागरिक के रूप में, एचपीसीएल ने सीएसआर प्रयासों को बढ़ावा दिया और विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर कोविड–19 राहत उपायों में सहायता की।

दूसरी लहर के दौरान, एचपीसीएल ने गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान और ओडिशा राज्यों में 15 अस्पतालों में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू की। मुंबई, रायगढ़, बेंगलुरु ग्रामीण और नागपुर में जिला प्रशासन/नगर निगमों के सहयोग से अस्थायी कोविड देखभाल केंद्र स्थापित किए गए थे। विभिन्न कोविड देखभाल अस्पताल और अन्य संस्थानों को मेडिकल ऑक्सीजन और चिकित्सा उपकरण जैसे वयस्क और बाल चिकित्सा वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कन्संट्रेटर, मेडिकल ऑक्सीजन सिलेंडर आदि की आपूर्ति की गई।

'डिलीवरिंग हैप्पीनेस' के अपने उद्देश्य के अनुरूप, एचपीसीएल सामूहिक प्रभाव के लिए सरकार और अन्य हितधारकों के साथ रणनीतिक जुड़ाव और तालमेल के प्रयासों वाली परियोजनाओं को जारी रखे हुए है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, एचपीसीएल ने विभिन्न प्रमुख पहलें की जिसमें एडाप्ट, नाही कली, कश्मीर सुपर–30 (मेडिकल), सेंटर ऑफ वेलनेस एंड एक्सीलेंस– लद्दाख सुपर 45 (मेडिकल एंड इंजीनियरिंग), धनवंतरी, डिल विदाउट बिल, स्वच्छ भारत अभियान, कौशल विकास संस्थान, आकांक्षी जिलों का परिवर्तन शामिल है।

अप्रैल'21–दिसंबर'21 के दौरान, एचपीसीएल ने सीएसआर क्रियाकलापों पर 58 ₹करोड़ व्यय किए हैं।

14.1.5.13 परियोजनाएं

एचपीसीएल अपने संयुक्त उपक्रमों के साथ रिफाइनरियों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार तथा विपणन बुनियादी ढांचे की दिशा में विभिन्न परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है।

क) पूर्ण की गई परियोजनाएं

मुंबई रिफाइनरी विस्तार परियोजना (एमआरईपी) की क्षमता को 7.5 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 9.5 एमएमटीपीए करने की परिकल्पना की गई है और यह अपनी बढ़ी हुई क्षमता पर कार्य कर रही है। यह परियोजना रिफाइनरी प्रचालन में वृद्धित ऊर्जा दक्षता और डिस्टिलेट उत्पादन भी सुनिश्चित करती है। आपूर्ति बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए, एचपीसीएल ने बरवाला में मौजूदा रमनमंडी–बहादुरगढ़ पाइपलाइन (आरबीपीएल) से 10 किमी समर्पित टैप–ऑफ पाइपलाइन के साथ हिसार (हरियाणा राज्य) में एक नया पीओएल डिपो चालू किया है जो लॉजिस्टिक लागत को और इष्टतम किए जाने की सुविधा प्रदान करेगा। देश में एलपीजी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, एचपीसीएल ने उड़ीसा राज्य के रायगढ़ में नए 60 टीएमटीपीए एलपीजी संयंत्र, असम राज्य के गोलपारा में 30 टीएमटीपीए एलपीजी संयंत्र और उत्तर प्रदेश राज्य में गोंडा में 120 टीएमटीपीए एलपीजी संयंत्र चालू करके अपने एलपीजी आपूर्ति बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया है। पूर्णिया, जम्मू और गोवा एलपीजी संयंत्रों में अतिरिक्त माउंडेड स्टोरेज वेसल (एमएसवी) के पूरा होने के साथ, एचपीसीएल की कुल एलपीजी भंडारण क्षमता में 4530 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत रूपसी (असम) में नए एएसएफ की स्थापना के साथ विमानन ईंधन नेटवर्क को सुदृढ़ किया गया।

ख) चालू परियोजनाएं

i) रिफाइनरी परियोजनाएं

विशाख रिफाइनरी की स्थापित क्षमता को 8.33 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 15 करने की क्षमता विस्तार परियोजना पूर्ण होने के अंतिम चरण में है। इसके अलावा, एचपीसीएल एक संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) के माध्यम

से राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक नया 9 एमएमटीपीए क्षमता का ग्रीनफील्ड रिफाइनरी–सह– पेट्रोरसायन परिसर स्थापित कर रहा है, जिसकी प्रगति अच्छी है। एचपीसीएल एक संयुक्त उद्यम कंपनी, रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (आरआरपीसीएल) के माध्यम से महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में 60 एमएमटीपीए एकीकृत ग्रीनफील्ड रिफाइनरी–सह–पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना में भी भाग ले रहा है।

एचपी हरित आर एंड डी केंद्र का विस्तार पेट्रोरसायन और पॉलीमर के लिए प्रयोगशालाओं के निर्माण सहित संबंधित सुविधाओं के साथ इंजन और बैटरी लैब और ट्राइबोलॉजी लैब के साथ किया जा रहा है। कुछ प्रयोगशालाएं पूरी हो चुकी हैं और शेष पूरी होने के अंतिम चरण में हैं।

ii) विपणन परियोजनाएं

लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल तरीके से देश में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, एचपीसीएल ने कई पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू की हैं। एचपीसीएल की प्रमुख जारी पाइपलाइन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) वीवीएसपीएल का विजयवाड़ा से धर्मपुरी तक विस्तार और धर्मपुरी में विपणन टर्मिनल का निर्माण।

(ii) मौजूदा एलपीजी पाइपलाइन का कर्नाटक के हसन से तेलंगाना के चेरलापल्ली तक विस्तार।

(iii)राजस्थान के बाड़मेर से गुजरात के पालनपुर तक पाइपलाइन।


उपरोक्त सभी परियोजनाएं पूर्ण होने के अंतिम चरण में हैं।

देश में एलपीजी की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने और आयात क्षमता बढ़ाने के लिए मंगलोर में 80 टीएमटी एलपीजी कंदरा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पातालगंगा (महाराष्ट्र), बरही (झारखंड), सितारगंज (उत्तराखंड), आबू रोड (राजस्थान) में नए एलपीजी संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, मौजूदा एलपीजी भंडारण सुविधाओं को औरंगाबाद, मदुरै, गांधीनगर, जटनी, हजीरा, जबलपुर और मंगलिया एलपीजी संयंत्रों में माउंडेड स्टोरेज सुविधाओं (एमएसवी) के निर्माण के साथ 7700 मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा रहा है। विपणन बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में सितारगंज (उत्तराखंड) में नए पीओएल डिपो की स्थापना और रायपुर (छत्तीसगढ), इंदौर (मध्य प्रदेश), एलाथुर (केरल) में पीओएल डिपो का पुनरूद्धार/संवर्धन प्रगति पर है।

14.1.5.14 प्रमुख पुरस्कार और सम्मान

वर्ष 2021–22 के दौरान, एचपीसीएल को विभिन्न मंचों पर कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है। 2021–22 के दौरान एचपीसीएल द्वारा प्राप्त पुरस्कारों की सूची निम्नलिखित है:

1. फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री द्वारा तेल और गैस विपणन कंपनियों के मध्य एचपीसीएल की निष्पादन उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए ''ऑयल मार्केटिंग कंपनी ऑफ द ईयर'' पुरस्कार।
2. दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा ''सबसे तेजी से बढ़ने वाले महारत्न–विनिर्माण'' श्रेणी के अंतर्गत ''वर्ष 2020 का पीएसयू अवार्ड – रोल ऑफ ऑनर''।
3. एचटी मिंट टेक सर्कल द्वारा 'स्मार्ट टर्मिनल' की आपूर्ति श्रृंखला संपर्क बिंदु पहल को डिजिटल करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण के लिए ''व्यापार परिवर्तन में उत्कृष्टता'' पुरस्कार।
4. एचपीसीएल के ड्राइवट्रैक प्लस लॉयल्टी प्रोग्राम के लिए 'डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से ग्राहक अनुभव उत्कृष्टता' के अंतर्गत सबसे नवाचारी सर्वोत्तम व्यवहार के लिए ''सीआईआई डिजिटल एक्सीलेंस अवार्ड्स 2021'' और एचपीसीएल की स्टार्टअप पहल उदगम को ''डिजिटल समाधानों का नियोजन'' के लिए – भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा पुरस्कार।
5. 11वें सीआईआई राष्ट्रीय मानव संसाधन उत्कृष्टता पुरस्कार 2020–21 में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा ''मानव संसाधन उत्कृष्टता में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सराहना''।
6. कॉर्पोरेट संपार्श्विक के लिए 11 श्रेणियों में एचपीसीएल को ''11वां पीआरसीआई उत्कृष्टता पुरस्कार''
7. ''एपेक्स इंडिया ऑक्यूपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी अवार्ड्स 2021'' में पेट्रोलियम स्टोरेज एंड ट्रांसपोर्टेशन श्रेणी के तहत मझगांव ल्यूब प्लांट को प्लेटिनम पुरस्कार।
8. एचपीसीएल की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना कश्मीर सुपर–30 (मेडिकल) के लिए ''19वां फिक्की सीएसआर पुरस्कार''।
9. 'रोजगार वृद्धिकारक कौशल' श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए एचपीसीएल द्वारा प्रबंधित कौशल विकास संस्थान, विशाखापत्तनम को ''8वां सीएसआर इंडिया पुरस्कार 2021''।



14.2 सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न उपक्रम

14.2.1 ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईसी)

ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), भारत सरकार का एक उद्यम, और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक ढांचे के अधीन एक नवरत्न कंपनी है, जो देश और विदेश में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस दोनों के अन्वेषण, उत्पादन और परिवहन के व्यवसाय में नियोजित है। ओआईएल की अधिकृत पूंजी ₹2,000 करोड़ और चुकता पूंजी ₹1,084.41 करोड़ है। 31.12.2020 तक, भारत सरकार की शेयरधारिता ओआईएल की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी की 56.66% है।

14.2.1.1. वास्तविक निष्पादन

मानदण्ड	यूनिट	2020-21 (वास्तविक)	2021-22	
			लक्ष्य (ब.अ.)	वास्तविक (दिसंबर'21 तक)
भूकंपीय सर्वेक्षण				
2डी	जीएलकेएम	13,103.29	4,500	11,157.80
3डी	वर्ग किमी	2,104.05	2,025	826.51
ड्रिलिंग				
अन्वेषणात्मक	'000 मीटर	32.622	1,15,652	28,724
	कूप	12	31	7
विकास	'000 मीटर	58.747	84,953	71,286
	कूप	24	33	22
कुल (अन्वेषणात्मक+विकास)	'000 मीटर	91.369	2,00,605	1,00,010
	कूप	36	64	29
कच्चा तेल उत्पादन '				
असम	एमएमटी	2.9048	3.1428	2.2213
अरूणाचल प्रदेश		0.0237	0.0310	0.0159
राजस्थान (भारी तेल)		0.0089	0.0088	0.0066
कुल		2.9374	3.1826	2.2438
प्राकृतिक गैस उत्पादन*				
असम	एमएमएससीएम	2,241.29	2,690	1,945.55
अरूणाचल प्रदेश		50.41	40	39.39
राजस्थान		188.05	220	204.83
कुल		2,479.75	2,950	2,189.77
एलपीजी उत्पादन	'000टी	33.910	30.000	24.344

*जेवी शेयरों के अतिरिक्त

14.2.1.2 01.04.2021 के अनुसार भंडारों की स्थिति (2पी)

अन्वेषण और विकास क्रियाकलापों के परिणामस्वरूप, 01.04.2021 को, ओआईएल ने घरेलू क्षेत्र में 811.4205 एमएमटी (तेल) और 400.0722 बीसीएम (गैस) (1160.7588 एमएमटीओई ओ+ओईजी) की 2पी/बीई इन–प्लेस मात्रा स्थापित की है। कंपनी का शेष 2पी/बीई उत्पादक तेल और गैस मात्रा क्रमशः 73.6264 एमएमटी और 134.4013 बीसीएम (190.8397 एमएमटीओई ओ+ओईजी) है।

14.2.1.3 कच्चे तेल का परिवहन

ओआईएल 1,243 किलोमीटर कच्चे तेल की पाइपलाइन का कुल नेटवर्क प्रचालित करती है जो असम, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों से होकर गुजरती है। ओआईएल की कच्चे तेल पाइपलाइन की क्षमता 6.0 एमएमटीपीए है। पाइपलाइन का उपयोग असम और अरुणाचल प्रदेश में उत्पादित ओआईएल के कच्चे तेल को असम में रिफाइनरियों तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। पाइपलाइन ओएनजीसी द्वारा उत्पादित कच्चे तेल का परिवहन भी करती है। पाइपलाइन का बरौनी–बोंगईगांव खंड आईओसीएल के आयातित कच्चे तेल को बरौनी से आईओसी की बोंगाईगांव रिफाइनरी तक पहुंचाता है। वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान पाइपलाइन का कुल थ्रूपुट 5.97 एमएमटी और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) के दौरान 4.613 एमएमटी था।

ओआईएल पश्चिम बंगाल में नुमालीगढ़ रिफाइनरी (एनआरएल) से सिलीगुड़ी टर्मिनल तक कुल 1.72 एमएमटीपीए उत्पादों की

निकासी के लिए 654.3 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन भी प्रचालित करती है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में, ओआईएल ने नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन (एनएसपीएल) के माध्यम से 1.699 एमएमटी के तैयार पेट्रोलियम उत्पादों और चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) के दौरान 1. 130 एमएमटी का परिवहन किया। असम में उत्पादित प्राकृतिक गैस को विभिन्न ग्राहकों जैसे बीवीएफसीएल, बीसीपीएल, एजीसीएल, एपीजीसीएल, नीपको, आईओसी (एओडी), और एपीएल और आसपास के चाय बागानों को बेचा जाता है। मार्च, 2011 से ओआईएल नुमालीगढ़ रिफाइनरी को गैस की आपूर्ति कर रही है। राजस्थान में ओआईएल द्वारा उत्पादित गैर–संबद्ध गैस राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) को बेची जाती है। ओआईएल दुलियाजान, असम में अपने संयंत्र में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का भी उत्पादन करती है।

14.2.1.4 नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो

ओआईएल ने, अपनी रणनीतिक मंशा के भाग के रूप में, पिछले कुछ वर्षों में नवीकरणीय (वैकल्पिक) में विविधीकरण किया है।

ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से पवन और सौर क्षेत्रों में और 31 दिसंबर 2020 तक 188.10 मेगावाट की वाणिज्यिक प्रकृति वाली नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं की स्थापना की गई है जिसमें पवन ऊर्जा परियोजनाओं के 174.10 मेगावाट और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के 14 मेगावाट शामिल हैं।

जहां प्रचालनात्मक पवन ऊर्जा विद्युत परियोजनाएं राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात राज्यों में फैली हुई हैं, प्रचालनात्मक सौर ऊर्जा ऊर्जा परियोजनाएं राजस्थान और असम में स्थापित हैं।

14.2.1.5 विविधीकरण

ओआईएल ने मुख्य रूप से डाउनस्ट्रीम व्यवसाय में हिस्सेदारी प्राप्त करके अपने पोर्टफोलियो का चयनात्मक विविधीकरण किया है। नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड में ओआईएल की 69. 63ः हिस्सेदारी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर और पॉलिमर लिमिटेड में 10% हिस्सेदारी और डीएनपीएल (दुलियाजान नुमालीगढ़ पाइपलाइन लिमिटेड) में 23% हिस्सेदारी है। ओआईएल ने असम पेट्रोकेमिकल की 500 टीपीडी मेथनॉल और 200 टीपीडी फॉर्मलाडेहाइड परियोजना में 49% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है।

ओआईएल ने मैसर्स एचपीसीएल के साथ संघ में नगर गैस वितरण (सीजीडी) के क्षेत्र में भी कदम रखा है। सीजीडी बोली के 8वें दौर के तहत प्रस्तुत बोलियों के आधार पर, पीएनजीआरबी ने अंबाला–कुरुक्षेत्र और कोल्हापुर के भौगोलिक क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए एचपीसीएल और ओआईएल के संघ को प्राधिकार देने के लिए पत्र जारी किया। एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी), अर्थात् एचपीओआईएल गैस प्राइवेट लिमिटेड (एचओजीपीएल) का गठन किया गया है और दोनों जीए में फील्ड निष्पादन प्रगति पर है। जेवीसी ने प्रत्येक जीए में 10 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना की है। अंबाला–कुरुक्षेत्र जीए में 483 इंच–किलोमीटर और कोल्हापुर जीए में 431 इंच–किलोमीटर की स्टील पाइपलाइन का कार्य पूरा हो गया है। अंबाला–कुरुक्षेत्र जीए और कोल्हापुर जीए में क्रमशः 1227 और 128 डीपीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए है।

असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल), ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), और गेल गैस लिमिटेड (गेल गैस) के संघ ने सीजीडी बोली के 9वें दौर के अंतर्गत कामरूप और कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले जीए और कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले जीए में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए बोलियाँ को प्राप्त किया। एजीसीएल, ओआईएल और गेल गैस के प्रतिभागी हित क्रमशः 48%:26%:26ः हैं। पीएनजीआरबी से प्राधिकार प्रदान किए जाने के लिए पत्र सितंबर, 2018 में प्राप्त हुआ। जुलाई, 2019 में संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एक संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी), अर्थात् पूरबा भारती गैस प्राइवेट लिमिटेड (पीबीजीपीएल) को अधिनिगमित किया गया है और फील्ड निष्पादन दोनों जीए में पहले ही शुरू किया जा चुका है। कछार जीए में 290 परिवारों को डीपीएनजी कनेक्शन पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं।

14.2.1.6. वित्तीय निष्पादन

₹ / करोड़

	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 (Sept.,2021)
कुल आय	12,140.64	15,170.00	13,648.71	10,561.45	6,749.54
निवल लाभ / हानि	2667.93	2590.14	2,584.06	1,741.59	1,012.40
योजना परिव्यय–वास्तविक	3399.03	3180.81	4,247.21	13331.93*	2,042.92
योजना लक्ष्य	4289.56	4299.99	4,105.20	3,877.00	4,108.00

टिप्पणी*: नुमालीगढ़ रिफाइनरी सीमित (एनआरएल) में कार्यनीतिक निवेश शामिल है। ₹8,677.27 करोड़।

14.2.2 इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल)

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की स्थापना 1965 में नई दिल्ली में इसके प्रधान कार्यालय के साथ की गई पेट्रोलियम रिफाइनरियों और संबंधित परियोजनाओं के लिए इंजीनियरिंग और संबंधित तकनीकी सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई थी। इन वर्षों में, इसने अपनी सेवाओं के कार्यक्षेत्र को बढ़ाया है और पेट्रोलियम रिफाइनिंग, पेट्रोरसायन, रसायन और उर्वरक, कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और गैस पाइपलाइनों, अपतटीय/अभितटीय तेल और गैस, टर्मिनल और भंडारण, उप सतही सामरिक भंडारण, खनन और धातु विज्ञान, बुनियादी ढांचा और शहरी विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी परियोजना, डिजाइन, इंजीनियरिंग और टर्नकी अनुबंध कंपनी के रूप में उभरने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अपने प्रवेश के बाद से, ईआईएल ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण/विकास, ज्ञानवान भवनों और जल प्रबंधन से संबंधित कई उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण कार्य प्राप्त किए हैं।

एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित कंपनी, ईआईएल के चेन्नई, वडोदरा और कोलकाता में क्षेत्रीय कार्यालय; मुंबई में शाखा कार्यालय, अबू धाबी में विदेशी इंजीनियरिंग/विपणन कार्यालय, जो मध्य पूर्व में कंपनी की गतिविधियों का केंद्र है। भारत और विदेशों में विभिन्न परियोजना स्थलों पर निर्माण कार्यालयों के साथ पूरे भारत में और लंदन, मिलान और शंघाई में भी विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण/खरीद कार्यालय हैं। इसके अलावा, प्रमाणन और निरीक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए ईआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सर्टिफिकेशन इंजीनियर्स इंटरनेशनल लिमिटेड है। ईआईएल की संयुक्त उद्यम कंपनी – नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (एनएफएल) और फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआईएल) के साथ 26% की हिस्सेदारी के साथ रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) है। आरएफसीएल संयंत्र का वाणिज्यिक संचालन 22 मार्च, 2021 को प्राप्त किया गया है। ईआईएल की नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड में भी 4.37% हिस्सेदारी है।

ईआईएल परियोजना से संबंधित प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो परियोजना की अवधारणा से लेकर परियोजना चालू किए जाने तक फैली हुई है जिसमें सुधार, क्षमता विस्तार और संयंत्रों का आधुनिकीकरण शामिल है। कंपनी द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के पोर्टफोलियो में निम्नलिखित शामिल हैं:

परियोजना–पूर्व सेवाएं

- व्यवहार्यता अध्ययन
- पर्यावरण प्रभाव आकलन प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया लाइसेंसकर्ता चयन
- लागत अनुमान
- परियोजना कार्यान्वयन सेवाएं
- परियोजना प्रबंधन
- प्रक्रिया डिजाइन और फ्रंट–एंड इंजीनियरिंग
- बुनियादी और विस्तृत इंजीनियरिंग
- अधिप्राप्ति
- निरीक्षण और तृतीय–पक्ष प्रमाणन
- निर्माण प्रबंधन
- चालू किया जाना और स्टार्ट–अप सहायता

विशेषज्ञ सेवाएं

- ऊष्मा और मास अंतरण उपकरण डिजाइन
- पर्यावरण इंजीनियरिंग
- सूचना प्रौद्योगिकी
- विशेषज्ञ सामग्री और रखरखाव
- संयंत्र संचालन और सुरक्षा, हैजोप्स और जोखिम विश्लेषण सहित
- जंग संरक्षण, संयंत्र की अखंडता और अवशिष्ट जीवन मूल्यांकन
- रिफाइनरी अनुकूलन अध्ययन
- उत्पादन और ऊर्जा अनुकूलन अध्ययन

14.2.2.1 2021–22 के निष्पादन के मुख्य अंश (31 दिसंबर, 2021 तक)

14.2.2.1.1 प्राप्त व्यवसाय

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान (30 नवंबर, 2021 तक) ईआईएल ने ₹1502 करोड़ का नया कारोबार प्राप्त किया।

कंपनी द्वारा सुरक्षित कुछ प्रमुख कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

14.2.2.1.2 घरेलू कार्य

- नागापट्टिनम, तमिलनाडु, भारत में सीपीसीएल की 9 एमएमटीपीए कावेरी बेसिन रिफाइनरी परियोजना के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी)/इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) परामर्श सेवाएं – एमपीएमसी सेवाओं के साथ ईपीसीएम–1 और सीपीसीएल के लिए ईपीसीएम–3।
- नुमालीगढ़ रिफाइनरी विस्तार परियोजना के विलंबित कोकर यूनिट (डीसीयू) के पुनरुद्धार के लिए लाइसेंसिंग और ईपीसीएम परामर्श सेवाएं।
- उरण में बीपीसीएल एलपीजी आयात टर्मिनल की क्रायोजेनिक सुविधाओं के डी–बॉटलनेकिंग और विस्तार के लिए पीएमसी सेवाएं।

- ऑयल इंडिया लिमिटेड के लिए अतिरिक्त उत्पादों (एनआरईपी के कारण 1.72 एमएमटीपीए से 5.5 एमएमटीपीए) के परिवहन के लिए नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पादन पाइपलाइन (एनएसपीएल) की सुविधाओं के उन्नयन के लिए ईपीसीएम।
- नुमालीगढ़ में एबीआरपीएल की बायो–रिफाइनरी परियोजना के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) सेवाएं (भिन्नता आदेश)।
- एचएमईएल के लिए गुरु गोबिंद सिंह पॉलिमर वर्धन परियोजना, बठिंडा के लिए परामर्शी सेवाएं (भिन्नता आदेश)
- पेट्रोनेट एलएनजी के दहेज एलएनजी टर्मिनल पर दो एलएनजी भंडारण टैंकों के लिए पीएमसी।
- प्रस्तावित कृष्णापट्टनम–हैदराबाद बहुउत्पाद पाइपलाइन – बीपीसीएल के लिए भाग–ख विस्तार इंजीनियरिंग हेतु पीएमसी सेवाएं।
- नुमालीगढ़ रिफाइनरी विस्तार परियोजना की एलपीजी उपचार इकाई (एलपीजीटीयू–1 और 2) के लिए लाइसेंस, बीडीईपी, उत्प्रेरक, स्वामित्व वाले उपकरण और अन्य संबंधित सेवाओं की आपूर्ति।
- एचपीसीएल के लिए दहेज में एलपीजी आयात जेट्टी के लिए ईपीएमसी सेवाएं (अनुसूची–1रू विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) और फ्रंट–एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड))।
- गेल के लिए प्राकृतिक गैस पाइपलाइन / सीजीडी नेटवर्क में हाइड्रोजन मिश्रण के लिए अध्ययन।
- हजीरा में एएम / एनएस इंडिया की जेट्टी उन्नयन परियोजना के लिए सर्वेक्षण, मॉडलिंग अध्ययन, लेआउट, स्वास्थ्य जांच के परियोजना पूर्व क्रियाकलापों के लिए परामर्शी सेवाएं।
- गेल के गांधार एलपीजी संयंत्र परिसर में 300 मीट्रिक टन धारण क्षमता के दो एलपीजी बुलेट स्थापित करने के लिए पीएमसी सेवाएं।
- गेल, विजयपुर में भंडारण क्षेत्र में पासिंग वाल्व और ब्लोडाउन प्रणाली संस्थापन को प्रतिस्थापित करना।
- जानकारी / लाइसेंस की आपूर्ति, हल्दिया रिफाइनरी डीएचडीटी इकाई के बीईडीपी का पुनरू उपयोग, चालू किए जाने से पूर्व के लिए विस्तृत इंजीनियरिंग दस्तावेजों और तकनीकी सहायता सेवाओं की समीक्षा और बीआर–9 विस्तार परियोजना के तहत आईओसीएल की बरौनी रिफाइनरी में डीएचडीटी को चालू किया जाना।
- गेल के लिए 50 केटीए आईएसओ प्रोपेनोल (आईपीए), 30 केटीए मिथाइल आइसो ब्यूटाइल केटोन (एमआईबीके), और 30 केटीए मिथाइल एथिल कीटोन (एमईके) इकाई स्थापित करने के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर)।
- गेल की जालंधर–गुरदासपुर–जम्मू–श्रीनगर पाइपलाइन (जेजीएसपीएल) परियोजना के लिए व्यवहार्यता अध्ययन।
- बीपीसीएल, कोच्चि रिफाइनरी के लिए दक्षता में सुधार के लिए मौजूदा आईआरईपी डीएचडीटी चार्ज हीटर आईजी–एच–101 को सुधारने के लिए डिजाइन, विस्तार इंजीनियरिंग, खरीद और परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं।
- एचसीएल के मलंजखंड कॉपर प्रोजेक्ट में टेलिंग डैम की क्षमता बढ़ाने के लिए परामर्श सेवाएं।
- विशाखापत्तनम में एचपीसीएल के लिए विशिष्ट इंजीनियरिंग सेवाएं।
- पेट्रोनेट एलएनजी के लिए दहेज में 500 केटीपीए पीडीएच / पीपी / प्रोपलीन आधारित डेरिवेटिव पेट्रोरसायन परिसर की स्थापना के लिए मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने और पूर्व–व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर)।
- एचपीसीएल, विशाखापत्तनम के लिए 48" एसपीएम समुद्र के भीतर क्रूड लाइन सपोर्ट का सुधार।
- बीसीपीएल लकवा, डिब्रूगढ़ में डिबॉटलनेकिंग जीएसयू सी2+ यूनिट के लिए विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट।
- पेट्रोनेट एलएनजी के लिए दहेज एलएनजी टर्मिनल का 17.5 एमएमटीपीए से 22.5 एमएमटीपीए विस्तार करने के लिए डीएफआर की तैयारी हेतु सलाहकार की नियुक्ति।
- एनटीपीसी बोंगाईगांव में बांस आधारित बायो–रिफाइनरी स्थापित करने के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट।

14.2.2.1.2 विदेशी कार्य

- एडीएनओसी अपतट, संयुक्त अरब अमीरात के लिए 1 एमएमबीडी चरण–1 परियोजना के लिए मौजूदा उत्पादित जल उपचार संयंत्र क्षमता को 200 एमबीडी से 300 एमबीडी तक डिबॉटलनेकिंग से संबंधित फ्रंट–एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड) इंजीनियरिंग।
- संकल्पनात्मक अध्ययन – यूएडी अपतटीय सुविधाएं – एडीएनओसी अपतट, संयुक्त अरब अमीरात के लिए यूएडी–सीपीसी शून्य फ्लेयरिंग शमन।
- एडीएनओसी अपतट, संयुक्त अरब अमीरात के लिए ईएसए के अंतर्गत दास द्वीप पर स्थायी रेडियोधर्मी स्रोत भंडारण के लिए फ्रंट–एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड)।
- एडीएनओसी अपतट, संयुक्त अरब अमीरात के लिए उम्म शैफ सुविधाएं हेतु संयंत्र संशोधन अनुरोध (पीएमआर) और इंजीनियरिंग कार्य अनुरोध (ईडब्ल्यूआर)।
- एडीएनओसी अपतट, यूएई के लिए यूजेड वेल हुक–अप परियोजना के लिए कॉल–ऑफ आधार पर पीएमसी सेवाएं और सतह / यूएडी परियोजनाएं।
- बापको, बहरीन के लिए अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र

अवशोषण चिलर के प्रतिस्थापन के लिए फ्रंट–एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड)।

14.2.2.2 वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2021–22 (सितंबर 2021 तक) के लिए कंपनी का टर्नओवर और कर पूर्व लाभ क्रमशः 1383 करोड़ रुपए और 205 करोड़ रुपए था। वर्ष 2021–22 (सितंबर, 2021 तक) के लिए कंपनी के वित्तीय निष्पादन का विवरण अनुबंध–I और अनुबंध–II के रूप में संलग्न है।

14.2.2.3 की गई नीतिगत पहलें (दिसंबर, 2021 तक)

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान की गई महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

14.2.2.3.1 मानव संसाधन विकास

इसके अलावा, वर्ष 2021–22 (दिसंबर 2021 तक) के दौरान चल रहे विभिन्न मानव संसाधन उपायों के लिए निम्नलिखित पहलें की गईं:

- नेतृत्व विकास कार्यक्रम – आरोहण का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य सभी स्तरों (व्यावसायिक नेताओं, कार्यात्मक अग्रणियों और युवा अग्रणियों) में वर्ग के सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व का निर्माण करना है।
- 'सुविज्ञ व्याख्यान श्रृंखला' के माध्यम से नियमित ज्ञान साझा करने वाले सत्रों और विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन।
- 'यूफोरिया' प्लेटफॉर्म के तहत मिलेनियल्स के लिए कर्मचारी जुड़ाव क्रियाकलाप आयोजित की गईं।

14.2.2.3.3 प्रौद्योगिकी विकास

1.1. प्रौद्योगिकी विकास परियोजनाएं दिसंबर 2021 तक शुरू की गई हैं।

i) हाइड्रोजनीकरण के माध्यम से फुरफुरल को फुरफुरल अल्कोहल में परिवर्तित करने के लिए प्रक्रिया पैकेज तैयार करना।

ii) पीवीएसए आधारित ऑक्सीजन उत्पादन प्रदर्शन संयंत्र का विकास, डिजाइन और अधिप्राप्ति।

iii) अनुसंधान एवं विकास विकसित मॉड्यूल के लिए वेब आधारित सॉफ्टवेयर का विकास।

iv) सीटीएल पायलट संयंत्र के लिए भाप प्रणाली का नवीनीकरण और नया आर एंड डी भवन। अ) बायो–जेट एटीएफ प्रक्रिया का विकास और बीईडीपी को तैयार करना।

vi) सिंगल नॉवेल चिमनी प्रकार के वायु वितरक को वृद्धित करके वाणिज्यिक स्तर के फ्लुइडाइज्ड बेड गैसीफायर बनाना।

vii) विभिन्न प्रौद्योगिकियों के लिए विभाजित वॉल कॉलम के लाभों को स्थापित करने के लिए मामला अध्ययन।

1.2 दिसंबर 2021 तक किए गए प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण प्रयास

i) गुवाहाटी रिफाइनरी में मौजूदा सल्फर रिफाइनरी यूनिट की विश्वसनीयता में सुधार के लिए अध्ययन करना।

ii) एनआरईपी एनआरएल, नुमालीगढ़ के लिए एलपीजीटीयू 1 और 2 के लिए बेसिक डिजाइन इंजीनियरिंग पैकेज (बीडीईपी) की आपूर्ति।

iii) सीएचटी के लिए संदर्भ ईंधन के लिए प्रक्रिया योजना का विकास।

iv) बायो–जेट एटीएफ संयंत्र पर एमआरपीएल के लिए पीएफआर।

v) आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी में प्रति दिन 12500 किलोग्राम एचएसएस की क्षमता को लागू करने के लिए अमीन शुद्धिकरण प्रौद्योगिकी के लिए बीडीईपी को तैयार करना।

vi) एनआरएल के साथ उनकी आगामी बांस आधारित बायो रिफाइनरी में ''हाइड्रोजनेशन मार्ग के माध्यम से फुरफुरल के फरफ्यूरिल अल्कोहल में रूपांतरण'' प्रक्रिया के संयुक्त कार्यान्वयन के लिए खोज करना।

vii) रिफाइनरी की खट्टी गैसों से जलीय अमोनिया (25 डब्ल्यूटी%) के उत्पादन के लिए बीडीईपी की खोज करना।

1.3 वित्तीय वर्ष 2021–22 के शेष तीन महीनों में शुरू किए जाने की संभावना वाले अनुसंधान और विकास क्रियाकलाप

i) फ्लू गैस से सीओ2 एकत्र करने के लिए प्रौद्योगिकी का विकास।

ii) अपशिष्ट प्लास्टिक से तरल ईंधन के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास।

1.4 प्रौद्योगिकी समझौतों को मजबूत करने के लिए की गई पहलें

i) बड़े पैमाने पर शैवाल की खेती और मूल्य–वर्धित उत्पादों के निष्कर्षण के लिए प्रौद्योगिकी के संयुक्त विकास के लिए आईसीटी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर।

ii) हरित प्रौद्योगिकियों, सेल्युलोसिक 2जी एथेनॉल प्रौद्योगिकी के लिए केमपोलिस के साथ रणनीतिक गठबंधन करना।

iii) एलपीजी शोधन इकाई और ऑक्सीजन संवर्धन प्रौद्योगिकी के लिए नवीन स्वामित्व वाली वस्तुओं के विपणन, आपूर्ति और विकास के लिए ईटीपीएल के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक गठबंधन किया जाना।

iv) विभाजित वॉल कॉलम प्रौद्योगिकी के विपणन और लाइसेंसिंग के लिए बीपीसीएल के साथ सहयोग समझौता

निष्पादित।

v) बायो–जेट ईंधन प्रौद्योगिकी के विकास के लिए सीएसआईआर–आईआईपी के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित।

vi) प्रदर्शन स्तर ऑक्सीजन पीवीएसए संयंत्र ढांचे के संयुक्त विकास के लिए सीएसआईआर–आईआईपी के साथ समझौता।

vii) निम्नलिखित के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए सदस्यता का नवीनीकरण

- प्रोसेस साइंस टेक्नोलॉजी सेंटर (पीएसटीसी), यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, अमेरीका द्वारा प्रारंभ किया गया एक उद्योग–शैक्षणिक सहयोगी अनुसंधान कार्यक्रम।
- फ्रैक्शनेशन रिसर्च इनकॉर्पोरेटेड (एफआरआई), ओक्लाहोमा, यूएसए में स्थित एक गैर–लाभकारी सहकारी अनुसंधान संगठन।
- प्रक्रिया एकीकरण अनुसंधान संघ (पीआईआरसी), यूनिवर्सिटी ऑफ़ मैनचेस्टर, यूके

14.2.2.3.3 दिसंबर 2021 तक दायर किए गए/प्राप्त पेटेंट

i पहले दायर किए गए निम्नलिखित पेटेंट इस वर्ष प्रदान किए गए:

- निम्न तापमान ताप स्रोत से दक्ष ऊर्जा प्राप्ति के लिए एक प्रणाली और एक प्रक्रिया

ii. निम्नलिखित नए पेटेंट दिसंबर 2021 तक दायर किए गए हैं:

क) एक मल्टीफ़ेज़ रिएक्टर प्रणाली जिसमें बड़े पैमाने पर अंतरण और ऊष्मा अंतरण शामिल है।

ख) वर्धित ऊष्मा अंतरण व्यवस्था के साथ एक नॉवेल स्टिरड रिएक्टर।

ग) ऊष्मा प्राप्ति प्रणाली के साथ एक दबाव कम करने वाला उपकरण।

घ) स्टीम जेट इजेक्टर वैक्यूम प्रणाली में डिस्चार्ज वाष्प को संघनित करने की एक विधि और उक्त के लिए स्टीम जेट इजेक्टर वैक्यूम प्रणाली।

ङ) कंडीशनिंग ईंधन के लिए एक उपकरण और विधि।

14.3 सार्वजनिक क्षेत्र के मिनीरत्न उपक्रम

14.3.1 बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएल)

बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएल) बहु–प्रौद्योगिकी, बहु–स्थान कंपनी है जिसका मुख्यालय कोलकाता में है जिसके प्रचालन पूरे भारत में फैले हुए है। कंपनी के दुबई, इंडोनेशिया में एक संयुक्त उद्यम और यूके में सहायक कंपनी के साथ महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापार हित है। कंपनी के भारत में कई संयुक्त उद्यम भी हैं।

कंपनी का व्यावसायिक हित विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों में फैला हुआ है। 31 मार्च, 2021 को कंपनी की प्राधिकृत और चुकता पूंजी क्रमशः ₹300 करोड़ और ₹171 करोड़ थी। एक सरकारी कंपनी बामर लॉरी इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के पास कंपनी के ₹10 प्रत्येक के 10,56,79,350 इक्विटी शेयर हैं (कुल चुकता इक्विटी पूंजी का लगभग 61.80%)। कंपनी ने 2020–21 के दौरान ₹1592.77 करोड़ का शुद्ध कारोबार प्राप्त किया, जबकि 2019–20 में यह ₹1612.16 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1% की कमी दर्शाता है। 2019–20 में ₹232.44 करोड़ की तुलना में 2020–21 में ₹156.65 करोड़ का कर पूर्व लाभ हुआ, कमी मुख्य रूप से विभिन्न एसबीयू, विशेष रूप से एसबीयू टिकटिंग और अवकाश के निष्पादन पर वित्तीय वर्ष के दौरान कोविड–19 महामारी के प्रभाव के कारण है।

14.3.2 चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल)

14.3.2.1 चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल) रिफाइनरी

(i) मनली रिफाइनरी (तमिलनाडु)

चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीपीसीएल), जिसे पहले मद्रास रिफाइनरी लिमिटेड (एमआरएल) के रूप में जाना जाता था, 1965 में एक संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया था, और यह 2001 में आईओसीएल की सहायक कंपनी बन गई। सीपीसीएल की मनली रिफाइनरी भारत में ईंधन, ल्यूब, मोम और पेट्रोरसायन फ़ीड स्टॉक उत्पादन सुविधाओं के साथ सबसे जटिल रिफाइनरियों में से एक है। अपनी रिफाइनरी की पानी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 5.8 एमजीडी का समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्र अपनी तरह का पहला था और इस संयंत्र के लिए विद्युत की आवश्यकता विंड मिल फार्म के माध्यम से पूरी की गई, जो फिर से उद्योग में अपनी तरह का पहला संयंत्र है।

सीपीसीएल के पास प्रति वर्ष 30,000 मीट्रिक टन (एमटी) क्षमता का मोम संयंत्र है, जो मोमबत्ती मोम, जलरोधक फॉर्मूलेशन और माचिस मोम के निर्माण के लिए पैराफिन मोम का उत्पादन करता है। निकटवर्ती डाउनस्ट्रीम उद्योगों को पेट्रोरसायन फीडस्टॉक की आपूर्ति करने के लिए प्रति वर्ष 17000 मीट्रिक टन की प्रारंभिक क्षमता के साथ 1988 में एक प्रोपलीन संयंत्र चालू किया गया था। 2004 में प्रोपलीन उत्पादन क्षमता को 30,000 एमटी प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए यूनिट को पुनरूद्धार किया गया था।

कंपनी के मुख्य उत्पाद एलपीजी, मोटर स्पिरिट, विमानन टर्बाइन ईंधन, हाई स्पीड डीजल, नाफ्था, बिटुमन, ल्यूब बेस स्टॉक्स, पैराफिन मोम, ईंधन ऑयल, हेक्सेन, पेट्रोरसायन फीड स्टॉक और पेट्रोलियम कोक हैं। सीपीसीएल लीनियर एल्काइल बेंजीन के विनिर्माण के लिए एक डाउनस्ट्रीम इकाई को लीनियर अल्काइल बेंजीन फीडस्टॉक (एलएबीएफएस) की आपूर्ति भी करता है।

वर्तमान कच्चा तेल रिफाइनिंग क्षमता 10.5 एमएमटीपीए है और रिफाइनिंग क्षमता का उपयोग 2020–21 में 79% था।

(ii) कावेरी बेसिन रिफाइनरी (नागापट्टिनम–तमिलनाडु)

सीपीसीएल की दूसरी रिफाइनरी, नागापट्टिनम में 1993 में चालू की गई थी, जिसमें रिफाइनरी की रिफाइनिंग क्षमता 1.0 एमएमटीपीए है। मौजूदा विन्यास के साथ बीएस VI उत्पाद विनिर्देशों को पूरा करने में सीमा के कारण यह रिफाइनरी अप्रैल 2019 से प्रचालन में नहीं है। स्थल पर पेट्रोरसायन सुविधा के साथ 9.0 एमएमटीपीए की एक नई रिफाइनरी का निर्माण किया जा रहा है। नई रिफाइनरी के लिए परियोजना क्रियाकलाप 03.09.2021 से पहले ही प्रारंभ हो चुके हैं और अच्छी गति से प्रगति पर हैं।

अप्रैल 2019 से संयुक्त रिफाइनिंग क्षमता 11.5 एमएमटीपीए से घटकर 10.5 एमएमटीपीए हो गई है क्योंकि 1 एमएमटीपीए क्षमता वाली सीबीआर रिफाइनरी तब से परिचालन में नहीं है।

14.3.2.2 वास्तविक निष्पादन

कंपनी ने वर्ष 2020–21 में 8243 टीएमटी (हजार मीट्रिक टन) कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया था और अप्रैल से दिसंबर, 2021 की अवधि के लिए 6133 टीएमटी कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया था।

सीपीसीएल ने 2021–22 (दिसंबर, 2021 तक) में 74.9% के कुल डिस्टिलेट प्राप्त किए है।

मानदण्ड	2020-21 वास्तविक	2021-22 (दिसम्बर 21तक)
कच्चा तेल थ्रूपुट (एमएमटी)	8.243	6.133
डिस्टिलेट उत्पादन (%)	76.4	74.9

14.3.2.3 वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान सीपीसीएल ने ₹41814 करोड़ रुपये का कारोबार किया। चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए सितंबर 2021 तक का टर्नओवर ₹25857.16 करोड़ है। वित्तीय निष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है

₹ करोड़ में

मानदण्ड	2020-21 वास्तविक	2021-22 (दिसम्बर 21तक)
कारोबार	41813.95	25857.16
कर पूर्व लाभ	1276.54	163.32
कर पश्चात लाभ	237.56	119.18

14.3.2.4 परियोजनाएं

14.3.2.4.1 पूर्ण प्रमुख परियोजनाएं

क) ईंधन गुणवत्ता उन्नयन परियोजनाः बीएस–VI गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करने वाले डीजल और एमएस की आपूर्ति के लिए भारत सरकार के निर्देशों का पालन करना। ईंधन गुणवत्ता उन्नयन परियोजना की स्वीकृत लागत ₹1858 करोड़ है।

1. डीजल हाइड्रो–ट्रीटिंग यूनिट (डीएचडीटी) का पुनरुद्धारः सीपीसीएल ने मौजूदा डीजल हाइड्रो–ट्रीटिंग (डीएचडीटी) यूनिट की क्षमता को 1.8 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 2.4 एमएमटीपीए कर दिया है और इसे 22.11. 2019 को चालू किया गया था।
2. फ्लूड कैटेलिटिक क्रैकिंग – गैसोलीन डिसल्फराइजेशन (एफसीसी–जीडीएस) यूनिट 0.6 एमएमटीपीएरू यूनिट को 13.01.2021 को सफलतापूर्वक चालू किया गया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 17.02.2021 को एफसीसी–जीडीएस इकाई को राष्ट्र को समर्पित किया गया।

14.3.3 मंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल)

प्रस्तावना

एमआरपीएल एक अनुसूची–क सीपीएसई है और ऑयल एण्ड नेचुरल गैस लिमिटेड (ओएनजीसी) की सहायक कंपनी है। 10. 63 के नेल्सन जटिलता कारक के साथ रिफाइनरी विन्यास काफी जटिल है। रिफाइनरी 18 एपीआई (मिश्रण) से लेकर 45 एपीआई तक के कच्चे तेल के व्यापक ग्रेड को बेहतर तरीके से संसाधित करने में सक्षम है।

14.3.3.1 वास्तविक निष्पादन

वर्तमान वित्तीय वर्ष 21–22 में, वर्ष के लिए रिफाइनरी क्षमता उपयोग 76.46% (11.47 एमएमटी) था।

वर्तमान दृष्टिकोण चालू वर्ष के लिए 96% की क्षमता उपयोग का संकेत देता है।



वास्तविक मानदण्ड	स्थापित क्षमता	रिफाइनरी थ्रूपुट				
		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
सकल कच्चा तेल थ्रूपुट (एमएमटी)	15.0	15.965	16.130	16.230	13.95	11.47

14.3.3.2 वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2020–21 में बेंचमार्क जीआरएम (सिंगापुर) केवल 0.53 अमेरीकी डॉलर प्रति बीबीएल था। निवल परिणाम यह रहा कि वर्ष के दौरान एमआरपीएल को ₹240.46 करोड़ की हानि हुई।

14.3.3.3 आरएलएनजी को चालू किया जाना।

प्राकृतिक गैस (एनजी) प्रणाली को रिफाइनरी परिसर में चालू किया गया था और एनजी को गेल कोच्चि मंगलुरु पाइपलाइन के माध्यम से 10 मार्च 2021 को लिया गया था। एमआरपीएल ने इसके उपयोग के लिए 0.25 एमएमएससीएमडी की पाइपलाइन क्षमता का अनुबंध किया है।

14.3.3.4 परियोजनाएं और निवेश

- बीएस–VI ईंधन उन्नयन (₹1810 करोड़) एमआरपीएल द्वारा अक्टूबर 2019 से बीएस–VI ग्रेड ईंधन की आपूर्ति की जा रही है। एफसीसी गैसोलीन उपचार यूनिट (एफजीटीयू) जो बीएस–VI ग्रेड एमएस ईंधन को अधिकतम करने में सक्षम है, को पूरा कर लिया गया है और जुलाई 2021 में चालू कर दिया गया है। बीएस–VI परियोजना की अन्य सहायक इकाइयों/सुविधाओं का यांत्रिक समापन 15 जनवरी 2022 तक होने की आशा है।
- विलवणीकरण संयंत्र (₹637 करोड़) – 30 एमएलडी क्षमता का विलवणीकरण संयंत्र 30 दिसंबर 2021 को चालू किया गया है।
- प्राकृतिक गैस फायरिंग (₹96 करोड़) का उपयोग करने के लिए गैस टर्बाइन में संशोधन – प्राकृतिक गैस प्रज्ज्वलन के लिए ₹96 करोड़ की अनुमोदित लागत पर 20 दिसंबर 2021 को गैस टर्बाइन संशोधन पूरा किया गया है।

14.3.3.5. विपणन

एमआरपीएल के उत्पाद अपनी घरेलू प्रत्यक्ष और खुदरा बिक्री के अलावा पीएसयू तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को बेचे जाते हैं। घरेलू बिक्री के बाद शेष उत्पादों का निर्यात किया जाता है।

एमआरपीएल अपने प्रचालन के क्षेत्र में अपने खुदरा आउटलेट्स को बढ़ा रही है। कंपनी के पास वर्तमान में 29 खुदरा आउटलेट हैं और आगे विस्तार के लिए कार्रवाई चल रही है। कंपनी ने अपने विकास के लिए कर्नाटक में 400 से अधिक स्थानों और केरल में 100 से अधिक स्थानों की पहचान की है।

₹304 करोड़ की स्वीकृत लागत से बेंगलुरू के निकट देवांगोंथी में एक तेल विपणन टर्मिनल स्थापित किया जा रहा है। इस टर्मिनल को रिफाइनरी से पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी और बुनियादी ढांचा परियोजना से कंपनी की विपणन पहुंच को बढ़ावा मिलने की आशा है।

14.3.3.6. संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां

सहायक कंपनीः ओएनजीसी मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (ओएमपीएल)

ओएमपीएल एमआरपीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एमआरपीएल ने अपनी सहायक कंपनी के खुद के साथ विलय की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। एमसीए से अनुमोदन फरवरी 2022 के मध्य तक अपेक्षित है।

ओएमपीएल मंगलोर विशेष आर्थिक ज़ोन (एमएसईजेडएल) से लगे हुए एमआरपीएल रिफाइनरी परिसर में स्थित है और संपूर्ण फीड स्टॉक एमआरपीएल से प्राप्त किया जाता है। ओएमपीएल मूल्य वर्धित पेट्रोरसायन पैराक्सिलीन (913 केटीपीए) और बेंजीन (283 केटीपीए) का उत्पादन करती है।

संयुक्त उद्यमः शेल एमआरपीएल एविएशन फ्यूल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड (एसएमएएफएसएल)

एसएमएएफएसएल, एमआरपीएल और शेल गैस बी.वी. के मध्य एक 50:50 का संयुक्त उद्यम है। भारत में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) के विपणन के लिए और शेल संबद्धों के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय वाहकों को एटीएफ की आवश्यकता को सुविधाजनक बनाने के लिए संयुक्त उद्यम की स्थापना की गई है। कंपनी की 10 हवाई अड्डों पर मौजूदगी है।

14.3.4 नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल)

प्रस्तावना

नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) को 22 अप्रैल, 1993 को अधिनिगमित किया गया था। एनआरएल की स्थापना 15 अगस्त 1985 को भारत सरकार द्वारा हस्ताक्षरित ''असम समझौते'' में निहित है। एनआरएल ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) की सहायक कंपनी है और असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 3.0 एमएमटीपीए पेट्रोलियम रिफाइनरी प्रचालित करती है। एनआरएल एक श्रेणी–I मिनीरत्न पीएसयू है। 31.03.2021 तक, एनआरएल का शेयरधारिता पैटर्न ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) – 80.16%, था। असम सरकार (जीओए) – 15.47% और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) – 4.37% है। 31.03.2021 को कंपनी की निवल संपत्ति ₹5,596 करोड़ थी।

उन्नत माध्यमिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के कारण एनआरएल की रिफाइनरी में एक उच्च जटिलता कारक है जिसने उच्च डिस्टीलेट की प्राप्ति को सक्षम बनाया है। एनआरएल के उत्पादों में एलपीजी, नाफ्था, मोटर स्पिरिट (एमएस), विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ), सुपीरियर केरोसिन ऑयल (एसकेओ), मिनरल टर्पेन्टाइन ऑयल (एमटीओ), हाई स्पीड डीजल (एचएसडी), कच्चा/कैल्सीनाइड पेट्रोलियम कोक (आरपीसी/सीपीसी), सल्फर और पैराफिन वैक्स शामिल हैं।

एनआरएल का नुमालीगढ़ में 42 टीएमटीपीए क्षमता का एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र है। कंपनी के दो विपणन टर्मिनल हैं – एक नुमालीगढ़, असम में और दूसरा सिलीगुड़ी, बंगाल में जहां से उत्पाद सड़क और रेल द्वारा भेजे जाते हैं। अतिरिक्त श्वेत तेल उत्पाद, अर्थात ऑयल इंडिया लिमिटेड के स्वामित्व वाली और उसके द्वारा संचालित नुमालीगढ़–सिलीगुड़ी उत्पाद पाइपलाइन (एनएसपीएल) के माध्यम से एमएस, एसकेओ और एचएसडी को नुमालीगढ़ से सिलीगुड़ी तक पहुँचाया जाता है।

एनआरएल को गुणवत्ता प्रबंधन के लिए आईएसओ 9001, पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए ओएचएसएएस 18001, सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 27001 और ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 के तहत प्रमाणित किया गया है।

14.3.4.1 निष्पादन

एनआरएल हर वर्ष निरंतर लाभप्रदता के साथ कार्य कर रहा है। एनआरएल देश में सभी पीएसयू तेल रिफाइनरियों के मध्य उच्चतम डिस्टिलेट उत्पादन प्राप्त करने में सफल रहा है। एनआरएल की विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) और सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) उद्योग में सर्वश्रेष्ठ हैं।

पिछले तीन वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के 2021 के अप्रैल–दिसंबर के दौरान एनआरएल के भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन संकेतक निम्नवत हैं:

14.3.4.1.1 वास्तविक निष्पादन:

मानदण्ड	18-19	19-20	20-21	21-22 (अप्रैल–दिसं.)
कच्चा तेल प्राप्ति (टीएमटी)	2,820	2,409	2,612	1,971
कच्चा तेल थ्रूपुट (टीएमटी)	2,900	2,383	2,707	1,930
क्षमता उपयोग (%)	96.67	79.00	90.24	86.78
डिस्टिलेट उत्पादन (%)	87.1	83.0	86.36	84.95
विशिष्ट ऊर्जा उपभोग (एमबीएन)*	66.6	65.0	64.37	64.85
ऊर्जा गहनता सूचकांक (ईआईआई)	87.9	86.3	86.99	86.31

14.3.4.1.2 वास्तविक निष्पादन:

मानदण्ड	17-18	18-19	19-20	20-21
बिक्री कारोबार (₹/करोड़)	15,922	18,511	2,409	2,612
कर पूर्व लाभ (₹/करोड़)	3,142	3,052	2,383	2,707
कर पश्चात लाभ (₹/करोड़)	2,045	1,968	79.00	90.24
जीआरएम (+/बीबीएल)	11.43	11.80	83.0	86.36
निवल मूल्य	5,044	5,551	65.0	64.37

14.3.4.2 परियोजनाएं

कार्यान्वयन के तहत परियोजनाएं

क) रिफाइनरी का 3 से 9 एमएमटीपीए तक विस्तार:

एनआरएल वर्तमान में संबद्ध पाइपलाइनों के साथ अपनी विस्तार परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है। मैसर्स एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, मुंबई को रिफाइनरी विस्तार परियोजना के लिए ₹15,102 करोड़ के ऋण समूहन के लिए नियुक्त किया गया है।

एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परियोजना का विवरण नीचे दिया गया है–

क) नुमालीगढ़, गोलाघाट, असम में 6 एमएमटीपीए रिफाइनरी:

- एनआरएल ने परियोजना के निष्पादन के लिए पीएमसी और ईपीसीएम परामर्शदाताओं को नियुक्त किया है।
- सांविधिक अनुमोदन:
- 27.07.2020 को एनआरएल को 3 से 9 एमएमटीपीए तक रिफाइनरी विस्तार की पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की गई है।
- स्थल पर परियोजना–पूर्व समर्थकारी क्रियाकलाप प्रगति पर हैं।
- एसआरयू, डीएचडीटी, जीडीएस, एमएसयू, पीएफसीसी, आरपीटीयू और एलपीजीटीयू के लिए लाइसेंसकर्ता चयन प्रमुख प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।
- वास्तविक प्रगति:

- उपलब्धि: 8.64%
- परियोजना की वित्तीय प्रगति:
- संचित व्यय ₹771 करोड़
- संचित प्रतिबद्धता लागत: 7,690 करोड़

ख) कच्चा तेल आयात टर्मिनल और पारादीप नुमालीगढ़ कच्चा तेल पाइपलाइन:

- ईआईएल को ईपीसीएम सलाहकार नियुक्त किया गया है।
- पाइपलाइन की लंबाईरू ओडिशा में पारादीप बंदरगाह से असम के गोलाघाट में नुमालीगढ़ तक 1630 किलोमीटर।
- कच्चे तेल की पाइपलाइन ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और असम राज्यों से होकर गुजरेगी।
- पारादीप पत्तन न्यास (पीपीटी) से पटद्यटे पर 234 एकड़ भूमि ली गई है।
- कच्चे तेल आयात टर्मिनल (सीओआईटी) की स्थापना के लिए एसपीसीबी (ओडिशा) से सहमति प्राप्त हो गई है।
- असम, बिहार, झारखंड के लिए सीएएलए की नियुक्ति पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई है।
- अभियांत्रिकी:
  - प्रक्रिया डिजाइन आधार (पीडीबी) और इंजीनियरिंग डिजाइन आधार (ईडीबी) पूर्ण।
  - पी एंड आईडी को अंतिम रूप दिया गया है।
  - 1630 किलोमीटर में से 1155 किलोमीटर लाइनपाइप आपूर्ति के लिए जीईएम के माध्यम से ऑर्डर दिया गया है।
- वास्तविक प्रगति:
- उपलब्धि: 19.62%
- परियोजना की वित्तीय प्रगति:
- संचित व्यय: ₹1,313 करोड़
- संचित प्रतिबद्धता लागत: ₹4,256 करोड़

ख) भारत–बांग्लादेश पाइपलाइन

एनआरएल पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से बांग्लादेश के पार्बतीपुर तक 130 किमी लंबी और 1 एमएमटीपीए क्षमता वाली उत्पाद पाइपलाइन का निर्माण कर रही है। सिलीगुड़ी से पार्बतीपुर (बांग्लादेश) तक भारत–बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (आईबीएफपीएल) के निर्माण की कुल परियोजना लागत ₹377.08 करोड है। उपरोक्त में से, परियोजना में एनआरएल का निवेश पाइपलाइन के भारत हिस्से के लिए ₹91.84 करोड़ होगा। बांग्लादेश के हिस्से के लिए ₹285.24 करोड़ की शेष राशि भारत सरकार द्वारा सहायता अनुदान के रूप में वित्त पोषित की जाएगी। परियोजना को मार्च, 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 30.12.2021 तक, समग्र भौतिक प्रगति 85.8% और वित्तीय प्रगति 64.72% है।

ग) बायो–रिफाइनरी परियोजना

एनआरएल ने नुमालीगढ़ में एक बायो–रिफाइनरी स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी का गठन किया है, जिसमें एनआरएल और फिनलैंड के मेसर्स केमपोलिस ओए (22%) और नीदरलैंड के मैसर्स फोर्टम 3 बी.वी. (28%) के बीच 50:50 की इक्विटी भागीदारी है। परियोजना की अनुमानित लागत ₹3,250 करोड़ है। संयंत्र को 2022–23 की तीसरी तिमाही तक पूरा करने का लक्ष्य है। सीएचटी की उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा एबीआरपीएल को ₹150 करोड़ के वित्तीय अनुदान की सिफारिश की गई है। परियोजना को दिसंबर, 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 30.12.2021 तक, समग्र भौतिक प्रगति 58.7% और वित्तीय प्रगति 33.26% है।

घ) उत्तर पूर्व गैस ग्रिड

पूर्वोत्तर क्षेत्र में सभी राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाले गैस ग्रिड का निर्माण क्षेत्र में पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। बरौनी से गुवाहाटी तक एक ट्रंक गैस पाइपलाइन एनई गैस ग्रिड को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ेगी। आईओसीएल, गेल, ओएनजीसी, ओआईएल और एनआरएल की समान इक्विटी भागीदारी के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी को ष्इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेडष् के रूप में अधिनिगमित किया गया है। एनआरएल के रिफाइनरी विस्तार को एक एंकर ग्राहक के रूप में माना गया है, जो पाइपलाइन ग्रिड के कुल थ्रूपुट का लगभग 50% है। परियोजना को व्यवहार्य बनाने के लिए सरकार द्वारा ₹5559 करोड़ की राशि, जो कि ₹9265 करोड़ की कुल परियोजना लागत का 60% है, को व्यवहार्यता अंतर वित्त–पोषण के रूप में स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना को मार्च, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

14.3.4.3 अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलाप

एनआरएल ने अकादमिक और अनुसंधान संगठनों के साथ साझेदारी के माध्यम से संगठन की अनुसंधान और विकास क्षमता को मजबूत करने के लिए कुछ पहलें की हैं। अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलापों के परिणामस्वरूप प्राप्त/अपेक्षित लाभ इस प्रकार हैं:

1. जैव–अवक्रमणीय प्लास्टिक का उत्पादन रू जैव–अवक्रमणीय प्लास्टिक के उत्पादन के लिए देशीय तकनीक के विकास से गैर–जैव–अवक्रमणीय पॉलीइथाइलीन आधारित पैकेजिंग को बदलने में सहायता मिलेगी और ठोस कचरे से प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलेगी। जैव–अवक्रमणीय प्लास्टिक बायो रिफाइनरी के लिए एक मूल्यवर्धित स्ट्रीम होगी।

2. खट्टा जल और स्ट्रिप जल से फिनोल को हटाने के लिए प्रौद्योगिकी: खट्टे और स्ट्रिप जल से फिनोल को हटाने के लिए स्वदेशी तकनीक का विकास जल के फुटप्रिंट को कम करेगा और मूल्य वर्धित रसायनों का उत्पादन करेगा।

3. प्रयुक्त खाघ तेल को मूल्य वर्धित उत्पादों में बदलने के लिए प्रौद्योगिकी: अपरिवर्तित तेल से मूल्य वर्धित विशिष्ट उत्पादों का उत्पादन करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का विकास।

4. फुरफुरल अल्कोहल (एफए) और टेट्रा हाइड्रो फुरान (टीएचएफ) का उत्पादन रू फुरफुरल अल्कोहल (एफए) और फुरफुरल से टेट्राहाइड्रोफुरन (टीएचएफ) के उत्पादन के लिए स्वदेशी तकनीक का विकास। चूंकि एफए और टीएचएफ की बाजार में फरफुरल की तुलना में अधिक मांग होगी, इसलिए बायो रिफाइनरी के लिए एफए और टीएचएफ का उत्पादन करना अधिक लाभकारी होगा।

14.3.5 ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल)

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, भारत की प्रमुख राष्ट्रीय तेल कंपनी, ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और विदेशी शाखा है। कंपनी का प्राथमिक व्यवसाय विदेशों में तेल और गैस क्षेत्रों की खोज करना है, जिसमें विदेशों में तेल और गैस क्षेत्रों के अधिग्रहण के साथ–साथ तेल और गैस की खोज, उत्पादन, परिवहन और बिक्री शामिल है। ओएनजीसी विदेश ने वित्तीय वर्ष 2011 में भारत के घरेलू उत्पादन का लगभग 27.9% तेल और 22% तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया। 1 अप्रैल 2021 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी विदेश के पास दुनिया भर में फैले 2पी रिजर्व के 490.473 एमएमटीओई और 105.123 एमएमटीओई के 2सी आकस्मिक संसाधन हैं।

भंडार और उत्पादन के मामले में, ओएनजीसी विदेश अपनी मूल कंपनी ओएनजीसी के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी है।

ओएनजीसी विदेश उद्योग में सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करके अत्यधिक प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस क्षेत्र में कार्य करता है। पिछले कुछ वर्षों में, ओएनजीसी विदेश ने अपने प्रचालन के क्षेत्रों में अंतर्निहित क्षमताओं और विशेषज्ञता विकसित की है। ओएनजीसी विदेश ने एक्सॉनमोबिल, ब्रिटिश पेट्रोलियम, शेल, ईएनआई, टोटल, रेप्सोल, इक्विनोर, एमओएल, पेट्रोब्रास, सोडेको, एजेडएसीजी, रोसनेफ्ट, एडीएनओसी, पॉस्को इंटरनेशनल, काज़मुनिगाज़ (केएमजी), पेट्रो वियतनाम, सीएनपीसी, सिनोपेक, पीडीवीएसए, पेट्रोनास और इकोपेट्रोल सहित कई आईओसी और एनओसी के साथ मजबूत साझेदारी गठबंधन विकसित किया है।।

ओएनजीसी विदेश में उत्कृष्ट तकनीकी और प्रबंधन क्षमताओं के साथ अत्यधिक कुशल मानव संसाधन हैं। कंपनी ने मूल्यांकन, व्याख्या, आर्थिक मॉडलिंग, फ़ीड, डिजाइन तथा तेल और गैस परियोजनाओं के निष्पादन के लिए सुविधाओं का निर्माण किया है और ओएनजीसी से तकनीकी और मानव संसाधन सहायता प्राप्त है। ओएनजीसी विदेश ने उचित परिश्रम, तकनीकी–वाणिज्यिक मूल्यांकन, बोली मोल–भाव और लेनदेन दस्तावेजों में प्रमुख विशेषज्ञता विकसित की है।

वर्तमान में, ओएनजीसी विदेश की 15 देशों में अर्थात अज़रबजान (2 परियोजनाएं), बांग्लादेश (2 परियोजनाएं), ब्राजील (2 परियोजनाएं), कोलंबिया (7 परियोजनाएं), ईरान (1 परियोजना), इराक (1 परियोजना), इज़राइल (1 परियोजना), कजाकिस्तान (1 परियोजना), लीबिया (1 परियोजना), मोजाम्बिक (1 परियोजना), म्यांमार (6 परियोजनाएं), रूस (3 परियोजनाएं), दक्षिण सूडान (2 परियोजनाएं), सीरिया (2 परियोजनाएं), संयुक्त अरब अमीरात (1 परियोजना), वेनेजुएला (2 परियोजनाएं) और वियतनाम (2 परियोजनाएं) में 35 तेल और गैस परियोजनाओं में हिस्सेदारी है।

ओएनजीसी विदेश एक संतुलित पोर्टफोलियो दृष्टिकोण अपनाता है और उत्पादन, खोज, अन्वेषण और पाइपलाइन परिसंपत्तियों के संयोजन को बनाए रखता है। ओएनजीसी विदेश 14 परिसंपत्तियों से तेल और गैस का उत्पादन करता है, 4 परिसंपत्तियों में जहां हाइड्रोकार्बन की खोज की गई है और विकास के विभिन्न चरणों में हैं, 14 परिसंपत्तियां अन्वेषण के विभिन्न चरणों में हैं और 3 परियोजनाएं पाइपलाइन परियोजनाएं हैं। ओएनजीसी विदेश और साथ ही में इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, ओएनजीसी नील गंगा बी.वी., ओएनजीसी अमेज़ॅन अलकनंदा लिमिटेड, इंपीरियल एनर्जी लिमिटेड, काराबोबो वन एबी और ओएनजीसी विदेश सिंगापुर पीटीई लिमिटेड की तेल और तेल तुल्य गैस (ओ+ओईजी) के उत्पादन में हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष '21 के दौरान 13.039 एमएमटीओई थी। वर्ष 2021–22 के दौरान, ओएनजीसी विदेश की अपनी परियोजनाओं से तेल और गैस उत्पादन का हिस्सा सितंबर 2021 तक 6.292 एमएमटीओई है।

14.3.6 भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल)

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की 100% सहायक कंपनी भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड (बीपीआरएल) के पास रूस में 4 उत्पादक संपत्तियों के लाइसेंस वाली 2 कंपनियों में इक्विटी हित के साथ 6 देशों में 19 ब्लॉकों में भागीदारी हित (पीआई) है। 19 ब्लॉकों में से 10 भारत में और 9 विदेशों में स्थित हैं। बीपीआरएल एक विदेशी ब्लॉक यानी ऑनशोर 1 अबू धाबी में संयुक्त प्रचालक है और कैम्बे बेसिन, भारत में दो ऑनशोर ब्लॉकों में प्रचालक है।

विभिन्न एनईएलपी बोली दौरों के तहत 6 भारतीय ब्लॉकों का अधिग्रहण किया गया था, 1 ब्लॉक को खोजे गए लघु फील्ड दौर 1 के तहत प्रदान किया गया था और 3 ब्लॉक खुला रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली दौर 1 में दिए गए थे। ब्राजील, 2 संयुक्त अरब अमीरात में और 1 मोजाम्बिक और इंडोनेशिया में हैं। बीपीआरएल और उसके संघ ने 5 देशों अर्थात ब्राजील, मोजाम्बिक, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और भारत में आयोजित ब्लॉकों के संबंध में कुल 26 खोजें की हैं।.

सिंगापुर में अधिनिगमित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों और विशेष प्रयोजन निकायों के माध्यम से बीपीआरएल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के भारतीय संघ (आईसी) ने एलएलसी तास–युरीख नेफ्टेगाज़डोब्याचा (टीवाईएनजीडी) में 29.9% और अक्टूबर 2016 में रूस की एक राष्ट्रीय तेल कंपनी, मेसर्स रोसनेफ्ट से जेएससी वेंकोर्नफ्ट में 23.9% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। वर्तमान में, टीवाईएनजीडी लगभग 113 केबीओपीडी और वेंकोरनेफ्ट लगभग 236 केबीओपीडी तेल का उत्पादन कर रहे हैं।

आरजीआईपीटी जेएआईएस ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में चार नए बी.टेक कार्यक्रम (सूचना प्रौद्योगिकी, गणित और कंप्यूटिंग, अक्षय ऊर्जा इंजीनियरिंग और पर्यावरण इंजीनियरिंग), दो 5 साल के एकीकृत डुएल डिग्री कार्यक्रम (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और एआई एवं भूविज्ञान और इंजीनियरिंग और भूभौतिकीय प्रौद्योगिकी/भूवैज्ञानिक प्रौद्योगिकी) प्रारंभ किए हैं। उपरोक्त के अलावा, नियमित कार्यक्रम अर्थात बी.टेक (पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, कैमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग), स्नातकोत्तर (पेट्रोलियम और रसायन और एमबीए में एम.टेक) और डॉक्टरेट (इंजीनियरिंग, विज्ञान, मानविकी और प्रबंधन के विभिन्न विषयों) भी आरजीआईपीटी जेएआईएस में संचालित किए गए हैं।

14.5.5.2 मॉड्यूलर पाठ्यक्रमों की शुरुआत

आरजीआईपीटी चाहता है कि छात्रों को उद्योग की तैयारी के लिए व्यावहारिक ज्ञान के साथ अद्यतन बनाया जाए। इस संबंध में, संस्थान ने मॉड्यूलर पाठ्यक्रमों की पेशकश शुरू कर दी है, जिनका संचालन उद्योग और शिक्षाक्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों और छात्रों के द्वारा किया जा रहा है।

14.5.5.3 अनुसंधान एवं विकास

अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन

आरजीआईपीटी ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

अनुसंधान सीड अनुदान/संस्थान अनुसंधान अनुदान

संस्थान ने नए शामिल हुए संकाय सदस्यों के लिए 3.5 करोड़ रुपए की राशि का अनुसंधान सीड अनुदान मंजूर किया है। मूल्य की अनुसंधान बीज अनुदान परियोजनाएं। संस्थान में अनुसंधान परिवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सभी तीन केंद्रों (जेएआईएस, बेंगलुरु और शिवसागर) के सभी संकाय सदस्यों के लिए संस्थान अनुसंधान अनुदान (आईआरजी) को मंजूरी प्रदान की गई है।

14.5.5.4 प्राकारबाह्य वित्त–पोषित अनुसंधान परियोजनाएं

आरजीआईपीटी के संकाय सदस्य डीएसटी, बीएनआरएस, सीएसआईआर, पीसीआरए, एमएएनएफ, ओआईएल और एनटीपीसी द्वारा वित्त–पोषित बाहरी अनुसंधान परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं। वर्तमान में आरजीआईपीटी में ₹8.00 करोड़ की बाह्य वित्त–पोषित परियोजनाएं निष्पादित की जा रही हैं। एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च एलायंस (एनईटीआरए) द्वारा ''हार्ड/सीवाटर इलेक्ट्रोलिसिस के लिए इलेक्ट्रोड का विकास और एक प्रोटोटाइप का डिजाइन'' नामक वित्त–पोषित अनुसंधान परियोजना विशेष रुप से उल्लेखनीय है। आरजीआईपीटी और एनईटीआरए ने परियोजना निष्पादन के एक वर्ष के भीतर चार पेटेंट दायर किए हैं।

14.5.5.5 आरजीआईपीटी में हाइड्रोजन ऊर्जा अनुसंधान

एनईटीआरए के समर्थन से, आरजीआईपीटी ने सफलतापूर्वक उत्प्रेरक लेपित इलेक्ट्रोड विकसित किए हैं जो 1000 घंटे तक की लंबी अवधि के लिए समुद्र के पानी के इलेक्ट्रोलिसिस को लगातार उच्च स्तर पर संचालित करने में सक्षम हैं। उपरोक्त डीएसटी की सफलता पर आरजीआईपीटी को समुद्र/नल/भूजल से संधारणीय एच 2 उत्पादन के लिए स्थापित इलेक्ट्रोड और मॉड्यूलर कॉम्पैक्ट मेम्ब्रेनरहित इलेक्ट्रोलाइजर के विकास के लिए 3.1 करोड़ रुपए की परियोजना प्रदान की गई है।

14.5.5.6 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

आरजीआईपीटी ने 26 से 28 अक्टूबर 2021 तक अंतर्राष्ट्रीय भौतिक विज्ञान अकादमी (आईएपीएस) के सहयोग से ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरिंग (आईसीआरटीईएसई 2021) में हालिया रुझानों पर एक वर्चुअल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का विषय 'हाइड्रोजन ऊर्जा, बायो–मास ऊर्जा, पेट्रोलियम और परिष्करण प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा, ईंधन सैल प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सामग्री, ऊर्जा सुरक्षा और संधारणीयता पर विशेष बल प्रदान करने वाली ऊर्जा' था।

ऊर्जा संस्थान, बेंगलुरु (आरजीआईपीटी, जेएसआईएस, अमेठी का केंद्र)

आरजीआईपीटी जेएआईए का केंद्र ऊर्जा संस्थान, बेंगलुरु (ईआईबी) वर्तमान में एनएसएमआईटी बेंगलुरु के एक ट्रांजिट परिसर से संचालित किया जा रहा है। ईआईबी को ऊर्जा के क्षेत्र में यथार्थवादी अत्याधुनिक शैक्षणिक कार्यक्रमों और अनुसंधान को संचालित करने वाले एक प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थान के रूप में विकसित किए जाने की परिकल्पना की गई है। यह अपेक्षित तकनीकी विशेषज्ञता को विकसित करते हुए युवाओं के नवाचारों को प्रेरित–प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। ईआईबी का आशय अनुसंधान और विकास गतिविधियों, ऊर्जा नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संस्थान का उद्देश्य ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी औद्योगिक, तकनीकी और मौलिक अनुसंधान करना; छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना; ऊर्जा के क्षेत्र में औद्योगिक पेशेवरों को अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करना है।

शैक्षणिक कार्यक्रमः

ईआईबी चार एम.टेक (नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, विद्युत और ऊर्जा प्रणाली इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी) और पीएच.डी (इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कैमिकल

इंजीनियरिंग और पदार्थ विज्ञान इंजीनियरिंग) कार्यक्रम संचालित करता है। परिसर में वर्तमान में कुल 105 एम. टेक और पीएच.डी. छात्र अध्ययन कर रहे हैं जो हरित ऊर्जा और संधारणीय परिवहन के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

असम ऊर्जा संस्थान, शिवसागर (आरजीआईपीटी, जेएआईएस, अमेठी का केंद्र)

शैक्षणिक कार्यक्रम

असम एनर्जी इंस्टीट्यूट (एईआई), शिवसागर (आरजीआईपीटी जेएआईएस, अमेठी का केंद्र) पाइपलाइन इंजीनियरिंग, फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, कैमिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन–वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश तकनीकी शिक्षा निदेशालय, असम सरकार द्वारा आयोजित पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के आधार पर दिया जाता है।

14.5.6 भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) विशाखापटनम

प्रस्तावना:

भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) की स्थापना भारत सरकार द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में वर्ष 2016 में विशाखापत्तनम में 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014' में किए गए उपबंधों के अनुसार की गई है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य पेट्रोलियम क्षेत्र के लिए कुशल मानव शक्ति की आपूर्ति में मौजूदा परिमाणात्मक और गुणात्मक अंतर को पूरा करना तथा उभरते हुए क्षेत्रों जैसे शेल गैस, कोल बेड मीथेन, गैस हाइड्रेट्स और नवीकरणीय ऊर्जा आदि में अनुसंधान में एक क्षेत्र–विशिष्ट संस्थान के रूप में विद्यमान चुनौतियों को पहचानते हुए क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देना है। संस्थान को तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) के सहयोग से एचपीसीएल, ओएनजीसी, ओआईएल, गेल और आईओसीएल जैसे प्रमुख सार्वजनिक तेल सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा एक ऊर्जा क्षेत्र–विशिष्ट संस्थान के रूप में सह–प्रवर्तित किया गया है।

संसद द्वारा अधिनियमित भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान अधिनियम, 2017 (2018 का 3) आईआईपीई को एक 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' घोषित करता है।

14.5.6.1 कार्यक्रम/पाठ्यक्रम: वर्तमान में, संस्थान द्वारा ईडब्ल्यूएस श्रेणी सहित कुल 125 छात्रों के साथ दो कार्यक्रम बी. टेक पेट्रोलियम इंजीनियरिंग और बी.टेक केमिकल इंजीनियरिंग संचालित किए जा रहे हैं। छात्रों को उनकी जेईई (एडवांस्ड) रैंकिंग के आधार पर बी.टेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। वर्तमान में 14 स्कॉलर आईआईपीई में शोध पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे हैं।

14.5.6.2 समझौता–ज्ञापन: आईआईपीई ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों जैसे टेक्सास एएंडएम विश्वविद्यालय और होस्टन विश्वविद्यालय, यूएसए तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए सहयोग किया है। इस वर्ष आईआईपीई ने संकाय विकास और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए आईआईटी मद्रास, आईआईटी हैदराबाद और आईआईटी दिल्ली के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

14.5.6.3 अनुसंधान और विकास क्रियाकलाप: आईआईपीई में वर्तमान में सरकारी एजेंसियों (डीएसटी, डीबीटी, बीआरएनएस, आईसीएमआर और एनबीएचएम) द्वारा वित्त–पोषित 07 अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं। संकाय द्वारा 15 से अधिक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं, जो विभिन्न सरकारी वित्त–पोषण एजेंसियों के साथ विचाराधीन (समीक्षा) हैं।

14.5.7 पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी)

प्रस्तावना: पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) का सृजन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक संबद्ध कार्यालय के रूप में 1 अप्रैल 2002 को किया गया था। । यह हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर डाटा और नीति विश्लेषण के लिए प्रामाणिक स्रोत के रूप में विकसित होने के दृष्टिकोण के साथ सरकार की सहायता करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) से संबद्ध है।

14.5.7.1 तेल और गैस क्षेत्र संबंधी महत्वपूर्ण डेटाबेस और नियमित एमआईएस रिपोर्ट का प्रचार–प्रसार: पीपीएसी कच्चे और पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन, खपत, आयात और निर्यात तथा तेल अवसंरचना से संबंधित डाटा रखता है। रिपोर्ट पीपीएसी की वेबसाइट **http:@@ppac.gov.in** और मोबाइल एप ''पीपीएसीइ'' पर उपलब्ध हैं। पीपीएसी एमएस, एचएसडी, एलपीजी, गैस आदि की मांग, आपूर्ति, ढुलाई और मूल्य–निर्धारण पर अनेक अध्ययन भी संचालित करता है।

14.5.7.2 महत्वपूर्ण क्रियाकलाप: पीपीसीए द्वारा वर्ष 2021–22 के दौरान संचालित कुछ महत्वपूर्ण क्रियाकलाप इस प्रकार हैं:

14.5.7.2.1 गहरे समुद्री, अत्यंत–गहरे समुद्री और उच्च दबाव–उच्च तापमान क्षेत्रों में अन्वेषणों से उत्पादित गैस के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य–निर्धारण और अधिकतम मूल्य: नए घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 के उपबंधों के तहत अधिसूचित और जारी किए जाने के लिए:

14.5.7.2.2 4 तिमाहियों में विस्तारित किसी तिमाही में प्रति आरओ 7 दिनों की अवधि के लिए 3000 खुदरा बिक्री केंद्रों को कवर करते हुए 20 राज्यों और 2 संघ राज्यक्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की क्षेत्रीय खपत पर अध्ययन किया जाएगा।

14.5.7.2.3 भारत में एलपीजी की व्याप्ति के आकलन के लिए संशोधित कार्यप्रणाली: पीपीएसी ने वित्त वर्ष 2020–21 के अपने वार्षिक कार्यों के कार्यक्रम के भाग के रूप में वर्ष 2030 तक एलपीजी दृष्टिकोण पर एक अध्ययन किया था जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ भारत में एलपीजी की व्याप्ति के आकलन के लिए कार्यप्रणाली की समीक्षा पर एक रिपोर्ट शामिल थी। पीपीएसी ने नई क्रियाविधि के साथ जिलेवार एलपीजी की व्याप्ति पर भी काम किया है।

14.5.7.2.4 ऊर्जा मांग अनुमान मॉडल (ईडीपीएम): पीपीएसी ने 3 अलग–अलग परिदृश्यों (स्वच्छ ईंधन की ओर ऊर्जा संक्रमण पर निर्भर करते हुए आधारिक, संक्रमणकालीन और रूपांतरण) के ध्यान में रखते हुए '2040 तक तेलशोधन क्षमता संवर्धन' के तहत छह मांग क्षेत्रों (जैसे परिवहन, कुकिंग, उद्योग, कृषि, दूरसंचार और भवन) में पेट्रोलियम उत्पादों के कुल अंतिम उपभोग के दीर्घकालिक अनुमान (5 वर्ष के अंतराल के साथ 2020–2045) तैयार किए हैं। वर्ष 2015 के आधार वर्ष वाले पुराने मॉडल को 2020 के आधार वर्ष के अनुरूप अद्यतन किया गया था।

14.5.7.2.5 ऊर्जा में आयात निर्भरता को कम करने के लिए भावी योजना: समिति ने अप्रैल 2016 में 'ऊर्जा में आयात निर्भरता को कम करने के लिए भावी योजना' पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें तेल और गैस क्षेत्र में आयात निर्भरता में कमी की पूर्ति करने के लिए पांच व्यापक रणनीतियों की रूपरेखा दी गई थी। तथापि, वर्तमान वैश्विक परिदृश्यों, बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हुअ और ऐसे नए क्षेत्रों, जो तेल और गैस क्षेत्र में आयात निर्भरता को कम करने में मदद कर सकते हैं, को शामिल करने के लिए आईएमएसी (एकीकृत अनुश्रवण और सलाहकार समिति) के निर्देशों के अनुसार माननीय मंत्री, एमओपीएंडएनजी की अध्यक्षता में संशोधित रणनीति दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा, 2047 तक भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता पर एक अवधारणा दस्तावेज भी तैयार किया जा रहा है।

14.5.7.2.6 तेल और गैस डाटा के लिए दृश्य विश्लेषणात्मक मॉड्यूल: पीपीएसी ने विभिन्न ओएमसीज से एकत्र किए गए डाटा के संबंध में एसएएस दृश्य विश्लेषणात्मक प्लेटफॉर्म की तैनाती की है। जानकारी अभिव्यक्त करने के आधुनिक ग्राफिकल तरीकों के साथ दृश्य विश्लेषणात्मक क्षमताएं, पीपीएसी के उपयोगकर्ताओं को रिपोर्ट तैयार करने और आंतरिक तथ्यों को कुशलतापूर्वक और जल्दी से पहचानने में मदद करती हैं।

14.5.7.2.7 एक अलग शीर्षक ''भारत पर ध्यान केंद्रित करें''के साथ विश्व तेल दृष्टिकोण (डब्ल्यूओओ) 2021: एक अलग अध्याय ''भारत पर ध्यान केंद्रित करें'' के साथ डब्ल्यूओओ 2021 का शुभारंभ 28 सितंबर 2021 को माननीय मंत्री, पीएनजी एवं एचई, महासचिव, ओपेक द्वारा किया गया था।

14.5.8 पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए)

पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित एक पंजीकृत सोसायटी है। एक गैर–लाभकारी संगठन के रूप में, पीसीआरए एक राष्ट्रीय सरकारी एजेंसी है जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के कार्य में लगी हुई है। यह पेट्रोलियम संरक्षण के लिए नीतियों और रणनीतियों के प्रस्ताव में सरकार की मदद करता है, जिसका उद्देश्य तेल की आवश्यकता पर देश की अत्यधिक निर्भरता को कम करना है। पीसीआरए ने ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों के उपयोग में उत्पादकता में सुधार करने में अपनी भूमिका का विस्तार किया है।

पीसीआरए अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्षमता की पहचान करने और तदनुसार सिफारिशें करने के लिए अध्ययन संचालित करता है। यह ईंधन कुशल उपकरणों/उपस्करों के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को प्रायोजित करता है और पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण, ईंधन तेल उपयोग अध्ययन, ऊर्जा संपरीक्षा, उपकरण बैंक अवधारणा की शुरूआत, ऊर्जा वैन के उपयोग के लिए जन जागरूकता पैदा करने के लिए बहु–मीडिया अभियान आयोजित करता है। इसके अन्य क्रियाकलाप हैं: तेल खपत मानदंडों का विकास, मॉडल डिपो परियोजनाएं, चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं/प्रदर्शनियां, उपभोक्ता बैठकें आयोजित करना, शिक्षाप्रद फिल्में/टीवी स्पॉट, होर्डिंग/इलेक्ट्रॉनिक प्रदर्शन, मुद्रित साहित्य का वितरण, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं ।

पीसीआरए का उद्देश्य तेल संरक्षण को एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाना है। अपने अधिदेश के भाग के रूप में, पीसीआरए को पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और उत्सर्जन में कमी लाने के महत्व, पद्यतियों और लाभों के बारे में जनता के मध्य जागरूकता पैदा करने का काम सौंपा गया है। लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए पीसीआरए जनसंचार के लिए हर संभव साधन और प्रभावी मीडिया का इस्तेमाल करता है। इनमें शामिल हैं: इलेक्ट्रॉनिक और प्रेस मीडिया जैसे, टीवी, रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर प्रेस, विशिष्ट लक्षित समूहों के लिए मुद्रित साहित्य; होर्डिंग, बस पैनल, कियोस्क, गुब्बारों, बैनरों, ट्रेन–स्लाइडरों आदि के माध्यम से बाह्य प्रचार।

सभी संदेशों में प्रचारित बात को लागू करना आसान है तथा औद्योगिक, परिवहन, कृषि और घरेलू क्षेत्रों के लिए व्यावहारिक संरक्षण संबंधी सूत्र जारी किए जाते हैं। अर्ध–शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लक्षित समूहों तक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए संदेश क्षेत्रीय भाषाओं में दिए जाते हैं। क्षेत्र संवादात्मक कार्यक्रम जैसे संगोष्ठियां, तकनीकी बैठकें, उपभोक्ता बैठकें, कार्यशालाएं, क्लनिक, वैन–प्रचार भी संचालित किए जाते हैं। संरक्षण संदेशों के प्रसार और संरक्षण तकनीकों के प्रदर्शन के लिए प्रदर्शनियों, किसान मेलों का आयोजन किया जाता है। तेल संरक्षण आंदोलन को गति देने के लिए, पीसीआरए विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व ऊर्जा दिवस, विभिन्न त्योहारों आदि जैसे विभिन्न प्लेटफार्मों का उपयोग करता है।

पीसीआरए ने एसीटी (सक्रिय संरक्षण तकनीक) को समाप्त कर दिया है और ई–संवाद शीर्षक से एक त्रैमासिक समाचार–पत्रिका की शुरुआत की है। यह समाचार–पत्रिका ऊर्जा और पेट्रोलियम संरक्षण के चयनित विषयों पर तकनीकी पत्रों के साथ पीसीआरए, तेल कंपनियों और एमओपीएनजी द्वारा अपनाए गए संरक्षण क्रियाकलापों का विवरण प्रदान करता है।

14.5.9 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) का गठन पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 (2006 का 19) के अधीन किया गया था तथा इसे दिनांक 31 मार्च, 2006 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया था। अधिनियम में पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस से संबंधित विशिष्ट क्रियाकलापों में लगे उपभोक्ताओं और संस्थाओं के हितों की संरक्षण के लिए पीएनजीआरबी की स्थापना और प्रतिस्पर्धी बाजारों को बढ़ावा देने तथा उससे संसक्त या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध किया गया है। अधिनियम के अधीन बोर्ड को पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस (कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन को छोड़कर) के परिशोधन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण, विपणन और बिक्री को विनियमित करने का उत्तरदायित्व दिया गया है ताकि देश के सभी भागों में पेट्रोलियम उत्पाद और प्राकृतिक गैस की निर्बाध और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। पीएनजीआरबी का दृष्टिकोण इस प्रकार है:

''न्यूनतम लागत पर पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के कुशल परिवहन और वितरण के लिए आधारभूत अवसंरचना में निवेश के प्रवाह को सुकर बनाने के माध्यम से त्वरित और व्यवस्थित विकास के साथ एक जीवंत ऊर्जा बाजार का सृजन करना तथा उचित व्यापार पद्धतियों और संस्थाओं के बीच प्रतिस्पर्धा के माध्यम से उपभोक्ता हितों का उच्च स्तरीय संरक्षण करना ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था की संवर्धित प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की संतुष्टि को सुनिश्चित किया जा सके।''


पीएनजीआरबी ने 17 अगस्त 2020 को अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (एएसएमई) के साथ एक समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि एएसएमई और पीएनजीआरबी के बीच संयुक्त सहयोग विकसित किया जा सके जिससे अन्य बातों के साथ–साथ मानकों/विनियमों के बारे में जानकारी विकसित की जा सके, अनुरूपता मूल्यांकन प्रणाली तैयार की जा सके तथा भारत के भीतर तेल और गैस क्षेत्र में निरीक्षण सुनिश्चित किया जा सके। ।

बोर्ड ने गैस ट्रेडिंग एक्सचेंजों की स्थापना और उनके प्रचालन को विनियमित करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (गैस एक्सचेंज) विनियम, 2020 तैयार किए जिससे देश में गैस आधारित अर्थव्यवस्था में एक मुक्त गैस बाजार का सृजन करते हुए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में संवृद्धि और उसका उचित वितरण सुनिश्चित होने की आशा है। इन विनियमों को गैस एक्सचेंजों और समाशोधन निगमों की स्थापना और उनके प्रचालन को विनियमित करने के लिए 28 सितम्बर, 2020 को अधिसूचित किया गया था। 2 दिसंबर, 2020 को, पीएनजीआरबी ने इंडिया गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) को देश में पहले गैस एक्सचेंज के रूप में अधिकृत किया, जिसने 10 दिसंबर, 2020 को गैस एक्सचेंज के रूप में प्रचालन करना प्रारंभ किया।

पीएनजीआरबी ने सीजीडी मार्गदर्शी सिद्धांत अधिसूचित किए हैं और सीजीडी एक्सेस कोड विनियमों में संशोधन किए हैं, जिसमें सीजीडी नेटवर्क में सीजीडी व्यवसाय खोलने के उपबंध विद्यमान होंगे। ये नियम निष्पक्ष व्यापार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर खुली पहुंच को विनियमित करने तथा उपभोक्ताओं और संस्थाओं के हितों की रक्षा करने के लिए बनाए गए हैं। एक बार सीजीडी नेटवर्क, जिसके लिए विपणन विशिष्टता समाप्त हो गई है, को सामान्य वाहक या संविदा वाहक के रूप में घोषित कर दिया जाता है, तो इन अधिकृत सीजीडी नेटवर्क का उपयोग करने के लिए तीसरे पक्ष को खुली पहुंच प्रदान की जा सकेगी। इसके परिणामस्वरूप, सीजीडी नेटवर्क का समग्र विकास होगा और भारत के ऊर्जा भंडार में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी में वृद्धि होगी।

14.5.10 भारतीय स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल)

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने विशिष्ट उद्देश्य हेतु गठित कंपनी (एसपीवी) के माध्यम से 5.33 एमएमटी के रणनीतिक कच्चे तेल के भंडार का निर्माण करने का निर्णय लिया था। इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) नामक एसपीवी प्रारंभ में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी थी, जो 09.05.2006 से तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई।



भूमिगत सामरिक केवर्न का दृश्य

आईएसपीआरएल चरण – I

कार्यनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) कार्यक्रम के पहले चरण के तहत, सरकार ने आईएसपीआरएल के माध्यम से तीन स्थानों पर 5.33 एमएमटी की कुल क्षमता के साथ एसपीआर सुविधाओं का निर्माण किया है अर्थात विशाखापत्तनम (1.33 एमएमटी), मैंगलोर (1.5 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी)। एसपीआर के चरण–I के कुल भंडार के माध्यम से वर्तमान में भारत की कच्चे तेल की आवश्यकता के लगभग 9.5 दिनों की आपूर्ति किए जाने का अनुमान लगाया गया है।

सभी तीनों सुविधाएं अर्थात विशाखापत्तनम, मैंगलोर और पादुर क्रमशः जून 2015, अक्टूबर 2016 और दिसंबर 2018 में चालू कर दी गई हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इन तीनों सुविधाओं को 10 फरवरी 2019 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

आईएसपीआरएल क्रूड पहली बार मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) के लिए आईएसपीआरएल मैंगलोर कंदराओं से अगस्त 2019 में जारी किया गया था। इसके बाद अक्टूबर 2019 में पादुर सुविधा से भी एमआरपीएल को कच्चा तेल जारी किया गया।

वाणिज्यीकरणः एमआरपीएल और एचपीसीएल द्वारा आईएसपीआरएल से क्रूड उठाया जाना

मंत्रिमण्डल ने 8 जुलाई 2021 को वाणिज्यिकरण कार्यों के लिए कार्यनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व (एसपीआर) के चरण–I के तहत निर्मित किए गए पेट्रोलियम भंडार के हिस्से का उपयोग करने के प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें अपनी मंजूरी दे दी है, जिसके माध्यम से निम्नलिखित को मंजूरी प्रदान की गई हैः

- आईएसपीआरएल को एसपीआर कार्यक्रम के चरण–I के तहत कंदराओं में संग्रहीत कच्चे तेल के साथ निम्नलिखित वाणिज्यिक गतिविधियों को संचालित करने की अनुमति देकर आईएसपीआरएल का व्यावसायीकरण अर्थातः
- कंदराओं की कुल तेल भंडारण क्षमता का 30% भारतीय या विदेशी कंपनियों को इस शर्त के साथ पट्टे/किराए पर देना कि किसी भी आपात स्थिति में, भारत सरकार का कंदराओं में स्थित कच्चे तेल के पूरे भंडारण पर पहला अधिकार होगा।
- कंदराओं की समग्र तेल भंडारण क्षमता के 20% भाग का भारतीय कंपनियों को विक्रय/क्रय।

आईएसपीआरएल ने अगस्त 2021 से राज्य द्वारा संचालित रिफाइनरियों एचपीसीएल और एमआरपीएल को क्रूड जारी करना शुरू कर दिया है। अगस्त 2021 से दिसंबर 2021 तक जारी की गई कुल मात्रा इस प्रकार हैः –

एमआरपीएल को आईएसपीआरएल मैंगलोर से –0.75 एमएमटी

एचपीसीएल को आईएसपीआरएल विजाग से –0.188 एमएमटी



सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय – मंगलौर केवर्न पोर्टल स्थल पर



सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय – वाइजैग स्थल पर

आईएसपीआरएल चरण–II

देश की ऊर्जा सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार के बजटीय समर्थन को कम करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत 27 जून 2018 को दो स्थानों अर्थात ओडिशा में चंडीखोल 4 एमएमटी और कर्नाटक में पादुर 2.5 एमएमटी में 6.5 एमएमटी पर 6.5 एमएमटी क्षमता वाले रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व स्थापित करने के लिए ष्सैद्धांतिकष अनुमोदन प्रदान किया जिसमें संबद्ध पाइपलाइनों के साथ दो समर्पित एसपीएम – एक पादुर के लिए और दूसरा चंडीखोल के लिए भी शामिल थे। वित्त वर्ष 2019–20 के खपत के आंकड़ों के अनुसार इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा में 12 और दिनों की वृद्धि होने की आशा है। 8 जुलाई 2021 को मंत्रिमंडल सचिवालय ने चरण–II के तहत वाणिज्यिक–सह–कार्यनीतिक पेट्रोलियम भंडार के विकास के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

दोनों स्थानों अर्थात चंडीखोल, ओडिशा और पादुर II, कर्नाटक के लिए भूमि अधिग्रहण गतिविधियां प्रगति पर हैं। पादुर II के लिए आरएफपी शीघ्र ही जारी किया जाएगा।

रियायत अवधि के अंत में रियायतग्राही एसपीआरएम के साथ एसपीआर, तटवर्ती और अपतटीय पाइपलाइन के साथ प्राधिकरण को हस्तांतरित करेगा।

भारत सरकार से अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी जो बोली मापदण्ड होगा। प्रत्येक परियोजना के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 60% होगी।

रियायती करार के अनुसार तेल की कमी होने के मामले में भारत सरकार को कच्चा तेल लेने का पहला अधिकार प्राप्त है।

14.5.11 सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लैबोरेटरी (एसएफपीएल)

एसएफपीएल की स्थापना भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा एनसीटी/एनसीआर में ऑटो तरल ईंधनों की गुणवत्ता की जांच के लिए स्वतंत्र परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की गई थी जिससे कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वाहनों के प्रदूषण को कम किया जा सके। इसके उपरांत, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएंडडी सेंटर), फरीदाबाद को उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य तिथि के अनुपालन में नोएडा में एक ईंधन परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्देश दिया। आईओसीएल अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने रिकॉर्ड समय में नोएडा में आधुनिक परीक्षण उपकरण और अन्य जुड़ी सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक ईंधन परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की।

ईंधन परीक्षण प्रयोगशाला (एफटीएल) को सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लैबोरेटरी (एसएफपीएल) के नाम से मार्च, 2000 में सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत पंजीकृत किया गया था और इसने ऑटो ईंधनों (जैसे पेट्रोल, डीजल और मिट्टी के तेल) की गुणवत्ता का परीक्षण करके नवंबर 2000 से स्वतंत्र रूप से अपना सामान्य प्रचालन शुरू किया था। । ईंधन परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन 6 जून, 2000 को तत्कालीन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री राम नाईक द्वारा किया गया था। एसएफपीएल की ईंधन परीक्षण प्रयोगशाला एक आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित प्रयोगशाला है, जिसकी प्रमाण–पत्र संख्याः आईआरक्यूएस/200100160 है जिसे मेसर्स इरक्लास द्वारा जारी किया गया है, जो फरवरी 2023 तक वैध है।

सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लैबोरेटरी (एसएफपीएल) के कार्यों और गतिविधियों का प्रबंधन एक शासी परिषद (जीसी) द्वारा किया जाता है। एसएफपीएल के अध्यक्ष शासी परिषद के अध्यक्ष हैं और जीसी में वर्तमान में अध्यक्ष सहित 12 सदस्य हैं। शासी परिषद नीतिगत मामले बनाती है तथा सोसायटी और प्रयोगशाला से संबंधित वित्तीय निर्णय लेती है।

सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लेबोरेटरी (एसएफपीएल) को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए सामान्य शीर्ष (गैर–वेतन) के तहत तिमाही 1, तिमाही 2 और तिमाही 3 के लिए अनुदान सहायता के तहत ₹1,12,56,119/– की राशि तथा वित्त वर्ष 2021–22 के लिए तिमाही 1, तिमाही 2 और तिमाही 3 के लिए वेतन शीर्ष के तहत ₹10,03,975/– की राशि स्वीकृत की गई है । चूंकि वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2022 को समाप्त होता है और अगले वर्ष के सितंबर के अंत तक लेखापरीक्षित तुलन–पत्र तैयार किया जाता है, खर्च नहीं की गई राशि को संबंधित लेखापरीक्षित तुलन–पत्र में दर्शाया जाएगा।






PLQP
26





सामान्य



15 सामान्य

15.1. सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

15.1.1. मंत्रालय और उसके उपक्रमों के आधिकारिक कार्यों में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इसके उपयोग को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन, मंत्रालय के विभागों और उसके उपक्रमों का मौके पर निरीक्षण, हिंदी पखवाड़े का आयोजन, हिंदी सलाहकार समिति, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करना आदि शामिल हैं।

15.1.2. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय में एक हिंदी सलाहकार समिति कार्यरत है। समिति में छह संसद सदस्य, नौ गैर–सरकारी सदस्य इसके सदस्य होते हैं, इसके अलावा मंत्रालय और मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी इसके आधिकारिक सदस्य होते हैं। समिति का कार्य मंत्रालय को आधिकारिक कार्यों में राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए सलाह देना है।

15.1.3. इसी प्रकार मंत्रालय में संयुक्त सचिव (सामान्य एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति भी कार्य कर रही है। इस समिति का कार्य मंत्रालय और उसके उपक्रमों में राजभाषा की प्रगति की समीक्षा करना और उसे बढ़ावा देने के लिए सुझाव देना है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान समिति की नियमित बैठकें आयोजित की गईं और समिति के सुझावों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई।

15.1.4. संसद की राजभाषा समिति ने हमारे सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लगभग 24 कार्यालयों का दौरा किया जिसमें ओआईएल, ओएनजीसी, आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल, गेल, बामर लॉरी, सीएचटी और एमआरपीएल आदि के कार्यालय शामिल हैं और इन कार्यालयों में राजभाषा की प्रगति की समीक्षा की। समिति ने कई बार इन कार्यालयों द्वारा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इन कार्यालयों द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई है। इन बैठकों में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

15.1.5. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंत्रालय ने राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के तहत हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कुछ कार्यालयों को अधिसूचित किया। हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा की प्रगति का आकलन करने और इसमें निर्धारित लक्ष्यों के अनुसरण में राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2021–22 में मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हमारे सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के 42 से अधिक कार्यालयों का निरीक्षण किया और इन कार्यालयों में हिंदी की प्रगति की समीक्षा की। मौके पर ही कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सुझाव दिए गए।

15.1.6 अधिकारियों को अपना अधिकतम कार्य हिन्दी में करने में सहायता करने तथा ऐसा करने में उनकी हिचक को दूर करने के लिए मंत्रालय में नियमित हिन्दी कार्यशालाएँ आयोजित की गयीं। इन कार्यशालाओं में बड़ी संख्या में अधिकारियों ने भाग लिया और इन कार्यशालाओं में दिए गए सुझावों से लाभान्वित हुए। इसके परिणामस्वरूप, मंत्रालय में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत काफी बढ़ गया है।

15.1.7. राजभाषा विभाग के निर्देशों के अनुसरण में मंत्रालय में 01 सितंबर से 14 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी की ओर से हमारे सभी अधिकारियों के साथ–साथ हमारे सभी पीएसयू को एक संदेश भी जारी किया गया। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में मंत्रालय के अधिकारियों ने भाग लिया और सफल उम्मीदवारों को पुरस्कार दिए गए।

15.1.8. मंत्रालय ने हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए एक राजभाषा शील्ड योजना शुरू की थी ताकि वे अपने–अपने संगठनों में आधिकारिक कार्यों में हिंदी के उपयोग के लिए एक–दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें।

15.1.9. मंत्रालय के हिंदी प्रभाग को सौंपे गए महत्वपूर्ण कार्यों में से एक मंत्रालय के विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद करना है। हिन्दी प्रभाग ने इन उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। संसद के प्रश्न, मंत्रिमंडलीय टिप्पणियां और संसदीय स्थायी समिति सामग्री, समझौता ज्ञापन आदि सहित विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद समय पर किया गया था।

15.2. सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम–2005 भारत सरकार के दिनांक 15 जून, 2005 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस

मंत्रालय में लागू किया गया है। आरटीआई अधिनियम अन्य बातों के साथ–साथ सरकारी अधिकारियों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005 के प्रावधान के अनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अवर सचिव / सहायक निदेशक को उनके कार्य आवंटन के संबंध में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है। तदनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में निदेशक / उप सचिव / आर्थिक सलाहकार को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) के रूप में नामित किया गया है। कार्य आवंटन में परिवर्तन को देखते हुए इस मंत्रालय के सीपीआईओ / एफएए की सूची को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4(2) के तहत सूचना को नियमित अंतराल पर जनता को बिना मांगे देने के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है।

डीओपीटी द्वारा आरटीआईएमआईएस नामक एक ऑनलाइन प्रणाली शुरू की गई है। इस ऑनलाइन प्रणाली की सहायता से जनता से प्राप्त आवेदनों एवं अपीलों का शीघ्रता से निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जा रहा है। लोगों को समय पर और परेशानी मुक्त तरीके से जानकारी प्रदान करने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए, इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण अधीन सभी तेल और गैस सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और अन्य संगठन अब डीओपीटी के ऑनलाइन आरटीआईएमआईएस पोर्टल पर हैं।

अभिलेखों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने के लिए, आरटीआई आवेदनों और भौतिक रूप में प्राप्त अपीलों को स्कैन, अपलोड और मंत्रालय के संबंधित सीपीआईओ और एफएए को त्वरित और समय पर निपटान के लिए अग्रेषित किया जा रहा है।

जनवरी से दिसंबर 2021 के दौरान मंत्रालय में आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत 2332 आवेदन / प्राप्तियां और 146 अपीलें प्राप्त हुई हैं।

15.3. स्टार्ट अप इंडिया

तेल और गैस क्षेत्र की स्टार्ट–अप इंडिया पहल के तहत, अलग अलग सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा वित्त पोषण और सलाह के लिए खुले विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्ताव / आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्तावों के विषयों में सार्वजनिक प्रासंगिकता के विषयों के अलावा तेल पीएसयू के अपस्ट्रीम / मिडस्ट्रीम / डाउनस्ट्रीम प्रचालन में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का लाभ उठाना, व्यावसायिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, हरित ईंधन, वैकल्पिक ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन उद्योग के लिए बेहतर तकनीक शामिल हैं। स्टार्ट–अप आवेदन प्राप्त करने के दौर से पहले, ऑयल पीएसयू स्टार्ट–अप्स के लिए समय–समय पर हैकथॉन / आईडिएशन चुनौतियों का आयोजन करते हैं ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और नये विचार प्रदान कर सकें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने 405 करोड़ रुपये का एक कोष बनाया है। वर्तमान में कुल 209 स्टार्टअप्स को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा लगभग ₹170 करोड़ रुपये की निधि वितरित कर वित्त पोषित किया जा रहा है।

15.4. कौशल विकास

राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनओएस) / योग्यता पैक (क्यूपी) विकास के लिए उद्योग के सदस्यों के परामर्श से कई उच्च प्राथमिकता वाले ट्रेडों की पहचान की गई है। अब तक, 23 क्यूपी को राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति (एनएसक्यूसी) और एनएसडीसी की योग्यता पंजीकरण समिति (क्यूआरसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए कौशल विकास संस्थान (एसडीआई) छह शहरों अर्थात् भुवनेश्वर, विजाग, कोच्चि, अहमदाबाद, गुवाहाटी और रायबरेली में स्थापित किए गए हैं। दिसंबर, 2021 तक इन एसडीआई में 20000 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कौशल विकास संस्थान (एसडीआई), भुवनेश्वर का स्थायी परिसर, जो उद्योग के लिए तैयार प्रतिभा पूल बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके विश्व स्तरीय उद्योग–आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की परिकल्पना करता है, 20 अगस्त, 2021 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

15.5. मेक इन इंडिया

''लक्ष्य भारत पोर्टल'' को माननीय मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस द्वारा 15 सितंबर, 2021 को प्रारंभ किया गया था। यह पोर्टल सभी हितधारकों, अर्थात भारत सरकार, सभी तेल और गैस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों, निर्माताओं/व्यापारियों के लिए सुलभ है। तेल एवं गैस संगठन भविष्य की मांग सहित उनके द्वारा खरीदी गई विभिन्न वस्तुओं का विवरण इस पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इस पोर्टल को विभिन्न तेल कंपनियों द्वारा पूंजीगत वस्तुओं

और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) वस्तुओं की सोर्सिंग के केंद्रीय सूचना पूल में परिपक्व होने की योजना है। पोर्टल वैश्विक प्रौद्योगिकियों और विनिर्माण के स्वदेशीकरण में मदद करेगा, विदेशी निर्माताओं को भारतीय हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में आपूर्तिकर्ताओं के लिए व्यावसायिक क्षमता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करके प्रक्रियाओं का प्रस्ताव करेगा।

15.6. लोक शिकायतें

मंत्रिमंडलीय सचिवालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) में लोक शिकायत प्रकोष्ठ कार्य कर रहा है। यह प्रकोष्ठ इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों और अन्य संगठनों के विरुद्ध जनता की शिकायतों पर ध्यान देता रहा है।

लोक शिकायत विभाग (डीपीजी), प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) और सरकार के अन्य विभागों के साथ–साथ जनता के सदस्यों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

''केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) नामक एक ऑनलाइन प्रणाली जून, 2008 के महीने में शुरू की गई है। सीपीजीआरएएमएस की सहायता से, जनता और अन्य लोगों से जनता की शिकायतों को तेजी से प्राप्त किया जाता है, इसके विषय के अनुसार तुरंत विश्लेषण किया जाता है और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया जाता है।

इसके अलावा, एमओपीएनजी में एक व्यवस्थित तंत्र भी विकसित किया गया है ताकि जनता की शिकायतों का त्वरित और शीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जा सके। एमओपीएनजी और तेल एवं गैस पीएसयू में लंबित पीजी की समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से की जाती है।

जनवरी से दिसंबर, 2021 के दौरान, प्राप्त कुल 19508 पीजी में से, 31 दिसंबर, 2021 तक 99% का निपटान हो गया।








Jan
Feb
Mar
Apr
186



अध्याय 16

एकीकृत वित्त प्रभाग



16 एकीकृत वित्त प्रभाग

एएस एंड एफए की अहतदाता में एकीकृत वित्त प्रभाग (आईएफडी), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के सचिव के साथ–साथ वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने की दोहरी जिम्मेदारी का अधिदेश दिया गया है।

वित्तीय सलाहकारों से निम्निलिखित विषयों पर प्रशासनिक सचिवों को सलाह देने की अपेक्षा की जाती हैः–

i) नीति के वित्तीय प्रभावों पर ध्यान देते हुए नीति निर्माण औरः

ii) वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित ओवरऑल मे क्रो फ्रेमवर्क के भीतर विभागीय लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुसार सिफारिशें करना।

इसके कारण, आईएफडी से मंत्रालय/विभाग की नीतियों और प्राथमिकताओं की पूरी समझ होना और दैनिक आधार पर लेन–देन संबंधी निर्णय लेने में सचिव का मार्गदर्शन करना अपेक्षित है। वित्त मंत्रालय द्वारा परिभाषित वित्तीय औचित्य के दायरे में, इस प्रभाग को बजटीय सत्यकनिष्ठाक से समझौता किए बिना क्षेत्रीय प्राथमिकताओं/लक्ष्यों/उद्देश्यों/परिणामों पर ध्यान देना चाहिए।

इस जिम्मेदारी का निर्वहन सलाह की निम्नलिखित प्रकृति के अनुसार किया जाता हैः –

- मंत्रालय के मुख्य बजट को तैयार करने और उसे अंतिम रूप देने के संबंध में बजट संबंधी कार्य।
- मंत्रालय को नीतिगत सलाह।
- संसद से संबंधित कार्य
- अन्वेषण संबंधी नीतिगत मामलों पर सलाह
- एमओपीएनजी के लेखापरीक्षा मामले
- एमओपीएनजी के प्रशासनिक, स्थापना और व्यक्तिगत मामलों की वित्तीय सहमति/पुनरीक्षण जैसः
- सीपीएसई से संबंधित नीतिगत मामलों पर सलाह देना
- अन्य नीतिगत मामलों पर सलाह देना



16.1 एमओपीएनजी की वार्षिक रिपोर्ट 2021–22 के लिए इनपुट (करोड़ ₹ में) बजट अनुमान

क्र. सं.	योजना/मद का नाम	2020–21 में वास्ताविक व्यय		2021–21 के लिए बजट अनुमान		दिनांक तक वास्तविक व्यय*	
		राजस्व	पूंजी	राजस्व	पूंजी	राजस्व	पूंजी
1	सचिवालय–आर्थिक सेवाएं	32.50		43.16		27.16	
2	अंतर्राष्ट्रीय अंशदान	1.83		2.25		0.09	
3	एलपीजी के लिए डीबीटी	23666.61		12480.00		139.74	
4	पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देय अन्य सब्सिडी (घरेलू प्राकृतिक गैस)	494.62		450.00		126.14	
5	परियोजना प्रबंधन व्यय	98.64		65.00		65.00	
6	मिट्टी तेल के लिए डीबीटी	5.83		0.00		0.00	
7	पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देय अन्य सब्सिडी (मिट्टी तेल)	2677.30		0.00		0.00	
8	बीसीपीएल/असम को फीडस्टॉक सब्सिडी गैस क्रैकर कॉम्प्लेक्स	1700.00		1078.35		1042.92	
9	निर्धन परिवारों को एलपीजी कनेक्शन की योजना (पीएमयूवाई)	9235.42		0.00		1568.00	
10	इंडियन स्ट्रैवटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड को भुगतान (आईएसपीआरएल)		2550.00		0.00		0.00
11	कंदरा चरण–II के निर्माण के लिए आईएसपीआरएल को भुगतान		0.00		210.00		210.00
12	इंडियन स्ट्रैडटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड को भुगतान (ओ एंड एम)	178.24		186.34		105.02	
13	गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया–फूलपुर धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना	728.03		250.00		212.46	
14	इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड(आईजीजीएल) – उत्तर पूर्व प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ग्रिड का हिस्सा	180.00		500.00		850.00	
15	राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम		63.00		217.00		43.24
16	प्रधानमंत्री जी–वन योजना	0.00		233.31		0.00	
17	राष्ट्रीय जैव–ईंधन निधि	0.00		1.00		0.00	
18	1. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड						
	सामान्य सहायता अनुदान	1.94		13.87		0.00	
	अनुदान सहायता वेतन	1.54		9.66		0.00	
19	2. सोसाइटी फॉर पेट्रोलियम लेबोरेटरी						
	सामान्य सहायता अनुदान	2.67		2.70		0.00	
	अनुदान सहायता वेतन	0.13		0.14		0.00	
20	भारतीय पेट्रोलियम ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई), विशाखापत्तनम की स्थापना	281.82		95.00		23.75	
21	राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी), असम की स्थापना	0.00		32.00		0.00	
22	ऊर्जा उत्कृष्टता केंद्र, बंगलौर की स्थापना	0.00		50.00		0.00	
23	राज्य सरकारों को विभेदक रॉयल्टी का भुगतान	13.54		24.00		0.43	
24	मिट्टी तेल वितरण सुधारों के लिए राज्यों को नकद प्रोत्साहन	576.22		0.00		0.00	
	कुल	**39876.88**	**2613.00**	**15516.78**	**427.00**	**4160.71**	**253.24**

*दिनांक 24.12.2021 तक वास्तविक

16.2 राजस्व पूंजी प्राप्तियां'

(₹ हजार में)

6 माह की कुल प्राप्तियां		गौण शीर्ष तक	कुल प्राप्तियां			2021-2022		2022-2023
अप्रैल–सितंबर								
2020-2021	2021-2022		2018-2019	2019-2020	2020-2021	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	बजट अनुमान
18729298	35539744	लाभ पेट्रोलियम	75491522	44777421	37458596	32994873	66209812	60334434
17792674	21525054	राजस्व	61291443	56259001	35585349	43103383	51168743	57114446
165000	175584	पीईएल शुल्क	218781	142133	330000	250000	175584	175584
15100	12700	पीएलपी	47363	40829	30200	22200	25400	25400
36702072	57253083	कुल	137049110	101219384	73404145	76370456	117579539	117649864

*दिनांक 15.11.2021 तक की ली गयी सूचना / डेटा



16.3 राजस्व प्राप्तियां–लाभांश'

(हजार ₹ में)

क्र. सं.	सीपीएसई / बैंक का नाम	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार दीर्घ अवधि ऋण	31.03.2021 की स्थिति के अनुसार कर्ज इक्विटी अनुपात	वर्ष 2020–2021 के लिए सरकार को दिए गए लाभांश		2020–21 के लिए भुगतान किए गए कुल लाभांश (मद क एवं ख का योग)	2021–22 के लिए भुगतान किया गया / भुगतान किया जाने वाला अंतरिम लाभांश	2020–21 के दौरान भुगतान किया गया कुल लाभांश (मद ख एवं घ का योग)	31.03.21 को नकदी / नकद समतुल्य	31.03.21 को सामान्य आरक्षित	2021–22 के दौरान पूंजीगत व्यय	2022–23 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय
				2020–21 में अंतरिम लाभांश	2021–22 में भुगतान किया गया / भुगतान किया जाने वाला अंतिम लाभांश							
				क	ख	ग=क=ख	घ	ङ				
1	ओएनजीसी	63275210	0.07:01	13299335	14059275	27358610	36098199	50157474	1200140	1877778610	298000000	299500000
2	ऑयल इंडिया लि.	114180300	0.64:1	2150500	921600	3072100	3910200	4831900	10668200	230584500	41080000	41000000
3	आईओसीएल	1023274900	0.93:1	50905500	7272150	58177650	42569211	49841361	16682700	871602100	271393800	284761900
4	एचपीसीएल	251895453	0.70:1	0	0	0	0	0	1552848	0	145000000	145000000
5	बीपीसीएल	220821520	0.48:1	24132855	66652648	90785503	12085935	78738583	65173521	295659981	100000000	100000000
6	ईआईएल	0	0	403842	173075	576917	576917	749992	12586343	14199873	1500000	1600000
7	बीएलआईएल	0	0	0	503352	503352	0	503352	3757	531603	0	0
8	गेल	48270817	0.14	11547600	0	11547600	9008732	9008732	12141974	24690938	75000000	75000000
	कुल	**1721718200**		**102439632**	**89582100**	**192021732**	**104249194**	**193831394**	**120009483**	**3315047605**	**931973800**	**946861900**


*दिनांक 15.11.2021 तक की ली गयी सूचना / डेटा

सीएस बजट आवंटन एवं रुख विश्लेषण

वित्त वर्ष 20–21 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का बजट भारत सरकार के व्यय का 1.24 प्रतिशत था।
वित्त वर्ष 21–22 में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का बजट 12 सीएस योजनाओं के लिए आवंटित की गयी है।


मंत्रालय (एमओपीएनजी) का व्यय 2014–22

ऐतिहासिक रूप से, मंत्रालय व्यय वैश्विक कच्चा तेल मूल्य में निम्नलिखित प्रवृत्ति देखी गयी है।



टिप्पणः वर्ष 2020–21 के आंकड़े संशोधित अनुमान हैं और वर्ष 2021–22 के आंकड़े बजट अनुमान हैं'
स्रोतः केंद्र सरकार बजट 2021–22; पीआरएस

अनुदान मांग 2021–22 (एमओपीएनजी)




*स्कीमों की गिनती से शून्य बजट योजनाओं को बाहर कर दिया गया है
स्रोतः अनुदान मांग, बजट (2018–19, 19–20, 20–21, 21–22)

योजना आवंटन एवं रुख विश्लेषण


शीर्ष 4 योजनाएं/स्कीमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय 2021–22 सीएस बजट आवंटन का 92 प्रतिशत से अधिक का योगदान करती हैं।

अनुदान मांग 2021–22 एमओपीएनजी । योजना अनुसार



*अन्य में फूलपुर धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना (प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा), प्रधान मंत्री जी–वन योजना, राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, राज्य सरकारों को अंतर रॉयल्टी का भुगतान, राष्ट्रीय जैव–ईंधन कोष, परियोजना प्रबंधन व्यय, स्ट्रैटेजिक क्रुड ऑयल रिजर्व (ओ और एम) के लिए आईएसपीआरएल को भुगतान और आईएसपीआरएल चरण II (कंदरा का निर्माण) शामिल हैं।

सीएस बजट प्रवृत्ति (वित्त वर्ष 18–22) एमओपीएनजी। 5 वर्ष की रुख। योजना के अनुसार



प्रत्यनक्ष लाभ अंतरण का बजट वित्त वर्ष 20–21 संशोधित अनुमान की तुलना में वित्तीय वर्ष 21–22 में कम होकर आधा हो गया है

अन्य् योजनाओं पर व्यय प्रवृत्ति–मिट्टी तेल सब्सिडी, विभेदक रॉयल्टीज का भुगतान और निर्धन परिवारों को एलपीजी कनेक्शन में वित्तीय वर्ष 2021–22 में काफी कमी आयी है।

बीपीसीएल/असम जीसीसी को फीडस्टॉक सब्सिडी को हाल में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से पीएनजी मंत्रालय को हस्तांतरित किया गया है।

इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड के लिए निधियन जनवरी, 2021 में मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था।

आरई–सशोधित अनुमान बीई–बजट अनुमान

स्रोतः अनुदान मांग, बजट (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22)

वर्ष 2020–21 से कार्रवाई मदें

घरेलू अन्वेषण में तेजी लाना

- भंडारों के अन्वेषण के लिए 5 लाख वर्ग किमी क्षेत्र प्रदान करना
- राष्ट्रीय डेटा निक्षेपागार का संपूर्ण उन्नयन
- अन्वेषण एवं उत्पादन के अधीन 17 खोजों का संपूर्ण मुद्रीकरण
- 'प्रवेश वर्जित क्षेत्रों' में संभावित संसाधन भंडारों के अन्वेलषण में तेजी

गैस अर्थव्यणवस्था् का संवर्धन

- ईंधन अर्थव्यवस्था में गैस के हिस्से में 6.4 प्रतिशत से 15 प्रतिशत में वृद्धि
- 2,480 किमी की लंबाई की अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाना

रिफाइनिंग

- 7.4 एमएमटीपीए की अतिरिक्त रिफाइनरी क्षमता जोड़ना

इथेनॉल मिश्रण

- पूर्वोत्तर सहित सभी राज्यों् में एथेनॉल मिश्रण में वृद्धि करना
- एथेनॉल मिश्रण को 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना

सुधार

- दूरदराज क्षेत्रों में उपलब्धि में सुधार लाने के लिए और एक खुला बाजार सक्षम करने के लिए एलपीजी कंपनियों के बीच परिवर्तनीयता सक्षम करने के लिए एकीकृत सॉफ्टेवयर का विकास
- 3400 नये खुदरा बिक्री केंद्र और 200 नये एलपीजी डिस्ट्री ब्यूसटरशिप को चालू करना

दीर्घावधिक आपूर्ति सुरक्षा

- वैकल्पिक ईंधनों पर ध्यान केंद्रित कर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस स्त्रोतो के आयात को कम करने के लिए कदम उठाना
- पेट्रोरसायन का निवल निर्यातक बनना


सामान्य

- 25 करोड़ घरों में स्वच्छ रसोई ईंधन का संवर्धन करने के लिए नवोन्मेषी उपायों की पहचान करने के लिए आईआईटी और स्टार्ट अप के साथ साझेदारी करना
- ऊर्जा के भंडारण और चौबीसों घंटे उपयोग हेतु आंतरिक बैटरी अवसंरचना द्वारा समर्थित रसोई के लिए रूफ–टॉप सौर ऊर्जा का उपयोग करने हेतु एक मिश्रित मॉडल का संभावना तलाशना

योजना आवंटन एवं प्रचलन विश्लेषण

शीर्ष 4 योजनाएं एम/ओ पीएनजी 2021–22 सीएस बजट आवंटन में 92% से अधिक का योगदान करती हैं

अनुदान हेतु अनुरोध 2021–22
एमओपीएनजी । योजना द्वारा



₹ 15,695 करोड़

- 3 प्रमुख (फ्लैगशिप) योजनाएं: एलपीजी हेतु लाभ का सीधा अंतरण, बीपीसीएल एवं इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड हेतु फीडस्टॉक सब्सिडी सीएस 2021–22 के बजट आवंटन में 89% का योगदान करती हैं।

अन्य में फूलपुर धामरा हल्दिया पाइपलाइन परियोजना (प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा), प्रधानमंत्री जी–वन योजना, राष्ट्रीय भूकंप कार्यक्रम, राज्य सरकारों में अंतरीय रॉयल्टी का भुगतान, राष्ट्रीय जैव–ईंधन कोष, परियोजना प्रबंधन व्यय, स्ट्रैटेजिक क्रूड ऑयल रिजर्व (ओ एवं एम) और आईएसपीआरएल चरण II (कंदराओं का निर्माण) हेतु आईएसपीआरएल को भुगतान शामिल हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव





अध्याय 17

आजादी का अमृत महोत्सव



17 आजादी का अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के 75 साल को मनाने और स्मदरणोत्स्व के लिए भारत सरकार की एक पहल है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक– सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में वह सब जो प्रगतिशील है, की अभिव्यिक्ति है। ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' की आधिकारिक यात्रा 12 मार्च, 2021 को शुरू होती है, जो हमारी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के लिए 75 सप्ताह की उलटी गिनती शुरू करती है और 15 अगस्त, 2023 को एक वर्ष के बाद समाप्त होगी।

2. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) और इसके प्रशासनिक नियंत्रण के तहत इसके तेल संगठन 31 अगस्त, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।


एमओपीएनजी ने अगस्त, 2022 तक 192 गतिविधियों की योजना बनाई है। एमओपीएनजी की गतिविधियों की सूची संलग्न है, इसे संस्कृति मंत्रालय के साथ साझा किया गया है और एमओपीएनजी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों का विवरण उनकी वेबसाइट (amritmahotsav.nic.in) पर नियमित आधार पर अपडेट किया जा रहा है। एमओपी एंड एनजी को प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए सप्ताह (28.03.2022 से 03.04.2022) आवंटित किया गया है, इसके लिए विषय ''जैव ईंधन और एसएटीएटी'' है।

3. एमओपीएनजी के प्रशासनिक नियंत्रण अधीन संगठनों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जो इस प्रकार हैं:

ओएनजीसी

i. ओएनजीसी द्वारा आयोजित कर्नाटक में 6 हस्तशिल्प परियोजना:







ii. ओएनजीसी द्वारा आयोजित ''त्रिपुरा की भावी अर्थव्ययवस्था में हाइड्रोकार्बन उद्योग की भूमिका'' विषय पर ई एंड पी सेमिनार









साइक्लोथॉन को मुख्य अतिथि द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया







साइक्लोरथॉन को मुख्य अतिथि द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया





कार्यक्रम के झलकः स्वस्थता के संदेश का प्रसार एवं स्वातंत्रता का 75वां वर्ष स्मीरणोत्सव





साइक्लोथॉन को मुख्य अतिथि द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया



साइक्लोरथॉन के दौरान उत्साही महिला शक्ति



मुख्य अतिथि मॉडल–योग्यतम की उत्तरजीविता विषय पर अपना संदेश अंकित करती हुईं

iv. ओएनजीसी खंभात परिसंपत्ति, गुजरात के खंभात परिसंपत्ति के तेल/गैस प्रतिष्ठानों में छात्रों का अध्ययन दौरा

आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में खंभात परिसंपत्ति नियमित रूप से स्कूली बच्चों के विभिन्न प्रतिष्ठानों और क्षेत्रों के दौरे का समन्वय कर रहा है। 7 और 8 दिसंबर 2021 को ओएनजीसी गुजराती प्राइमरी स्कूल के 30 छात्रों को अखोलजुनी ईपीएस ले जाया गया।



गुजराती प्राइमरी स्कूल के बच्चे अखोलजुनी ईपीएस की बस यात्रा का आनंद लेते हुए







स्कूली बच्चों का लुनेज 1 वेधन स्थल और लुनेज संग्रहालय के दौरे की झलकें



अखोलजुनी ईपीएस के कर्मी स्कूली बच्चों को आधारभूत बातों का वर्णन करते हुए



v. स्कूली बच्चों का जोरहाट परिसंपत्ति, असम के तेल एवं गैस प्रतिष्ठानों का अध्ययन दौरा।

ओएनजीसी जोरहाट द्वारा आयोजित बोरहोला तेल प्रतिष्ठानों का अध्ययन दौरा।

दौरा तिथि–10.12.2021



अध्ययन दौरे की शुरूआत में जेआईएसटी के छात्र



बोरहोला जीजीएस में जेआईएसटी छात्र





समापन सत्र के दौरान

दिनांक 01.12.2021 को दौरा





बोरहोला सतह प्रतिष्ठान में एचआरएच पीओडब्यूआईईटी छात्र। प्रतिष्ठान प्रबंधक, महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री यू सी दास छात्रों को संबोधित करते हुए और बिश्वजीत राजखोवा, उप–महाप्रबंधक (उत्पादन) श्री सोबेन लोथा, ईई (उत्पादन) जीजीएस/ जीसीपी की एक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए (01.02.2022)





बोरहोला सतह प्रतिष्ठान में (01.02.2022) एचआरएच पीओडब्यूजीसीआईटी छात्र





